


THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-27 अंक : 260 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) मार्गशीर्ष शु. 12 2079 रविवार, 4 दिसंबर 2022

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर पृष्ठ : 16+32 मूल्य : 8 रुपये

## दुनिया का सबसे एडवांस लड़ाकू विमान बी-21 लॉन्च

### राफेल से भी 2 पीढ़ी आगे, इसे पकड़ सके अभी तक ऐसा रडार नहीं बना

नई दिल्ली, 3 दिसंबर (एजेंसियां)। दुनिया का सबसे एडवांस लड़ाकू एयरक्राफ्ट बी-21 रेडर लॉन्च हो गया है। शुक्रवार, यानी 2 दिसंबर को ये अमेरिकी एयरफोर्स के बेड़े में शामिल हुआ। नए साल की शुरूआत में ये तबाही मचाने के लिए तैनात हो जाएगा।

बी-21 रेडर फ्रांस के राफेल से भी 2 जनरेशन एडवांस है। राफेल 4.5 जनरेशन का है, जबकि बी-21 6ठवें जनरेशन का एयरक्राफ्ट है। अमेरिकी एयरफोर्स में शामिल होते ही दुनिया भर में इसके स्पेसिफिकेशन की चर्चा हो रही है।

# छात्रा को छेड़ने वाला प्रोफेसर गिरफ्तार

## थाईलैंड की छात्रा से रेप की कोशिश के विरोध में सड़क पर उतरे छात्र



हैदराबाद, 3 दिसंबर (एजेंसियां)। हैदराबाद विश्वविद्यालय में शनिवार को एक प्रोफेसर द्वारा एक विदेशी छात्रा के यौन उत्पीड़न की कोशिश के बाद छात्रों ने विरोध प्रदर्शन किया।

पुलिस ने मानविकी विद्यापीठ के हिंदी विभाग के प्रोफेसर रवि रंजन को गिरफ्तार कर लिया है। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि उसे बाद में अदालत में पेश किया जाएगा।

प्रोफेसर ने कथित तौर पर छात्रा को हिंदी पढ़ाने के बहाने शुक्रवार शाम कैंपस के पास स्थित अपने आवास पर बुलाया और शराब पिलाकर उसका यौन उत्पीड़न करने की कोशिश की।

यौन उत्पीड़न से बुरी तरह सहमी पीड़िता ने आपबीती अपने सहपाठियों को बताई। चूंकि वह अंग्रेजी में ठीक से संवाद नहीं कर पा रही थी, इसलिए उसने अनुवाद के लिए एक ऑनलाइन ऐप का इस्तेमाल किया। पीड़िता (जो थाईलैंड से है और हाल ही में मास्टर्स कोर्स में शामिल हुई थीं) को अन्य छात्रों द्वारा विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य केंद्र में ले जाया गया। चेक-अप के बाद उसने गाचीबोवली पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। केंद्रीय विश्वविद्यालय के विदेशी मुद्रा कार्यक्रम के निदेशक ने भी शिकायत दर्ज कराई है।

पुलिस ने प्रोफेसर के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 354 (महिला का शील भंग करने के इरादे से हमला या आपराधिक बल प्रयोग) के तहत मामला दर्ज किया और उसे हिरासत में ले लिया। पुलिस ने अनुवादक की मदद से 23 वर्षीय पीड़िता का बयान दर्ज किया। जैसे ही यौन उत्पीड़न के बारे में बात फैली, छात्र परिसर के मुख्य द्वार के बाहर इकट्ठा हो गए और प्रोफेसर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। उनकी मांग है कि विश्वविद्यालय प्रशासन उन्हें तत्काल निलंबित करे।

छात्रों ने आरोपी के खिलाफ पुलिस शिकायत दर्ज करने में देरी के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन की भी आलोचना की। उनका आरोप है कि न तो कुलपति और न ही रजिस्ट्रार ने पीड़िता से मुलाकात की। विभिन्न संगठनों से जुड़े छात्रों ने कहा कि जब तक विश्वविद्यालय उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं करता तब तक वे विरोध जारी रखेंगे।

## पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना में तृणमूल और बीजेपी कार्यकर्ता भिड़े

### रैपिड एक्शन फोर्स को किया गया तैनात

कोलकाता, 3 दिसंबर (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल के 24 परगना जिले के होटुगंज क्षेत्र में तृणमूल कांग्रेस और बीजेपी कार्यकर्ताओं के बीच तीखी झड़पों के बाद तनाव की स्थिति निर्मित हो गई है।

यह झड़प उस दिन हुई जब बीजेपी नेता सुवेंदु अधिकारी जिले के डायमंड हार्बर में एक रैली कर रहे थे।

मीडिया रिपोर्ट्स में बताया गया है कि तृणमूल कांग्रेस के ऑफिस में तोड़फोड़ की गई और मोटरसाइकिलों को आग के हवाले कर दिया गया। अधिकारियों के अनुसार, क्षेत्र में कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल और रैपिड एक्शन फोर्स की तैनाती की गई है।

## मद्रास हाईकोर्ट का आदेश

# राज्य के मंदिरों में मोबाइल बैन किया

### कहा पूजा स्थलों की पवित्रता और शुद्धता बनाए रखना जरूरी




चेन्नई, 3 दिसंबर (एजेंसियां)। मद्रास हाईकोर्ट ने तमिलनाडु के सभी मंदिरों में मोबाइल फोन बैन कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि यह फैसला मंदिरों की शुद्धता और पवित्रता बनाए रखने के लिए लिया गया है। कोर्ट ने यह भी कहा कि लोगों को परेशानी न हो, इसलिए मंदिरों में फोन डिपोजिट करने के लिए लॉकर्स बनाए जाने चाहिए। इस आदेश का पालन हो, इसके लिए मंदिरों में सुरक्षाकर्मी तैनात किए जाएंगे।

**याचिकाकर्ता ने कहा, मोबाइल फोन से लोगों का ध्यान भटकता है**

कोर्ट ने यह आदेश एक याचिका के जवाब में दिया, जिसमें सुब्रमण्य स्वामी मंदिर में मोबाइल फोन पर बैन लगाने की मांग की गई थी। याचिकाकर्ता का कहना था कि मोबाइल फोन के चलते लोगों का ध्यान भटकता है और मंदिरों में देवों की फोटो खींचना परंपराओं के खिलाफ है। उन्होंने कोर्ट को बताया कि तिरुचेंदुर में मंदिर प्राधिकरण ने पहले से ही मोबाइल फोन बैन करने और गरिमामय ड्रेस कोड लागू करने के कदम उठाए जा चुके हैं, जिसके बाद कोर्ट ने पूरे तमिलनाडु में ऐसा करने का आदेश दिया।

**बिना अनुमति खींची जाती हैं महिलाओं की तस्वीरें**

याचिकाकर्ता ने यह भी कहा कि फोटोग्राफी से मंदिर की सुरक्षा भी खतरे में पड़ती है। वहीं, महिलाओं की तस्वीरें भी बिना उनकी इजाजत के खींची जाती हैं, जिससे उनमें डर रहता है। याचिकाकर्ता ने मंदिरों में गरिमामय पहनावे को भी अनिवार्य करने की मांग की। देश में केरल के गुरुवयुर में श्रीकृष्णा मंदिर और तमिलनाडु के तिरुपति के श्री वेंकटेश्वर मंदिर में पहले से ही मोबाइल फोन पर बैन लगा हुआ है।

## पता नहीं कुछ नेताओं को दिक्कत क्यों हो रही है : शशि थरूर



तिरुवनंतपुरम, 3 दिसंबर (एजेंसियां)। तिरुवनंतपुरम के सांसद शशि थरूर के कोट्टायम और पठानमथिट्टा जिलों के दो दिवसीय दौरे से पहले केरल में कांग्रेसियों का एक वर्ग परेशान सा प्रतीत हो रहा है।

थरूर शनिवार को युवा कांग्रेस की बैठक को संबोधित करने के लिए कोट्टायम से लगभग 40 किलोमीटर दूर एराट्टुपेट्टा पहुंचे, जबकि वह रविवार को पठानमथिट्टा के अडूर में रहेंगे। पार्टी की दो जिला समितियां इस आधार पर आमने-सामने हैं कि थरूर ने उन्हें सूचित नहीं किया, इसलिए वे उनके दौरे में सहयोग नहीं करेंगे। इस मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए थरूर ने कहा कि उन्हें समझ नहीं आ रहा है कि दो महीनों में क्या हुआ है, क्योंकि शिकायतें आ रही हैं। थरूर ने कहा, मुझे नहीं पता कि क्या हो रहा है, मैं दोनों बैठकों में भाग लूंगा और अपना भाषण दूंगा। जब से थरूर ने कांग्रेस के अध्यक्ष पद के उम्मीदवार मल्लिकार्जुन खड़गे के खिलाफ चुनाव लड़ने का फैसला किया, तब से राज्य के राजनीतिक क्षेत्र में थरूर की चर्चा बढ़ गई है। उन्हें सबसे अधिक मत अपने गृह राज्य केरल से ही हासिल हुआ था। पार्टी के शीर्ष नेता वी.डी. सतीसन और उनके पूर्ववर्ती रमेश चेन्नीथला ने थरूर का विरोध किया था। हालांकि पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व मुख्यमंत्री ओमन चांडी ने मदद के लिए हाथ बढ़ाया, जिसके बाद थरूर ने आगे बढ़ने का फैसला किया।

## ईडी आंध्र प्रदेश के निजी अस्पताल में मारा छापा

अमरावती, 3 दिसंबर (एजेंसियां)। आंध्र प्रदेश के एक निजी अस्पताल में शनिवार को धन की हेराफेरी को लेकर ईडी ने छापेमारी की है। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक ईडी ने छापेमारी में कुछ दस्तावेज भी जब्त भी किए हैं। ईडी अधिकारियों की चार टीमें नई दिल्ली से यहां पहुंचीं और 27 घंटे से अधिक समय तक तलाशी अभियान चलाया। ईडी के अधिकारियों ने मंगलागिरी में एनआरआई मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के कुछ पूर्व अधिकारियों सहित कुछ लोगों से भी पूछताछ की। तलाशी के संबंध में अस्पताल की ओर से कोई टिप्पणी नहीं आई है। हालांकि अभी इस मामले में कोई गिरफ्तारी नहीं हुई, लेकिन ईडी के अधिकारियों ने कथित घोटाले को लेकर शुक्रवार और शनिवार को एक पूर्व निदेशक और पूर्व मुख्य वित्तीय अधिकारी सहित अन्य लोगों से पूछताछ की। सूत्रों के मुताबिक, ईडी को जांच में पता चला है कि 2020-21 में कोरोना काल के दौरान कोविड पीड़ितों से अतिरिक्त रकम वसूली गई लेकिन उसको रिकॉर्ड में दर्ज नहीं किया गया। सूत्रों ने कहा कि यह राशि करीब 25 करोड़ रुपये हो सकती है। वहीं अस्पताल के कुछ अन्य पूर्व निदेशकों से भी संदिग्ध लेन-देन पर पूछताछ की जाएगी।

# द कश्मीर फाइल्स : हिटलर महान था

### इस्राइली राजदूत ने साझा किया ट्वीट, कहा यहूदी विरोधी मानसिकता मौजूद


नोर गिलोन

नई दिल्ली, 3 दिसंबर (एजेंसियां)। 'द कश्मीर फाइल्स' फिल्म को लेकर इस्राइली फिल्मकार नादव लापिड की टिप्पणी के बाद बहस छिड़ी हुई है। खुद इस्राइली राजदूत अपने देश के फिल्मकार की टिप्पणी को शर्मनाक बता चुके हैं और उनकी सार्वजनिक तौर पर आलोचना कर चुके हैं। इसके बाद भी उनके ट्विटर पर ऐसे कमेंट किए जा रहे हैं, जो लापिड और नरसंहार का समर्थन करते हैं।

ऐसा ही एक ट्वीट इस्राइली राजूदत नोर गिलोन ने शनिवार को पोस्ट किया गया। इस ट्वीट में हिटलर को महान बताया गया है और उसके द्वारा नरसंहार को सही ठहराया गया है। साथ ही इस्राइली राजदूत को भारत छोड़ने को कहा गया है।

**मौजूद हैं यहूदी विरोधी भावनाएं**

इस्राइली राजदूत ने ट्वीट करने वाली की जानकारी छिपाते हुए कहा, मैं आपके समर्थन से हैरान हूं। उन्होंने आगे कहा, अभी भी यहूदी-विरोधी भावनाएं मौजूद हैं, हमें संयुक्त रूप से इसका विरोध करने और सभ्य स्तर की चर्चा को बनाए रखने की आवश्यकता है।

**लिखा था खुला पत्र :**

भारत में इस्राइल के राजदूत नोर गिलोन ने कश्मीर फाइल्स की आलोचना के बाद नादव लापिड के लिए ओपन लेटर लिखा था। उन्होंने लिखा यह हिब्रू भाषा में नहीं है क्योंकि मैं चाहता था कि हमारे भारतीय भाई-बहन इसे समझ सकें। तुम्हें शरम आनी चाहिए नादव। भारतीय संस्कृति में कहा जाता है कि अतिथि भगवान के समान होता है। तुमने, अपने जजों के पैनल की अध्यक्षता करने के भारतीय निमंत्रण का सबसे खराब तरीके से दुरूपयोग किया है।

## कर्नाटक सरकार ने ठुकराया मुस्लिम स्कूल खोलने का प्रस्ताव

### राज्य में 10 स्कूल खोलने के लिए मांगे गए थे 25 करोड़ रुपये

बेंगलुरू, 3 दिसंबर (एजेंसियां)। कर्नाटक में हिजाब विवाद थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। अब हिजाब पहनकर क्लास लगाने की अनुमति वाले अलग से स्कूल खोलने को लेकर नया मामला सामने आया है। इस मामले में घिरने के बाद सरकार अब बचते हुए नजर आ रही है। लिहाजा, राज्य सरकार ने विभिन्न जिलों में मुस्लिम लड़कियों के लिए 10 स्कूल खोलने के कर्नाटक वक्फ बोर्ड के प्रस्ताव को भी ठुकरा दिया है।

राज्य की वक्फ और धार्मिक मामलों की मंत्री शशिकला जोले ने मामले से यह कहते हुए किनारा कर लिया कि उन्हें इस प्रस्ताव की कोई जानकारी नहीं है। मुख्यमंत्री बासवराज बोम्मई ने कहा कि सरकार के सामने प्रस्ताव नहीं रखा गया था और वो इस तरह के प्रस्ताव के पक्ष में नहीं हैं। दरअसल, कर्नाटक के तटीय जिले उडुपी में हिजाब विवाद के बाद से मुस्लिम लड़कियों के लिए अलग स्कूल खोलने की तैयारियां चल रही थीं, जहां स्कूल प्रशासन लड़कियों को हिजाब पहनकर स्कूल आने की इजाजत दे। विगत दिनों स्कूल प्रशासन के ड्रेस कोड से संबंधित मामले में सुप्रीम कोर्ट ने दखल देने से भी इनकार कर दिया था। इसके बाद कई मुस्लिम संगठनों ने लड़कियों के लिए अलग स्कूल शुरू करने की मांग करना शुरू कर दिया था। वक्फ बोर्ड ने तो मामले को गंभीरता से लेते हुए मुस्लिम लड़कियों के लिए अलग से स्कूल बनाने का प्रस्ताव तैयार कर दिया था। वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष मुहम्मद शफी सादी ने मैंगलुरू, कोगाडू, चिकमंगलूर, विजयपुरा, बेलागावी, उडुपी, शिवामोगा, रायचूर, कोप्पल और कलबुर्गी में स्कूल खोलने की तैयारी कर ली थी।

## दिल्ली दंगा-2020 से जुड़ा मामला

# उमर खालिद और खालिद सैफी बरी



नई दिल्ली, 3 दिसंबर (एजेंसियां)। दिल्ली की कड़कड़डूमा कोर्ट ने फरवरी 2020 में दंगा-संबंधी मामले में शनिवार (3 दिसंबर, 2022) को उमर खालिद और खालिद सैफी को बरी कर दिया है। यह आदेश एएसजे पुलस्त्य प्रमाचला ने सुनाया।

कोर्ट के फैसले पर खुशी जाहिर करते हुए खालिद सैफी की पत्नी, नरगिस सैफी ने एक मीडिया हाउस से कहा कि ढाई साल बाद यह हमारी बहुत बड़ी जीत है। आखिरकार अच्छी खबर मिली है। हमने संविधान में विश्वास रखा और आज हम बहुत खुश हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस के निराधार आरोप कोर्ट में झूठे साबित हुए।

पिछली सुनवाई में दिल्ली पुलिस ने उमर खालिद की जमानत याचिका पर आपत्ति दर्ज कराई थी। दिल्ली पुलिस ने उमर खालिद की जमानत याचिका का विरोध करते हुए कहा था कि खालिद की रिहाई से समाज में अशांति पैदा होगी। उमर खालिद ने कोर्ट के सामने अपनी बहन की शादी के लिए दो हफ्ते की अंतरिम जमानत याचिका दायर की थी। उसने कहा था कि इस दौरान वो ऐसी कोई हरकत नहीं करेगा, जिससे कानून-व्यवस्था को खतरा हो। दिल्ली पुलिस ने कहा था कि उमर खालिद पर लगे आरोप गंभीर हैं। वह सोशल मीडिया का उपयोग करके अंतरिम जमानत की अवधि के दौरान गलत सूचना फैला सकता था, जिसे रोका नहीं जा सकता है और इससे समाज में अशांति पैदा होने की संभावना है। दिल्ली पुलिस ने कहा था कि वह गवाह को प्रभावित भी कर सकता है। पुलिस ने कोर्ट के सामने उमर की जमानत याचिका का विरोध करते हुए यह भी कहा था कि उसके (उमर खालिद) माता-पिता अपनी बेटी की शादी करने में सक्षम हैं।

क्योंकि उमर की मां बुटीक चलाती हैं और उसके पिता वेलफेयर पार्टी ऑफ इंडिया से जुड़े हैं। बता दें, 2020 में दिल्ली में दंगे भड़के थे। इनमें करीब 53 लोगों की मौत हुई थी और 700 लोग घायल हुए थे।

कई घरों को जलाकर राख कर दिया गया था। दंगों के बाद दिल्ली पुलिस ने कई लोगों को हिरासत में लिया था। इस दौरान उमर खालिद को भी गिरफ्तार किया था। हालांकि खालिद के ऊपर देश के दूसरे राज्यों में भी केस दर्ज किए गए थे।

## रक्षा मंत्री बोले : भारत युद्ध-हिंसा का समर्थक नहीं

बेंगलुरू, 3 दिसंबर (एजेंसियां)। भारत न तो दूसरों को परेशान करता है और न ही परेशान करने वालों को बख्शता है। भारत कभी भी युद्ध और हिंसा का पक्षधर नहीं रहा है। हालांकि, यह अन्याय और उत्पीड़न के प्रति तटस्थ नहीं रह सकता है। अन्याय और उत्पीड़न के प्रति तटस्थ रहना हमारे स्वभाव में नहीं है। रक्षा मंत्री ने शनिवार को कहीं। वह शहर के वसंतपुरा में भव्य राजाधिराज गोविंदा मंदिर में इस्कॉन की ओर से आयोजित गीता दान यज्ञ में शामिल होने पहुंचे थे। रक्षा मंत्री ने उन परिस्थितियों का भी जिक्र किया जिनके कारण महाभारत का युद्ध हुआ। उन्होंने कहा, कुरुक्षेत्र के युद्ध के मैदान में भगवान श्रीकृष्ण ने अपना महाकाव्य व्याख्यान दिया था जिसे श्रीमद भगवद गीता के नाम से जाना जाता है।

# दिल्ली एम्स के सर्वर हैकिंग के पीछे चीनी साजिश

### पर्सनल डेटा और 5 सर्वर में लगी थी सेंध



साइबर अटैक के पीछे चीन के दो ग्रुप

नई दिल्ली, 3 दिसंबर (एजेंसियां)। दिल्ली एम्स सर्वर हैकिंग मामले में एक नया खुलासा हुआ है। हैकिंग की जांच कर रहे अधिकारियों ने चीन की ओर इशारा किया है। बताया गया है कि एम्स के 5 सर्वर हैक किए गए थे। आईएफएसओ के मुताबिक, हैकिंग के दौरान पर्सनल डेटा भी लीक हुआ है। ये डेटा डार्क वेब के मेन डोमेन पर भी होने की संभावना है। इससे भारत के वीवीआईपी सहित लाखों मरीजों के सीक्रेट डेटा लीक होने की आशंका बढ़ गई है। हालांकि, अधिकारी इस बात से इनकार कर रहे हैं कि किसी भी डेटा से समझौता किया गया है।

**पहले जानिए क्या है डार्क वेब :**

ये इंटरनेट सर्चिंग का ही हिस्सा है, लेकिन इसे सामान्य रूप से सर्च इंजन पर नहीं ढूंढा जा सकता। इस तरह की साइट को खोलने के लिए स्पेशल ब्राउजर की जरूरत होती है, जिसे टॉर कहते हैं। डार्क वेब की साइट को टॉर एन्क्रिप्शन टूल की मदद से छुपा दिया जाता है। ऐसे में कोई यूजर्स इन तक गलत तरीके से पहुंचता है तो उसका डेटा चोरी होने का खतरा हो जाता है।

**साइबर अटैक के पीछे चीन के दो ग्रुप :**

साइबर एक्सपर्ट्स के मुताबिक चीन के दो रैनसमवेयर ग्रुप, सम्राट ड्रैगनफ्लाई और ब्रॉन्ज स्टारलाइट (डीईवी-0401) इस हमले के पीछे हो सकते हैं। हालांकि, अभी इसकी पुष्टि की जा रही है। दूसरा संदेह लाइफ नाम के एक ग्रुप पर है, जिसे वानारेन नामक रैंसमवेयर का नया वर्जन माना जा रहा है। जांच से यह भी पता चलता है कि हो सकता है कि हैकर्स ने बिक्री के लिए डेटा को डार्क वेब पर डालना शुरू कर दिया हो, क्योंकि उनकी मांगें पूरी नहीं हुई थीं। पिछले मंगलवार को एम्स दिल्ली का सर्वर हैक करने वालों ने 200 करोड़ रुपये की डिमांड की थी। हैकर्स ने पेमेंट क्रिप्टोकरेंसी में करने को कहा था। हालांकि, दिल्ली पुलिस ने किसी तरह की फिरौती मांगे जाने की बात से इनकार कर दिया था।

**23 नवंबर को हुआ क्या था?**

एम्स में सुबह 6 बजकर 45 मिनट पर इमरजेंसी लैब के कंप्यूटर सेंटर से मरीजों की रिपोर्ट नहीं मिलने की शिकायत आती है। इसके बाद बिलिंग सेंटर और डिपार्टमेंट से भी कुछ इसी तरह के कॉल आने लगते हैं। एनआईसी की टीम ने जांच की तो पता चला कि मेन सर्वर पर सारी फाइलें नहीं खुल रही हैं।

जब टीम ने पहले बैकअप सिस्टम के जरिए फाइलों को रीस्टोर करने की कोशिश की तो पता चला कि इसमें भी सेंध लग चुकी है। फिर आगे जांच हुई तो पता चला कि फाइलों को क्लाउड में जिस एक्सटेंशन यानी ई पते पर रखा जाता है, उसे भी बदल दिया गया है। साइबर हमले की बात पुख्ता हो गई।

## चीन की निगरानी के लिए प्रिडेटर ड्रोन खरीदने की प्रक्रिया जारी

नई दिल्ली, 3 दिसंबर (एजेंसियां)। भारत, अमेरिका से प्रिडेटर ड्रोन खरीदने की तैयारी कर रहा है। शनिवार को नौसना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने बताया कि तीन बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक की लागत से 30 एमक्यू-9बी प्रिडेटर ड्रोन खरीदने की प्रक्रिया लंबित है। बता दें, यह वही प्रिडेटर ड्रोन है, जिनके माध्यम से हेलफायर मिसाइल को लॉन्च किया गया था और अलकायदा के आतंकी अल-जवाहिरी का खात्मा किया गया था।

नौसेना दिवस से एक दिन पहले वार्षिक संवाददाता सम्मेलन के दौरान नौसेना प्रमुख ने कहा, हिंद महासागर में चीन की निगरानी के लिए यह खरीद प्रस्तावित है। उन्होंने बताया, लंबित प्रस्ताव के तहत भारतीय सेना की तीनों विंग को 10 ड्रोन मिलने की संभावना है। वायु सेना अध्यक्ष ने कहा, हिंद महासागर क्षेत्र में बहुत सारे चीनी जहाज रहते हैं। इसमें 4-6 पीएलए नौसेना के जहाज हैं, फिर कुछ अन्य पोत हैं। उन्होंने कहा, हिंद महासागर क्षेत्र में बड़ी संख्या में चीनी जहाज मछली पकड़ने के लिए संचालित होते हैं।

## पीएम के खिलाफ 'रावण' टिप्पणी पर बोले खडगे

# 51 सालों का अनुभव, व्यक्तिगत टिप्पणी नहीं करता



नई दिल्ली, 3 दिसंबर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ 'रावण' शब्द का इस्तेमाल करने पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे भाजपा के निशाने पर हैं। अपने इस बयान पर खडगे ने पहली बार प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी चुनावी लाभ के लिए उनकी टिप्पणी का गलत तरीके से इस्तेमाल कर रही है। खडगे ने कहा, कांग्रेस की राजनीति किसी एक व्यक्ति के खिलाफ या उसके बारे में नहीं है। हमारी राजनीति नीतियों को लेकर है। उन्होंने कहा, हम प्रदर्शन की राजनीति में विश्वास करते हैं, लेकिन भाजपा की राजनीतिक शैली में अक्सर लोकतंत्र की भावना का अभाव होता है।

**एक व्यक्ति पर केंद्रित होती है भाजपा की राजनीति :**

इस दौरान कांग्रेस अध्यक्ष खडगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा की राजनीति हर जगह एक व्यक्ति विशेष पर केंद्रित होती है। वहीं, उन्होंने इशारों-इशारों में आम आदमी पार्टी को भाजपा की 'बी टीम' करार देते हुए हा कि आप किसी के इशारे पर कांग्रेस के वोटों को काटने का प्रयास कर रही है।

**मेरे पास 51 सालों का राजनीतिक अनुभव :**

खडगे ने कहा, मेरे पास 51 साल का संसदीय राजनीतिक अनुभव है। इसलिए मैं किसी व्यक्ति विशेष पर व्यक्तिगत टिप्पणी नहीं करता। मैंने विकास, महंगाई, बेरोजगारी, गरीबी के मुद्दों पर भाजपा सरकार की आलोचना की है।

दरअसल, बीते दिनों अहमदाबाद में एक रैली को संबोधित करते हुए खडगे ने कहा था कि पीएम मोदी हर चुनावों में लोगों को अपना चेहरा दिखाकर वोट मांगते हैं।

## भाजपा का आरोप : अपने ऊपर एफआईआर होने पर मनीष सिसोदिया ने 1 दिन में बदले 4 मोबाइल

नई दिल्ली, 3 दिसंबर (एजेंसियां)। भारतीय जनता पार्टी ने शनिवार को आरोप लगाया कि मनीष सिसोदिया दिल्ली आबकारी नीति मामले में कथित अनियमितताओं में पूरी तरह से शामिल हैं। भाजपा ने कहा कि इस मामले की जांच के सिलसिले में जब सिसोदिया के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज हुई, तो दिल्ली के उपमुख्यमंत्री ने एक दिन में 4 मोबाइल हैंडसेट और दो-तीन महीने में 14 हैंडसेट बदले। बीजेपी ने आरोप लगाया कि मनीष सिसोदिया ने अपने खिलाफ डिजिटल एविडेंस को नष्ट करने के मकसद से ऐसा किया। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने दिल्ली के पार्टी मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, कुछ दिन पहले अरविंद केजरीवाल ने कहा था कि दिल्ली आबकारी नीति में कोई घोटाला नहीं हुआ है। क्योंकि सीबीआई और ईडी ने मनीष सिसोदिया को क्लीन चिट दे दी है। चार्जशीट में उनका नाम नहीं है।

## रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पर जान बचाने का वीडियो:चलती ट्रेन से महिला गिरी

भोपाल, 3 दिसंबर (एजेंसियां)। देश के पहले वर्ल्ड क्लास रेलवे स्टेशन रानी कमलापति स्टेशन पर शुक्रवार देर शाम एक बड़ा हादसा टल गया। एक महिला यात्री चली एक एक्सप्रेसे से गिर गईं। वह ट्रेन और प्लेटफार्म के बीच फंस गई। जिसे आरपीएफ और जीआरपीएफ जवानों ने लोगों की मदद से बचाया। महिला ट्रेन से गिरती और जवान के द्वारा बचाए जाने की घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। जानकारी के अनुसार रानी कमलापति स्टेशन पर गाड़ी संख्या 12975 मैसूर-जयपुर एक्सप्रेस शुक्रवार शाम 5.40 बजे प्लेटफार्म नंबर 3 पर पहुंची। करीब 2 मिनट के स्टॉपेज के बाद जब ट्रेन प्लेटफार्म से रवाना होने लगी।

# उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ बोले

## सुप्रीम कोर्ट ने एनजेएसी एक्ट रद्द किया और संसद में कोई चर्चा नहीं हुई



नई दिल्ली, 3 दिसंबर (एजेंसियां)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि उच्चतम न्यायालय द्वारा राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग (एनजेएसी) अधिनियम को रद्द किए जाने को लेकर संसद में 'कोई चर्चा' नहीं हुई और यह एक 'बहुत गंभीर मसला' है. धनखड़ ने यह भी कहा कि संसद द्वारा पारित एक कानून, जो लोगों की इच्छा को दर्शाता है, उसे उच्चतम न्यायालय ने 'रद्द' कर दिया और 'दुनिया को ऐसे किसी भी कदम के बारे में कोई जानकारी नहीं है.' उपराष्ट्रपति ने संविधान के प्रावधानों का हवाला देते हुए कहा कि जब कानून से संबंधित कोई बड़ा सवाल हो तो अदालतें भी इस मुद्दे पर गौर फरमा सकती हैं.

प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ की उपस्थिति में शुक्रवार को यहां एलएम सिंघवी स्मृति व्याख्यान को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रेखांकित किया कि संविधान की प्रस्तावना में 'हम भारत के लोग' का उल्लेख है और संसद लोगों की इच्छा को दर्शाती है. उन्होंने कहा कि इसका मतलब है कि शक्ति लोगों में, उनके जनादेश और उनके विवेक में बसती है. धनखड़ ने कहा कि 2015-16 में संसद ने एनजेएसी अधिनियम पारित किया. हम भारत के लोग-उनकी इच्छा को संवैधानिक प्रावधान में बदल दिया गया. जनता की शक्ति, जो एक वैध मंच के माध्यम से व्यक्त की गई थी, उसे खत्म कर दिया गया. दुनिया ऐसे किसी कदम के बारे में नहीं जानती.'एनजेएसी अधिनियम में उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों की नियुक्ति की कॉलेजियम प्रणाली को पलटने का प्रावधान था, हालांकि शीर्ष अदालत ने इसे असंवैधानिक बताते हुए रद्द कर दिया था.

उपराष्ट्रपति ने कहा, 'मैं यहां के लोगों- जिसमें न्यायिक अभिजात्य वर्ग, विचारशील व्यक्ति, बुद्धिजीवी शामिल हैं- से अपील करता हूं कि कृपया दुनिया में ऐसा कोई उदाहरण खोजें जिसमें किसी संवैधानिक प्रावधान को रद्द किया गया हो.' धनखड़ ने 26 नवंबर को यहां संविधान दिवस के एक कार्यक्रम में इसी तरह की भावना व्यक्त की थी. उन्होंने कहा कि वह 'हैरान हैं कि इस फैसले (एनजेएसी) के बाद संसद में कोई चर्चा नहीं हुई. इसे इस तरह लिया गया. यह बहुत गंभीर मुद्दा है.'धनखड़ ने शीर्ष कोर्ट की ओर से संविधान के मूल ढांचे के सिद्धांत का संदर्भ देते हुए कहा, हमने इसे भी मान लिया।

पर, कानून के छात्र के रूप में सवाल यह है कि क्या संसद की स्वायत्तता से समझौता किया जा सकता है? क्या भविष्य की संसद अतीत की संसद के फैसले से बंधी रह सकती है? सीजेआई जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा, 'अनुभव बताता है कि सबसे कमजोर लोगों में भी अपने पसंदीदा नेता को चुनने की राजनीतिक चेतना होती है. इसलिए, हमें लोकतांत्रिक प्रक्रिया की हर प्रकार की उच्चवर्गीय समझ को खारिज करना चाहिए, जो हम लगातार सुनते रहते हैं कि केवल शिक्षित ही बेहतर निर्णय लेने वाले होते हैं.'

# सीमा पार से ड्रोन के जरिए

## फिर भेजी गई करोड़ों के हेरोइन और हथियार, बीएसएफ ने की बरामद



फिरोजपुर, 3 दिसंबर (एजेंसियां)। पंजाब में सीमा सुरक्षा बल के जवानों को बड़ी कामयाबी मिली है। पंजाब में भारत-पाक सीमा पर एक बार फिर सीमा पार से ड्रोन के जरिए हथियार और हेरोइन की खेप भेजने का मामला सामने आया है। फाजिल्का के सरहदी गांव चूड़ी वाला चिश्ती और बीएसएफ की चौकी स्वार वाला के पास शुक्रवार रात को पाक ड्रोन ने साढ़े सात किलो हेरोइन भारतीय क्षेत्र में गिराई। शनिवार सुबह साढ़े पांच बजे धुंध की आड़ में पाक ड्रोन ने साढ़े 17 किलो हेरोइन भारतीय क्षेत्र में फेंकी है। हेरोइन को उठाने भारतीय तस्कर सीमा पर पहुंचे तो बीएसएफ ने फायरिंग कर दी। इस पर तस्कर वहां से बिना हेरोइन लिए भाग गए। दोनों घटनाओं में 30 पैकेट मिले हैं जिसमें 25 किलो हेरोइन बताई जा रही है। बीएसएफ को उक्त पैकेटों में से एक पिस्टल, दो मैगजीन और 55 कारतूस भी मिले हैं।

# पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस नेता के घर में विस्फोट



**तीन लोगों की मौत**

कोलकाता, 3 दिसंबर (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल के ईस्ट मिदनापुर जिले में एक तृणमूल कांग्रेस नेता के घर पर हुए बम विस्फोट में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई. अधिकारियों ने बताया कि टीएमसी के बूथ अध्यक्ष के नेरीबिला गांव स्थित घर में शुक्रवार रात करीब 11.15 बजे बम विस्फोट की सूचना मिली. विस्फोट के कारण घर को भी काफी नुकसान पहुंचा है. विस्फोट का कारण अभी तक पता नहीं चल सका है और जांच जारी है. वैसे विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि फूस की छत वाले मिट्टी के घर की छत पूरी तरह से उड़ गई बीजेपी ने आरोप लगाया है कि तृणमूल कांग्रेस के नेता के घर पर देसी बम तैयार किए जा रहे थे. पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिलीप घोष ने कहा, राज्य में केवल बम बनाने का उद्योग फल-फूल रहा है. वरिष्ठ माकपा नेता सुजन चक्रवर्ती ने इस मामले में सीएम ममता बनर्जी की चुप्पी पर हैरानी जताई है. उन्होंने कहा कि ममता की चुप्पी आश्चर्यजनक है. उन्होंने इस मामले में सीएम के बयान की मांग की. दूसरी ओर, टीएमसी के राज्य महासचिव कुणाल घोष ने कहा कि बिना किसी सबूत के विपक्ष, सत्तारूढ़ पार्टी को टारगेट कर रहा है.

# मुंबई में अधूरे कंस्ट्रक्शन को पूरा करने का रास्ता साफ

## राष्ट्रपति ने म्हाडा एक्ट 1976 को दी मंजूरी

मुंबई, 3 दिसंबर (एजेंसियां)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने महाराष्ट्र आवास और क्षेत्र विकास अधिनियम संशोधन विधेयक को मंजूरी दे दी है. इससे उन लोगों को खास फायदा होगा, जिनके घर बनाने संबंधी निर्माण कार्य कई वर्षों से किसी न किसी कारण से रुके हुए हैं. अब मुंबई शहर में खतरनाक और रुके हुए भवनों के पुनर्विकास का मार्ग प्रशस्त हो गया है. महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इसके लिए राष्ट्रपति मुर्मू को धन्यवाद दिया है. महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इसके लिए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को भी धन्यवाद दिया है. उन्होंने कहा कि अब इस नए कानून के जरिए से विभिन्न कारणों से अधूरे/रुके हुए सेस निर्माण परियोजनाओं को टेकओवर करना और उनका



पुनर्विकास करना संभव होगा. उन्होंने बताया कि मुंबई शहर में मौजूदा समय में 56 से अधिक उपकर भवनों का पुनर्विकास रुका हुआ था या अधूरा था.

**अधूरी इमारतों को अब पूरा कराएगी म्हाडा**

इस बिल के पास होने के बाद, म्हाडा सीधे ऐसी इमारतों को अपने कब्जे में ले सकती है और उनका पुनर्विकास कर सकती है. साथ ही यदि मुंबई नगर निगम किसी उपकर इमारत को खतरनाक घोषित करता है तो संपत्ति के मालिक को पहले उसकी इमारत के पुनर्विकास का अवसर दिया जाएगा. यदि वह 6 महीने के भीतर पुनर्विकास प्रस्ताव प्रस्तुत नहीं करता है तो किरायेदार को दूसरा मौका दिया जाएगा.

इन कानून से क्या फायदा होगा? यदि वे इन दोनों प्रयासों के विफल होने के बाद 6 महीने के भीतर पुनर्विकास का प्रस्ताव प्रस्तुत नहीं करते हैं तो म्हाडा भवनों का कब्जा ले सकती है और उनका पुनर्विकास कर सकती है. अधिनियम पुनर्गणना करने वाले के 25 प्रतिशत या बिक्री इकाई के निर्मित क्षेत्र के 15 प्रतिशत (जो भी अधिक हो) की दर से संबंधित घरों के मालिक या भूमि के मालिक को मुआवजे का प्रावधान करता है, लिहाजा वर्षों से रुके हुए सेस भवनों के पुनर्विकास की राह अब पटरी पर आएगी.

**50 से अधिक इमारतों के पुनर्विकास का रास्ता साफ**

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शुक्रवार को कहा कि महाराष्ट्र आवास एवं क्षेत्र विकास (म्हाडा) अधिनियम 1976 में संशोधन से जुड़े विधेयक पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हस्ताक्षर होने से मुंबई की उन 50 से अधिक इमारतों के पुनर्विकास का रास्ता साफ हो गया है, जिन्हें खतरनाक घोषित किया गया था. 28 जुलाई 2022 को राज्य सरकार ने ऐसी लंबित पुनर्विकास योजनाओं और लंबित अदालती मामलों के सभी दस्तावेज, केंद्रीय गृह मंत्रालय को सौंपे थे.

# महाराष्ट्र में ज़ीका वायरस का पहला मरीज मिला, हालत स्थिर




पुणे, 3 दिसंबर (एजेंसियां)। पुणे के बावधन इलाके में 67 वर्षीय एक व्यक्ति ज़ीका वायरस से संक्रमित पाया गया है. स्वास्थ्य विभाग ने शुक्रवार को यह जानकारी दी. शख्स नासिक का रहने वाला है और 6 नवंबर को पुणे आया था. 16 नवंबर को वह बुखार, खांसी, जोड़ों के दर्द और थकान के साथ जहांगीर अस्पताल आया और 18 नवंबर को एक प्राइवेट लैब में ज़ीका का पता चला. महाराष्ट्र स्वास्थ्य विभाग ने कहा, महाराष्ट्र में ज़ीका वायरस का एक मामला सामने आया है. बावधन पुणे शहर में एक 67 वर्षीय व्यक्ति मरीज में ज़ीका वायरस मिला था. वह मूल रूप से नासिक का रहने वाला है और 6 नवंबर को पुणे आया था. इससे पहले 22 अक्टूबर को उसने सूरत की यात्रा की. 30 नवंबर को एनआईवी ने पुष्टि की थी कि उसमें ज़ीका वायरस का संक्रमण है. वर्तमान में, रोगी चिकित्सकीय रूप से स्थिर है और उसे कोई जटिलता नहीं है. भविष्य में रोग के प्रकोप को कम करने के लिए पुणे शहर में ज़ीका वायरस का एक एंटोमोलॉजिकल सर्वेक्षण किया जा रहा है. आगे की जांच की जा रही है. ज़ीका वायरस रोग (जेडडी) को ब्राजील में 2016 के प्रकोप के बाद की महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्वास्थ्य बीमारियों में से एक माना जाता है.

## श्रीनगर में हुर्रियत कार्यकर्ताओं के घरों पर छापा, एसआईए कर रही है फंडिंग मामले की जांच

जम्मू, 3 दिसंबर (एजेंसियां)। कश्मीर राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) ने श्रीनगर में शनिवार सुबह फंडिंग मामले में हुर्रियत कार्यकर्ताओं के घरों समेत कई ठिकानों पर छापे मारे। इस बीच एजेंसी को कई दस्तावेज हाथ लगे हैं। इस मामले की लंबे समय से जांच चल रही है। इससे पहले 27 नवंबर को प्रतिबंधित जमात-ए-इस्लामी (जेईआई) पर और शिकंजा कसते हुए अनंतनाग जिले में संस्था से जुड़ी 90 करोड़ की संपत्तियों को एसआईए ने जब्त कर लिया था। इनमें कृषि भूमि, बगीचे, शॉपिंग कांप्लेक्स, कार्यालय के साथ आवासीय ढांचे बने हुए हैं। यह संपत्तियां जिले के 11 स्थानों पर हैं। संपत्तियों को जब्त करने का यह दूसरा मामला है।

# अब भाजपा ने दिया ममता के खिलाफ 'खेला होबे' का नारा

## कहा- अगले चुनाव में दोनों तरफ से होगा खेल

कोलकाता, 3 दिसंबर (एजेंसियां)। भाजपा ने पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के लोकप्रिय नारे 'खेला होबे' का इस्तेमाल उसी के खिलाफ कर दिया। भाजपा ने कहा कि आने वाले चुनावों में दोनों के बीच खेला होगा। भाजपा राज्य के पंचायत चुनाव और लोकसभा चुनाव में टीएमसी के खिलाफ उसी नारे का इस्तेमाल करेगी। बंगाल में पंचायत चुनाव के पहले घमासान मचा हुआ है। इस बीच, भाजपा की पश्चिम बंगाल इकाई के अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने आने वाले समय में दोनों के बीच चुनावी खेल होगा। भाजपा अहिंसा में विश्वास करती है लेकिन, इसका मतलब यह नहीं है कि अगर दो-दो हाथ करने की नौबत आएगी तो वह जवाब नहीं देगी।

**खतरनाक होगा 'खेला' : मजूमदार**

भाजपा नेता मजूमदार ने शुक्रवार को उत्तरी 24 परगना जिले के बैरकपुर में एक जनसभा में यह बात कही। उन्होंने कहा कि दोनों पार्टियां खेल खेलेंगी और यह खतरनाक होगा। बता दें, टीएमसी ने 2021 के विधानसभा चुनाव से पहले 'खेला होबे' का नारा दिया था। यह नारा बेहद लोकप्रिय हुआ था। कई दलों ने बंगाल के अलावा देश के अन्य हिस्सों में भी इसका जमकर इस्तेमाल किया था।

**चंद वर्षों में सत्ता से बाहर होगी टीएमसी**

मजूमदार ने कहा, 'मैं आपको आश्वस्त करता हूं कि तृणमूल सरकार, जो कि राज्य की संपत्तियां बेच रही है, अगले कुछ सालों में सत्ता से बाहर हो जाएगी। बंगाल में जल्दी चुनाव की ओर इशारा करते हुए भाजपा नेता ने दावा किया कि अगर पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव 2024 के लोकसभा चुनाव के साथ होते हैं तो उन्हें कोई आश्चर्य नहीं होगा। ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस सरकार 2021 में लगातार तीसरी बार राज्य में सत्ता में आई है।

**किसी को बख्शा नहीं जाएगा**

लगभग 300 टीएमसी कार्यकर्ताओं को 2021 के चुनाव पश्चात हिंसा के मामलों में गिरफ्तार किए जाने को लेकर मजूमदार ने कहा कि और भी लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए जाने की संभावना है। मजूमदार ने कहा कि कोई भी



व्यक्ति, चाहे वह किसी भी बड़े पद पर हो, जब तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं, तब तक उसे बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने यह भी दावा किया कि लोकसभा में पुलिस की तटस्थता को लेकर एक विधेयक लाया जाएगा।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि बंगाल पुलिस सत्तारूढ़ दल के प्रति पक्षपात करती है। उन्होंने पुलिस कर्मियों से तटस्थता से कार्य करने का आग्रह करते हुए कहा कि उनका वेतन करदाताओं के पैसे से दिया जाता है, न कि किसी राजनीतिक दल द्वारा।

## अंबाला में ट्रिप का बहाना बना भागी छात्रा

अंबाला, 3 दिसंबर (एजेंसियां)। हरियाणा के अंबाला कैंट से ट्रिप का बहना बनाकर 9वीं क्लास की 13 वर्षीय छात्रा फरार हो गई। परिजन पहले ट्रिप से वापस लौटने का इंतजार करने लगे, लेकिन जब वापस नहीं लौटी तो परिजनों ने स्कूल स्टाफ से पता किया तो वे दंग रह गए। दरअसल, स्कूल की तरफ से कोई ट्रिप कहीं गया ही नहीं था। पूजा विहार निवासी व्यक्ति ने बताया कि उसकी 13 वर्षीय बेटी अंबाला कैंट के एक प्राइवेट स्कूल में 9वीं कक्षा में पढ़ाई कर रही है। 30 नवंबर को उसकी बेटी ने बताया कि स्कूल की तरफ से बास्केटबॉल का ट्रिप जालंधर जा रहा है। बेटी ने कहा था कि सुबह साढ़े 7 बजे स्कूल में छोड़ आना। वह उसकी बेटी को गुरुवार को स्कूल के मेन गेट पर छोड़ आया था, लेकिन बेटी वापस घर नहीं लौटी।

# कोलकाता में हुक्का बार पर पूरी तरह से बैन

कोलकाता, 3 दिसंबर (एजेंसियां)। कोलकाता में हुक्का बार प्रतिबंध लगाने के लिए निर्देश जारी किए गए हैं। कोलकाता नगर निगम ने लोगों की सेहत को ध्यान में रखते हुए इस कदम को उठाने की बात कही है। शुक्रवार से ही सभी हुक्का बारों को पूर्ण रूप से बंद करने के आदेश जारी कर दिया गया है। वहीं इस संबंध में एक अधिकारी ने बताया कि हुक्का बार चलाने वाले रेस्तरां के लाइसेंस को रद्द किए जाएंगे। आगे जानकारी देते हुए बताया कि हमने हुक्का बार बंद करने का अनुरोध करने का फैसला लिया है। इस पर सभी रेस्तरा बंद रहेंगे।

**इसलिए लिया गया फैसला**

वहीं आधिकारी ने आरोप लगाते हुए कहा कि है कि इनमें से कुछ बार का इस्तेमाल मादक पदार्थों के कारोबार के लिए किया जा रहा था। यह जानकारी महापौर फिरहाद हाकिम ने शुक्रवार को दी। उन्होंने कहा कि चोरी-छिपे हुक्का बेचते पाए जाने पर बार का लाइसेंस भी रद्द कर दिया जाएगा। हाकिम ने कहा, "हुक्का बार में अवैध रूप से मादक पदार्थों के उपयोग के आरोप लगे हैं।

युवा पीढ़ी को नशे की लत लग रही है। इसलिए सभी हुक्का बार को बंद करने का आदेश दिया गया है। दरअसल, आपको बता दें कि पिछले कुछ सालों में हुक्का का प्रचलन तेजी से बड़े शहरों में विकसित हुआ है। इसके चपेट में खासतौर पर युवां पिढ़ी के बच्चे आ रहे हैं। इसी कारण से झारखंड और उत्तर प्रदेश में हुक्का बारों के संचालन पर पूरी तरह से बैन है। खासतौर पर दिल्ली और मुंबई जैसे शहरों में इसका अवैध रोजगार काफी बढ़ा है।

# 'हिंदू शादी से पहले 2-3 नाजायज बीवियां रखते हैं'

## बयान पर घिरे बदरुद्दीन अजमल, बीजेपी ने ऐसे किया पलटवार



नई दिल्ली, 3 दिसंबर (एजेंसियां)। जनसंख्या वृद्धि पर विवादित बयान देकर एआईएयूडीएफ यानी ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट के चीफ बदरुद्दीन अजमल घिरते नजर आ रहे हैं. सांसद बदरुद्दीन अजमल के 'हिंदू शादी से पहले 2-3 बीवियां रखते हैं' वाले बयान की चारों ओर आलोचना हो रही है. यूपी के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने इस बयान की निंदा की है और इसे भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला बयान करार दिया है. वहीं भाजपा नेता जयवीर शेरगिल ने कहा कि वह सुर्खियों में रहने के लिए ऐसी बयानबाजी कर रहे हैं. दरअसल, जनसंख्या वृद्धि पर एआईयूडीएफ के अध्यक्ष और सांसद बदरुद्दीन अजमल ने कहा था, 'वो (हिंदू) 40 साल से पहले 2-3 गैरकानूनी तरीके से बीवियां रखते हैं. 40 साल के बाद बच्चा पैदा करने की क्षमता कहां रहती है... उनको मुसलमानों के फॉर्मूले को अपनाकर अपने बच्चों की 18-20 साल की उम्र में शादी करा देनी चाहिए.' बदरुद्दीन अजमल ने भाजपा पर भी हमला बोला और कहा कि बीजेपी सरकार मुसलमान को हर जगह अलग-थलग करने में लगी हुई है. सरकार सिर्फ हिंदुओं को मजबूत बनाने का काम कर रही है. ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट के चीफ बदरुद्दीन अजमल ने कहा कि मुसलमानों को भी मज़बूत बनना चाहिए.

इस बयान का वीडियो जमकर वायरल हुआ और इसकी निंदा भी की गई. बदरुद्दीन अजमल के बयान पर उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि इस तरह की बयानबाजी को बिलकुल स्वीकार नहीं किया जा सकता है. किसी की भावनाओं को ठेस नहीं पहुंचना चाहिए. वहीं, भाजपा प्रवक्ता जयवीर शेरगिल ने कहा कि वह अपनी खुद की पार्टी तो बचा नहीं पा रहे हैं, बाकी धर्मों को नसीहत देने चले हैं. भारत की जो सभ्यता है, वह कानून के अनुसार चलती है. वह मीडिया की सुर्खियों में बनने के लिए उलूल-जुलूल बयानबाजी कर रहे हैं.

# म्यांमार से बेचने के लिए जम्मू लाई दो रोहिंग्या नाबालिग बरामद

जम्मू, 3 दिसंबर (एजेंसियां)। म्यांमार से जम्मू में बेचने के लिए लाई गई दो रोहिंग्या नाबालिगों को पुलिस ने बरामद किया है। इन दोनों किशोरियों को जम्मू में रहने वाले दो दलालों ने म्यांमार से लाया था। जम्मू पहुंचने पर इनकी शादी कराई जानी थी। इन दोनों बच्चियों को 20 से 50 हजार रुपये देकर वहां से लाया गया। पुलिस जांच कर रही है कि इन्हें लेकर कौन आया था और इनको किससे शादी कराकर बेचा जाना था।

चाइल्ड वेलफेयर कमेटी जम्मू की ओर से त्रिकुटा नगर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई। बताया गया कि उनके पास सूचना है कि म्यांमार से दो बच्चियों को खरीदकर लाया गया है, जिनको जम्मू में आगे बेचकर कहीं पर शादी कराई जानी है। शिकायत मिलने के बाद पुलिस टीम नरवाल इलाके में पहुंची। यहां यह दोनों बच्चियां एक झुग्गी में रह रही थीं। पुलिस ने दोनों को वहां से बरामद किया। इनसे पूछताछ की गई। लेकिन बच्चियां सिर्फ म्यांमार की ही भाषा बोलती हैं। इतना बताया गया कि उनको वहां से कोई लेकर आया था और यहां पर उनकी कहीं पर शादी होनी थी। पुलिस ने इसे लेकर केस दर्ज कर लिया है।

दो आरोपियों की पहचान भी की गई है, लेकिन वह अभी गिरफ्तार नहीं हुए हैं। त्रिकुटा नगर पुलिस स्टेशन में इसे लेकर केस दर्ज है। दोनों बच्चियों की चाइल्ड वेलफेयर देखभाल कर रही है। बता दें कि इसके पहले भी म्यांमार की लड़कियों को जम्मू में लाकर बेचने के मामले सामने आ चुके हैं। नगरोटा में भी इसी तरह का मामला दर्ज किया गया था। शहर के नरवाल, बठिंडी इलाके में इस तरह के मामले सामने आ चुके हैं। पुलिस ने कई जगहों देर रात छापे मारे, लेकिन आरोपी पुलिस के हत्थे नहीं चढ़े हैं।

# अग्निपथ योजना के तहत नौसेना का पहला बैच तैयार

## नाव पर पहली बार होंगी महिला नाविक, सभी शाखाओं में किया जाएगा शामिल- नौसेना प्रमुख



नई दिल्ली, 3 दिसंबर (एजेंसियां)। नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने बताया कि अग्निपथ योजना के तहत नौसेना में 3000 लोगों का पहला बैच तैयार है। जिसमें 341 महिला नाविक हैं। नाव पर पहली बार महिला नाविक होंगी और फिर अगले साल से महिला अधिकारियों को भी इसमें शामिल किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सभी शाखाएं सभी के लिए खुली रहेंगी। उन्होंने बताया कि अग्निवीरों के पहले बैच की रिपोर्ट आ चुकी है, लगभग 3000 अग्निवीर शामिल हो चुके हैं, जिनमें से लगभग 341 महिलाएं हैं।

अगले साल हम महिला अधिकारियों को सभी शाखाओं में शामिल करने पर विचार कर रहे हैं, न कि केवल 7-8 शाखाओं में, जो आज तक सीमित हैं। इससे पहले नौसेना प्रमुख ने कहा था कि 'अग्निपथ' एक शानदार योजना है, जिसे इस ''व्यापक विचार-विमर्श'' और ''व्यापक अध्ययन'' के बाद पेश किया गया है कि अन्य सैन्य बलों ने अपने मानव संसाधन को किस तरह व्यवस्थित किया है। उन्होंने यहां 'भारत की नौसेना क्रांति : उभरती समुद्रीय शक्ति' विषय पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करने से इतर यह बात कही। नौसेना प्रमुख ने कहा कि यह विचार 2020 के मध्य के आसपास सामने आया और ''इसे अमल में लाने में लगभग दो साल लग गए।''

**उम्र सीमा को नीचे लाने की जरूरत**

संवाद के दौरान मंच संचालक ने 'अग्निपथ' योजना से जुड़ा सवाल किया था, जिसके जवाब में एडमिरल कुमार ने कहा, ''यह एक शानदार योजना है और मुझे लगता है कि इसकी लंबे समय से प्रतीक्षा हो रही थी और इसे कई साल पहले हो जाना चाहिए था।'' उन्होंने कहा कि कारगिल समीक्षा समिति की रिपोर्ट में एक सिफारिश है कि सशस्त्र बलों में उम्र सीमा को नीचे लाने की आवश्यकता है। नौसेना प्रमुख ने कहा कि उस समय औसत उम्र 32 वर्ष थी और सिफारिश में कहा गया कि इसे कम करके लगभग 25-26 वर्ष तक लाया जाना चाहिए।

स्वतंत्र वार्ता

# मेरा हैदराबाद

रविवार, 4 दिसंबर, 2022 3

सुविचार

पूंजी की कमी की अपेक्षा शक्ति की कमी है कमी से ही अधिकतर असफलताएं हाथ आती हैं।

## तेलंगाना ने दिव्यांगों के कल्याण में देश के लिए एक मिसाल कायम की : सीएम



हैदराबाद, 3 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने कहा कि इस दुनिया में कोई भी इंसान संपूर्ण नहीं है और आत्मविश्वास के साथ बाधाओं को पार करके ही पूर्णता की ओर जीवन प्राप्त किया जा सकता है।

सीएम केसीआर ने आज अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर लोगों को बधाई दी। मुख्यमंत्री ने आव्हान किया कि निःशक्तजन आत्मग्लानि की बजाय आत्म-विश्वास से अपने लक्ष्य को प्राप्त करें। सीएम केसीआर ने कहा कि राज्य सरकार दिव्यांगों के साथ खड़ी है जिन्हें समर्थन की जरूरत है और तेलंगाना राज्य ने दिव्यांगों के कल्याण में देश के लिए एक मिसाल कायम की है। मुख्यमंत्री ने याद किया कि तेलंगाना राज्य को दिव्यांगों के कल्याण में सर्वश्रेष्ठ राज्य के रूप में मान्यता दी गई है और केंद्र सरकार द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए हैं। दिव्यांगों के कल्याण पर विशेष ध्यान देने के उद्देश्य से, सीएम केसीआर ने कहा कि राज्य सरकार ने महिला और बाल कल्याण विभाग से एक स्वतंत्र और विशेष विंग के रूप में दिव्यांगों के कल्याण के लिए विभाग बनाया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि तेलंगाना सरकार प्रत्येक परिवार में प्रत्येक दिव्यांग व्यक्ति को 3016 रुपये मासिक पेंशन प्रदान कर उनके जीवन में आत्मविश्वास जगा रही है। पूर्ववर्ती संयुक्त आंध्र प्रदेश में, सरकार ने केवल 500 रुपये पेंशन प्रदान की। सीएम केसीआर ने कहा कि सरकार दिव्यांगों को डबल बेड रूम और दलित बंधु योजनाओं के अलावा अन्य योजनाओं में 5 प्रतिशत आरक्षण और नौकरी भर्ती में 4 प्रतिशत आरक्षण प्रदान कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे दिव्यांगों को निःशुल्क कोचिंग और अध्ययन सामग्री, सेवाओं में विशेष भत्ता, दिव्यांग लोगों के लिए सलाहकार बोर्ड और शिकायतें प्राप्त करने के लिए एक विशेष वेबसाइट स्थापित कर रही है। सीएम केसीआर ने कहा कि सरकार दिव्यांगों को उनके दैनिक जीवन में आने वाली बाधाओं को दूर करने के लिए आवश्यक व्हीलचेयर, तिपहिया स्कूटी, बैसाखी आदि प्रदान करने का प्रयास कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दिव्यांगों को विशेष शिक्षा प्रदान करने के लिए आश्रम स्कूल और छात्रावास स्थापित करने के अलावा प्री-मैट्रिक और पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति प्रदान कर राज्य सरकार विकलांगों को प्रोत्साहित कर रही है। सीएम केसीआर ने कहा कि राज्य सरकार जहां भी अवसर है, आत्म-सम्मान, आत्मविश्वास और दिव्यांगों के सशक्तिकरण को बढ़ाने के लिए सभी आवश्यक कार्यक्रम चला रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार आने वाले दिनों में विकलांगों के कल्याण के लिए कई कार्यक्रम शुरू करने की योजना बना रही है। इस अवसर पर, सीएम केसीआर ने समाज में सभी को विकलांगों का समर्थन करने और उनके सशक्तिकरण के लिए प्रयास करने का आह्वान किया।

## पुलिस ने चेरला में माओवादी मिलिशिया के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया




कोत्तागुडेम, 3 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। पुलिस ने शनिवार को जिले के चेरला मंडल में प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) पार्टी के पांच मिलिशिया सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक डॉ. विनीत ने यहां मीडिया को बताया कि चेरला पुलिस, सीआरपीएफ 81बीएन और सीआरपीएफ 141बीएन के साथ पार्टी के विशेष कर्मियों द्वारा संयुक्त तलाशी अभियान के दौरान उन्हें मंडल के येररामपडु वन क्षेत्र में गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार मिलिशिया सदस्य, छत्तीसगढ़ राज्य के किस्ताराम पुलिस थाने की सीमा के तहत निम्मलगुडेम के वेदमा भीमैया, सोदी मूया, पोदियम अदमैया और पुनेम नागेश और जट्टापाडु के मदकम नागेश, पिछले दो वर्षों से रिवोल्यूशनरी पीपल्स कमेटी (आरपीसी) के सदस्यों के रूप में काम कर रहे हैं। उपरोक्त पांच पिछले साल पीएलजीए सप्ताह के दौरान चेरला मंडल में रामचंद्रपुरम के पास जंगलों में बूबी ट्रैप लगाने में शामिल थे। एसपी ने कहा कि तेलंगाना में अपना आधार खो चुके माओवादी छत्तीसगढ़ के निर्दोष आदिवासियों की भर्ती कर रहे थे और उन्हें गैरकानूनी कार्यों में लगा रहे थे। आदिवासियों को उनके लोगों को नुकसान पहुंचाने के लिए इस्तेमाल किया जा रहा था। जैसा कि तेलंगाना आदिवासियों और अन्य लोगों ने माओवादियों को खारिज कर दिया था, छत्तीसगढ़ के आदिवासी राज्य में आदिवासियों को पुलिस का मुखबिर बताकर धमकी दे रहे थे, पैसे वसूल कर रहे थे और उन्हें मार रहे थे। आदिवासी, जो हाल ही मेंकोठागुडेम और मुलुग जिलों में नक्सलियों द्वारा मारे गए थे, अपनी बस्तियों के विकास के लिए काम करते थे। डॉ. विनीत ने चेतावनी दी कि यदि कोई प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से माओवादियों का समर्थन करता पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। माओवादी विचारधारा की झूठ और जनता से नक्सलियों को कोई समर्थन नहीं मिलने का एहसास होने पर कई भूमिगत कैडरों ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया।

उन्होंने कहा कि यदि भूमिगत कैडर पुलिस के सामने आत्मसमर्पण करना चाहते हैं तो वे अपने रिश्तेदारों के माध्यम से अपने निकटतम पुलिस स्टेशन या एसपी कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। इस मौके पर एडिशनल एसपी (ऑपरेशंस) टी. साईं मनोहर, भद्राचलम एएसपी अक्षांश यादव, सीआरपीएफ 141बीएन के एडिशनल कमांडेंट कमलवीर यादव, चेरला सीआई बी अशोक समेत अन्य मौजूद थे।

## हरीश राव ने केंद्र से रोजगार अधिसूचना पर श्वेत पत्र जारी करने की मांग की



संगारेड्डी, 3 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। वित्त और स्वास्थ्य मंत्री टी. हरीश रावने केंद्र सरकार से पिछले आठ वर्षों के दौरान केंद्र सरकार द्वारा जारी रोजगार अधिसूचनाओं पर एक श्वेत पत्र जारी करने की मांग की है। शनिवार को जिले में नवनिर्मित मंडल निजामपेट में तहसीलदार कार्यालय का उद्घाटन करने और एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन की नींव रखने के बाद बोलते हुए, मंत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हर साल दो करोड़ युवाओं को रोजगार देने का वादा करके सत्ता में आई है। केंद्र को अब तक 16 करोड़ नौकरियों के लिए नोटिफिकेशन जारी करना चाहिए था। हालांकि, केंद्र इस हिस्से पर अपने वादों को पूरा करने में विफल रहा है। दूसरी ओर, तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) सरकार ने इसी अवधि के दौरान 90,000 से अधिक पदों पर भर्ती करने के अलावा राज्य सरकार की सेवाओं में 1.5 लाख से अधिक कर्मचारियों की भर्ती की है। काले धन को नियंत्रित करने के लिए भाजपा ने नोटबंदी की, लेकिन अपना वादा निभाने में विफल रही। यह कहते हुए कि केंद्र ने लोगों को जन धन खाते खोलने के लिए प्रत्येक व्यक्तिगत खाते में लाखों रुपये जमा करने के लिए कहा, मंत्री ने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाले केंद्र ने अब तक कुछ नहीं किया है। पंपसेटों पर बिजली मीटर लगाने से इनकार करने के लिए केंद्र सरकार पर तेलंगाना को 30,000 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि रोके रखने का आरोप लगाते हुए, मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने केंद्र के दबाव के आगे झुकने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि टीआरएस सरकार किसानों को किसी भी कीमत पर चौबीसों घंटे मुफ्त बिजली मुहैया कराएगी। टीआरएस सरकार ने 28वां मंडल निजामपेट मंडल बनाने के अलावा नारायणखेड़ विधानसभा क्षेत्र का चेहरा ही बदल दिया था। पीएचसी भवन के निर्माण की आधारशिला रखने वाले मंत्री ने कहा कि दो करोड़ रुपये की लागत से अस्पताल बनाया जाएगा। नारायणखेड़ निर्वाचन क्षेत्र में राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताते हुए राव ने कहा कि जल्द ही संगमेश्वर और बसवेश्वर लिफ्ट सिंचाई परियोजनाओं को पूरा करके नारायणखेड़ क्षेत्र के खेतों को गोदावरी के पानी से सिंचित किया जाएगा। जिला परिषद अध्यक्ष पी मंजुश्री, विधायक एम भूपाल रेड्डी, अतिरिक्त कलेक्टर राजर्षि शा और अन्य उपस्थित थे।

## ओयू का मतलब वास्तव में युवा और छात्र हैं : रेवंत रेड्डी



हैदराबाद, 3 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। टीपीसीसी प्रमुख ए. रेवंत रेड्डी ने आज कहा कि जब राज्य के लोग अलग तेलंगाना राज्य के बारे में सोचेंगे तो उन्हें ऐतिहासिक उस्मानिया विश्वविद्यालय की याद आएगी। टीपीसीसी प्रमुख अलग तेलंगाना राज्य के दूसरे चरण के पहले शहीद की स्मृति सभा को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में टीजेएस पार्टी के संस्थापक अध्यक्ष प्रोफेसर कोदंडराम और प्रोफेसर हरगोपाल ने भी हिस्सा लिया।

इस अवसर पर बोलते हुए, रेवंत रेड्डी ने कहा कि ओयू का वास्तविक का मतलब युवा और छात्र हैं, जो अलग तेलंगाना राज्य की भावना से भरे हुए हैं। उन्होंने लोगों से पूछा कि अलग राज्य के लिए किसने लड़ाई लड़ी और अलग तेलंगाना जेएसी का गठन किसने किया? उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी की नेता सोनिया गांधी राज्य के लोगों की बहादुरी की लड़ाई को देखने के बाद अलग तेलंगाना राज्य के गठन पर सहमत हुई थीं। उन्होंने आरोप लगाया कि तेलंगाना शहीदों के परिवार के सदस्यों को टीआरएस सरकार से नौकरी और 10 लाख रुपये नहीं मिले। उन्होंने राज्य सरकार को 550 शहीदों के पाए जाने की बात कहते हुए इस बात पर रोष व्यक्त किया कि राज्य सरकार ने कुछ शहीदों के पते लिखे जो उसके आदेश में नहीं पाए गए।

## केसीआर ने लगातार दो चुनावों में जीत के बाद भी लोगों को धोखा दिया : शर्मिला



हैदराबाद, 3 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। वाईएसआरटीपी के संस्थापक-अध्यक्ष वाईएस शर्मिला ने आज आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ने लगातार दो चुनावों में लोगों का विश्वास जीतने के बाद दो बार धोखा दिया। वाईएस शर्मिला ने इंदिरा पार्क स्थित शहीद स्मारक पर अलग तेलंगाना राज्य आंदोलन के दूसरे चरण के पहले शहीद श्रीकांत चारी के चित्र पर माल्यार्पण करने के बाद एक सभा को संबोधित करते हुए ये बातें कहीं। इस मौके पर बोलते हुए शर्मिला ने चारी के बलिदान को अमूल्य बताया और आरोप लगाया कि सीएम केसीआर ने चारी के परिवार को धोखा दिया है. उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ने चारी की मां को एक कमजोर विधानसभा सीट से मैदान में उतारा और उनकी हार के बाद उन्हें कोई मनोनीत पद नहीं देकर उनकी उपेक्षा की। उन्होंने कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव में निजामाबाद से हार के बाद मुख्यमंत्री ने अपनी बेटी के. कविता को एमएलसी बनाया। आगे बोलते हुए, उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने राज्य के केवल 500 शहीदों की पहचान की है, हालांकि अलग तेलंगाना राज्य के संघर्ष में 12,000 लोगों ने अपनी जान गंवाई और कहा कि राज्य सरकार ने केवल परिवार के कुछ सदस्यों को 10 लाख रुपये और सरकारी नौकरी दी थी। पहचाने गए शहीद उन्होंने आरोप लगाया कि सीएम ने 4 लाख करोड़ रुपये का ऋण लेकर राज्य को कर्ज में डूबा दिया है।

## अंधारी रिजर्व के बफर जोन में चार बाघ शावक मृत मिले

### बीते दिन दो बाघों की भी गई थी जान



आसिफाबाद, 3 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। महाराष्ट्र के चंद्रपुर जिले में ताडोबा अंधारी बाघ अभयारण्य (टीएटीआर) के बफर जोन में शनिवार को बाघ के चार शावक मृत पाए गए। वन विभाग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि शावकों के शरीर पर चोट के निशान पाए गए हैं, जिससे संकेत मिलता है कि उन्हें किसी बाघ ने मारा है।अभयारण्य के मुख्य वन संरक्षक डॉ. जितेंद्र रामगांवकर ने कहा कि तीन से चार महीने की उम्र के दो नर और दो मादा शावकों के शव आज सुबह शिवनी वन रेंज में बफर जोन में मिले।

## कोदंडाराम ने बेरोजगार युवाओं को छोड़ने के लिए सीएम केसीआर की आलोचना की



हैदराबाद, 3 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना जन समिति (टीजेएस) के संस्थापक अध्यक्ष प्रोफेसर कोदंडाराम ने आज मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव से पूछा कि उन्होंने राज्य के बेरोजगार युवाओं के लिए क्या किया? उन्होंने मजाक उड़ाया कि राज्य बनने के आठ साल बाद भी शहीद स्मारक तक का काम पूरा नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि वे तेलंगाना राज्य के शहीदों की पुण्यतिथि को युवा मांग दिवस के रूप में मना रहे हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि तेलंगाना के शहीदों के परिवार के सदस्यों से मिलने की कोशिश करने पर राज्य पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने सीएम से कहा कि उनके पास अभी भी उन बेरोजगारों के पत्र हैं, जिन्होंने राज्य के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। उन्होंने कहा कि राज्य में बेरोजगार युवा नौकरियों की कमी के कारण राज्य में चाय बेच रहे हैं और धक्का गाड़ियां चला रहे हैं और कहा कि राज्य में बेरोजगारी चार गुना बढ़ गई है। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य में अभी भी 2.5 लाख रिक्तियां हैं और मांग की कि मुख्यमंत्री रिक्त पदों को भरें।

## दिव्यांगों की मदद कर रहा केंद्र : किशन रेड्डी



हैदराबाद, 3 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। केंद्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री जी. किशन रेड्डी ने आज कहा कि केंद्र देश में विकलांगों को समान अवसर प्रदान करने के लिए प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि उन्होंने अपने सम्मान की रक्षा के लिए विकलांग शब्द को विशेष योग्यता वाले व्यक्तियों से बदल दिया है। उन्होंने कहा कि उन्होंने संशोधित अधिनियम बनाकर वर्ष 2016 में 16 विकलांगों के स्थान पर 21 प्रकार की विकलांगों को शामिल किया है। उन्होंने कहा कि उन्होंने विकलांगों के लाभ और उनके प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए नए प्रावधानों को शामिल किया है। एक बयान में, केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय विकलांग दिवस के अवसर पर विकलांगों की कई उपलब्धियों को याद करने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि विकलांगों की उपलब्धियां देश के लोगों के लिए प्रेरणा हैं। एक बयान में, किशन रेड्डी ने कहा कि वे केंद्र सरकार के सुगम्य भारत अभियान के लॉन्च के सात सफल वर्ष मना रहे हैं और कहा कि केंद्र सरकार ने इस योजना के तहत देश के विकलांगों के लाभ के लिए कई कल्याणकारी उपाय किए हैं। उन्होंने कहा कि वे योजना के लाभ के लिए इसी नाम से एक ऐप लेकर आए हैं।

## एफजीजी ने सीएम से नलगोंडा जैसे अन्य जिलों को फंड जारी करने का आग्रह किया

हैदराबाद, 3 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। फोरम फॉर गुड गवर्नेंस के सचिव एम. पद्मनाभ रेड्डी ने नलगोंडा जिले को बड़े पैमाने पर धन जारी करने के संबंध में मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव को एक अभ्यावेदन प्रस्तुत किया है और बाद में अन्य जिलों को धन जारी करने का अनुरोध किया है। बाद में यहां मीडियाकर्मियों से बात करते हुए, पद्मनाभ रेड्डी ने कहा कि कुछ दिनों पहले पांच कैबिनेट मंत्रियों ने नलगोंडा का दौरा किया और नलगोंडा जिले के 14 विधानसभा क्षेत्रों में विकास कार्यों की समीक्षा की। प्रेस में बताया गया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर पांच मंत्रियों ने कुल 1544 करोड़ रुपये के विकास कार्यों और स्वीकृत कार्यों की समीक्षा की।

बैठक के दौरान, नगरपालिका प्रशासन मंत्री ने कहा नलगोंडा के लोगों ने सभी निर्वाचन क्षेत्रों से सत्ताधारी पार्टी के उम्मीदवारों को चुनकर हमें आशीर्वाद दिया है और आभार के रूप में हम नलगोंडा के सभी निर्वाचन क्षेत्रों में विकास कार्यों को आगे बढ़ा रहे हैं। इस प्रकार का आभार लोगों (मतदाताओं) को गलत संकेत भेजता है कि धन तभी जारी किया जाएगा जब निर्वाचन क्षेत्र के लोग सत्तारूढ़ दल को वोट देंगे। यह भ्रष्ट आचरण और मतदाताओं पर अनुचित प्रभाव डालने के बराबर है। तेलंगाना राज्य में पहले से ही चर्चा थी कि उपचुनाव होने पर ही मंत्री दौरा करेंगे और कार्यों को मंजूरी देंगे. उपचुनाव के दौरान क्षेत्र गोद लेने सहित कई वादे किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सुशासन के लिए फोरम नलगोंडा को 1,544 करोड़ रुपये के कार्यों को मंजूरी देने के खिलाफ नहीं था। हमारा एकमात्र अनुरोध अन्य जिलों को समान धन जारी करना है, चाहे उन्होंने मतदान किया हो या सत्तारूढ़ दल को वोट देने जा रहे हों या नहीं।

## मल्लू रवि ने राहुल और कांग्रेस पार्टी पर मोदी की टिप्पणी की निंदा की

हैदराबाद, 3 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। पूर्व सांसद और टीपीसीसी के उपाध्यक्ष डॉ. मल्लू रवि ने आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तर्कहीन बयान की निंदा की, जिसमें उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर "फूट डालो और राज करो" की नीति अपनाने और दासता की मानसिकता रखने का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा, ऐसी मानसिकता और मनोविज्ञान ही बीजेपी और मोदी सरकार की बुनियाद है. इसके विपरीत, यह कांग्रेस पार्टी है जिसने स्वतंत्रता प्राप्त करने के लिए अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने के लिए जाति, धर्म और क्षेत्र की परवाह किए बिना भारतीय आबादी को एकजुट किया है। डॉ. मल्लू रवि ने कहा कि कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी अपनी भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से आज भी उन आदर्शों का पालन कर रहे हैं। भारत के लोगों को भाजपा पार्टी और पीएम मोदी द्वारा फैलाए जा रहे ऐसे झूठ और झूठ से सावधान रहना चाहिए।

## शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए 6,743 लोग मतदाता के रूप में नामांकन किया

हैदराबाद, 3 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। विधान परिषद के महबूबनगर-रंगारेड्डी-हैदराबाद शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 6,743 लोगों ने मतदाता के रूप में नामांकन किया है। हैदराबाद जिला चुनाव अधिकारी ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि मतदाता पंजीकरण आवेदन और आपत्तियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि 9 दिसंबर है। जिस तिथि तक दावों और आपत्तियों का निपटारा किया जाएगा और पूरक तैयार किए जाएंगे और मुद्रित किए जाएंगे वह 25 दिसंबर है और मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 30 दिसंबर को निर्धारित है।

# एसपी विधायक नाहिद हसन चित्रकूट जेल से रिहा

## मुस्कुराते हुए निकले, हाई कोर्ट ने दी है जमानत, गैंगस्टर एक्ट में थे बंद



चित्रकूट, 3 दिसंबर (एजेंसियां)। समाजवादी पार्टी के विधायक नाहिद हसन की आखिरकार रिहाई हो गई। हाई कोर्ट से जमानत मिलने के बाद नाहिद हसन चित्रकूट जेल से रिहा हो गए। जेल से रिहा नाहिद हसन मुस्कुराते हुए बाहर निकले। उनके जेल से छूटने पर सपा कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर की है। गैंगस्टर एक्ट के मामले में करीब साढ़े 10 महीने से विधायक जेल में बंद शनिवार की सुबह करीब 9 रिहाई हुई। चित्रकूट जेल में जमानतियों की ओर से प्रोफॉर्मा जमा किए जाने के बाद जेल अधीक्षक की ओर से विधायक की रिहाई का आदेश जारी कर दिया गया। इसी साल 15 जनवरी को गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में कैराना पुलिस ने नाहिद हसन को गिरफ्तार किया था। इसके बाद उन्हें एमपी एमएलए कोर्ट में पेश किया गया था। कोर्ट ने विधायक को जमानत न देते हुए मुजफ्फरनगर जिला जेल में भेज दिया। इसके बाद उन्हें चित्रकूट जेल में ट्रांसफर कर दिया गया था। आखिरकार हाई कोर्ट की ओर उन्हें जमानत मिली। हाइटेक चित्रकूट जेल से निकलने की खुशी उनके चेहरे पर देखी गई।

गैंगस्टर एक्ट के मामले में बुंदेलखंड की सबसे हाईटेक जेल चित्रकूट में बंद रहे समाजवादी पार्टी के शामली जिले के कैराना विधायक नाहिद हसन शनिवार की सुबह रिहा कर दिए गए। इसके बाद पर्यटक आवास गृह में चित्रकूट जिले के सपाईयों के साथ मुलाकात करने के बाद वह अपनी मां और बहन के साथ कैराना रवाना हो गए। कैराना से समाजवादी पार्टी के विधायक नाहिद हसन व उनकी मां पूर्व सांसद तबस्सुम बेगम सहित 40 लोगों पर पिछले वर्ष फरवरी में कैराना कोतवाली में गैंगस्टर एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। 15 जनवरी को पुलिस ने विधायक को गिरफ्तार कर कैराना की एमपी/एमएलए कोर्ट में पेश किया था। वहां से उनको न्यायिक हिरासत में मुजफ्फरनगर जेल भेज दिया गया था। स्थानीय कोर्ट ने उनका जमानत प्रार्थना पत्र रद कर दिया। सितंबर माह में विधायक को बुंदेलखंड की सुपर हाईटेक चित्रकूट जेल में स्थानांतरित किया गया था।

**हाई कोर्ट ने दी विधायक को जमानत**

इलाहाबाद हाई कोर्ट ने तीन दिन पहले विधायक के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए जमानत दे दी। शुक्रवार को उनके अधिवक्ताओं ने कैराना स्थित एमपी एमएलए कोर्ट में दो जमानतदारों के एक-एक लाख रुपये के दो प्रपत्र जमा किए। इसके बाद शनिवार सुबह उनको रिहा कर दिया गया।

शनिवार की सुबह उनकी रिहाई के वक्त उनकी मां तबस्सुम हसन और बहन इकरा हसन मौजूद थीं। सपा विधायक कुछ देर तक यूपीटी में रुके और फिर कैराना रवाना हो गए।

सपा विधायक जेल से मुस्कुराते हुए तो निकले। हालांकि, उन्होंने पत्रकारों से कोई बात करने से इंकार कर दिया। उनकी बहन और मां ने भी पत्रकारों से कोई बात नहीं की। उनको फोटो खींचने से भी मना किया। इतना ही नही यूपीटी में पत्रकारों के कैमरे छीनने की भी कोशिश की गई। इस मामले में सपा के निवर्तमान जिलाध्यक्ष अनुज यादव का कहना है कि योगी सरकार में सपाइयों का जमकर उत्पीड़न किया जा रहा है।

## याकूब पर शिकंजा

### पुलिस ने बढ़ाई पूर्व मंत्री की मुश्किलें, बेटा जेल में ले रहा मौज, चौंका देंगे अंदर के राज

मेरठ, 3 दिसंबर (एजेंसियां)। पूर्व मंत्री याकूब कुरैशी, उनकी पत्नी संजीदा बेगम और बेटे इमरान कुरैशी की तलाश में पुलिस ने दिल्ली में दबिश दी, लेकिन कोई नहीं मिला। वहीं, दूसरी तरफ पुलिस ने याकूब की नौ जगह (सराय बहलीम, हापुड़ रोड, शास्त्रीनगर, अलीपुर, जाहिदपुर, पीपलीखेड़ा और अन्य) संपत्ति चिह्नित कर ली हैं।

बताया गया कि गैंगस्टर 14(ए) के तहत उनकी संपत्ति जब्त करने की तैयारी पुलिस ने शुरू कर दी है। पुलिस, एलआईयू टीम सराय बहलीम पहुंची और याकूब के घर के सामने रखा सामान हटवाया।

एसपी सिटी पीयूष सिंह के मुताबिक, याकूब कुरैशी, उनकी पत्नी संजीदा बेगम, बेटे इमरान, फिरोज की संपत्ति को चिह्नित करने के लिए पुलिस टीम लगी हुई है, जिसमें से नौ जगह पर संपत्ति को चिह्नित कर लिया है। याकूब के घर सराय बहलीम को पुलिस ने पहले ही कुर्क किया हुआ है। इसको जब्तीकरण करने में शामिल किया है।

# डिंपल यादव ने जसवंतनगर में किया रोड शो

## बोलीं- नेताजी की विरासत के लिए सबसे बड़ी जंग



इटावा, 3 दिसंबर (एजेंसियां)। मैनपुरी लोकसभा सीट के उपचुनाव में सपा प्रत्याशी डिंपल यादव ने शनिवार को जसवंतनगर में रोड शो किया। सपा का रोड शो रेल मंडी से शुरू होकर छिमारा रोड पहुंचकर समाप्त हुआ। इस दौरान जबरदस्त पुष्प वर्षा तथा डिंपल यादव जिंदाबाद के नारे सुनाई दिए। साथ ही, शिवपाल सिंह-अखिलेश यादव जिंदाबाद के नारे लग रहे थे।

इस दौरान सपा प्रत्याशी व पूर्व सांसद डिंपल यादव ने कहा कि यह उपचुनाव नेताजी की विरासत के लिए सबसे बड़ी जंग है। नेताजी ने ही मैनपुरी की कायापलट की है। जिले में दिखने वाला सारा विकास समाजवादियों की देन है। भाजपा बताए कि मैनपुरी के विकास के लिए क्या किया है। चुनावों का परिणाम ही देश की राजनीति की दिशा तय करेगा। उन्होंने कहा कि पहला चुनाव है, जिसमें नेताजी हमारे बीच नहीं हैं। नेताजी द्वारा कराए गए विकास कार्य उनकी हमेशा याद दिलाते रहेंगे। नेताजी को नेताजी मैनपुरी ने ही बनाया। पहली बार सांसद बने तो देश के रक्षा मंत्री बने। रक्षा मंत्री रहते हुए सैनिकों और उनके परिवारों के लिए कई यादगार निर्णय लिए।

नेताजी ने मैनपुरी को देश की राजनीति में पहचान दी। पुराने लोग जानते हैं कि लोकसभा क्षेत्र आज से 40 साल पहले कैसा था। नेताजी के प्रयास से ही मैनपुरी की कायापलट हुई है। समाजवादी सरकार ने हमेशा किसानों की और युवाओं की बात की। युवाओं को रोजगार दिया।

वहीं, जिनको रोजगार नहीं मिला उनको बेरोजगारी भत्ता भी दिया। मैनपुरी का विकास केवल समाजवादी ही कर सकते हैं। भाजपा तो केवल नफरत की राजनीति कर सकती है, जो हमेशा से कर रही है। अंत में उन्होंने विश्वास जताया कि जसवंतनगर की जनता इस उपचुनाव में सपा को ऐतिहासिक जीत दिलाएगी।

## बाइक चुराकर भाग रहे चोरों की पिटाई

### स्थानीय लोगों ने खदेड़कर पकड़ा दर्जनों बाइक की कर चुके हैं चोरी

जमुई, 3 दिसंबर (एजेंसियां)। जमुई के टाउन थाना क्षेत्र के भाछियार मोहल्ले से बाइक की चोरी कर भाग रहे तीन चोरों को स्थानीय लोगों ने खदेड़कर नवडीहा के समीप पकड़ लिया। इसके बाद स्थानीय लोग आक्रोशित हो गए और तीनों चोरों की पहले जमकर पिटाई कर दी बाद में उसे पुलिस के हवाले कर दिया। बताया जाता है कि शहर के भाछियार मोहल्ला निवासी रतन चौधरी की बाइक उसके घर के पास खड़ी थी। तभी शनिवार की सुबह करीब 4 बजे के करीब अज्ञात बाइक चोर पहुंचे और उसकी बाइक को चुरा कर भाग गए। घटना के बाद पीड़ित द्वारा बाइक से तलाश की जाने लगी तो 3 बाइक चोर को चोरी की बाइक पर बैठकर जमुई-खैरा मुख्य मार्ग की ओर जाने की सूचना मिली, जिसके बाद स्थानीय लोगों ने उसे खदेड़कर नवडीहा के समीप पकड़ लिया और पहले आक्रोशित लोगों ने उसकी पिटाई कर दी। घटना के बाद टाउन थाने की पुलिस को सूचना देकर सभी को पुलिस के हवाले कर दिया। गिरफ्तार चोर की पहचान नगर परिषद क्षेत्र के नीमारंग निवासी सुशांत सिंह,पहाड़ निवासी निक्कू कुमार और विवेक कुमार के रूप में की गई है। पकड़े गए चोर ने बताया कि वह नीमारंग के ही रहने वाले अमन सिंह के कहने पर चोरी की घटना को अंजाम देता था और चोरी की बाइक को लक्ष्मीपुर थाना क्षेत्र के गंगटा निवासी लच्छी कुमार और विवेक कुमार के पास जाकर उसे बेच देता था। पकड़े गए चोरों ने बताया कि अब तक वह दर्जनों बाइक की चोरी कर उसे बेचा है। हालांकि घटना की जानकारी के बाद टाउन थाने के अवर निरीक्षक श्यामल किशोर साह मौके पर पहुंचकर तीनों बाइक चोर को हिरासत में लेकर पूछ-ताछ कर रही है।

## पुलिस से लूटा गया एके-47 बरामद

### लावारिस अवस्था में घटनास्थल के पास से मिला, प्रभारी एसपी ने की पुष्टि

समस्तीपुर, 3 दिसंबर (एजेंसियां)। समस्तीपुर शहर के सोनबरसा मोहल्ला के पास वैशाली पुलिस से लूटी गई एके-47 राइफल देर रात घटनास्थल के पास से ही पुलिस ने लावारिस अवस्था में बरामद कर लिया। एके-47 बरामद किए जाने की पुष्टि प्रभारी एसपी अमित कुमार ने की है। उन्होंने बताया कि देर रात घटनास्थल के पास ही उसे बदमाशों द्वारा सड़क किनारे फेंक दिया गया था। जहां से सूचना मिलने पर पुलिस ने उसे बरामद कर लिया।

गौरतलब है कि शुक्रवार रात वैशाली पुलिस शहर के सोनवर्षा मोहल्ला के पास वैशाली के किसी गैंगेस्टर के छुपे होने की सूचना पर छापेमारी करने पहुंची थी पुलिस की टीम सादी वर्दी में थी । जिसे लोगों ने अपराधी समझ लिया और उस पर हमला बोल दिया था। इस दौरान लोगों ने दो पुलिसकर्मी को जख्मी कर उससे एके-47 राइफल छीन ली थी। इस घटना के बाद पुलिस महकमा में हड़कंप मच गया था और बड़ी संख्या में समस्तीपुर के अलावा वैशाली जिले की पुलिस भी मौके पर पहुंच कर ताबड़तोड़ छापेमारी शुरू की थी।

## सब्जी बाजार में लगी आग

### 5 दुकान जलकर राख

मोतिहारी, 3 दिसंबर (एजेंसियां)। मोतिहारी में अचानक आग लगने से पांच सब्जी का दुकान जल कर राख हो गया। आग लगने से दुकान में रखे लगभग पांच लाख रुपए की संपत्ति जल कर राख हो गई। आग कैसे लगा इस बार की अब तक जानकारी नहीं मिल पाई हैं ग्रामीण और फायर ब्रिगेड की गाड़ी के सहयोग से आग पर काबू पाया गया। घोड़ासहन रेलवे स्टेशन के पीछे सब्जी बाजार की हैं। घटना ने संबंध में अनिल ने बताया जा रहा है कि बीती रात दुकान बंद का घर चले गए। अचानक 10.30 से 11 बजे के बीच फोन आया की दुकान में आग लग गया हैं। जब पहुंचा तो देखा में मेरे दुकान के साथ लाल बाबू और उधो का भी दुकान जल रहा था आग की लपट काफी तेज थी। जिस आवाज में ग्रामीणों से आग पर काबू पाना संभव नहीं था। घटना की सूचना घोड़ासहन थानाध्यक्ष संतोष कुमार शर्मा को दिया।

## पूर्व मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने पढ़ा मुस्लिमों का मन

मुजफ्फरनगर, 3 दिसंबर (एजेंसियां)। मुजफ्फरनगर के खतौली उपचुनाव के लिए भाजपा ने पूरी ताकत झोंक दी है। मुस्लिम मतदाताओं के बीच पहुंचकर केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाएं गिनाई जा रही है। केंद्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान के बाद शनिवार को पूर्व मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी मुस्लिम समाज के लोगों से मिलने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने चुनाव पर चर्चा की और सरकार की योजनाओं को गिनाया। सराय रसूलपुर में भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने अल्पसंख्यक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की केंद्र व प्रदेश सरकार बिना किसी भेदभाव के साथ सर्व समाज के हितों के लिए कार्य कर रही है। केंद्र व प्रदेश की सरकारे योजनाएं बनाते समय यह नहीं देखते कि किस क्षेत्र के व्यक्ति ने वोट दिया है किस क्षेत्र के व्यक्ति ने नहीं दिया है, किस धर्म के व्यक्ति ने वोट दिया है किसने नहीं दिया है।

# एमपी से 16केजी सोना लूट में पटना का पीयूष

## जिस एसवीयू से भागे थे लुटेरे, उस पर पटना का नंबर, आज डीटीओ पहुंचेगी एमपी पुलिस



पटना, 3 दिसंबर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के कटनी से 16 किलो सोना और 3.50 लाख कैश लूट मामले में एक अपराधी की पहचान हो गई है। बक्सर से पकड़े गए अपराधी शहबाज खान ने इसी मामले में पटना के पीयूष उर्फ अर्जुन का नाम बताया है। अब पुलिस को पटना के पीयूष की तलाश है। एमपी पुलिस और पटना पुलिस की विशेष टीम मिलकर उसकी तलाश में छापेमारी कर रही हैं।

कटनी और पटना पुलिस की टीम ने शुक्रवार को पत्रकार नगर, कंकड़बाग और बाईपास के इलाके में छापेमारी की। पुलिस अभी तक पीयूष को ढूंढ नहीं पाई है। लेकिन पुलिस ने अगमकुआं थाना क्षेत्र से पीयूष के दो दोस्तों को हिरासत में लिया है। हिरासत में लिए गए दोनों युवक पीयूष के मित्र बताए जा रहे हैं। दोनों से पुलिस पूछताछ कर रही है।

पुलिस का दावा है कि पटना के आरोपितों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। एसएसपी मानवजीत सिंह ढिल्लो ने कहा कि इन अपराधियों में एक की पहचान हो गई है। पहचाना गया युवक पटना का ही रहने वाला है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी चल रही है।

**पटना का नंबर लगी गाड़ी से लेकर भागे थे गोल्ड**

मध्य प्रदेश के कटनी में हुए सोना लूट कांड में सोना लेकर भागने के लिए जिस गाड़ी का इस्तेमाल किया गया था, उस गाड़ी पर पटना का नंबर था। सोना और कैश की डकैती करने के बाद शातिर घटनास्थल से बाइक से फरार हुए थे। बाद में शातिरों ने पटना आने के लिए एक एसयूवी का इस्तेमाल किया था। मौके से अपराधी बाइक से भागे थे। कुछ दूरी के बाद शातिरों ने सोना और कैश एक एसयूवी कार में रखा और उसे लेकर पटना आ गए। कार पर पटना का नंबर लगा हुआ था। जांच में पता चला है कि कार किसी बैंक मैनेजर के नाम पर रजिस्टर्ड है। अब मध्य प्रदेश पुलिस आज डीटीओ ऑफिस से उक्त कार का डिटेल पता करेगी। साथ ही गाड़ी के रजिस्ट्रेशन में बताए गए पते पर भी पुलिस दबिश बनाएगी। मालूम हो कि पिछले कई दिनों से कटनी पुलिस पटना में है। 29 नवंबर को पुलिस बक्सर से शहबाज नाम के युवक को गिरफ्तार किया था। शहबाज भी इस घटना में शामिल था। वहीं दो युवक घटना के बाद कटनी से गिरफ्तार हो चुके हैं। इस मामले में अब पुलिस छह अपराधियों की तलाश है।

जस्थान और मध्यप्रदेश में 40 किलो सोने की लूट मामले में दोनों राज्यों की पुलिस बिहार में छापेमारी कर रही है। पटना, वैशाली समेत बिहार के कई जिलों में आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। सोमवार को भी दोनों राज्यों से स्पेशल टीम ने गिरफ्तारी के लिए रेड मारी थी। राजस्थान और मध्यप्रदेश में मणपुरम गोल्ड फाइनेंस के ऑफिस में डकैती को बिहार के अपराधियों ने अंजाम दिया था। इनमें 6 शातिरों में से दो को मध्यप्रदेश के कटनी थाने की पुलिस ने घटना के दिन ही गिरफ्तार कर लिया है। बाकी की तलाश में सोमवार को पटना सहित कई जिलों में छापेमारी की जा रही है।

## लेवाना होटल के मालिक व मैनेजर को कोर्ट से राहत, जमानत मिली



लखनऊ, 3 दिसंबर (एजेंसियां)। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने लेवाना होटल के मालिक और मैनेजर को जमानत दे दी है। दोनों को हजरतगंज में दर्ज हुई एफआईआर के बाद गिरफ्तार किया गया था। लखनऊ बेंच ने रोहित अग्रवाल, राहुल अग्रवाल और मैनेजर सागर श्रीवास्तव को जमानत दे दी है। 28 नवंबर को हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में जस्टिस डीके सिंह की कोर्ट ने जमानत अर्जी पर सुनवाई करने के बाद ऑर्डर रिजर्व रखा था। जिस पर आज फैसला दे दिया। 5 सितंबर को लखनऊ के हजरतगंज स्थित लेवाना सुइट्स होटल में लगी आग में 4 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी। जिसमें डेढ़ दर्जन से अधिक लोग घायल हुए थे।

# 2 लाख घूस लेते पकड़ा

## कार्यपालक अभियंता के घर में एक करोड़ से ज्यादा नगदी मिली



पटना, 3 दिसंबर (एजेंसियां)। निगरानी की लगातार छापेमारी के बावजूद बिहार में सरकारी अफसर घूसखोरी और काला धन जमा करने से बाज नहीं आ रहे हैं। ऐसे ही एक भ्रष्ट अफसर पर विजिलेंस टीम ने फिर कार्रवाई की है। भवन निर्माण विभाग के सेंट्रल डिविजन के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर संजीत कुमार को एक ठेकेदार के बकाया भुगतान की स्वीकृति के एवज में 2 लाख घूस लेते हुए पकड़ा गया। जब निगरानी की टीम इनके घर पहुंची तो बैग में एक करोड़ रुपए से ज्यादा कैश मिला। प्रॉपर्टी के भी कई कागजात बरामद कए गए। साथ ही 27 लाख की ज्वेलरी भी।

निगरानी की यह कार्रवाई पटना और बक्सर में शुक्रवार देर रात हुई है। भवन निर्माण विभाग को शिकायत मिली थी कि संजीत कुमार ने 16 लाख की बकाया राशि के भुगतान को स्वीकृत करने के एवज में ठेकेदार आनंद कुमार से 6 लाख रुपए की रिश्वत मांगी है। अंतिम तौर पर 2 लाख में बात तय हुई। ठेकेदार की शिकायत के बाद विजिलेंस ने इस मामले का सत्यापन किया। जांच में शिकायत को सही पाकर संजीत कुमार के गर्दनीबाग स्थित आवास पर पूरा जाल बिछाया गया। जैसे ही संजीव कुमार ने ठेकेदार से रिश्वत के रुपए लिए, निगरानी की टीम ने उन्हें दबोच लिया। इसके बाद निगरानी की टीम ने आवास की तलाशी ली। देर रात छापेमारी में संजीत कुमार के घर से दो बड़े बैग में एक करोड़ से अधिक नगदी मिली। संजीत कुमार के आवास से प्रॉपर्टी के भी कुछ दस्तावेज बरामद हुए हैं। निगरानी डीएसपी पवन कुमार ने बताया कि 12 लोगों की टीम ने बक्सर और पटना में छापेमारी की। घूस लेते गिरफ्तार करने के बाद उनके फ्लैट को खंगाला गया।

दोनों ही जगह पर टीम अभी और भी जानकारी जुटा रही है। प्रॉपर्टी के कागजातों की पड़ताल भी चल रही है।

# बारात लेकर नहीं पहुंचा मंत्री का बेटा

## दुल्हन करती रही इंतजार, कारागार मंत्री हुए भावुक, बोले- बेटे की हालत गंभीर




आगरा, 3 दिसंबर (एजेंसियां)। योगी सरकार में कारागार और होमगार्ड राज्यमंत्री धर्मवीर प्रजापति के बेटे दिलीप की शादी दो दिसंबर को होनी थी। शादी के लिए लड़की पक्ष ने पूरी तैयारी कर ली थी। दुल्हन हाथों में मेहंदी लगाए दूल्हे का इंतजार करती रही। मगर, न दूल्हा आया और न ही बारात। बैंड-बाजे वाले भी इंतजार कर लौट गए।

हालांकि, अब मामले में दूल्हे पक्ष के परिवार का कहना है कि दूल्हे को डेंगू हो जाने के कारण उसे अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा है। अब दुल्हन और लड़की पक्ष के लोग हॉस्पिटल पहुंचे हैं।

मथुरा जिला कारागार में शनिवार को बंदियों के राम कथा समारोह में मंत्री धर्मवीर प्रजापति शामिल हुए। इस दौरान वह भावुक हो गए। मंत्री ने कहा, परिवार में रहते हैं। सांसारिक मोह-ममता भी है। ऐसा नहीं कि बिल्कुल वैराग्य हो गया है। मन बहुत दुखी है। बेटे की हालत काफी गंभीर बनी है। फिर भी यहां आया हूं। अगर बंदी भाइयों का कार्यक्रम नहीं होता, तो शायद यहां भी न आ पाता। आगरा के खंदौली कस्बा के खेड़ा हाजीपुर के रहने वाले धर्मवीर प्रजापति यूपी सरकार में राज्यमंत्री हैं। वर्तमान में उन्होंने थाना सिकंदरा के आवास विकास क्षेत्र में निवास बना लिया है। शुक्रवार को उनके तीसरे नंबर के बेटे दिलीप की शादी मुड़ी जहांगीर निवासी जयराम ठेकेदार की बेटी ज्योति से होनी थी। शादी का आयोजन खंदौली में माया देवी वाटिका में किया गया था। लड़की पक्ष ने पूरी तैयारी कर ली थी। मैरिज होम के पास से ही बारात चढ़नी थी। रात आठ बजे बैंड-बाजा पहुंच गया। रात नौ बजे बारात चढ़नी थी। बताया जा रहा है कि जब बैंड बाजे का टाइम पूरा होने के बाद भी वर पक्ष से कोई नहीं आया तो वो परेशान हो गए।

## मर्डर में पुलिस के रवैए पर गुस्सा

### मूर्ति अनावरण में पहुंचे सीएम नीतीश के सामने जमकर हंगामा

नालंदा, 3 दिसंबर (एजेंसियां)। गृह जनपद में एक मूर्ति अनावरण के लिए पहुंचे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सामने लोगों ने जमकर हंगामा किया। डीएसपी की गाड़ी रोककर लोगों ने मुख्यमंत्री को बताया कि कैसे एक युवक की हत्या को पुलिसिया कार्यशैली में आत्महत्या साबित करने का प्रयास किया जा रहा है। मुख्यमंत्री रामभवन में स्व. रामनंदन प्रसाद सिंह उर्फ रामबाबू की मूर्ति के अनावरण के लिए एकंगरसराय पहुंचे थे। रामबाबू के पौत्र और राज्य के महाधिवक्ता ललित किशोर के साथ वहां जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह भी वहां मौजूद थे।

# जेल में जमीन उगलने लगी मोबाइल

## चार दिनों तक चला ऑपरेशन क्लीन, आरा जेल के तीन स्टाफ सस्पेंड

आरा, 3 दिसंबर (एजेंसियां)। बिहार के जेलों में 'ऑपरेशन क्लीन' चलाया जा रहा है। भोजपुर जिले के मंडल कारागार आरा में छापेमारी की गई। पुलिस के पास ऐसी सूचना है कि जेल से अपराधी अपने गैंग को ऑपरेट कर रहे हैं। इसी के मद्देनजर ऑपरेशन क्लीन चलाया जा रहा है। जिलाधिकारी को सूचना मिली थी कि जेल के भीतर से आपराधिक वारदात को अंजाम दिया जा रहा है। इसी के मद्दे नजर मेगा सर्च ऑपरेशन चलाया गया।

जेल में बंद अपराधियों के मोबाइल से गैंग ऑपरेट करने की सूचना मिली है। इसके बाद जेल प्रशासन पूरी तरह एक्शन मोड में आ गया। भोजपुर जिलाधिकारी राजकुमार के निर्देश पर मंडल कारा में ऑपरेशन क्लीन चलाया गया। इस अभियान के दौरान जमीन के अंदर खुदाई कर छिपाए गए 35 मोबाइल बरामद किया गया।

एक साथ काफी संख्या में मोबाइल मिलने के बाद जेल में हड़कंप मच गया। सुरक्षा को लेकर कई सवाल खड़े होने शुरू हो गए। ये सभी मोबाइल जमीन के अंदर छिपाए गए थे। जेल में बंद 15 कैदियों को दूसरे जेल में स्थानांतरित किए जाने की भी अनुशंसा मुख्यालय को कर दी गई है।

इससे पहले डीएम राजकुमार और एसपी संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में मंडल कारा में हुई छापेमारी में आठ मोबाइल, पांच सिम कार्ड और चार चार्जर समेत खैनी और गांजा का पुड़िया मिला था। जिसके बाद सहायक जेलर गौतम सिंह और कक्षपाल रवि को निलंबित कर दिया गया था।

# पुलिस से बचने को ट्रक से हैदराबाद भागे थे इरफान

## 24 दिन में 4 राज्य, 7 सिम और 4 मोबाइल बदले, व्हाट्सएप कॉलिंग की वजह से पकड़े नहीं गए




कानपुर, 3 दिसंबर (एजेंसियां)। कानपुर के सपा विधायक इरफान सोलंकी को शुक्रवार को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। विधायक इरफान सोलंकी को पकड़ने के लिए पुलिस ने पूरी ताकत झोंक दी, लेकिन उनके नजदीक भी नहीं पहुंच सकी।

जेल भेजे जाने के बाद पुलिस ने 80 से ज्यादा सवाल दागे, तो परत दर परत खुली कि कैसे विधायक पुलिस को चकमा देते रहे। इरफान ने बताया, यूपी से फरारी के बाद दिल्ली, मुंबई और फिर हैदराबाद में रुके। ट्रक से हैदराबाद पहुंचा था। मैंने 7 सिमकार्ड बदले, चार मोबाइल का बदल-बदल कर इस्तेमाल किया। हमेशा वॉट्सऐप कॉलिंग करता था जिससे पुलिस मुझे ट्रेस न कर सके।" ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर आनंद प्रकाश तिवारी ने बताया कि कानपुर से लखनऊ पहुंचने के बाद विधायक नोएडा और फिर दिल्ली पहुंचे। दिल्ली से फ्लाइट से मुंबई अपने साले के पास शरण ली, लेकिन पुलिस के आने की भनक लगते ही वह हैदराबाद भाग निकले। यहां कुछ दिन फरारी काटने के बाद पुलिस से बचने के लिए विधायक ट्रक में बैठकर नागपुर पहुंचे। फिर उज्जैन होते हुए राजस्थान में अपने पुरखों के शहर नागौर पहुंचे थे। पुलिस सर्विलांस की मदद से तलाश करती रही, लेकिन विधायक को पकड़ नहीं सकी।

**दबिश के दौरान पड़ोसी के घर से भागे थे इरफान**

पुलिस अफसरों ने पुलिस लाइन में करीब 3 घंटे तक विधायक इरफान सोलंकी और उनके भाई से पूछताछ की। पुलिस ने पूछा कि 8 नवंबर को दबिश दी तो कहां थे। विधायक ने बताया कि घर पर ही थे, लेकिन भारी पुलिस फोर्स देखकर पीछे पड़ोसी के मकान पर फांदकर वह भाग निकले थे। इसके बाद नूरी शौकत ने उन्हें पनाह दी।

फर्जी आधार कार्ड के सवाल पर विधायक ने कुछ भी साफ-साफ नहीं कहा, लेकिन जब फोटो, वीडियो दिखाया तब वह बोले मुझे फंसाया जा रहा मेरी मदद करो। महिला के घर आग लगाने पर उन्होंने कहा कि आपके पास एक भी सुबूत हो तो बताइए। मैंने महिला के घर में आग नहीं लगाई है। इस तरह ताबड़तोड़ एक के बाद एक सवाल पूछे।

**नजदीकियों से वॉट्सऐप कॉल पर कर रहे थे बात**

विधायक ने बताया कि उन्होंने फरारी के दौरान चार मोबाइल फोन और 7 सिमकार्ड बदले थे। इसके साथ ही लगातार वह अपने नजदीकियों के संपर्क में व्हाट्सएप कॉलिंग पर थे।

इसके चलते पुलिस ट्रैस नहीं कर पा रही थी। एक के बाद एक ठिकाने बदलते रहे और पुलिस छू भी नहीं सकी।

# गुजरात में ओवैसी को दिखाए गए काले झंडे



सूरत, 3 दिसंबर (एजेंसियां)। गुजरात विधानसभा चुनाव की राजनीतिक जंग अब दिलचस्प होती जा रही है. आए दिन गुजरात में कुछ न कुछ नया देखने को मिल रहा है. एक तरफ नेताओं की बयानबाजी है तो दूसरी तरफ नेताओं को विरोध का भी सामना करना पड़ रहा है. गुजरात की कुछ सीटों पर चुनाव लड़ रही एआईएमआईएम को अहमदाबाद में जबरदस्त विरोध का सामना करना पड़ा. असदुद्दीन ओवैसी रोड शो कर रहे थे और उस दौरान उन्हें काले झंडे दिखाए गए. मिली जानकारी के मुताबिक, रोड शो को शाहपुर मिल कंपाउंड के पास काले झंडे दिखाए गए. रोड शो में ओवैसी के साथ जमालपुर से एआईएमआईएम उम्मीदवार साबिर काबलीवाला और उनके सैकड़ों समर्थक भी थे. स्थानीय लोगों ने रोड शो में 'ओवैसी गो बैक' के नारे भी लगाए. मीडिया रिपोर्ट्स में यह भी दावा किया जा रहा है कि स्थानीय लोगों ने कांग्रेस के समर्थन में भी नारेबाजी की.

**सूरत ईस्ट में भी हुआ था ऐसा ही विरोध**

इससे पहले भी गुजरात के कई मुस्लिम इलाकों में ओवैसी को ऐसे ही विरोध का सामना करना पड़ा है. दो हफ्ते पहले ही सूरत ईस्ट में मुस्लिम युवकों ने एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी की सार्वजनिक सभा में काले झंडे दिखाए थे. इस दौरान युवकों ने 'मोदी, मोदी' के नारे भी लगाए. उल्लेखनीय है कि सूरत ईस्ट में गोपीपुरा क्षेत्र भी है, जहां महत्वपूर्ण मुस्लिम आबादी रहती है.

**चुनावी रैली में रोने लगे ओवैसी**

बता दें कि शुक्रवार को एक चुनावी रैली के दौरान असदुद्दीन ओवैसी फफककर रोने लगे. वह जमालपुर में अपने कैंडिडेट साबिर के लिए भाषण देने के लिए आए थे. ओवैसी ने कहा कि अल्लाह तुम साबिर को एमएलए बना दे, जिससे हम अपने जिंदगी में दोबारा किसी बिलकिस बानों को न देखें. ओवैसी ने रोते-रोते कहा कि अल्लाह तेरे खजाने में कोई कमी नहीं आएगी...

# सड़कों पर बैठ जाया करती थीं, आज कहीं नजर ही नहीं आतीं

## महंगाई पर मल्लिकार्जुन खड़गे ने स्मृति ईरानी पर कसा तंज



नई दिल्ली, 3 दिसंबर (एजेंसियां)। गुजरात विधानसभा चुनाव में जमकर बयानबाजी हो रही है। नेता एक-दूसरे पर जमकर आरोप-प्रत्यारोप लगा रहे हैं। कांग्रेस के नए अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे ने गुजरात में एक जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी का बिना नाम लेते हुए तंज कसा है। उन्होंने कहा कि महंगाई की बात पर पहले सिलेंडर लेकर जो सड़कों पर बैठ जाया करती थीं, आज वो दिखाई तक नहीं देती हैं।

**क्या बोले मल्लिकार्जुन खड़गे?**

मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, "आटा की कीमत बढ़ गई, बच्चों की पढ़ाई महंगी हो गई। हर चीज पर जीएसटी लगा दी गई। आवश्यक वस्तुओं पर जीएसटी लगाकर महंगाई बढ़ा दी गई है और कहते हैं कि देश खुशहाली की तरफ बढ़ रहा है। खड़गे ने कहा कि एक बार सिलेंडर महंगा हो गया था तो एक केंद्रीय मंत्री सड़क पर बैठ गई थीं, अब दिखाई ही नहीं दे रही हैं। 500 का सिलेंडर आज 1200 रूपये हो गया है। इतनी महंगाई आपने बढ़ाई फिर भी कहते हैं कि बीजेपी को वोट दो।

**यूजर्स ने किए ऐसे कमेंट**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के इस बयान पर लोग अपनी प्रतिक्रियाएं दे रहे है यूजर ने लिखा कि अब ये आपका काम है, मतलब विपक्ष का है। अब आप विपक्ष मे हो, नींद से जागो महाराज। यूजर ने लिखा कि विपक्ष का काम भी सरकार करेगी तो कांग्रेस के सभी सांसदों को इस्तीफा देना चाहिए। घर में बैठकर पकोड़े तलने के लिए जनता ने विपक्ष में नहीं बैठाया। एक यूजर ने लिखा कि सच में कांग्रेस और कांग्रेसियों को मोदी सरकार बहुत महंगी पड़ी है। बीजेपी नेता राज्यवर्धन सिंह राठौर ने जवाब देते हुए लिखा कि खड़गे जी की याददाश्त तो अच्छी है, याद होगा ही। जब इंदिरा पीएम और मनमोहन सिंह मुख्य आर्थिक सलाहकार थे तो सरकार आय का 97.50% तक इनकम टेक्स में चूस लेती थी, गरीबों पर भी टैक्स था और तो और आज भी राजस्थान में 65% तक वाट है। 30% वाट के साथ सबसे महंगा पेट्रोल कांग्रेस सरकार में ही है। यूजर ने लिखा कि स्मृति ईरानी जी जब गैस सिलेंडर 400 का था, तब



महंगा लगता था और आए दिन उसके लिए धरना प्रदर्शन करती थीं। आज जब गैस सिलेंडर 1100 का है तो कोई धरना प्रदर्शन नहीं करती हैं। आश्चर्य है कि आखिर कहां गायब हो गईं?

बता दें कि गुजरात विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की तरफ से महंगाई को मुद्दा बनाया जा रहा है। गुजरात विधानसभा चुनाव में पहले चरण का चुनाव सम्पन्न हो चुका है जबकि दूसरे चरण का चुनाव 5 दिसंबर को होने वाला है। आठ दिसंबर को गुजरात विधानसभा चुनाव, हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव और उपचुनाव के नतीजे सामने आयेंगे। गुजरात में आप कांग्रेस और भाजपा तीनों अपनी-अपनी सरकार बनाने का दावा ठोंक रही हैं।

# कॉलगर्ल बनने के लिए वंदना रघुवंशी कर रही थी ब्लैकमेल

## सहेली ने भाइयों को साथ लेकर मार दिया



इंदौर, 3 दिसंबर (एजेंसियां)। इंदौर के एरोड्रम क्षेत्र में 28 नवंबर को हुई 34 वर्षीय वंदना रघुवंशी की हत्या की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। इस मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। वंदना की हत्या उसके साथ काम करने वाली सहेली नैना ने ही करवाई थी। दोनों देह व्यापार में लिप्त थीं। वंदना ने उसके कुछ वीडियो ले रखे थे। उसे मां को भेजने की बार-बार धमकी देती थी। इसी वजह से नैना ने अपने भाइयों को साथ लिया और वंदना को मार डाला। पुलिस ने देवास से आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस को कॉलोनी में लगे सीसीटीवी कैमरों से आरोपियों का सुराग मिला था। नैना दो युवकों के साथ जाते हुए दिखाई दी थी। पुलिस अफसरों ने उससे सख्ती से पूछताछ की तो वह टूट गई और हत्या कबूल की। पाटनीपुरा निवासी वंदना रघुवंशी की 28 नवंबर को हत्या हो गई थी। पुलिस के मुताबिक वंदना ने विद्या पैलेस में मकान किराये से ले रखा था। वहां वह माही और नैना नामक युवतियों से देह व्यापार करवाती थी। पुलिस ने जांच के लिए सीसीटीवी फुटेज का सहारा लिया। पता चला कि नैना दो युवकों के साथ हत्या की रात दिखाई दी थी। उसके साथ दो युवक भी थे। पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की तो नैना ने हत्या कबूल की। उसने बताया कि वंदना के पास उसके कुछ अश्लील वीडियो थे। उसके घर पर नहीं पता था कि वह कॉलगर्ल का काम करती है। वह घर से बुटिक पर काम करने का बहाना बनाकर इंदौर आती थी। फिर इंदौर आकर कॉलगर्ल के धंधे में लग जाती थी। वंदना वीडियो सार्वजनिक करने और मां को भेजने की धमकी देती थी। ताकि नैना उसे छोड़कर देवास न जाए और उसके लिए कॉलगर्ल का काम करती रहे।

# मुंबई के मलाड में भीषण आग, बालकनी पर लटके लोग

## मौके पर पहुंचीं दमकल की गाड़ियां



मुंबई, 3 दिसंबर (एजेंसियां)। मुंबई के मलाड इलाके की एक रिहायशी इमारत में भीषण आग लग गई है। यह आग बहु मंजिला इमारत में लगी है। दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंच चुकी हैं। आग बुझाने की कोशिश जारी है। इस बीच सीएफओ मुंबई ने कहा कि ये इमारत 21 मंजिला है। इसकी तीसरी मंजिल पर आग लगी थी। आग पर फिलहाल काबू पा लिया गया है। मलाड वेस्ट का जनकल्याण नगर मालवणी इलाके में स्थित है। जानकारी के मुताबिक, दमकल की 8 गाड़ियां पहुंची थीं, जिसके बाद आग पर काबू पाया गया। सीएफओ ने बताया कि अभी तक किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। कूलिंग ऑपरेशन के बाद सर्च ऑपरेशन तीसरी मंजिल पर और ऊपरी मंजिल पर चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि तब स्थिति और अधिक स्पष्ट होगी। इमारत में आग लगने का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। जिसमें देखा जा सकता है कि तीसरी मंजिल के दोनों तरफ से आग की भीषण लपटें निकल रही हैं। वहीं एक शख्स को बालकनी पर लटके हुए देखा जा सकता है। जबकि नीचे खड़े लोग जोर-जोर से चिल्ला रहे हैं। बालकनी पर लटका शख्स पहले सीढ़ी के सहारे नीचे उतरता है और फिर कूद जाता है।

**ग्रेटर नोएडा में भी लगी भीषण आग**

इससे पहले ग्रेटर नोएडा से आग लगने की सूचना मिली थी। ग्रेटर नोएडा वेस्ट के शाहबेरी इलाके में शनिवार सुबह एक 6 मंजिला इमारत के बेसमेंट में आग लगने की खबर सामने आई थी। आग लगने की वजह से इमारत में रहने वाले परिवार दहशत में आ गए और अफरा-तफरी का माहौल हो गया। आग बेसमेंट में लगी थी इसलिए नीचे उतर कर बाहर निकलना मुश्किल हो रहा था। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम और पुलिस की टीम ने सीढ़ी लगाकर ऊपर के फ्लैट से लोगों को रेस्क्यू किया।

**नोएडा में आग लगने की पहली घटना**

आग की लपटे तेजी से बील्डिंग परिसर में फैल गईं। राहतबचाव कर्मियों ने बिल्डिंग में फंसे करीब दो दर्जन परिवारों को रेस्क्यू कर बाहर निकाला। कड़ी मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। पुलिस के मुताबिक, आग किस वजह से लगी, इसकी जानकारी अभी नहीं मिल पाई है। मौके पर पहुंची थाना बिसरख पुलिस की टीम इस मामले की जांच करेगी।

# जींद में महिला से 7.15 लाख रुपए हड़पे

## 2 लोगों को देवर की नौकरी के लिए दी राशि; 1 महीना मेरठ घुमाया

जींद, 3 दिसंबर (एजेंसियां)। हरियाणा के जींद के उचाना में एक युवक को नौकरी लगवाने का झांसा देकर 7 लाख रुपए हड़प लिए। उचाना थाना पुलिस ने पीड़ित युवक की भाभी की की शिकायत पर गांव डूमरखां के 2 लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। अभी दोनों में से किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। उचाना क्षेत्र के गांव काकडोद की रहने वाली एक महिला सुमन ने उचाना थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका संपर्क गांव डूमरखां निवासी जगदीप और राकेश से हुआ था। उन्होंने उसके देवर साहिल को नौकरी लगवाने की बात कही। वह उनकी बातों में आ गई और उन्होंने अपने देवर को नौकरी लगवाने के लिए 7 लाख 15 हजार रुपए दे दिए। एक महीने के बाद दोनों उसे मेरठ कैंप में पंप ऑपरेटर की ड्यूटी का जॉइनिंग लेटर दे गए। महिला ने बताया कि उसका देवर साहिल 20 अगस्त 2021 को मेरठ कैंप में नौकरी जॉइन करने के लिए पहुंचा। वहां पर कर्मचारी मूलाराम और अरविंद जो कि जगदीप और राकेश के जानकार थे, उसे कैंप में ले गए। इस दौरान साहिल को एक महीना ऐसे ही घुमाते रहे। जब साहिल ने अधिकारियों से बात की तो उसे पता लगा कि उसकी कोई जॉइनिंग नहीं हुई है। उसके साथ धोखाधड़ी की गई है।

**जान से मारने की धमकी**

कैंप में साहिल को फर्जी तरीके से रहने पर मामला दर्ज करवाने की धमकी दी गई। इसके बाद वह डर के मारे घर आ गया और सारी घटना उन्हें बताई। इसके बाद वह राकेश और जगदीप उर्फ जेपी से मिली तो उन्होंने रुपए लौटाने से मना कर दिया। साथ ही उसे झूठे मामले में फंसाने की धमकी दी गई। उन्हें धमकी भी दी गई के अगर दोबारा रुपए मांगे तो उन्हें जान से भी हाथ धोना पड़ सकता है।

# 'आफताब ने श्रद्धा के 35 टुकड़े किए थे

## मैं तेरे 70 कर दूंगा', महिला को लिव-इन पार्टनर ने दी धमकी

धुले, 3 दिसंबर (एजेंसियां)। दिल्ली में श्रद्धा वाकर की दिल दहलाने वाली हत्या से सबक लेने की बजाए कुछ लोगों का इससे हौसला बढ़ता प्रतीत हो रहा है। अब महाराष्ट्र के धुले में रहने वाली एक महिला को उसके लिव इन पार्टनर ने श्रद्धा की तरह हत्या करने की धमकी दी है। आरोपी ने महिला को धमकाया है कि 'श्रद्धा वाकर के 35 टुकड़े किए गए थे, लेकिन मैं तेरे 70 टुकड़े कर दूंगा।' महाराष्ट्र के रहने वाले आफताब अमीन पूनावाला ने अपनी लिव इन पार्टनर श्रद्धा वाकर की जघन्य हत्या की थी। इस हत्याकांड को अब धमकाने के लिए इस्तेमाल किया जाने लगा है। धुले की पीडित महिला ने पुलिस में जो शिकायत की है, उससे यही संदेश मिलता है। महिला ने शिकायत में कहा है कि वह अपने लिव इन पार्टनर अरशद सलीम की प्रताड़ना से तंग आ गई है। सलीम ने धमकी दी है कि यदि वह उसकी मर्जी से नहीं चली तो वह उसके 70 टुकड़े कर देगा। धुले पुलिस को 29 नवंबर को की गई शिकायत में महिला ने अरशद पर उसे प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। दोनों जुलाई 2021 से साथ रह रहे हैं। महिला के अनुसार पहले उसने एक अन्य व्यक्ति से शादी की थी, लेकिन उसकी 2019 में दुर्घटना में मौत हो गई। 2017 में उसे पूर्व पति से एक बच्चा हुआ था।

**अरशद की बजाए हर्षल माली बताया, दुष्कर्म का वीडियो बनाया**

पहले पति की मौत के बाद वह खुद को हर्षल माली बताने वाले एक व्यक्ति के संपर्क में आई। असल में वह अरशद सलीम मलिक था। वह उसे धुले के लालिंग गांव के जंगल में ले गया और वहां उसके साथ दुष्कर्म किया। इसका उसने वीडियो भी बना लिया था और बाद में वह वीडियो की आड़ में धमकाने लगा। इसके बाद दोनों ने साथ में रहने का फैसला किया। जुलाई 2021 में दोनों आमलनेर गए और वहां लिव इन रिलेशनशिप में रहने का एक शपथ पत्र तैयार किया। तब उसे पता चला कि इस व्यक्ति का नाम हर्षल माली नहीं, बल्कि अरशद मलिक है।

**अरशद ने जबरन धर्मांतरण कराया**

महिला ने पुलिस को बताया कि आरोपी अरशद ने उसका जबरन धर्मांतरण कराया। उसने बेटे का भी धर्मांतरण कराने का प्रयास किया। इस दौरान मलिक के पिता ने भी उसे धमकाया। इसके चार माह बाद आरोपी उसे विट्टा भाट्टी क्षेत्र में एक मकान में ले गया। यहां उसने इसी साल अगस्त में एक बच्चे को जन्म दिया। किसी बात को लेकर अरशद ने साइलेंसर से उसकी त्वचा को भी दाग दिया। पुलिस ने अरशद सलीम मलिक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## महिला से तीन गैंगरेप करने की कोशिश, पुलिस ने दर्ज किया केस

मुंबई, 3 दिसंबर (एजेंसियां)। मुंबई के कुर्ला इलाके में रहने वाली एक महिला ने उसके साथ सामूहिक बलात्कार की कोशिश करने का मामला दर्ज करवाया है. पीड़ित महिला ने तीन लोगों पर गैंगरेप की कोशिश का आरोप लगाया है. महिला ने आरोप लगाया कि उसके घर में तीन लोग जबरदस्ती घुस आए, उसके साथ छेड़खानी की और बलात्कार करने की कोशिश की. पीड़िता ने यह भी बताया कि उसे डराने के लिए एक शख्स ने माचिस जलाई, एक ने चाकू दिखाया और उसे बाल पकड़कर जमीन पर घसीटा. मिली जानकारी के मुताबिक, महिला की शिकायत पर कुर्ला पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ आईपीसी की धारा 376, 376 (3), 377, 452, 323, 504, और 34 के तहत मामला दर्ज कर लिया है. महिला के खिलाफ भी एनडीपीएस के दो केस दर्ज किए गए हैं।

# आरएसएस पर हमलावर हुए राहुल गांधी

## बोले- मैं बताता हूं संघ के लोग जय सियाराम क्यों नहीं बोलते

आगर, 3 दिसंबर (एजेंसियां)। भारत जोड़ो यात्रा का मध्यप्रदेश में आज दसवां दिन है। इस दौरान कांग्रेस लगातार भाजपा और उससे जुड़े संगठनों पर हमला जारी है। अब राहुल गांधी ने एक दिन पहले आरएसएस (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) पर हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि संघ वाले जय श्री राम बोलते हैं, न कि जय सियाराम। वहां कोई 'सीता' नहीं है। उन्होंने सीता को बाहर रखा है, क्योंकि वे सीता की पूजा नहीं करते हैं। राहुल ने जय सियाराम और जय श्री राम में फर्क भी बताया। भारत जोड़ो यात्रा आगर मालवा में थी। उस दौरान राहुल गांधी ने एक सभा को संबोधित करते हुए ये बात कही। राहुल ने कहा कि जय सियाराम का अर्थ है कि सीता जी और राम जी एक ही हैं। जब आरएसएस में कोई महिला नहीं है तो वे यह नारा कैसे दे सकते हैं। यह सियाराम का संगठन नहीं है। वहां कोई सीता नहीं है। उन्होंने सीता को बाहर



रखा है। मेरा आरएसएस के दोस्तों से अनुरोध है कि जय श्री राम के साथ-साथ जय सियाराम और हे राम का भी जाप किया करें। सीताजी का अपमान न करें। राहुल गांधी ने कहा कि ये सब मुझे एक पंडित ने बताया। पंडित उनके पास आए थे। राहुल ने कहा कि मैं यात्रा के दौरान काफी-कुछ सीख रहा हूं। राहुल ने हे राम, सिया राम और सीता राम को भी अलग तरीके से समझाया। राहुल ने ये भी कहा कि आरएसएस के लोग भाजपा में गए और उन्होंने भगवान राम के जीवन के तरीके को कभी नहीं अपनाया। भगवान राम ने कभी किसी के साथ अन्याय नहीं किया। उन्होंने समाज को एकजुट करने का काम किया। उन्होंने किसानों, व्यापारियों और मजदूरों की मदद की है।

**जयराम ने सिंधिया को बताया 24 कैरेट का गद्दार**

भारत जोड़ो यात्रा में शामिल जयराम रमेश ने केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि सिंधिया 24 कैरेट के गद्दार हैं। उनकी कांग्रेस में कभी वापसी नहीं हो सकती। कपिल सिब्बल ने भी कांग्रेस छोड़ी, लेकिन कभी कांग्रेस और वरिष्ठ नेताओं को लेकर टिप्पणी नहीं की। सिंधिया और हेंमत विस्व सरमा हमारी लीडरशिप के बारे में गलत बात कर रहे हैं। दोनो नेताओं की कांग्रेस में कभी वापसी नहीं होगी। आगर कैम्प साइड पर मीडिया से बात करते हुए रमेश बोले कि जिस संगठन में सिंधिया ने राजनीति की। अब उसी के बारे में बुरा बोल रहे हैं। ऐसे नेता ही 24 कैरेट के गद्दार होते हैं। मध्य प्रदेश में दसवें दिन भारत जोड़ो यात्रा राजस्थान जिले की सीमा के करीब पहुंच गई है। शनिवार सुबह राहुल गांधी ने आगर से यात्रा शुरू की। रविवार को यात्रा राजस्थान के झालावाड़ जिले के चानवली से शुरू होगी। शनिवार को यात्रा का 86वां दिन है। अभी तक 37 जिलों और छह राज्यों का सफर भारत जोड़ो यात्रा तय कर चुकी है। मध्य प्रदेश में यात्रा बुरहापनुर, खंडवा, खरगोन, इंदौर,उज्जैन जिले के बाद आगर जिले में जा चुकी है।

# महिला ने प्रेमी के साथ मिलकर पति को उतारा मौत के घाट, धीमा जहर देकर की हत्या

मुंबई, 3 दिसंबर (एजेंसियां)। मुंबई के सांताक्रूज इलाके से शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। यहां रहने वाली एक 46 वर्षीय महिला काजल सिंह ने अपने प्रेमी 45 वर्षीय प्रेमी हितेश जैन के साथ मिलकर पति की हत्या कर दी। पुलिस के मुताबिक, महिला ने प्रॉपर्टी के लालच में पति को जहर देकर मार डाला। इतना ही नहीं, जांच में यह भी पता चला है कि महिला ने अपने पति की बीमा पॉलिसियों के बारे में भी जानकारी इकट्ठा की थी।

**पति को देती थी धीमा जहर**

जांच में पता चला है कि महिला अपने प्रेमी के कहने पर पति को धीमा जहर देती थी। वह पति के खाने में जहर मिलाती थी, जिससे धीरे-धीरे करके उसकी मौत हो जाए और किसी को पता भी न चले। अधिकारियों ने बताया, 24 अगस्त को महिला के पति कमलकांत शाह को पेट में दर्द की शिकायत हुई। फैमिली डॉक्टर की सलाह पर उसने दवाई खाई, लेकिन आरान मिलने पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया।

**आर्गन फेल से डॉक्टरों को हुआ शक**

अस्पताल में रहने के दौरान कमलकांत के अंगों ने धीरे-धीरे काम करना बंद कर दिया, जिससे डॉक्टरों को शक हुआ। इसके बाद डॉक्टरों ने उसके खून के सैंपल जांच के लिए भेजे, जिसमें भारी मात्रा में आर्सेनिक व थैलियम मिला। पुलिस अधिकारियों ने बताया, 19 सितंबर को कमलकांत की मौत हो गई थी।

**मां की मौत भी इन्हीं कारणों से हुई**

कमलकांत की मौत से पहले 13 अगस्त को उसकी मां की मौत हो गई थी। जांच में सामने आया है कि उसकी मां की भी मौत इन्हीं करणों से हुई थी। पुलिस ने बताया, पूछताछ के दौरान दोनों आरोपियों ने हत्या की बात कबूल की है, जिसके बाद मजिस्ट्रेट अदालत ने दोनों को आठ दिसंबर तक हिरासत में भेज दिया है।

# पंचायती राज संस्थाओं के नवनिर्वाचित सदस्यों ने ली शपथ

## जुलानी खेड़ा का सरपंच शपथ उठाते ही गिरफ्तार

चंडीगढ़, 3 दिसंबर (एजेंसियां)। हरियाणा में पंचायती राज संस्थाओं के नवनिर्वाचित सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह 22 जिलों में शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने चुने हुए सदस्यों को ऑनलाइन संबोधित किया। जिला परिषद सदस्यों को डीसी ने शपथ दिलाई। ब्लॉक स्तर पर पंचायत समिति सदस्यों को कई जगह आईएएस अधिकारी एवं एचसीएस अधिकारी शपथ दिलाएंगे। वहीं पंचों-सरपंचों के लिए गांव के स्कूलों में शपथ ग्रहण होगा, यहां ग्राम संरक्षक इन्हें शपथ दिलाएंगे। 6201 सरपंचों, 59,233 पंचों सहित 22 जिलों के जिप व पंचायत समिति सदस्यों को शपथ ग्रहण और प्रबंधों के लिए पूरा प्रशासनिक अमला अलग अलग जगहों पर मुस्तैद है। कैथल के गांव जुलानी खेड़ा के सरपंच नरेंद्र सिंह को एसडीएम ने बीडीपीओ कार्यालय में शपथ दिलाई। शपथ लेने के बाद ही पुलिस ने नरेंद्र सिंह को गिरफ्तार कर लिया। चुनाव के बाद गांव में झगड़े के मामले में कार्रवाई की गई है। हरियाणा के ग्रामीण क्षेत्र से पंचायती राज चुनाव के तहत लगाई गई आदर्श आचार संहिता को हटा लिया है। इस संबंध में हरियाणा के मुख्य सचिव ने पत्र जारी किया है। पंचायती राज संस्थाओं के विभिन्न पदों के लिए सामान्य चुनाव - 2022 सम्पन्न हो चुके हैं।

# युवतियों का सड़क पर हंगामा

## कार ड्राइवर पर हॉर्न बजाकर छेड़ने का आरोप

भोपाल, 3 दिसंबर (एजेंसियां)। कोहेफिजा पुलिस ने युवती की शिकायत पर होंडा-शो रूम के कर्मचारी के खिलाफ छेड़छाड़ का मामला दर्ज किया है। युवती ने आरोप लगाया कि आरोपी युवक ने रास्ते में कार का हार्न बजाकर छेड़ा। मोबाइल नंबर मांगा। गाड़ी रुकवाकर बुरी नीयत से हाथ पकड़ा। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। इसमें स्कूटी सवार दो युवतियां राजाभोज सेतु रेतघाट पर कार चालक से गाली-गालौज करते हुए दिख रही हैं। युवतियों को कार चालक समझा रहा कि लड़की होने की वजह से लिहाज कर रहा है। वह गाली नहीं देने की हिदायत दे रहा है। इस पर गाड़ी में बैठी लड़की कह रही कि गाली बकी है। 10 बार बकी है। कोहेफिजा थाना प्रभारी विजय सिसौदिया ने बताया कि बैरागढ़ निवासी 20 साल की युवती वीडियो बनाकर यू-ट्यूब में अपलोड करने का काम करती है। उसने बताया कि गुरुवार रात 11 बजे वह शाहपुरा इलाके के शॉपिंग मॉल से घर लौट रही थी। उसके साथ एक और लड़की भी थी। इसी बीच रास्ते में एक कार चालक उनका पीछे करने लगा। वह बार-बार हॉर्न बजाकर इशारा कर रहा था। इतना ही नहीं उसने उससे मोबाइल नंबर मांगा। रॉयल मार्केट के पास उसने गाड़ी रुकवाकर अभद्रता की। युवती ने आरोप लगाया कि कार चालक ने बुरी नीयत से उसका हाथ पकड़कर छेड़छाड़ की। पुलिस ने युवक आमिर खान के खिलाफ छेड़छाड़ का मामला दर्ज किया। उसे थाने से ही जमानत मिल गई। आमिर ने बताया कि पुलिस में उसकी सुनवाई नहीं हुई। वीडियो में साफ दिख रहा कि दोनों लड़कियां उसे गाली दे रही हैं। अभद्रता कर रही हैं। आमिर ने बताया कि वह रात में फतेहगढ़ से अपने दूसरे घर जा रहा था। राजा भोज सेतु के पास लड़कियां मेरी कार के अचानक सामने आ गईं। इस पर मैंने हॉर्न बजाया। इस पर लड़कियों ने कहा कि रुक तुम्हें बताती हूं। इसके बाद वह केस दर्ज कराने पहुंच गई। मेरी सुनवाई नहीं हुई। मेरा रिकॉर्ड चेक कर लीजिए।

# नाट्य शास्त्र के प्रणेता : भरत मुनि

अतुल कुमार





जब भी नाटकों और उनमें किये गये अभिनय का उल्लेख होता है तब अभिनेताओं के अभिनय की चर्चा होती है ।वह लोग गुमनाम रह जाते हैं जिन्होंने उसे लिखने बनाने और निर्देशित करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया ।जबकि उनकी भूमिका किसी भी तरह कम नहीं होती । नाटकों तथा फिल्मों में होने वाले प्रस्तुतिकरण में कई जनों की सामूहिक हिस्सेदारी होती होती है ।मराठी नाटकों के प्रसिद्ध निर्देशक विजय तेंडुलकर अपने नाटकों की सफलता का श्रेय स्वयं न ले पूरी टीम को देते । वह नाटक से जुडे हर छोटे से छोटे व्यक्ति को निर्माण का क्रेडीट दे उसे सम्मान देते । आज जब भी कोई कलाकार अच्छा अभिनय करे तब उसकी तुलना होती है विशेषकर विदेशी कलाकारों से पर ऐसा क्यों ? अभिनय कला का जन्म हमारे देश में हुआ । भले ही वह नाटकों ,नौटंकियों और फिल्मों में हो ! इसके प्रति जागरूकता भी कम है,क्यों कि अभिनय कला को गंभीरता से न ले उसे केवल मनोरंजन का साधन माना गया । उसके प्रति जन चेतना भी नहीं पनपी ऐक्टिंग करने वालों को स्कूल ड्राप आउट या पढाई में कमज़ोर मान उस क्षेत्र को चुनने वाला माना गया । विचित्र सोच बनी और है । जबकि अभिनेता को अनेक कैरेक्टर्स को खेल अपनी प्रतिभा साबित करने की अग्नि परीक्षा से गुज़रना होता है कई कोशिशों के बाद उसे मान्यता मिलती है ।

अभिनय वास्तव में हमारी अपनी धरोहर है इसकी सर्वप्रथम विवेचना नाट्य शास्त्र के जनक भरत मुनि ने की और उसे विस्तार से बता उसकी महती भूमिका की रचना की ।गाना बजाना और नाचना यह सभी बडी प्राचीन कलाओं में से एक हैं ।भारत हर प्रकार की कला और संस्कृति का धनी रहा है इसमें सभी कलाओं की विविधता देखने को मिलती है ।गीत संगीत वादन,नृत्य चित्र कला और अभिनय आदि का सबसे पुराना ग्रंथ “नाट्य शास्त्र “ के रूप में माना गया ।इस ग्रंथ के रचयिता भरत मुनि थे ।नाट्य कला पर उन्होंने रंगमंच के सभी पहलूओं पर लिखा इसका बुनियादी उद्देश्य भारतीय नाटकों को जीवन के चार लक्ष्यों धर्म ,अर्थ ,काम और मोक्ष के प्रति जागरूक बनाना था इसके माध्यम से उन मूल्यों ,सिद्धांतों और आदर्शों को जन सामान्य के बीच वह प्रतिस्थापित करना चाहते जिससे आदर्श समाज और आदमी की संकल्पना साकार हो सके ।

पौराणिक प्रसंगानुसार त्रेता युग में लोग दुख से पीडीत हो हंसना, भावुक होना और खुश होना भूल गये तब इंद्र ने ब्रह्मा से प्रार्थना की कि प्रभु आप मनुष्य के जीवन दाता हैं लेकिन आनंदित होने या अपने मन को बहलाने का कोई माध्यम उनको प्रदान नहीं किया। इसे सुन ब्रह्मा ने नाट्य वेद नामक वेद का निर्माण किया इसका निर्माण ऋग वेद से पाठ्यवस्तु ,सामवेद से गान ,यजुर्वेद से अभिनय और अथर्ववेद से रस को ले किया गया । गहन विचार के बाद भरत मुनि को सब को मिला इनका प्रयोग करने का काम सौंपा गया ।उन्हें बताया गया कि सभी के समन्वय से ऐसी विधा को तैयार करें जिससे मनुष्य का ज्ञान वर्धक मनोरंजन हो सके और वह सृष्टि में आदर्श उद्देश्यों , रहन सहन ,जीवन यापन और सिद्धांतों को समझ जीवन को सोद्देश्य बना सके । क्यों कि विचार की शक्ति केवल आदमी के पास है । प्रभु के इन वचनों को सुन भरत मुनि ने वर्षों के परिश्रम के बाद नाट्य शास्त्र की रचना की । अन्य जन इसे पहले पढ अनुचित न समझें इसलिये अपने पुत्रों को पढाया इस प्रसंग से यह तथ्य प्रकाश में आया कि भरत मुनि संस्कृत नाट्य शास्त्र के आदि प्रवर्तक हैं ।

नट धातु से नाट्य शब्द बना जिसका अर्थ होता है गिरना ,नाचना जिसे कला का उत्कृष्ट रूप माना गया और काव्य के उत्कृष्टतम रूप को नाटक में माना गया । नाट्य कला का जब भी उल्लेख होता है तब “नाट्य शास्त्र “ को सदा आगे माना गया ।इसे काव्य ,संगीत ,नृत्य ,शिल्प और अन्य ललित कलाओं का विषयगत शास्त्र माना गया जो आदमी को सोचने समझने और सानंदित रहने की शिक्षा देता है ।शास्त्रों के अनुसार यह पहले बारह हज़ार श्लोकों में लिखा गया संख्या को अधिक जान भरत मुनि ने इसे संक्षिप्त कर छः हज़ार श्लोकों में लिखा कुछ संदर्भों के अनुसार उनका निवास हिमालय पर्वत पर माना गया जहां उन्होंने शिव पार्वती के दर्शन किये और उनकी लीलाओं से कलाओं के विभिन्न रूपों को जाना ।करीब 400 ई पू पंचम वेद नाट्य शास्त्र की रचना की ।

भरत मुनि रचित पहले नाटक का अभिनय जिसका कथानक “ देवासुर संग्राम “ था यह नाटक देवों की विजय के बाद इंद्र की सभा में हुआ ।नाट्य शास्त्र के मुताबिक नाटक की सफलता केवल लेखक की प्रतिभा पर आधारित नहीं होती बल्कि विभिन्न कलाओं जैसे दृश्य रचना ,वेशभूषा संगीत ,प्रकाश और कलाकारों के सम्यक सहयोग से होती है नाटक का मुख्य उद्देश्य ऐहिक जीवन की भिन्न – भिन्न वेदनाओं से परेशान जनता का मनोरंजन है ।”

नाट्य शास्त्र “ की उत्पत्ति को भरत मुनि ने ब्रह्मा से माना। क्योंकि शंकर ने ब्रह्मा को तथा ब्रह्मा ने अन्य ऋषियों को काव्य शास्त्र का उपदेश दिया ।विद्वानों का मत है कि भरत मुनि द्वारा रचित पूरा नाट्य शास्त्र अब उपलब्ध नहीं है जिस रूप में है उसके अनुसार “ नाट्यं भिन्नरूचेर्जनस्य बहुधाप्येकं समाराधन्म” अर्थात जगत में लोगों की रुचि अलग –अलग होती है ऐसे सभी लोगों को प्रसन्न करने वाला यदि कुछ है तो वह अधिकांशतः नाट्य है ।नाट्य शास्त्र ने जिस तरह से नाट्य स्वरूप का निरूपण किया वह दुर्लभ है क्यों कि ऐसा निरूपण बीते 2000 सालों में किसी ने नहीं किया ।

भरत मुनि कहते हैं कि नाट्य समग्र त्रिलोक के भाव का अनुकीर्तन है जिसका उद्देश्य दुःख ,शोक से पीडित लोगों को उचित समय पर शांति देना है मनोरंजन के साथ दर्शकों के बौद्धिक तथा आध्यात्मिक विकास को निर्मित करना है ।उनका काल 100 से 400 ई पू के बीच माना गया जिसको ले विद्वानों में मतांतर है ।भरतमुनि बहुप्रतिभाशाली थे उनमें कलाओं की सृजनता का विलक्षण ज्ञान और दृष्टि थी ।वह कहते “जिस तरह नाना प्रकार के व्यंजनों ,औषधियों और द्रव्य पदार्थ के मिश्रण से भुज रस की उत्पत्ति होती है उसी प्रकार नाना प्रकार के भावों के संयोग से स्थायी भाव भी नाट्य रस को प्राप्त हो जाते हैं ।रस सूत्र की व्याख्या भी पहले उन्होंने की ।उनका पहला सूत्र नाटक और संगीत की परस्परता पर प्रकाश डालता है नाट्य शास्त्र में चार प्रकार की वृत्तियों की चर्चा भी की जो इस प्रकार हैं भारती ,सात्वति ,कैशिकी और आरभटी ।जो पुरुष पात्रों द्वारा व्यवहार की जाती हैं स्त्रियों द्वारा इसका प्रयोग नहीं किया जाता।उदाहरणार्थ पुरुषों के गुणों का अधिक समावेश हो।

उनके विविध संभाषणों शब्दों ,कपट वंचनाओं तथा दंभ और असत्य व्यवहारों से युक्त हों तो उसे आरभटी वृत्ति कहेंगे जिसमें नीचे गिरने कूदने फांदने ,व माया इंद्रजाल के काम हों और अनेक प्रकार के युद्ध इसमें समाहित हों ।शास्त्रों की एक कथानुसार जब भरत मुनि को अपने सौ पुत्रों के साथ एक नाटक तैयार करने को कहा गया तो उन्होंने आरभटी वृत्तियों पर आधारित तैयारी कर ली लेकिन गीत संगीत और नृत्य को प्रश्रय देने वाली कैशिकी वृत्ति का उपयोग नहीं किया तब ब्रह्मा जी ने उनसे कैशिकी वृत्ति को प्रयोग में लाने को कहा इस हेतु भरत मुनि ने उनसे अपेक्षित सहायता मांगी ब्रह्मा जी ने तुरंत उसे पूरा कर नृत्य एवं सज्जा हेतु अनेक सुंदर अप्सराओं की रचना की साथ ही वाद्य यंत्र वादन के लिये नारद मुनि और गंधर्व आदि को गायन हेतु नियुक्त किया इस सहयोग से भरत मुनि ने अपने सौ पुत्रों की मंडली के साथ पहली बार “ अमृत मंथन “को मंचित कर ख्याति पायी । “नाट्य शास्त्र “ में 36 अध्याय हैं जिनमें नाटकों से संबंधित संपूर्ण जानकारियों को शामिल किया गया ।प्रदर्शन कलाओं का यह सबसे पुराना ग्रंथ है कुछ जानकारों का मानना है कि इसमें 64 कलाओं का समावेश है ।नाटकों के प्रभाव को इसी से समझा जा सकता है कि महात्मा गांधी ने सत्य हरिश्चंद्र पर आधारित नाटक को देख कर अपने जीवन के उद्देश्य को चुना कालांतर में यह कला वट वृक्ष की तरह विकसित हुई ।।

वास्तव में नाट्य कला को जनोपयोगी , जनहिताय और जनदृष्टीय बनाने का ऐतिहासिक कार्य भरत मुनि ने किया इसलिये उन्हें नाट्य शास्त्र का प्रणेता कहा गया ।

# काव्य कुंज

## संबंध अपने...



ओमकार सर्डिवाल

संबंध अपने बिखरे जाए,
यह समझ में ना आए।
पराए को अपना मीत बनाएं,
अपनों को दूर करते जाए।।
संबंध अपने बिखरे जाए,
मतभेद की आग जलाए।
धुआं फैलाने जन-जन आए,
नादान मन यह समझ ना पाए।।
संबंध अपने बिखरे जाए,
सत्य असत्य का फर्क भूल जाए।
अपनी बगिया उजाड़ कर,
फूल कहीं और लगाए।।
संबंध अपने बिखरे जाए,
अपनों से ही हम दूर होते जाए।
ना जाने पराए कब अपने हो गए,
हम कभी समझ ना पाए।।
संबंध अपने बिखरे जाए,
डाली-डाली टूट जाए।
अपनों को छोड़ हम
परायो में विश्वास ढूंढे जाए।।
संबंध अपने बिखरे जाए,
समय की आंधी तू जान।
हवा में कहीं बिखर ना जाए,
उससे पहले मजबूत डोर बनाएं।।
संबंध अपने बिखरे जाए,
टूटे बिखरे रिश्तो को संभाल।
अंतिम निर्णय आने से पहले,
सबन को एक छत पर ले आए।।
संबंध अपने बिखरे जाए,
नादान मन नादानी को तो छोड़।
अपने पराए का फर्क जान,
रख तू अपनों को गले लगाए।।

## कंटक भरे अरण्य सदृश जिंदगी



सविता राज,
मुजफ्फरपुर बिहार

खुशियों की ख्वाहिश थी,
गमों की सौगात मिली,
जिंदगी की वादियों में,
दर्द के फूल खिले,
आंधियां चली रुसवाइयों की,
दौर है ये तन्हाइयों का
रब की रहमतों से रौशन ये दुनिया
मेरे लिए क्यों रब ने तिमिर को चुना,
रब हो तुम ,सृष्टि के रचयिता,
तत्पश्चात मेरे हिस्से दर्द ही क्यों रच दिया ,
कंटक भरे अरण्य सदृश जिंदगी,
तेरे चौखट पर रह के भी हार गई,
ये मेरी नहीं तेरी हार है मेरे रब,
अश्कों की कीमत निष्ठुर क्या जाने,
लहू पीने को आतुर निशाचर,
चहुं ओर नीरवता,भय का परिवेश,
कहां जाऊं,जहां इतमीनान की बेला हो,
अपना सर्वस्व रब को किया समर्पण,
ये गम का वक्त भी उन्हें ही अर्पण,
ऊपर वाला ही संचालक,वो ही है उद्धारक।

## जाने कहां गये वो दिन



गजानन पाण्डेय

जाने कहां गये वो दिन
जब दोस्तों का साथ था
दिलों में प्रेम था
सब मिलकर त्योहार मनाते थे
सुख - दुख में साथ निभाते थे ।
दादा - दादी की कहानियों में
बच्चों के लिए सीख थी
छोटे - बडो का लिहाज था
रिश्तों में मर्यादा थी संस्कारों में बंधा समाज था ।
अब रिश्तों में स्वार्थ है झूठ से भरा व्यवहार है
आज के समाज का बस यही किरदार है ।

## मोहक मिश्री सी गुलाबी धूप



कुमुद बाला,
हैदराबाद

नील गगन सी नीलांशी सर्दी,
संग लाई अपने सुनहरी धूप
हर्षित आँगन स्वागत करता,
निरख- निरख उठता स्वरूप
मोहक मिश्री सी गुलाबी धूप
मतवाली सर्द हवाओं संग , मंजरियों की खुशबू उड़ती है
नर्तन मयूर का देख - परख , नूतन बहार मचल उठती है
राग पपीहा जब छेड़ता , गुनगुना उठती है पलाश कली
मनमोहक सरगम पे दीपक की बाती थिरक-थिरक उठती है
घोंसले में बया के चंचल चूजे , देते संदेशा जग को बन भूप
हर्षित आँगन स्वागत करता, निरख- निरख उठता स्वरूप
मोहक मिश्री सी गुलाबी धूप
आँगन हो या मीनारें , लगतीं प्यारी बहुत खिली सी धूप
हरे - पीले पत्तों से भी , बतियाती चलती मीठी सी धूप
हाल- चाल परछाईं का ले , आगे बढ़ती सुनहरी सी धूप
उड़ान भरती अंतरिक्ष मे पंछियों सरीखी नशीली सी धूप
मानव-मानव में प्रेम रहे , हमें दिनकर वरदान देते अनूप
हर्षित आँगन स्वागत करता, निरख-निरख उठता स्वरूप
मोहक मिश्री सी गुलाबी धूप
भोली गैया भी धूप देख , खुश हो के रंभाने लगती है
हिलाता शेरू भी पूँछ , जब धूप आँखमिचौली करती है
सुगबुगाहट होने लगती सुबह- सुबह , पंछी के घोंसले में
जीवन है धूप की ऊर्जा जिससे , नियंत्रित साँस चलती है
धरती-प्रकृति-वृक्ष और नारी,ये चार में साक्षी ईश्वर का रूप
हर्षित आँगन स्वागत करता , निरख- निरख उठता स्वरूप
मोहक मिश्री सी गुलाबी धूप

## गुनगुनी धूप का आनंद



डॉ टी महादेव राव

शीत की कंपाती सुबह में बैठ लें
चलो आँगन में बिछी खाट पर लेट लें
लें गुलाबी ठंड में गुनगुनी धूप का आनंद
आओ आसमान को बाहों में समेट लें
पत्तों की चरमराहट कि कोई आया है
मन किसी आवाज़ से भरमाया है
दूर तक नहीं कोई परिंदा भी
शीत ने संसार को सूना सूना बनाया है
एकाकी भरम में निस्तब्धता को लपेट लें
आओ आसमान को बाहों में समेट लें
कहीं दूर से उठता धुआँ कहे कि कोई है
दूर दूर तक प्रकृति सुंदरता सी सोयी है
मन विचर रहा है संसार भर के एकांत में
ओस की बूंदें ज्यों सारी रात रोयी है
पोंछे आंसू धरती के सूरज गगन में बैठ के
आओ आसमान को बाहों में समेट लें
सारी सड़क सुनसान सी सूनी पड़ी है
राह में गहरे धुंध की बड़ी चादर खड़ी है
कुछ कहने लगा है बहती हवा का शोर
धरती सूरज के बीच चल रही आंखलड़ी है
जीवन के सब रंग प्रकृति संग समेट लें
आओ आसमान को बाहों में समेट लें

## दिल्लगी



टी तारासिंह
हैदराबाद

तुम याद आते हो तो
दिल में फुल खिलते
आंख से आंसू बहते
दिल बेचैन हो जाता ।
जिंदगी उलझी थी पहले
चेहरे पर नूर ना था
अब आयी मुखड़े पर रौनक बहार की
तुम्हारा ही खयाल लिए रहते
अब सपने भी तुम्हारे आते
अक्सर तुम्हारी तस्वीर देख कर
शर्म कर नजरें मिला लेते ओर
प्यार से नजरें झुका लेते
भूले नहीं है तुम्हारा प्यार
आंह भरते फिर तुम्हे याद करते
बहाना है तेरे दीदार का ये प्यार है दिल्लगी नहीं
तुम याद आते हो तो दिल में फुल खिलते रहते ।।

## तुम मेरी जिंदगी की आदत हो,



संजीव ठाकुर,
रायपुर

तुम मेरी जिंदगी की आदत हो,
अब जिंदगी की इबादत हो।।
लोग फूल के बदले पत्थर फेकेंगे,
तेरे लिए मेरी यही शहादत हो।।
शिद्दत से रोज तेरे सपनों में आता हूं,
रूबरू नहीं आता तेरी शिकायत हो।।
बदन से महक बन हवा बहती है इधर,
शायद तेरी खुशबुओं की बगावत हो।।
सरेराह सूली पर चढ़ा दिया मुझे,
खुश हूँ,शायद इसमें तेरी इजाजत हो।।
आए ना आए मेरा खयाल जेहन में तेरे संजीव,
दुआ है, तेरी जिंदगी सही सलामत हो।।

## त्यागें संकीर्णता



दर्शन सिंह
हैदराबाद

न हिंदू बुरा है न मुसलमान बुरा है
जो बुराई पर उतर..,इंसान बुरा है
न जाने क्यूँ तू तू मैं मैं टकराहटें
त्यागें संकीर्णता,.. विधान बुरा है
अलमारी में आराम से गीता कुरान
आपस में लड़ाए.. क़िरदार बुरा है
जिधर से गुजरों, शकुनि विद्यालय
लिया एडमिशन,परिणाम बुरा है
जो आया सो चलसी,सब की आई..
जान कर अनजान, गुमान बुरा है
श्रेष्ठ मंत्र,मन चंगा कठौती में गंगा
नहीं अपनाए तो परिणाम बुरा है
यही मनुष्य प्रवृत्ति,आप आप..चरे
विकृत मानसिकता,अंजाम बुरा है
अच्छी तो लगती है बंधु चाटुकारिता
जागे तो ठीक अन्यथा अध्याय ..है
काँच की तरह होता है यकीन
ग़लत जगह रखोगे हिसाब बुरा है
विकृत मानसिकता,भयावह दृष्य
फूंक कर क़दम अन्यथा कैनवास.. है

## आभास



गीता अग्रवाल
हैदराबाद

आज मुझे आभास हुआ है,कहीं तो कुछ ह्रास हुआ है।
कहीं तो कुछ बर्बाद हुआ है. दूर नहीं मेरे पास हुआ है।।
आज मुझे आभास....
चांदी की दीवार न टूटी,
नफरत की धार है तीखी,
मेरे ही साए में रहकर
कोई दूर अपना खास हुआ है
आज मुझे आभास हुआ है....
जब-जब सच को देखा मैंने,
तब तब झूठ को झेला मैंने,
पुष्प जो आया मेरे हिस्से
वो भी किसी का दास हुआ है।
आज मुझे आभास हुआ है.....
अधरों की मुस्कान भी नकली,
अँसुवन की धार भी नकली,
विश्वास का गला घोट कर
पीठ पीछे वार हुआ है।
आज मुझे आभास हुआ है....
जिसको जाना मैंने अपना,
वो तो निकला दूर का सपना,
एक ही माला के मोती
का क्यों कमजोर तार हुआ है।
आज मुझे आभास हुआ है....
एक एक कड़ी को फिर से जोड़ो,
न की अपने मुल्क को तोड़ो,
ग़र इंसानियत धर्म अपनाया
तभी जीना साकार हुआ है।
आज मुझे आभास हुआ है,कहीं तो कुछ ह्रास हुआ है,
कहीं तो कुछ बर्बाद हुआ है.दूर नहीं मेरे पास हुआ है।
आज मुझे आभास....

## इश्क़



रेणुका अग्रवाल

साथ हो सनम दिल मग़रूर हुआ जाता है।
थी बेबसी तो इश्क़ मशहूर हुआ जाता है।
कैसे कैसे मुक़ाम से ज़िन्दगी को गुज़ार दिया
आज सोंचू तो चेहरा बेनूर हुआ जाता है।
तमन्ना थी सुखों की छाँव में साँस लेने की
वक़्त ज़ालिम है काफ़ूर हुआ जाता है।
जीवन भर की हयात चाही एक पल न मिला
तन्हा ज़िंदगी गुजारूं ये दस्तूर हुआ जाता है।
जिनसे राब्ता ही न रहेगा उम्र भर के लिये
उनके लिये ज़िन्दगी से दूर हुआ जाता है।
रेणू सबकी सुन सुन कर जीना नहीं है तुमको
सिर्फ़ तुम्हे क्यों जीने का शऊर हुआ जाता है।

## अपनी मस्ती में



चंद्रप्रकाश शर्मा
हैदराबाद

मैं सड़क के किनारे
अपनी मस्ती में
आकाश निहार रहा था
उसकी याद में खोया था
ठंडी फुहार पड रही थी
मंद समीर बह रहा था
मैं स्वयं में खोया था
चेहरे पर कभी गम
कभी खुशी की लहर थी अपनी मस्ती में
मैं स्वयं में खोया था जाने कितने समय बीता
जाने कितने लोग गुजरे जाने कितनी गाड़ियां गुजरी
मालूम नहीं था एक बुजुर्ग ने मुझे हिलाया
बोला क्यों भाई उतरी कि नहीं उतरी
या अभी बाकी है मैं दुनिया में लौट आया
आंखें मस्त थी चेहरे पर हंसी थी
वह बोला मैं समझ गया आगे बढ़ा और चला गया
जाने क्यों लोग हर बात अपनी तरह से समझते हैं
अपने को छोड़कर दूसरों को इंगित करते हैं
लोग शीशे में अपनी शक्ल तो देखते हैं
सवरते है सजते हैं मगर कभी खुद को
नहीं देखते जाने यह राज लोग
कब जानेंगे मैं सड़क के किनारे
अपनी मस्ती में उसकी याद में खोया था
उसके प्यार में डूबा था

## झलक



हेमंत सुराना

घोड़ा, गाड़ी, पैदल
चले सब अपनी धुन में
ढूँढ रहा था मैं,
खुशी की झलक उनमें
मॉल, दुकान, शोरूम
ढेरों सामान हाथ में
ढूँढ रहा था मैं,
खुशी की झलक उनमें
पाँच सितारा, नुक्कड़ गया खान पान भी हो गया
ढूँढ रहा था मैं, खुशी की झलक उनमें
अमीर, गरीब, शहर शहर ढूँढा उसे इधर-उधर,
रूठ गई क्यों यह खुशी क्यों खफा हमसे हुई,
धड़कनों में समा गई या प्रकृति ने चुरा ली,
ला दो सबके चेहरे पर बेशुमार खुशियों के पल,
बेशुमार खुशियों के पल ।

## आधुनिकता की अंधी दौड़



प्रतिमा सिंह
हैदराबाद

आधुनिकता की अंधी दौड़ में,
इतने भी न रम जाओ कि
आगे दलदल है, खाई है,
ये भी ना देख पाओ
पुराने नियम,
मान्यताओं को झुठला कर,
उन्हें दकियानुसी, बेकार,
बेबुनियादी बताकर,
उन्मुक्त गगन में विचरने की चाह में,
देख तो लो !
कहीं कोई चील, बाज़, साथ तो नहीं चल रहे ?
शादी, सतीत्व, सुसंस्कार,
रूढ़िवादी परंपराएं माना,
बोझ लगती हैं,
माता पिता की सीख ओल्ड फैशन लगती है।
आधुनिक सोच, आधुनिक रिश्ते,
लीक से हटकर कुछ करने की ललक,
क्या - क्या रंग दिखलाते हैं,
जिसे साहिल बना बैठे, समंदर में डूबोते हैं ।
समय रहते संभल जाए तो बेहतर है,
न जाने कौन - से मंजर खंजर घोंप जाएंगे ।

## नव कवि



डॉ. डी. डी.
देसाई

अभी अभी तो पौ फटी हैं..
और आलम ये हैं
सुनहरी लालिमा की जगह
तेज तर्रार काया...
स्वार्णिम...अलौकिक....
जब तुम बढ़ोगे दर्या पार
बहते झरने की तरह
निश्चल...शीतल...सशक्त..
सहमे से प्रवाह को पार
क्षितिज पर हो सवार
सूर्यरथ दौड़ाओगे एक दिन
दुनिया देखेगी तुम्हे..
हर्षित...चकित...
मूर्तिवत.... पूजेगी तुम्हे......
थाल सजायेगी..
फूलों संग सितारे होंगे
दीपों संग दावानल होंगे
प्रकृति मे गुंजेंगे गान
आसमान होगा हर्षित.. पुलकित
श्रद्धासुमन की होगी बौछार
तब भी तुम लिखते रहना
बढ़ते रहना...हे नव कवि।

## शिक्षक आसमान से



के.एल. प्रभाकर प्राण

चाँद तारों को तोड़ कर नहीं ला सकता
परंतु, शिक्षक विद्यार्थी रूपी चाँद तारों को
धरती पर खुद बना सकता
शिक्षक हीरे की निधि से हीरे नहीं ला सकता
परंतु, शिक्षक विद्यार्थी रूपी हीरे को
खुद बना सकता
शिक्षक सागर मंथन कर
अमृत का खोज नहीं कर सकता
परंतु, अपना ज्ञान देकर
विद्यार्थियों में अमृत भर सकता
शिक्षक विश्व का भ्रमण नहीं कर सकता
परंतु, शिक्षक को देखकर
विश्व ही कक्षा में प्रवेश करता है
शिक्षक केवल तीन अक्षर नहीं है
शिक्षक पंच भूतों-सा वर है
शिक्षक पंच भूतों- सा वर है
युगों युगों तक गूंजता उनका स्वर है।

स्वतंत्र वार्ता
काव्य कुंज ब्लॉग
AGA, Publications, Ltd,
396, Lower Tankbund,
Hyderabad-500080

# लॉ कॉलेज में टारगेट पर हिंदू लड़कियां

## प्रोफेसर पढ़ा रहे- हिंदू आतंकवादी, शिवसेना डकैत

एमपी की आर्थिक राजधानी इंदौर के शासकीय लॉ कॉलेज में धार्मिक कट्टरता फैलाने का जबर्दस्त विवाद बढ़ गया है। शुक्रवार शाम को कुछ छात्रों ने एक किताब को लेकर हंगामा किया। इसे छात्रों ने यहां के प्रोफेसर्स की ओर से हिंदू लड़कियों को लव जिहाद में फंसाने के सबूत के तौर पर पेश किया। किताब में लिखा है- हिंदू मुख्य आतंकवादी हैं। साथ ही विश्व हिंदू परिषद, आरएसएस को लेकर भी आपत्तिजनक बातें लिखी गई हैं। इस किताब की कई प्रतियां लाइब्रेरी में रखी गई हैं। किताब लिखने वाली लेखिका पर भी छात्र संगठनों ने प्रकरण दर्ज करने की मांग की है। लाइब्रेरी में किताब किसकी अनुमति से रखवाई गई, अब इसे लेकर भी हंगामा बरपा है। पता चला है कि इसी तरह की अन्य किताबें भी लाइब्रेरी में हैं।

इस मामले में गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा- दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। डॉ. फरहत खान द्वारा लिखी गई किताब की 24 घंटे में जांच कर एफआईआर दर्ज करने के निर्देश इंदौर कमिश्नर को दिए हैं। लॉ कॉलेज के छात्रों ने पुलिस को सबूत सौंपे हैं। भंवरकुआं थाने में एक आवेदन भी दिया है। जिसमें किताब के लेखक, लॉ कॉलेज के प्राचार्य और एक शिक्षक पर केस दर्ज करने की मांग की है। पुलिस भी अब किताब का अध्ययन कर रही है। जांच के बाद वैधानिक कार्रवाई की बात कही है।

लॉ कॉलेज में हिंदू लड़कियों को धर्म विशेष के स्टूडेंट की ओर से टारगेट करने की बात भी सामने आई है। कॉलेज में सामने आए विवाद के बाद लड़कियां डरी सहमी हैं। बहुत सारी लड़कियां तो कॉलेज भी नहीं आ रहीं। वहीं, धर्म विशेष के स्टूडेंट्स भी गायब हैं। शासकीय नवीन विधि महाविद्यालय में धार्मिक कट्टरता फैलाने और प्रोफेसर पर अनुशासनहीनता के आरोप लगे हैं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने इसकी शिकायत कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. इनामुर्रहमान से की थी। इसके बाद उन्होंने कॉलेज के 6 प्रोफेसरों को 5 दिन के लिए रिलीव कर दिया। प्राचार्य की ओर से इस संबंध में जारी आदेश में लिखा गया है कि स्वतंत्र समिति की ओर से मामले की जांच की जानी है, इसलिए शिक्षकों को कार्यमुक्त किया जाता है, ताकि कॉलेज स्तर पर की जा रही जांच प्रभावित न हो।

पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान, बर्मा में सांप्रदायिकता का संघर्ष नहीं है। शासन तो वहां भी सैकड़ों वर्ष अंग्रेजों का रहा था और अमेरिका का हस्तक्षेप आज भी इनकी सत्ता पर रहता है। आज सारे हिंदू संगठन एक स्वर से मुसलमानों के कश्मीर में धारा 370 लगाकर विशेष सुविधाएं देने का विरोध यह कहकर करते हैं कि कश्मीर में उग्रवाद धारा 370 के कारण ही पनप रहा है। यदि इनसे पूछा जाए कि पंजाब में उग्रवाद क्यों है, बिहार, उत्तर प्रदेश, असम में जहां हिंदू उग्रवाद है, वहां भी धारा 370 क्यों नहीं लगी है। हिंदू कहते हैं कि समान नागरिक संहिता की बात कहकर हम मुसलमानों के कानून में सुधार करना चाहते हैं, जो नारी के विरुद्ध है। यदि उनसे पूछा जाए कि आप अपने व्यक्तिगत कानून को और भी शास्त्रों के कानून को क्यों लागू करना चाहते हैं, जो शूद्र स्त्री और गैर हिंदुओं के विरुद्ध है। पहले हिंदुओं को अपने सिविल कोड में सुधार की बात करनी चाहिए।

उपरोक्त संक्षिप्त विवरण में हमने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और उसकी परिवार की संस्थाओं के क्रियाकलाप पर प्रकाश डाला। हिंदुओं के जितने भी सामाजिक, राजनीतिक और धार्मिक संगठन बने हैं। उनका एक मात्र उद्देश्य देश के मुसलमानों का विनाश करना है और शूद्रों को दास बनाना है। हिंदू पद पादशाही कायम करना है और हिंदू राजतंत्र का शासन वापस लाकर ब्राह्मण को पृथ्वी का देवता बनाकर पूज्य बनाना है।

किताब में विहिप पर भी आपत्तिजनक टिप्पणी डॉ. फरहत खान की किताब में विश्व हिंदू परिषद को लेकर लिखा है- विश्व हिंदू परिषद जैसे संगठन हिंदू बहुमत का राज्य स्थापित करना चाहता हैं। दूसरे समुदायों को शक्तिहीन बनाकर गुलाम बनाना चाहता हैं। पंजाब में सिखों के खिलाफ शिवसेना जैसे त्रिशूलधारी नए संगठनों ने मोर्चा बना लिया है। अपनी सांप्रदायिक गतिविधियों को मंदिरों और अन्य धार्मिक स्थलों से संचालित करने लगे हैं। शिवसेना हिंदू राष्ट्र का नारा दे रही है, जो पूरे सिख समाज के विरुद्ध हैं। अब शिवसेना के नौजवान सिखों के घरों में डकैती और अनजानी घटनाएं कर रहे हैं। यहां तक कि निर्दोष सिखों की हत्याएं भी कर रहे हैं। हिंदू शिव सेना के लोगों ने बैंक में डकैतियां भी डाली हैं। पंजाब में जो कुछ हो रहा है, पंजाबी और उर्दू अखबार ही सही लिखते हैं और हिंदी अखबार झूठ। पंजाब का सच आज यह है कि मुख्य आंतकवादी हिंदू हैं और सिख प्रतिक्रिया में आतंकवादी बन रहा है।



### लड़कियों को किया जाता है टारगेट

नाम न छापने की शर्त पर कॉलेज की छात्राओं ने बताया कि क्लास में मुस्लिम लड़के हिंदू लड़कियों को टारगेट करते हैं। फर्स्ट और सेकंड सेमेस्टर में हिंदू लड़कियों को लव जिहाद में फंसाने का काम होता है। इसमें कुछ धर्म विशेष की लड़कियां भी साथ देती हैं। वो ही हिंदू लड़की का उनके धर्म के लड़के से परिचय करवाती हैं। बाद में दोनों स्टूडेंट के बीच फोन नंबर एक्सचेंज होते हैं। बाहर से पढ़ने के लिए इंदौर आई हिंदू लड़कियां इनका सॉफ्ट टारगेट होती हैं। हॉस्टल में रहने वाली लड़की को तो एक लड़के ने परेशान कर रखा है। लड़के का कहना है कि मुझसे या फिर सर से कमिटेड होना पड़ेगा। अपना धर्म बदल लो और शादी कर लो। कॉलेज की छात्राओं ने बताया कि जिन लड़कियों से धर्म विशेष के लड़कों की दोस्ती हो जाती है, वे उन्हें बाहर घुमाने ले जाते हैं। क्लास में सिर्फ बैग रखे रहते हैं।

कॉलेज की छात्राओं ने बताया कि सभी स्टूडेंट को यहीं पढ़ाई करनी है। यदि किसी टीचर या स्टूडेंट को लेकर शिकायत की तो हो सकता है कि उन्हें कॉलेज प्रशासन की ओर से परेशान किया जाए। इंटरनल मार्क्स तो कॉलेज के ही हाथ में रहते हैं, इसलिए स्टूडेंट कुछ नहीं कहते। वहीं, कॉलेज में जो हिंदू टीचर हैं, उन्हें भी अपनी नौकरी करनी है, इसलिए वो भी आवाज नहीं उठाते हैं।

प्राचार्य डॉ. इनामुर्रहमान का कहना है कि किताब के लिए लेखक और प्रकाशक दोषी हैं। लाइब्रेरी में किताब कैसे आई, इसकी हम जांच करवाएंगे। साथ ही किताबों का चयन करने वाली कमेटी से भी स्पष्टीकरण लेंगे। सभी किताबों को स्क्रूटनी के बाद नष्ट करवाएंगे। इस तरह की चीजें समाज के लिए घातक हैं।

लॉ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. इनामुर्रहमान। प्राचार्य की मुश्किलें बढ़ती ही जा रही हैं। कॉलेज में धार्मिक कट्टरता फैलाने के बाद अब लाइब्रेरी विवाद भी सामने आ गया है।

### कुछ स्टूडेंट्स को ही समस्या हैः प्रोफेसर

कॉलेज की प्रोफेसर डॉ. पूर्णिमा बीसे पर भी स्टूडेंट्स ने आरोप लगाए हैं। स्टूडेंट्स का कहना है कि प्रोफेसर का व्यवहार ठीक नहीं है। इस पर प्रोफेसर से बात की गई तो उन्होंने कहा- कॉलेज बंद होने के समय स्टूडेंट्स मेरे पास सामान इशू करवाने आएंगे तो मैं मना ही करूंगी न। ग्राउंड की इंचार्ज मैं नहीं हूं। ग्राउंड बन रहा है।

ग्राउंड के इंचार्ज डॉ. विपिन कुमार मिश्रा है। वो जब तक ग्राउंड क्लियर करके नहीं देंगे, मैं बच्चों को खेलने की परमिशन नहीं दे सकती, इसलिए उन्हें मना किया। बच्चों को मैं यूनिवर्सिटी की परमिशन लेकर प्राइवेट ग्राउंड उपलब्ध करवा रही हूं। जीएसीसी ग्राउंड लेकर प्रैक्टिस करवाई है। प्रिंसिपल सर को इस संबंध में जानकारी भी दी है। प्रिंसिपल सर के कहने पर ही हमने स्टूडेंट को कुछ सामान दिया था, जो कि अभी तक नहीं मिला है। कुछ स्टूडेंट्स को ही समस्या है।

कॉलेज में धार्मिक कट्टरता फैलाने के सवाल पर प्रो. सुहैल अहमद वाणी ने कहा, 'मुझ पर लगे आरोप निराधार हैं। ऐसी कोई सिचुएशन है ही नहीं। हम प्रोफेशनल टीचर हैं। जो भी कॉलेज का काम दिया गया, उसे पूरा किया। मैं 2014 से कॉलेज में पढ़ा रहा हूं। पहली बार ही ऐसा हुआ है। कॉलेज में धार्मिक एंगल से किसी चीज को देखें, यहां ऐसा कुछ नहीं है।

### गृहमंत्री बोले, किसी को बख्शा नहीं जाएगा

गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा- इंदौर के शासकीय नवीन विधि महाविद्यालय में राष्ट्र विरोधी गतिविधियां संचालित करने के मामले में जांच के आदेश के साथ 5 लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में शामिल होने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। किसी को बख्शा नहीं जाएगा। एलएलएम तीसरे सेमेस्टर के एक छात्र ने भंवरकुआं थाने में किताब के लेखक डॉ.फरहत खान, लॉ कॉलेज के प्राचार्य इनामुर्रहमान, प्रोफेसर डॉ.मिर्जा मोईज के खिलाफ आवेदन दिया है।

जिसमें लिखा है कि लेखक डॉ.फरहत खान द्वारा एक किताब शीर्षक सामूहिक हिंसा एवं दाण्डिक न्याय पद्धति का लेखन किया गया है। किताब में लेखक ने जानबूझकर झूठ और बिना किसी सबूत के हिन्दू धर्म के खिलाफ झूठी टिप्पणियां की हैं। विषयांतर्गत पुस्तक को धर्म विशेष के प्रोफेसरों द्वारा जानबूझ कर छात्रों को रेफर किया जा रहा है।आवेदन में छात्र ने लिखा है कि कॉलेज के प्रोफेसर छात्रों पर किताब पढ़ने के लिए दबाव बनाते हैं। उन्हें डराया धमकाया जा रहा है कि यदि किताब का रेफरेंस परीक्षा में नहीं लिखा तो उन्हें पास नहीं होने दिया जाएगा। कॉलेज के तार कई राष्ट्र विरोधी संगठनों से जोड़कर षड्यंत्रकारी छात्रों का ब्रेन वॉश कर रहे हैं। संगठनों में आगे की ट्रेनिंग लेने के लिए भी उकसाया जा रहा है।

# यात्रा ने राहुल को चतुर और कांग्रेस को भय-मुक्त बना दिया !



श्रवण गर्ग

आने वाले सालों में जब एक दिन प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व का तिलिस्म किसी कमजोर पड़ते तूफ़ान की तरह फ़ीका पड़ने लगेगा या भाजपा को सत्ता हाथों से फिसलती दिखाई देगी, क्या नरेंद्र मोदी या उनकी पार्टी का कोई दूसरा नेता राहुल गांधी की तरह भारत की सड़कों पर पैदल निकल कर जनता का सामना करने की हिम्मत जुटा पाएगा ? क्या उन्हें भी इसी तरह की भीड़ और आत्मीयता की उम्मीद करना चाहिए ? कंठ -कंठ तक कष्टों से भरे लोगों के पास तब तक अपने मन की बात कहने और उनसे पूछने के लिए काफ़ी सवाल जमा हो जाएँगे।

प्रधानमंत्री ने मई 2014 में अपनी संसदीय पारी देश को कांग्रेस से मुक्त करने के संकल्प के साथ प्रारंभ की थी। अपने साढ़े आठ साल के एकछत्र शासनकाल के दौरान वे तो विपक्ष-मुक्त भारत की स्थापना नहीं कर पाए पर राहुल गांधी से उम्मीद की जा सकती है कि युवा नेता अपनी पाँच महीनों की पैदल यात्रा से ही कांग्रेस और देश को भाजपा से भय-मुक्त कर देंगे। किसी समय जो डर कांग्रेस के चेहरे पर उसके अस्तित्व को लेकर पैदा कर दिया गया था वही इस समय उन भाजपा सरकारों की पेशानियों से टपकता नज़र आ रहा है जहां-जहां से राहुल की यात्रा गुज़र रही है। कोई आश्चर्य नहीं कि मुख्यमंत्रियों को राहुल के चेहरे में सद्दाम हुसैन नज़र आने लगे हैं। अभी तो काफ़ी यात्रा भी बची हुई है।

सचाई यह भी है कि राहुल गांधी की एक यात्रा भर से ही दिल्ली की सल्तनत कांग्रेस को हासिल नहीं होने वाली। मल्लिकार्जुन खड़गे ने चाहे घोषणा कर दी हो कि 2024 के लोकसभा चुनावों में राहुल गांधी विपक्ष की ओर से प्रधानमंत्री पद के दावेदार होंगे, दूर की कोड़ी है कि नए कांग्रेस अध्यक्ष की कामना आसानी से पूरी भी हो जाएगी। पाँच महीनों की एक पदयात्रा से इतने बड़े फल की प्राप्ति नहीं हो सकती। अगर पदयात्राओं में ही स्वराज और सरकारें उगलने का सामर्थ्य उत्पन्न हो जाता तो महात्मा गांधी अंग्रेजों का बनाया नामक क़ानून तोड़ने के लिए साबरमती से डांडी तक 385 किलोमीटर ही चलने के बजाय कन्याकुमारी से लाहौर तक सात हज़ार किलो मीटर की पैदल यात्रा पर निकलते। ग्राम स्वराज आंदोलन के प्रणेता आचार्य विनोबा भावे की भूदान यात्रा भी व्यापक जन-समर्थन के बावजूद अपने उद्देश्यों में पूरी सफल नहीं हो पाई।

राहुल की यात्रा ने दो बड़े काम कांग्रेस के हित में और दो अन्य देश की जनता और संघ-भाजपा के लिए अवश्य कर दिखाए हैं। महाराष्ट्र प्रवास के दौरान सावरकर को लेकर की गई विवादास्पद टिप्पणी को अगर छोड़ दिया जाये तो राहुल ने अपनी अब तक की क़रीब बाईस सौ किलोमीटर की यात्रा में कोई ऐसी बड़ी रणनीतिक चूक नहीं की जिसे भाजपा का चतुर मीडिया सेल और क्रूर गोदी मीडिया के अराजक रिपोर्टर-एंकर ढूँढ़-ढूँढ़ कर अपनी नक़ली खोजी पत्रकारिता की राई का पहाड़ खड़ा कर सकें।



राहुल की यात्रा ने कांग्रेस के लिए जो दो काम किए उनमें एक वही है जिसका कि ज़िक्र उन्होंने इंदौर की पत्रकार वार्ता में स्वयं कर दिया था। हज़ारों करोड़ खर्च करके जनता के बीच राहुल की छवि को भ्रष्ट करने की जितनी मेहनत सत्तारूढ़ दल के प्रचार तंत्र ने पिछले आठ वर्षों में की थी उस पर बिना कोड़ी खर्च के जनता द्वारा ही पानी फेर दिया गया। भाजपा द्वारा बड़े अरमानों से गढ़े गए 'पप्पू' को यात्रा ने एक बहादुर नायक में बदल दिया, सड़कों की राजनीति का चतुर खिलाड़ी बना दिया। कांग्रेस के अंदरूनी और विपक्ष के बाहरी विरोधियों का परेशान होना स्वाभाविक है।

कांग्रेस के लिए दूसरा काम यात्रा ने यह किया कि पार्टी कार्यकर्ताओं को भाजपा और सरकारी एजेंसियों के ख़ौफ़ के प्रति काफ़ी हद तक सहज कर दिया। भाजपाई मुख्यमंत्रियों की गोद में झूलने को बेताब रहने वाले पार्टी नेताओं के चाल-चलन पर भी शर्म की काफ़ी लगाम लग गई। समर्पित कार्यकर्ताओं के चेहरों पर मुस्कुराहटें फिर नज़र आने लगीं और पलायन भी थमने लगा। कांग्रेस से दल-बदल करवाने के लिए भाजपा को अब और ज़्यादा मेहनत करना पड़ेगी।

देश-हित में राहुल की यात्रा का योगदान यह माना जा सकता है कि नागरिक सत्तारूढ़ दल और उसके आनुषंगिक संगठनों के उग्रवादी कार्यकर्ताओं से कम डरने लगेंगे। गौर किया जा सकता है कि सांप्रदायिक विद्वेष की घटनाओं में कमी दिखाई देने लगी है। महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश जैसे भाजपा शासित और सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील प्रदेशों में भी यात्रा का हज़ारों नागरिकों द्वारा पूरे रास्ते बिना किसी भय के स्वागत किया गया। दल बदल नहीं करवाया गया होता तो दोनों राज्यों में इस समय जनता द्वारा चुनी गईं ग़ैर-भाजपाई सरकारें ही सत्ता में होतीं। इसे यात्रा की उपलब्धि माना जा सकता है कि नागरिकों ने बिना डरे अपनी बात कहना और समर्थन व्यक्त करना प्रारंभ कर दिया है।

संघ और भाजपा के लिए रणनीतिक चिंता का विषय हो सकता है कि उसे 2024 की चुनावी लड़ाई सीधे जनता के साथ सड़कों पर लड़ना पड़ सकती है और मतदाताओं को मंत्रमुग्ध करने वाली प्रधानमंत्री की ओजस्वी वाणी ज़्यादा प्रभावी साबित नहीं हो पाए। 'भारत जोड़ो यात्रा' से कांग्रेस को एक नया हथियार हासिल हो गया है। गुजरात और हिमाचल के चुनाव परिणामों के साथ आठ दिसंबर के बाद से चीजें ज़्यादा साफ़ होने लगेंगी और उसी दौरान राहुल की पदयात्रा भी जारी रहने वाली है। अनुमान यह भी लगाया जा सकता है कि राहुल की यात्रा की समाप्ति लोकसभा के निर्णायक चुनावों के बाद ही हो और वे तब तक राजनीति के और ज़्यादा चतुर खिलाड़ी बन जाएंगे।

ऊपर की बात को इस तरह समझा जा सकता है : राहुल गांधी बीच यात्रा से संजय राऊत को फ़ोन करके उनकी तबीयत का हाल पूछ लेते हैं और उसके बाद उनके द्वारा सावरकर पर की गई टिप्पणी के कारण उत्पन्न हुआ सहयोगी दल शिव सेना का ग़ुस्सा पूरा ठंडा पड़ जाता है। यात्रा के राजस्थान में प्रवेश के ठीक पहले मुख्यमंत्री अशोक गहलोत अपने पूर्व उप-मुख्यमंत्री सचिन पायलट को सार्वजनिक रूप से ग़द्दार घोषित कर देते हैं और राहुल गांधी इस पर पूछे गये एक सवाल का जवाब यह देते हैं कि कांग्रेस के लिए दोनों ही असेट हैं। इस तरह के राजनीतिक रूप से समझदार राहुल गांधी की देश द्वारा कल्पना क्या 7 सितंबर 2022 के पहले की जा सकती थी जब कांग्रेस नेता ने कन्याकुमारी से अपनी बहु-चर्चित भारत जोड़ो यात्रा प्रारंभ की थी ?

# जबरन धर्मांतरण पर रोक जरूरी




स्वामी रामकृष्ण परमहंस के अनन्यभक्त स्वामी विवेकानंद ने 1893 में अमेरिका के शिकागो में आयोजित धर्म संसद में कहा था ."जो धर्म चिरकाल से जगत के समदर्शन और सर्वाधिक मत–ग्रहण की शिक्षा देता आया है, मैं उसी धर्म में शामिल अपने को गौरवान्वित महसूस करता हूं। हम लोग केवल दूसरे धर्मावलंबी के मतों के प्रति सहिष्णु हैं, ऐसा नहीं है, हम यह भी विश्वास करते हैं कि सभी धर्म सत्य हैं।

संविधान विशेषज्ञ फैजान मुस्तफा लिखते हैंः धर्मांतरण विरोधी कानून पुराने आधार पर बनाए गए हैं कि महिलाओं, एससी और एसटी को सुरक्षा की जरूरत है, वे अपने दम पर महत्वपूर्ण निर्णय नहीं ले सकते हैं। स्वामी विवेकानंद ने कहा, "जिस धर्म की पवित्र भाषा में हेय या परित्याज्य के शब्द का किसी भी तरह अनुवाद नहीं किया जा सकता, मैं उसी धर्म से जुड़ा हूं। जो जाति पृथ्वी के समस्त धर्म और जाति के उत्पीड़ितों और शरणार्थियों को हमेशा से, खुले मन से, आश्रय देता आया है, मुझे ऐसे देश का व्यक्ति होने पर गर्व है।" संभवतः स्वामी विवेकानन्द की इसी उपरोक्त विवेचनात्मक उक्ति को ध्यान में रखकर पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट के विद्वान न्यायमूर्ति एमआर शाह और सी टी रविकुमार की पीठ ने भाजपा नेता और वकील अश्वनी कुमार उपाध्याय की याचिका पर टिप्पणी की होगी। केंद्र सरकार ने पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट में कहा कि धार्मिक स्वतंत्रता में अन्य लोगों को किसी विशेष धर्म में परिवर्तित करने का मौलिक अधिकार नहीं है।

यह निश्चित रूप से धोखाधड़ी, जबरदस्ती या प्रलोभन के माध्यम से किसी व्यक्ति को परिवर्तित करने के अधिकार को स्वीकार नहीं करता। धर्म परिवर्तन करवाना किसी का अधिकार नहीं हो सकता। धर्म परिवर्तन पर सरकार की ओर से सुप्रीम कोर्ट में पेश हलफनामे में यह जानकारी दी गई है। सरकार ने कहा है कि वह जबरन धर्म परिवर्तन के इस खतरे से परिचित है। ऐसी प्रथाओं पर काबू पाने वाले कानून समाज के कमजोर वर्गों के अधिकारों की रक्षा के लिए आवश्यक हैं।

ज्ञात हो कि सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट अश्विनी उपाध्याय द्वारा एक याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें केंद्र और राज्यों को उपहार और मुद्रा प्रतिबंधों के माध्यम से डराने, धमकाने, धोखा देने और लालच देकर होने वाले धर्मांतरण को रोकने के लिए कदम उठाने का निर्देश देने की मांग की गई थी। उपाध्याय ने अपने अनुरोध में कहा था कि जबरन धर्म परिवर्तन एक राष्ट्रव्यापी समस्या है, जिसके तत्काल समाधान की आवश्यकता है। उपाध्याय ने प्रस्तुत किया था कि इस तरह के जबरन धर्मांतरण के शिकार अक्सर सामाजिक और आर्थिक रूप से अपरिचित लोग होते हैं। विशेष रूप से देखने वाली बात यह है कि ये सब अनुसूचित जाति और जनजाति के लोग होते हैं।

हालांकि, सरकार इस तरह के खतरों के खिलाफ ठोस कार्रवाई करने में विफल रही है। धोखाधड़ी, धोखा और डराने-धमकाने के माध्यम से इस तरह के धर्मांतरण को व्यापक रूप से लेते हुए, अदालत ने कहा कि यदि इस तरह के धार्मिक धर्मांतरणों को नहीं रोका जाता है, तो वे राष्ट्रीय सुरक्षा और नागरिकों के धर्म और विवेक की स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार के लिए खतरा पैदा कर सकते हैं। जस्टिस शाह और हिमा कोहली की सुप्रीम कोर्ट की खंडपीठ ने इस मामले की सुनवाई करते हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से उन उपायों को बताने को कहा, जो सरकार लालच के माध्यम से जबरन धर्म परिवर्तन को रोकने के लिए कर रही है।

खंडपीठ ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया है कि वह अपना रुख स्पष्ट करे और जवाब दे कि बल, छेड़खानी या धोखाधड़ी के माध्यम से इस तरह के जबरन धर्म परिवर्तन को रोकने के लिए क्या कदम उठाए जा सकते हैं। न्यायालय ने इस संबंध में कहा कि धर्म की स्वतंत्रता हो सकती है, लेकिन जबरन धर्म परिवर्तन से धर्म की स्वतंत्रता नहीं हो सकती है। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी ने धर्मांतरण के खिलाफ राष्ट्रीय सहमति बनाए जाने पर बल दिया था। उन्होंने कहा था कि इसके लिए राष्ट्रीय स्तर पर बहस होनी चाहिए। श्री आडवाणी के अनुसार धर्मांतरण के विरुद्ध अभियान किसी समुदाय के खिलाफ नहीं हो सकता है, और न ही होना चाहिए। संविधान विशेषज्ञ फैजान मुस्तफा लिखते हैंः धर्मांतरण विरोधी कानून पुराने आधार पर बनाए गए हैं कि महिलाओं, एससी और एसटी को सुरक्षा की जरूरत है, वे अपने दम पर महत्वपूर्ण निर्णय नहीं ले सकते हैं। वे एक जातिवादी और पितृसत्तात्मक समाज के सामाजिक पदों पर टिके रहते हैं।

दुनिया में तीन ऐसे बड़े धर्म हैं जिनके कारण दुनियां में "धर्मांतरण" जैसा शब्द आया। यह बड़े धर्म हैं- बौद्ध, ईसाई और इस्लाम । तीनों ही धर्मों ने दुनिया के पुराने धर्मों के लोगों को अपने धर्मों में स्वेच्छा से दीक्षित किया और जबरन धर्मांतरित किया। उस काल में इन तीनों धर्मों के सामने थे हिंदू, यहूदी धर्म के अलावा दुनिया के कई तमाम छोटे और बड़े धर्म। भारत में प्राचीन काल से ही दो धर्म अस्तित्व में रहे पहला जैन और दूसरा हिंदू धर्म है। उन दोनों ही धर्मों के लोगों को धर्मांतरण के लिए कहीं-कहीं स्वेच्छा से, तो अधिकतर मजबूरी के चलते अपना धर्म छोड़कर दूसरा धर्म अपनाना पड़ा। प्राचीन काल से लेकर आज तक भारतीय समाज में बड़े पैमाने पर धर्मांतरण होते आए हैं। प्राचीन काल में जैन और बौद्ध धर्मों में हिंदुओं का धर्मांतरण हुआ, मध्यकाल में इस्लाम और सिख धर्म में और आधुनिक काल में हिंदुओं का ईसाई और बौद्ध तथा इस्लाम में धर्मांतरण जारी है।

स्वामी विवेकानंद ने कहा है कि "प्रत्येक व्यक्ति अपने ही धर्म से कुछ इस प्रकार चिपककर अंधा हो गया है कि उसके पास अपने आसपास देखने की दृष्टि ही नहीं है। वह देख नहीं पाता कि संसार में किसी और का भी अस्तित्व है। वह सब को अपने जैसा बनाने के लिए निरंतर संघर्ष करता ही रहता है।

वह अपने विकास का प्रयत्न नहीं करता, वह औरों को अपने जैसा बनाने में अपना प्राण खपाता रहता है। वह अपने धर्म को समझने का प्रयत्न नहीं करता, दूसरों का धर्म परिवर्तन कराने का प्रयत्न करता है। वस्तुतः धर्म वही पूर्ण होगा, जो संसार भर के वैविध्यपूर्ण चरित्रों को अपने हृदय में स्थान दे सके।

# मनी प्लांट से भी ज्यादा शुभ होते हैं ये 5 पौधे




**तुलसी का पौधा-** घर में तुलसी का पौधा रखना बहुत ही शुभ होता है। जी दरअसल ऐसा कहते हैं कि तुलसी मां लक्ष्मी का स्वरूप होती है। जी हाँ और जिस घर में तुलसी का पौधा होता है, वहां श्री हरि भगवान विष्णु की कृपा हमेशा बनी रहती है। इसके अलावा ऐसी भी मान्यता है तुलसी के घर में रहने से न सिर्फ आरोग्य का वरदान प्राप्त होता है, बल्कि धन के भंडार भी कभी खाली नहीं होते हैं।



**दूब का पौधा-** वास्तु के अनुसार, जिन घर के बगीचों, छतों या बालकनी में दूब का पौधा लगा होता है, वहां कभी धन की कमी नहीं होती है। ऐसा भी कहा जाता है घर के सामने दूब का पौधा लगाने के और भी कई फायदे होते हैं। जी दरअसल संतान प्राप्ति के लिए भी घर के सामने इस पौधे को लगाना शुभ माना जाता है। इसी के साथ इसको घर के सामने लगाने से घर में हमेशा सुख-शांति का माहौल बना रहता है।



**श्वेतार्क-** श्वेतार्क के पत्तों और टहनियों को तोड़ने पर उनमें से दूध जैसा सफेद पदार्थ निकलता है। जी हाँ और इस पौधे को गणपति जी का प्रतीक माना जाता है। वहीं वास्तु में इस पौधे को घर में रखना बहुत ही शुभ बताया गया है। कहा जाता है श्वेतार्क का पौधा घर में रखने से सुख, शांति और समृद्धि की प्राप्ति होती है।



**कनेर का पौधा-** कनेर का सफेद फूल माता लक्ष्मी को अर्पित किया जाता है। जी हाँ और ऐसा कहते हैं कि घर में कनेर के फूल की बिखरी खूशबू दरिद्रता दूर करती है और खुशहाली लेकर आती है।



**जेड प्लांट-** इसको क्रसुला ओवाटा भी कहते है और ये पौधा घर में धन को आकर्षित करता है। जी हाँ और इससे घर में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवेश होता है और नकारात्मकता दूर होती है।

# इन राशियों के लिए 2023 रहेगा शानदार

नया साल हम सभी के लिए नई उम्मीदें लेकर आता है। हम सभी सोचते हैं कि बीते साल में हमें नौकरी या बिजनेस में जो सफलताएं नहीं मिलीं वो शायद नए साल में मिलेंगी। हर कोई अपने भविष्य को जानने के लिए उत्सुक रहता है जिसकी थोड़ी-बहुत जानकारी हमें ज्योतिष शास्त्र से मिल सकती है।

1. **मेष-** मेष राशि वालों के लिए साल 2023 में आर्थिक उन्नति के योग बनेंगे और वित्तीय रूप से स्थिरता की स्थिति रहेगी। खर्चे भी लगातार बने रहने वाले हैं। इस साल धन और संपत्ति के मामले बहुत अच्छे रहेंगे। इस साल आप नई संपत्ति या प्रॉपर्टी खरीद सकते हैं। इस साल आप नया वाहन भी खरीद सकते हैं। करियर के नजरिए से ये साल सफलता भरा रहेगा।
**उपायः नियमित रूप से हनुमान चालीसा का पाठ करें और हर बुधवार को काले तिलों का दान करें.**

2. **वृषभ-** इस वर्ष आपको अपने करियर में बहुत ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। यह मेहनत से भरा साल रहेगा लेकिन ये मेहनत व्यर्थ नहीं जाएगी और ये आपको बहुत अच्छी सफलताएं मिलेंगी। आपको इस साल काम के सिलसिले में विदेश यात्रा भी करनी पड़ सकती है। इस साल आपके काफी खर्च बढ़ेंगे। आप आर्थिक तंगी का शिकार भी हो सकते हैं।
**उपायः हर शुक्रवार को महालक्ष्मी का पाठ करें और व्रत रखें। श्रीयंत्र को अपने घर में स्थापित करें और प्रतिदिन उसकी पूजा करें।**

3. **मिथुन -** इस साल आपको आर्थिक समस्या का सामना करना पड़ सकता है। आपके व्यावसायिक साझेदार के साथ संबंधों में उतार-चढ़ाव हो सकते हैं जो आपके व्यापार को नकारात्मक रूप से प्रभावित करेंगे। साल की शुरुआत में आपके कुछ काम बन सकते हैं। निजी जीवन में दिक्कत बढ़ेगी लेकिन आपको संयम से काम लेना होगा। ये साल आपके लिए सामान्य रहेगा।
**उपायः भगवान विष्णु का पाठ करें। हर बुधवार को बुधवार को गौ माता को हरा पालक, हरा चारा हरी सब्जियां खिलाएं अथवा साबुत मूंग खिलाएं।**

4. **कर्क-** साल 2023 कर्क राशि वालों के लिए धन लाभ लेकर आया है। इस साल आपके जीवन में कुछ बड़े बदलाव आ सकते हैं। आपकी सेहत अच्छी रहेगी। कार्यक्षेत्र के लिहाज से ये साल अच्छा रहेगा। नौकरी और व्यवसाय में सफलता मिलेगी। साल 2023 आपके लिए सफलता से भरा रहेगा। कुला मिलाकर ये साल आपके लिए उत्तम रहेगा।
**उपायः हर सोमवार को भगवान शिव की पूजा करें। साथ ही सोमवार का व्रत रखें।**

5. **सिंह-** सेहत को लेकर किसी तरह की लापरवाही ना करें। जीवनसाथी से विवाद हो सकता है। खान-पान पर ध्यान देना होगा वरना सेहत बिगड़ सकती है। व्यापार में सोच समझकर निवेश करें। इस साल आपके सभी रुके काम पूरे होंगे। आर्थिक रूप से ये साल सिंह राशि के जातकों के लिए उत्तम रहेगा।
**उपाय- हर रविवार सूर्यदेव को अर्घ्य दें। बुधवार को शाम के समय काले तिलों का दान करना लाभदायक रहेगा।**

6. **कन्या-** ये साल छात्रों के लिए मेहनत वाला रहेगा। बिजनेस में थोड़ा सा सतर्क रहने की जरूरत है। किसी पर भी आसानी से भरोसा नहीं करना है। व्यापार से संबंधित




यात्रा के संयोग बन रहे हैं। नौकरीपेशा लोगों के लिए मनचाही नौकरी के संयोग बन रहे हैं। आपको विदेशी संपर्कों से भी लाभ होगा और व्यापार में बढ़ोतरी के योग बनेंगे।
**उपाय- बुधवार के दिन रखें व्रत। हर दिन भगवान गणेशजी को दुर्वा अर्पित करें।**

7. **तुला-** ये साल साझेदारी के लिए अच्छा है। व्यवसाय में होगा लाभ। जो लोग नई नौकरी की तलाश में है। इस दौरान उन्हें नई नौकरी प्राप्त होने की संभावना है। नई नौकरी से लाभ होने की संभावना बन रही है। अगर आप नया व्यवसाय करना चाहते हैं तो ये साल 2023 अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। भूलकर भी इस साल आर्थिक मामलों में जोखिम न लें।
**उपाय- हर सोमवार भगवान शिव के नाम का व्रत रखें। शुक्रवार के दिन माता दुर्गा की पूजा करें।**

8. **वृश्चिक-** इस साल आर्थिक निर्णय सोच समझकर लें। आपकी आमदनी में बढ़ोतरी होगी लेकिन खर्चे भी होंगे। खर्चों को नियंत्रण में रखने के लिए बजट तैयार करें। आपकी आमदनी अच्छी होगी लेकिन सेहत की वजह से आपका ज्यादा खर्चा होगा। उच्च अधिकारी का पूरा सहयोग मिलेगा। सहकर्मी आपका सहयोग करेंगे।
**उपाय- हर मंगलवार हनुमान चालीसा का पाठ करें। शनिवार के दिन तेल का दीपक जलाएं।**

9. **धनु-** इस साल आर्थिक उन्नति के योग बन रहे हैं। धनु राशि के जातकों को करियर में थोड़ी सावधानी बरतनी होगी। नौकरी में बदलाव आपके लिए सफल रहेगा। इस समय मानहानि की स्थिति बन सकती है इसलिए सावधानी बरतें। अगस्त के बाद नौकरी के बदलाव के बारे में न सोचें। आय में वृद्धि हो सकती है। आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी।
**उपाय- गुरुवार को श्री राम का पाठ करें। हर गुरुवार को गाय का हरा चारा खिलाएं।**

10. **मकर-** साल 2023 की शुरुआत में मकर राशि के जातकों को वित्तीय तौर पर थोड़ा ध्यान से चलना होगा। खर्चे के योग बनेंगे। इस साल नौकरी में थोड़ा उतार चढ़ाव देखने को मिल सकता है। निवेश के नजरिए से ये साल काफी लाभदायक होगा। कार्यक्षेत्र में सकारात्मक परिणाम मिलेंगे। संपत्ति की बिक्री से लाभ होगा। साझेदारी से सतर्क रहें।
**उपाय- शनिवार के दिन पीपल के पेड़ के नीचे तेल का दीपक जलाएं और व्रत रखें।**

11. **कुंभ-** आर्थिक नजरिए से साल की शुरुआत अच्छी होगी। साल के बीच में निवेश से हानि हो सकती है। शेयर बाजार से भी मुनाफा कमाना चाहते हैं तो इस वर्ष आप को इस संबंध में भी अनेक अच्छे परिणाम प्राप्त हो सकते हैं। व्यापार में नए लोगों ले संपर्क होगा। विदेश यात्रा के योग बनेंगे जिस पर अच्छा खासा धन खर्च हो सकता है।
**उपाय- मंगलवार को सुंदरकांड और हनुमान चालीसा का पाठ अवश्य करें। इन दिन भोजन में उड़द और चने की दाल बनाएं।**

12. **मीन-** इस साल मीन राशि के जातकों को उतार चढ़ाव की स्थिति का सामना करना पड़ सकता है। ये साल आपके लिए खर्चे वाला रह सकता है और अनावश्यक खर्चे आपका बजट बिगाड़ सकते हैं। बिजनेस में निवेश सोच समझकर करें वरना नुकसान उठाना पड़ सकता है।
**उपाय- गुरुवार के दिन दान दक्षिणा करें और गुरुवार के दिन भगवान विष्णु का पाठ करें।**

# इस वजह से श्री कृष्ण और राधा ने कभी नहीं की शादी

**धरती पर जन्म लेने के बाद कैसे भगवान कृष्ण और राधा मिले थे**

ऐसा माना जाता है कि जब भगवान कृष्ण चार से पांच साल के थे, तब वह अपने पिता जी के साथ गाय चराने खेतों में गए थे।अपने पिता को आश्चर्यचकित करने के लिए उन्होंने वसंत के मौसम में तूफान ला दिया और ऐसे दिखाया जैसे उन्हें कुछ पता ना हो। अचानक से तेज बारिश शुरू हो गई और कृष्ण जी ने रोना शुरू कर दिया। कृष्ण जी को रोते देख उनके पिता जी ने उन्हें कसकर गले लगा लिया। भगवान कृष्ण के पिता परेशान होने लगे कि उन्हें इस मौसम में कृष्ण की देखभाल भी करनी है और साथ साथ गायों की भी देख-रेख करनी है।कृष्ण जी के पिता को उसी समय एक सुंदर कन्या आते हुए दिखी।जिसको देखकर नंद बाबा शांत हुए और उन्होंने उस लड़की को कृष्ण की देखभाल के लिए कहा।जब लड़की ने कृष्ण की देखभाल के लिए हां बोल दिया, उसके बाद नंद जी गायों को लेकर घर चले गए।

जब भगवान कृष्ण और वह लड़की अकेली थी तो कृष्ण जी उस लड़की के सामने एक युवक के रूप में आए, जिसने नारंगी रंग के कपड़े पहने थे, उनके सिर पर मोर का पंख था, काला रंग और हाथ में बांसुरी पकड़ी हुई थी। कृष्ण जी ने उस लड़की से पूछा कि क्या उसे याद है ऐसा ही एक प्रसंग, जब वह दोनों स्वर्ग में थे।उस लड़की ने हां बोला क्योंकि वहीं भगवान कृष्ण की राधा थीं। इस तरह धरती पर जन्म लेने के बाद वह दोनों पहली बार मिले थे।

**भगवान कृष्ण और राधा कहां मिला करते थे**

ऐसा माना जाता है कि जब भगवान कृष्ण और राधा अक्सर वृंदावन में मिला करते थे।हर रोज भगवान कृष्ण झरने के पास बांसुरी की मधुर धुन बजाते थे और राधा जी उसी मधुर ध्वनि को सुनकर उनसे मिलने आती थीं।

**भगवान कृष्ण और राधा कभी अलग नहीं हुए**

मान्यताओं के अनुसार राधा कभी भी भगवान कृष्ण से अलग नहीं होती हैं। भगवान कृष्ण और राधा के बीच प्रेम का रिश्ता शारीरिक नहीं था, बल्कि ये भक्ति का एक शुद्ध रूप था। ऐसा भी कहा जाता है कि भगवान कृष्ण और राधा दैविक रूप के दो अलग-अलग सिद्धांत हैं।

**भगवान कृष्ण और राधा ने एक दूसरे से शादी क्यों नहीं की**

भगवान कृष्ण और राधा ने एक दूसरे से शादी न करने का फैसला इसलिए किया था क्योंकि उनका ऐसा मानना था कि प्रेम और विवाह एक दूसरे से बिल्कुल अलग हैं। यह साबित करने के लिए कि प्रेम शरीर से नहीं बल्कि भक्ति और शुद्धता के साथ होता है। दोनों ने एक-दूसरे से शादी न करके प्रेम की परम भक्ति को पूरे विश्व के सामने रखा।



कुछ मान्यताओं के अनुसार, राधा खुद को कृष्ण जी के लिए सही नहीं मानती थीं क्योंकि वह एक गाय चराने वाली थीं। इसलिए, वह भगवान कृष्ण से शादी न करने के अपने फैसले पर अटल थीं। इसके अलावा, एक मान्यता और है कि भगवान कृष्ण और राधा एक दूसरे को एक ही आत्मा मानते थे, इसलिए उन्होंने बताया था कि वह अपनी ही आत्मा से कैसे शादी कर सकते हैं।

# केआरके ने करण जौहर पर दिया कॉन्ट्रोवर्शियल स्टेटमेंट

**कहा- ब्रह्मास्त्र का कलेक्शन देख सुसाइड करने वाले थे करण, बैंकरप्सी के हो गए थे शिकार**

अपने ताजा सोशल मीडिया पोस्ट में फिल्म क्रिटिक केआरके ने एक कॉन्ट्रोवर्शियल स्टेटमेंट दिया है। केआरके का कहना है कि ब्रह्मास्त्र के उम्मीद मुताबिक कलेक्शन न करने की वजह से फिल्म के प्रोड्यूसर करण जौहर ने आत्महत्या करने की सोची थी। केआरके का कहना है कि ब्रह्मास्त्र के रिलीज के बाद करण जौहर बैंकरप्ट हो गए थे लेकिन मुकेश अंबानी ने उन्हें 300 करोड़ का लोन देकर थोड़ी राहत दे दी थी।

सुसाइड करने वाले थे करण- केआरके

कमाल राशिद खान उर्फ केआरके अपने विवादित बयानों के लिए जाने जाते हैं। अब हाल ही में उन्होंने करण जौहर के बारे में अपने सोशल मीडिया अकांउट पर कॉन्ट्रोवर्शियल बातें कही है। केआरके ने अपने लेटेस्ट पोस्ट में लिखा- ₹सोर्सेज के अनुसार करण जौहर ने ब्रह्मास्त्र के भारी नुकसान की वजह से अपने घर पर सुसाइड का ड्रामा किया था।

उस समय मुकेश अंबानी ने उन्हें 300 करोड़ का कर्ज दिया। अब सवाल यह है कि करण दुनिया को ये क्यों नहीं बताते कि वो ब्रह्मास्त्र की वजह से बैंकरप्ट हो गए हैं।

**ब्रह्मास्त्र की कमाई पर पहले भी उठा चुके हैं सवाल**

ऐसा पहली बार नहीं है कि केआरके ने करण जौहर या उनकी फिल्म ब्रह्मास्त्र के बारे में लिखा है। इससे पहले भी जब ब्रह्मास्त्र रिलीज हुई थी तो केआरके ने फिल्म की कमाई पर सवाल उठाया था।

करण ने उस समय पोस्ट करके लिखा था- ₹थिएटर खाली हैं लेकिन फिर भी फिल्म ब्रह्मास्त्र बंपर बिजनेस कर रही है क्योंकि इस फिल्म को देखने के लिए बृहस्पति और मंगल ग्रह से एलियंस धरती पर आ रहे हैं।₹



**ब्रह्मास्त्र ने वर्ल्डवाइड 430 करोड़ का कलेक्शन किया था**

वैसे केआरके ब्रह्मास्त्र को भले ही फ्लॉप बता रहे हो लेकिन फिल्म का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन कुछ और ही कहता है। इस साल जितनी भी हिंदी फिल्में रिलीज हुई हैं उनमें सबसे ज्यादा कमाई ब्रह्मास्त्र ने ही की है। इसने वर्ल्डवाइड 430 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन किया है। हालांकि फिल्म का बजट भी 375 करोड़ से 400 करोड़ के बीच बताया जा रहा है। फिल्म में काफी महंगे वीएफएक्स का इस्तेमाल किया गया था।

ब्रह्मास्त्र 9 सितंबर 2022 को थिएटर्स में रिलीज हुई थी। फिल्म में रणबीर कपूर और आलिया भट्ट के अलावा अमिताभ बच्चन, नागार्जुन और मौनी रॉय ने अहम भूमिका निभाई है। फिल्म में शाहरुख खान का एक छोटा सा कैमियो भी है। फिल्म को अयान मुखर्जी ने डायरेक्ट किया था। माना जा रहा है फिल्म का दूसरा पार्ट को भी जरूर बनाया जाएगा।

# बिकिनी पहनकर पोज करने पर ट्रोल हुई पाकिस्तानी एक्ट्रेस, तस्वीरें देख यूजर्स बोले- शर्म करो...

पाकिस्तान फिल्म इंडस्ट्री भी ग्लैमर से भरी हुई है। लॉलीवुड की कई अभिनेत्रियां ग्लैमरस अंदाज में नजर आती हैं, हालांकि अक्सर देखने में आता है कि उन्हें सामान्य से लुक पर भी ट्रोलिंग का सामना करना पड़ता है। अब हाल ही में पाकिस्तानी अभिनेत्री आयशा उमर अपनी हालिया तस्वीरों को लेकर चर्चा में आ गई हैं। दरअसल एक्ट्रेस ने बिकनी में पोज करते हुए तस्वीरें शेयर की हैं, जिसके बाद वह ट्रोलर्स के निशाने पर आ गई हैं।



आयशा उमर ने अपने इंस्टाग्राम से कुछ तस्वीरें साझा की और एलन वॉट्स का कोट देते हुए कैप्शन में लिखा- ₹जीवन का अर्थ केवल जीवित रहना है। यह इतना सादा और इतना स्पष्ट और इतना सरल है। और फिर भी, हर कोई एक बड़ी घबराहट में इधर-उधर भागता है, जैसे कि खुद से परे कुछ हासिल करना जरूरी हो₹। इन तस्वीरों में आयशा उमर बिकनी में समंदर किनारे खूबसूरत अंदाज में पोज करती नजर आ रही हैं। हालांकि पाकिस्तानी यूजर्स को उनका ये अंदाज रास नहीं आ रहा है।

आयशा उमर की तस्वीरों पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए एक यूजर ने लिखा- ₹कोई शरम नहीं है इनको₹। इसी तरह से दूसरे ने लिखा- 'क्या आप मुस्लिम हो, कृप्या हमारा धर्म खराब न करें।' एक अन्य ने लिखा- 'इसने घटिया कपड़े पहने हैं तभी तो पूरी पिक नहीं दिखा रही'। हालांकि अभिनेत्री के कई फैन तारीफ भी करते दिखाई दिए। कुछ दिनों पहले अभिनेत्री ने लहंगे में तस्वीरें साझा की थीं और इस पर भी ट्रोलर्स उन्हें ट्रोल करते दिखाई दिए थे।

आयशा उमर पाकिस्तान की ग्लैमरस एक्ट्रेस में से हैं। वह अक्सर अपनी तस्वीरों को लेकर चर्चा में बनी रहती हैं। हाल ही में क्रिकेटर शोएब मलिक और सानिया मिर्जा के बीच अनबन के बाद उनका नाम शोएब के साथ जोड़ा गया। हालांकि एक्ट्रेस ने इन सारी बातों को कोरी अफवाह बताया और कहा कि वह शोएब व सानिया की बहुत इज्जत करती हैं।

# खूबसूरत साड़ी पहनकर पति सैफ अली खान के साथ रैंप पर उतरीं करीना कपूर



रेड सी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में पहुंची करीना कपूर ने खूबसूरत अदाओं का जलवा बिखेरा. करीना कपूर ने सब्यसांची की ओलिव ग्रीन साड़ी में अपनी अदाएं दिखाईं. करीना कपूर के साथ उनके पति सैफ अली खान ने भी व्हाइट टक्सीडो में पत्नी के साथ चार चांद लगा दिए. करीना कपूर ने दोनों की फोटो भी इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं.

**फोटो पोस्ट कर लिखा इंट्रस्टिंग कमेंट**

करीना कपूर ने इन फोटोज को अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया है. फोटो पोस्ट करते हुए करीना कपूर ने लिखा कि आज की शानदार शाम के लिए रेड सी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल का धन्यवाद. करीना की इन फोटोज पर फैन्स ने भी जमकर कमेंट्स कर उनकी खूबसूरती की तारीफ की है. बता दें कि करीना कपूर अक्सर अपने पति के साथ नजर आती रहती हैं. फिल्म के ईवेंट हों या फिर कोई फेस्टिव हो बॉलीवुड का यह कपल अपनी प्रजेंस जरूर दर्ज कराता है.

फोटो पोस्ट करते हुए करीना कपूर ने लिखा कि आज की शानदार शाम के लिए रेड सी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल का धन्यवाद.

रेड सी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल से पहले करीना कपूर ने ब्लू ड्रेस में अपने पति सैफ अली खान के साथ तस्वीरें साझा की थीं. इन फोटोज पर भी फैन्स ने जमकर प्यार लुटाया था. करीना कपूर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं. करीना को इंस्टाग्राम पर 9 मिलियन से भी ज्यादा लोग फॉलो करते हैं. बता दें कि करीना कपूर अक्सर अपने परिवार की झलकियां भी फैन्स के साथ शेयर करती रहती हैं. करीना कपूर ने साल 2012 में सैफ अली खान के साथ शादी की थी. दोनों के 2 बेटे भी हैं. दोनों के साथ फोटोज में दोनों बेटे भी नजर आते रहते हैं.

# हुमा कुरैशी को कटआउट ड्रेस में देख भड़के लोग, उर्फी जावेद से की तुलना



'हुमा कुरैशी फिल्म 'मोनिका ओ माई डार्लिंग' की सक्सेस पार्टी में पहुंची थीं. हुमा कुरैशी फिल्म 'मोनिका ओ माई डार्लिंग' की सक्सेस पार्टी में पहुंची थीं.

ओ माई डार्लिंग'को दर्शकों से मिली अच्छी प्रतिक्रिया के बाद फिल्म के कलाकार और मेकर्स काफी खुश हैं. उन्होंने फिल्म की सक्सेस पार्टी का आयोजन किया, जिसमें फिल्म से जुड़े लगभग सभी लोग शामिल हुए. पार्टी की फोटोज और वीडियो सोशल मीडिया पर छाए हुए हैं. इवेंट में राजकुमार राव अपनी पत्नी पत्रलेखा के साथ नजर आए. शिवानी दांडेकर, जहीर इकबाल, सिकंदर खेर की मौजूदगी से महफिल रौनक हो गई, लेकिन लोगों का सबसे ज्यादा ध्यान हुमा कुरैशी ने खींचा.

हुमा कुरैशी लाल रंग की खूबसूरत ड्रेस पहनकर पार्टी में पहुंची थीं. वे कटआउट ड्रेस में काफी ग्लैमरस दिख रही थीं. पार्टी की फोटोज और वीडियो पर जब नेटिजेंस की नजर पड़ी, तो वे एक्ट्रेस के फैशन सेंस के कायल हो गए, हालांकि कुछ लोगों को उनका पहनावा पसंद नहीं आया और वे उन्हें ट्रोल करने लगे.

**लोग सोशल मीडिया पर हुमा कुरैशी को कर रहे ट्रोल**

हुमा कुरैशी ने जब लाल रंग की ड्रेस पहनकर रेड कार्पेट पर शिरकत की, तो हर कोई देखता रह गया. उन्होंने पार्टी में मौजूद पैपराजी को फोटोज के लिए पोज भी दिए. स्टार फोटोग्राफर विरल भयानी ने जब इंस्टाग्राम पर पार्टी का वीडियो पोस्ट किया, तो वह वायरल हो गया. वीडियो में हुमा का लुक देखकर ज्यादातर लोग तारीफ करते नजर आए, लेकिन कुछ लोगों ने उनकी आलोचना की. एक यूजर कहता है, 'घर से निकलने से पहले क्या खुद को देखने की परंपरा नहीं है?'

**हुमा कुरैशी बॉडी शेमिंग का हुईं शिकार**

हुमा के पहनावे को एक अन्य यूजर ने धर्म से जोड़ दिया. वह लिखता है, 'मैडम, आप मुस्लिम हैं, ढंग के कपड़े पहनकर निकलें.' एक्ट्रेस को बॉडी शेमिंग का भी सामना करना पड़ा. तीसरा यूजर लिखता है, 'उन्हें देखकर मुझे उनके दम घुटने का एहसास हो रहा है. वे सांस ले भी पा रही हैं?' चौथे यूजर ने उनकी तुलना उर्फी जावेद से की.

# 'हेरा फेरी 3' पर सामने आई बड़ी जानकारी, फिल्म में काम करने के लिए कार्तिक ने रखी यह शर्त

'हेरा फेरी 3' को लेकर पिछले कई दिनों से चर्चाएं तेज हैं। हाल ही में यह जानकारी सामने आई थी कि इस फिल्म से अक्षय कुमार ने किनारा कर लिया है। वहीं, इसमें लीड रोल के लिए कार्तिक आर्यन का भी नाम सामने आया था, जिसकी वजह से उनके फैंस काफी ज्यादा एक्साइटेड हो गए थे। अब फिल्म पर एक नया अपडेट सामने आया है।



मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म में काम करने को लेकर कार्तिक आर्यन ने मेकर्स के सामने बड़ी शर्त रख दी है। रिपोर्ट्स के दावों की मानें तो कार्तिक ने निर्माताओं से साफतौर पर कह दिया है कि फिल्म की स्क्रिप्ट पढ़ने के बाद ही वह तय करेंगे कि वह इसमें काम करेंगे या नहीं। वहीं, रिपोर्ट में यह भा दावा किया गया है कि मेकर्स ने कार्तिक को बताया है कि फिल्म में उनका किरदार अक्षय कुमार से काफी अलग होने वाला है।

बता दें कि हाल ही में यह बात सामने आई थी कि इस रोल के लिए कार्तिक से पहले वरुण धवन को अप्रोच किया गया था। हालांकि मेकर्स और एक्टर के बीच बातचीत का सिलसिला आगे नहीं बढ़ सका। वहीं, इस फिल्म के निर्देशक को लेकर भी कई दिनों से चर्चाओं का बाजार गर्म है। हाल ही में कई रिपोर्ट में यह दावा किया गया था कि फिल्म के निर्देशन के लिए अनीज बज्मी को अप्रोच किया गया है लेकिन उन्होंने फिल्म करने से इनकार कर दिया है। हालांकि बाद में अनीस ने एक इंटरव्यू के दौरान यह साफ कर दिया कि प्रोड्यूसर्स और उनके बीच बातचीत अभी भी जारी है। फिलहाल अब तक इस पर कोई अंतिम फैसला नहीं लिया गया है।

गौरतलब है कि फिल्म 'हेरा फेरी' और 'हेरा फेरी 2' को बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त सफलता मिली थी। दोनों ही फिल्मों ने टिकट खिड़की पर जमकर कमाई की थी। फिल्म के दोनों भाग में अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी और परेश रावल नजर आए थे। तीनों की कॉमेडी ने दर्शकों का जमकर मनोरंजन किया था। यही वजह है कि इसके तीसरे भाग का लोगों को बेसब्री से इंतजार है।

# रणवीर सिंह- थलपति विजय संग फिल्म बना रहे रोहित शेट्टी?

**रोहित शेट्टी लंबे** वक्त के बाद रणवीर सिंह के साथ एक बड़े पैमाने पर मनोरंजक कॉमेडी फिल्म के साथ कमबैक कर रहे हैं. पिछली बार दोनों की जोड़ी ने 'सिम्बा' बनाई थी और फिल्म को दर्शकों ने खूब पसंद किया था. ये बॉलीवुड की अब तक की सबसे मनोरंजक फिल्मों में से एक थी और इन दिनों दोनों की जोड़ी सर्कस को प्रमोट कर रही है. इसी बीच अब सुनने में आ रहा है कि उनकी नई फिल्म में एक साउथ सुपरस्टार भी आने वाले हैं और इस बात की पुष्टि उन्होंने खुद ही अपने फिल्म के प्रमोशनल इवेंट में की है.



**समानताएं रखती हैं साउथ और रोहित शेट्टी की फिल्में**

जैसा कि आप जानते ही हैं कि जिस तरह से रोहित शेट्टी किसी फिल्म के बारे में सोचते हैं या किसी फिल्म को निर्देशित करने की योजना बनाते हैं, उसमें दक्षिण भारतीय संस्कृति के साथ काफी समानताएं हैं. आसान भाषा में कहें तो बॉलीवुड निर्देशक के फिल्म बनाने का तरीका साउथ सिनेमा के मेकर्स के जैसा है. आपको 'चेन्नई एक्सप्रेस' तो याद ही होगी जिसमें शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण लीड रोल में हैं, जो साउथ इंडियन टच मूवी थी. अब वे साउथ स्टार को ही अपनी फिल्म में कास्ट करने का सोच रहे हैं.

**इन साउथ स्टार्स संग फिल्म बनाना चाहते हैं रोहित शेट्टी**

रोहित शेट्टी ने 'गोलमाल' और 'सिंघम' जैसी कई फिल्में बनाई हैं जो बॉलीवुड की प्रतिष्ठित फिल्मों में से एक रही हैं. फिलहाल वे 'सर्कस' में बिजी हैं और हाल ही में इसका ट्रेलर लॉन्च हुआ है. इसी इवेंट में एक मीडियाकर्मी ने निर्देशक से सवाल किया कि क्या वे किसी पैन इंडिया फिल्म बनाने की प्लानिंग कर रहे हैं और करते हैं तो किसके साथ काम करना चाहेंगे? इस सावल पर रोहित ने हैरतअंगेज जवाब देते हुए कहा, 'एक नहीं, रजनी सर से लेकर सूरिया सर, अजित, विजय से लेकर कार्थी तक सभी के साथ काम करना चाहूंगा. हां रणवीर चलेगा ना तेरेको?' इस पर रणवीर सिंह ने कहा, 'मेरा क्या कैमियो रहेगा मेरा.'

**थलपति विजय के साथ फिल्म बना सकते हैं रोहित शेट्टी**

कोईमोई के इंस्टाग्राम पेज से शेयर किए गए वीडियो में मीडियाकर्मी को आगे कहते हुए देखा जा सकता है, 'मुझे लगता है कि आपको रणवीर सिंह को एक दक्षिण भारतीय अभिनेता के साथ कास्ट करना चाहिए.' और फिर एक व्यक्ति आगे आया और थलपति विजय का नाम लेते हुए कहा कि वे दोनों बेहतर डांसर हैं.' इस पर उन्होंने मुस्कुराते हुए सकारात्मक जवाब दिया. अब देखना ये होगा कि रोहित आने वाले समय में किस साउथ स्टार के साथ फिल्म बनाते हैं. रोहित और रणवीर की जोड़ी की सर्कस 23 दिसंबर, 2022 को रिलीज़ हो रही है. जानकारी के लिए आपको बता दें कि ऐसी खबरें भी हैं कि अजय देवगन और रोहित 'सिंघम रिटर्न्स' के बाद सिंघम के तीसरे वेंचर के लिए फिर से टीम बना रहे हैं।

# साउथ की एक्ट्रेस पूनम कौर हुई 'भयंकर' बीमारी की शिकार

जब से सामंथा रुथ प्रभु को मायोसिटिस नामक एक दुर्लभ मांसपेशी रोग का पता चला है, तभी से कई प्रशंसक और फिल्म निर्माता अपनी पसंदीदा अभिनेत्री के स्वास्थ्य के बारे में चिंता करने लगे हैं. हाल ही में बताया गया है कि अभिनेत्री की हालत बिगड़ रही है और उन्हें भारत के इलाज से आराम नहीं मिला जिसके चलते वे साउथ कोरिया जाने वाली हैं. इसी बीच साउथ की एक और एक्ट्रेस की दुर्लभ बीमारी के बारे में पता चला है, राहुल गांधी के साथ भारत जोड़ो यात्रा में पूरी तरह स्वस्थ दिखी थीं.



राष्ट्रीय हथकरघा दिवस निर्माता के अनुसार, पूनम कौर को पिछले महीने 12 नवंबर को पीठ में दर्द हुआ, जब वे ब्रह्माकुमारीज़ कार्यक्रम के लिए दिल्ली जा रही थीं और फिर पीठ दर्द के इलाज के लिए केरल चली गईं. इसके बाद 18 नवंबर को पता चला कि वह Fi-bromyalgia नामक इस दुर्लभ बीमारी से पीड़ित हैं. केरल में कुछ आयुर्वेदिक उपचार कराने के बाद पूनम कौर अपने पीठ दर्द से ठीक थी और फिर वे मुंबई चली गईं. पूनम कौर ने अपने सोशल अकाउंट पर उनके 'फाइब्रोमाइल्गिया' नामक एक दुर्लभ मांसपेशी रोग के बारे में जानकारी दी है.

जानकारी के अनुसार, सामंथा की 'मायोसिटिस' की तरह पूनम की 'फाइब्रोमाइल्गिया' भी तुरंत इलाज योग्य नहीं है. ये कब ठीक होगी और कितना वक्त लगेगा, इस बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता. जैसे मायोसिटिस मांसपेशियों की गति को प्रभावित करता है तो फाइब्रोमायल्गिया को गंभीर मांसपेशियों में दर्द का कारण कहा जाता है. यहां तक कि ये बीमारी स्मृति और मस्तिष्क के अन्य कार्यों को भी प्रभावित करती है. पूनम 'फाइब्रोमायल्गिया' अभी अपने शुरुआती चरण में है और तुरंत ट्रीटमेंट में आराम मिलने से खतरे से बाहर हैं. वे जीवनशैली में बदलाव के साथ अपनी सामान्य स्थिति में वापस आ सकती है. पूनम ने हाल ही में इसी साल तेलुगू फिल्म 'नाथीचरामी' में एक भूमिका निभाई है.

# फोटोशूट के दौरान सेट पर मस्ती करती दिखीं अनन्या पांडे:ग्लैमरस लुक में आईं नजर, फैंस को पसंद आया ये चुलबुला अंदाज

बॉलीवुड एक्ट्रेस अनन्या पांडे अपने ग्लैमरस लुक को लेकर हमेशा सुर्खियों में बनी रहती हैं। इसी बीच सोशल मीडिया पर अनन्या का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वह अपने एक फोटोशूट के बीच मस्ती करती हुई नजर आ रही हैं। इस वीडियो में अनन्या मिरर वर्क वाले हैवी लहंगे में दिखाई दें रही है। अनन्या का ये चुलबुला अंदाज फैंस को काफी पसंद आया। एक्ट्रेस की वीडियो पर फैंस जमकर प्यार लुटा रहे हैं। एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा, 'बहुत खूबसूरत हो आप'। वहीं, दूसरे यूजर ने उन्हें गॉर्जियस कहा। वर्कफ्रंट की बात करें तो अनन्या हाल ही में विजय देवरकोंडा के साथ लाइगर फिल्म में नजर आई थीं, हालांकि फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई।





## कच्चे तेल के दाम में फिर गिरावट, अपने शहर के पेट्रोल-डीजल के नए रेट्स चेक करें

नई दिल्ली, 3 दिसंबर (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम को लेकर हो रहे उतार-चढ़ाव के बीच तेल कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल के नए रेट्स आज यानी 3 दिसंबर, 2022 को जारी कर दिए हैं। आज फिर कच्चे तेल के दाम में गिरावट आई है, लेकिन भारत में पेट्रोल डीजल की कीमतें जस की तस हैं। सभी महानगरों और राज्य के शहरों में वाहनों के ईंधन की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इंटरनेशन मार्केट में ब्रेंट ऑयल की कीमत गिरावट के बाद 85.42 डॉलर प्रति बैरल है, जबकि डब्ल्यूटीआई क्रूड ऑयल 80.34 डॉलर प्रति बैरल पर है। कच्चे तेल में कमी होने के बावजूद भारत में 21 मई के बाद पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर हैं। देश की राजधानी नई दिल्ली में शनिवार को पेट्रोल की कीमत 96.72 रुपये और एक लीटर डीजल का भाव 89.62 रुपये थी। मुंबई में पेट्रोल की कीमत 106.31 प्रति लीटर और एक लीटर डीजल के रेट्स 94.27 हैं। लखनऊ में एक लीटर पेट्रोल की कीमत 96।57 है और डीजल की कीमत 89.76 प्रति लीटर है। नोएडा में पेट्रोल की कीमत 96.79 रुपये और डीजल 89।96 रुपये प्रति लीटर पर बिक रहा है, जबकि गाजियाबाद में पेट्रोल 96.58 रुपये प्रति लीटर और डीजल 89.75 रुपये प्रति लीटर में मिल रहा है। गुरुग्राम में पेट्रोल की कीमत 7.18 रुपये और डीजल 90.05 पर स्थिर बना हुआ है। पटना में पेट्रोल 107.24 रुपये प्रति लीटर और डीजल का भाव 94.04 रुपये प्रति लीटर है। पोर्ट ब्लेयर में सबसे सस्ता पेट्रोल 84.10 रुपये प्रति लीटर और डीजल 79.74 रुपये प्रति लीटर है।

# रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति का एलान 7 दिसंबर को

## एसोचैम ने लिखा आरबीआई को पत्र

नई दिल्ली, 3 दिसंबर (एजेंसियां)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) नीतिगत दरों पर फैसला लेने के लिए अगले हफ्ते बैठक कर रही है। ऐसे में उद्योग लॉबी निकाय एसोचैम ने कम से कम बढ़ोतरी करने का आरबीआई से आग्रह किया है। एसोचैम ने आरबीआई से यह भी अनुरोध किया है कि वह इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) की खरीद के लिए रिटेल लोन को प्रायोरिटी सेक्टर लैंडिग लोन के रूप में माने। एसोचैम के मुताबिक, ब्याज दर में बढ़ोतरी मध्यम होनी चाहिए ताकि उधार लेने की बढ़ती लागत का महामारी के बाद देश में आर्थिक सुधार पर प्रतिकूल और प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। ज्यादा से ज्यादा, नई



दर बढ़ोतरी 25-35 आधार अंक (बीपीएस) बैंड से अधिक नहीं होनी चाहिए, एसोचैम ने आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास को एक पत्र में कहा, साथ ही इंडस्ट्री के सामने आने वाले अन्य मुद्दों पर पर भी चर्चा की। एसोचैम द्वारा दी गई प्रमुख सिफारिशों में से एक यह है कि ईवी की खरीद के लिए रिटेल लोन को रियायती ब्याज दर के साथ प्रायोरिटी सेक्टर लैंडिग लोन के रूप में माना जाए। एसोचैम के महासचिव दीपक सूद ने कहा, ईवी के खिलाफ रिटेल अग्रिमों को प्राथमिकता वाले क्षेत्र के लोन के तहत शामिल किया जा सकता है। यह भारत की ईवी स्टोरी को आगे बढ़ाने में मदद कर सकता है।

**भारतीय अर्थव्यवस्था में सुधार को सपोर्ट की जरूरत- एसोचैम**

उधारी की बढ़ती लागत के बारे में, चैंबर ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था में सुधार काफी ध्यान देने योग्य है। खासतौर से ग्लोबल चुनौतियों की पृष्ठभूमि में ये रोशनी की किरण है। हालांकि यह अभी भी शुरुआती दौर में है और इसे सपोर्ट देने की जरूरत है। जब घरेलू अर्थव्यवस्था की बात आती है तो महंगाई दर के चरम पर पहुंचने के संकेत दिखाई देते हैं। यहां तक कि विकसित बाजारों में भी महंगाई दर के चरम पर पहुंचने के शुरूआती संकेत दिखाई दे रहे हैं, इस प्रकार आरबीआई-एमपीसी के लिए दर बढ़ोतरी चक्र को रोकने की दिशा में आगे बढ़ने के लिए एक मंच तैयार किया गया है। एक अन्य सुझाव में, चैंबर ने कहा कि अक्षय परियोजनाओं के लिए कम लागत वाले फंड की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए, आरबीआई आईआरडीएआई के लिए रेपो दर पर उधार लेने की एक विशेष व्यवस्था पर विचार कर सकता है। एसोचैम ने एक अनोखे प्रस्ताव में केंद्रीय बैंक से सभी बैंकों को अकाउंट एग्रीगेटर (एए) ढांचे के तहत लाने के लिए एक समयबद्ध दृष्टिकोण पर विचार करने का आग्रह किया। यह ढांचा किसी व्यक्ति को एए नेटवर्क में सुरक्षित और डिजिटल रूप से एक वित्तीय संस्थान से किसी अन्य तक जानकारी तक पहुंचने और साझा करने में मदद करता है। सेबी/आईआरडीएआई द्वारा विनियमित अन्य वित्तीय संस्थानों को सूचना प्रदाताओं और सूचना उपयोगकर्ताओं के रूप में ढांचे में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है।

## दैनिक पंचांग

**ग्रह गोचर**




| ग्रह स्थिति | |
|---|---|
| सूर्य- | वृश्चिक में |
| चंद्र- | मेष में |
| मंगल | वृष में |
| बुध- | वृश्चिक में |
| गुरु- | मीन में |
| शुक्र- | वृश्चिक में |
| शनि- | मकर में |
| राहु- | मेष में |
| केतु- | तुला में |

| लग्नारंभ समय | |
|---|---|
| वृश्चिक. | 05-16 बजे |
| धनु--- | 07-30 बजे |
| मकर- | 09-34 बजे |
| कुंभ - | 11-35 बजे |
| मीन... | 13-03 बजे |
| मेष-- | 14-38 बजे |
| वृष-- | 16-24 बजे |
| मिथुन.. | 18-25 बजे |
| कर्क... | 20-36 बजे |
| सिंह... | 22-49 बजे |
| कन्या.. | 23-59 बजे |
| तुला | 03-05 बजे |

विक्रम श्री नल नाम संवत्- **2079**
शक संवत् **-1944,** कलियुग अवधि-**432000**
भोग्य कलि वर्ष-**426878**
कलियुग संवत् **-5123** वर्ष सूर्य-दक्षिणायने
कल्पारंभ संवत् **-1972949123**
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-**1955885123**
महावीर निर्वाण संवत् **-2549,** हिजरी सन् **-1443**
ऋतु-हेमन्त दिशाशूल- पश्चिम •पान खाकर घर से निकले
तिथि- द्वादशी **- 05 -58** अहोरात्र तक
मास - मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष , रविवार **Dec 04**
नक्षत्र - अश्विनी **- 07 - 14 -** अहोरात्र तक
योग - वरियान **- 03 - 40 -** तक उप- परिघ
करण- बव **- 17 - 42 -** तक उप- बालव
विशेष:-
व्रत -त्योहार - मोक्षदा एकादशी व्रत वै.निम्बार्क

विशेष:- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल**
**16:16** से
**17:40** तक

**श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र Hyd,Sec**

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| उत्पात | **06:35 - 07:56** | अशुभ | शुभ | **17:40 - 19:16** | शुभ |
| चंचल | **07:56 - 09:20** | शुभ | अमृत. | **19:16 - 20:53** | शुभ |
| लाभ | **09:20 - 10:43** | शुभ | चंचल. | **20:53 - 22:30** | शुभ |
| अमृत | **10:43 - 12:06** | शुभ | रोग | **22:30 - 00:07** | अशुभ |
| काल. | **12:06 - 13:30** | अशुभ | काल | **00:07 - 01:43** | अशुभ |
| शुभ. | **13:30 - 14:53** | शुभ | लाभ | **01:43 - 03:20** | शुभ |
| रोग | **14:53 - 16:16** | अशुभ | उत्पात | **03:20 - 04:57** | अशुभ |
| उत्पात | **16:16 - 17:37** | अशुभ | शुभ | **04:57 - 06:34** | शुभ |

## आपका राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ) — व्यवसाय सम्बन्धी परेशानियां हल होंगीं लेकिन तब तक आपको बोलने ,लिखंने और काम में भी आक्रामक नही होना है। निजी जीवन से सम्बंधित परेशानियां झेल रहे लोगों को अपनों के लिए समय निकालना चाहिए। आप लम्बे समय से स्वस्थ्य की उपेक्षा क्र रहे हैं ,इस पर ध्यान दें।

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो) — यह तो आप देख ही चुके की आकस्मिक प्रवृति पर आधारित फैसले कई बार सही साबित नही हुए हैं,इसीलिए यह जरूरी है कि आप अपने फैसले तर्क की कसौटी पर कसकर ही करें। ऐसा करना और भी जरूरी है क्योंकि कोई ऐसा है जो आपका करीबी होते हुए भी आपके खिलाफ साजिश कर रहा है।

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा) — आपको अपनी स्थिति ,विशेषकर वित्तीय स्थिति पर अच्छी तरह विचार करने की आवशयकता है। बहुत खर्च करने में आनंद आ सकता है लेकिन इससे आपके परिवार की वित्तीय स्थिति पर भी बुरा असर पड़ सकता है ,आपको यह जानना होगा। जहां तक वित्तीय स्थिति का सवाल है,आपको ठंडे दिमाग से काम लेवे।

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो) — आप अपनी बढ़ी हुई जिम्मेदारियों से परेशान हैं,लेकिन अभी आपको कोई राहत मिलती दिखाई नही दे रही। सबसे अच्छा यही है की आप शिकायत करना छोड़कर अपने कामों को पूरा करें ।जितनी जल्दी पूरा करेंगे ,उतनी ही जल्दी बोझ कम होता जाएगा ।लेकिन इसका अर्थ यह भी नही है

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे) — पुरानी और बेकार चीजों को जीवन से हटा देने का समय है। आप किसी पिछली स्थिति से महज किसी अहसान की भावना या मजबूरी के चलते चिपके हुए हैं जो अब आपको कतई पसंद नही है ।आपको इसमें से बाहर आ पाना मुश्किल लग रहा था ,लेकिन आज आप इस स्थिति से बाहर आने के लायक मानसिक शक्ति जुटा पायेंगे।

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो) — आप अपने गुस्से के कारण तुरंत प्रतिक्रिया देने के मूड में हैं। लेकिन आपके लिए सुझाव यह है कि अपने दिमाग को शांत रखकर गंभीरता से सोचें। आपके पास अच्छी संचार-कुशलता है और इसे अपने लाभ के लिए इस्तेमाल करें। तनाव घटाने के लिए,किसी साहसिक यात्रा पर जा सकते हैं।

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते) — दिन मौज मस्ती के नाम रहेगा ।आज सगे सम्बन्धियों से मुलाकात हो सकती है ,फोन या मेल के द्वारा भी संपर्क हो सकता है ।वर्त्तमान समय अपने सामाजिक कौशलों को निखारने तथा आने वाली पार्टियों के लिए खुद को तैयार करने का बिलकुल सही समय है ।दिन के आगे बढ़ने के साथ साथ वित्तीय परेशानियां अपने आप दूर होती जायेंगी।

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू) — आज का दिन अलग अलग तरह के विचारों और दुनियाभर के नए पैदा हो रहे अवसरों के चलते थोडा सा उलझाने वाला रहेगा ।विभिन्न शक्तियां आपको अपनी तरफ खीचेंगी। अधिक सोचने और हर किसी को खुश करने की कोशिश न करें ।इसके स्थान पर,अपने मन की ही सुनें.आपके लिए सर्वोत्तम होगा।

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे) — आज अपना और आपनी सेहत का ध्यान रखना ना भूलें ।आज स्वास्थ्य सम्बन्धी किसी समस्या की आशंका बन सकती है ।बहुत ठंडा भोजन खाने से बचें ।अगर पहले से ही कोई स्वास्थ्य समस्या से जूझ रहे है तो और अधिक ध्यान रखें ।वित्तीय दृष्टि से ना फायदा ना नुकसान वाली स्थिति रहेगी।

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी) — आज आप विशेषकर हलके फुल्के मूड में रहेंगे। सब समस्याओं का सामना चेहरे पर मुस्कराहट के साथ करेंगे ।आज किसी विवाद में मैत्रीपूर्ण मध्यस्थ की भूमिका भी अदा कर सकते हैं।आपकी मौजूदगी से ख़ुशी और रोनक रहेगीं और शाम को पार्टी की जान बने रहेंगे।

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा) — आज आपका मूड हल्का फुल्का और नाटकीय बना रहेगा और आज आप हर खुबसूरत चीज से प्रभावित होंगें ।इससे आपका कुछ अनावश्यक खर्च भी हो सकता है ।आज आप जो भी करेंगे,उसमें सौन्दर्यबोध का काफी असर रहेगा ।आज सुन्दरता से सम्बंधित कोई उपचार ले सकते हैं ,पूरे दिन हंसी मजाक वाले मूड में रहेंगे

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची) — आज आपके लिए अच्छा दिन है। आपका सुंदर व्यक्तित्व दूसरों को आकर्षित करेगा ।आज आप कुछ भी करें,सफलता मिलेगी। आप काफी लोकप्रिय हैं। आप सृजनात्मक भी हैं और नम्र भी ,आपके इन्ही गुणों ने आपको इस मुकाम पर पहुंचाया है। चालाकी और अभिमान को आने दिये बिना इसी रास्ते पर चलते रहें।

पं महेशचन्द्र शर्मा 9247132654,8309517693

## सर्दियों के सीजन में शुरू करें ड्राई फ्रूट्स का बिजनेस

### इम्यूनिटी के साथ बढ़ाएगी आपकी कमाई

नई दिल्ली, 3 दिसंबर (एजेंसियां)। सर्दियों के इस सीजन में अगर आप भी कुछ शुरू करने का सोच रहे हैं तो आज हम आपके लिए एक बेहतरीन बिजनेस आइडिया लेकर आए हैं। इस बिजनेस को शुरू कर आप शानदार मुनाफा कमा सकते हैं।



इस बिजनेस में आपको बहुत लागत की जरूरत नहीं है, आप कम लागत में भी इसे शुरू कर सकते हैं। दरअसल, हम बात कर रहे हैं ड्राई फ्रूट्स के बिजनेस के बारे में।सर्दी के मौसम में लोग अपने शरीर को गर्म रखने के लिए ड्राई फ्रूट्स का सेवन अधिक मात्रा में करते हैं। क्योंकि ड्राई फ्रूट्स हमारी बॉडी की इम्युनिटी को बनाए रखने में बहुत मदद करता है। ड्राई फ्रूट्स जैसे बादाम, अखरोट, मुनक्का, काजू यह सभी ठण्ड के मौसम में सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है। आप इस बिजनेस को शुरू कर अच्छे पैसे कमा सकते हैं।यदि आप ड्राई फ्रूट्स का बिजनेस करते हैं तो आप काफी अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं। इस बिजनेस को शुरू करने के लिए आप किसी बड़े मार्केट से सस्ते दाम में सूखे मेवे खरीद सकते हैं और उसे अपने इलाके या मार्केट में खुदरा दर में बेच कर अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं। किसी बड़े मार्केट से सस्ते दाम में सूखे मेवे खरीदना और उसे अपने इलाके या मार्केट में खुदरा दर में बेचना ड्राई फ्रूट्स का होलसेल बिजनेस कहलाता है।ड्राई फ्रूट्स का बिजनेस एक ऐसा व्यापार है जिसकी शुरुआत करने के लिए आपको बहुत ज्यादा रुपए निवेश करने की आवश्यकता नहीं होती है। आप इसे छोटे स्तर से शुरू कर सकते हैं और आगे मुनाफा के हिसाब से अपने बिजनेस का विस्तार कर सकते हैं। किसी भी बिजनेस के लिए उसकी जगह या लोकेशन का बहुत अधिक महत्व होता है।

## ओयो में भी 600 कर्मचारियों की छंटनी

### कंपनी ने बयान जारी कर दी जानकारी

नई दिल्ली, 3 दिसंबर (एजेंसियां)। ओयो ने अपनी प्रौद्योगिकी और उत्पाद टीमों में 600 कर्मियों की छंटनी करने की योजना बनाई है। कंपनी के अनुसार उसने कई परियोजनाओं को बंद करने और टीमों का विलय करने का फैसला किया है। इसके साथ ही कंपनी ने



शनिवार को एक बयान में कहा कि वह सेल्स डिपार्टमेंट में 250 अधिकारियों की भर्ती करेगी। कंपनी की ओर से कहा गया, ओयो अपने उत्पाद, इंजीनियरिंग, कॉरपोरेट मुख्यालय और ओयो वेकेशन होम्स टीमों का आकार घटा रहा है। हालांकि दूसरी ओर कंपनी रिलेशनशिप मैनेजमेंट और बिजनेस डेवलपमेंट टीमों में लोगों को जोड़ने वाली है। ओयो अपने 3700 कर्मचारियों की संख्या में दस फीसदी की कटौती करना चाहती है। इसके तहत कंपनी अपने 600 कर्मचारियों को बाहर करेगी जबकि 260 नए कर्मचारियों को बहाल करेगी। कंपनी की ओर से कहा गया है कि वह अपने उत्पाद और इंजीनियरिंग विभाग का विलय करने जा रहा है।

## सोने की कीमत 27 महीनों में सबसे ऊंची

### पिछले 10 दिन में 1 हजार 261 रुपए बढ़े दाम, डॉलर के कमजोर होने से आई तेजी

मुंबई, 3 दिसंबर (एजेंसियां)। सोना एक बार फिर 53,600 रुपए प्रति 10 ग्राम से ऊपर निकल गया। ये करीब 27 महीनों में सोने की सबसे ऊंची कीमत है। इससे पहले 18 अगस्त 2020 को सोना 53,815 रुपए तक गया था। 2021 में इसने कभी 53 हजार का स्तर नहीं छुआ। दरअसल डॉलर में गिरावट के चलते दुनियाभर में सोने की कीमत बढ़ी है। इसका असर भारतीय बाजार में भी देखा जा रहा है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के मुताबिक, शुक्रवार को सोने (24 कैरेट) की कीमत 53,611 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई। सिर्फ दो दिन में सोना 860 रुपए और बीते 10 दिन में 1,261 रुपए महंगा हो गया। 23 नवंबर को सोना 52,350 रुपए प्रति 10 ग्राम था। 2022 में इससे पहले सिर्फ एक बार 18 अप्रैल को सोना 53,600 से ऊपर 53,603 रुपए तक गया था। बीजेए देश के 14 बड़े शहरों में सोने की औसत कीमत बताता है। विश्लेषकों के मुताबिक, 2023 में भी सोने में तेजी जारी रह सकती है। सोने की यह कीमत भारत के लिए इसलिए भी खास है, क्योंकि हमारे देश में करीब 25 हजार टन सोना लोगों के घरों में मौजूद होने का अनुमान है। इसे आप नीचे दिए ग्राफिक के जरिए समझ सकते हैं.अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेड के चेयरमैन



जेरोम पावेल ने बुधवार को कहा था कि अब ब्याज दरों में कम बढ़ोतरी की जाएगी। केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया के मुताबिक, इसके चलते डॉलर गिरने लगा और सोने में तेजी शुरू हो गई। ओरिगो कमोडिटीज के सीनियर मैनेजर (कमोडिटी रिसर्च) इंद्रजीत पॉल ने कहा कि आगामी महीनों में सोने में तेजी जारी रह सकती है। केडिया ने कहा कि 22 जनवरी से चीन में नए साल का जश्न शुरू हो रहा है। इस दौरान वहां सोने की सबसे ज्यादा खरीदारी होती है। इसके अलावा दुनियाभर के सेंट्रल बैंक लगातार सोना खरीद रहे हैं। इसके चलते सोने में तेजी जारी रहने की संभावना है। उन्होंने कहा, 'सोने जैसी कमोडिटी में तेजी अमूमन लंबे समय तक टिकती है। हमारा अनुमान है कि अगले साल सोना 60-61 हजार रुपए तक पहुंच सकता है।'

## एसबीआई ने इन्फ्रास्ट्रक्चर बॉन्ड जारी कर 10,000 करोड़ रुपये जुटाए, जानें कहां होगा खर्च?

नई दिल्ली, 3 दिसंबर (एजेंसियां)। देश के सबसे बड़े ऋणदाता स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने शुक्रवार को 7.51% की कूपन दर पर अपना पहला इन्फ्रास्ट्रक्चर बॉन्ड जारी कर 10,000 करोड़ रुपये जुटाए हैं। ऋणदाता ने कहा कि यह देश में किसी भी बैंक की ओर से जारी किया गया सबसे बड़ा एकल बुनियादी ढांचा बांड है। एसबीआई की ओर से एक्सचेंज फाइलिंग में कहा गया है कि बांड के माध्यम से जुटाई गई राशि का उपयोग बुनियादी ढांचे और किफायती आवास खंडों के वित्तपोषण समेत अन्य दीर्घकालिक संसाधनों को बढ़ाने में किया जाएगा। इन बांडों की अवधि 10 वर्ष है। इस बॉन्ड में 16,366 करोड़ रुपये की बोलियों के साथ निवेशकों ने जबरदस्त रुचि दिखाई और इसे बेस इश्यू के खिलाफ लगभग 3.27 गुना ओवरसब्सक्राइब किया गया। इस बॉन्ड के लिए 143 बोलियां लगी यह निवेशक वर्ग के विश्वास को भी प्रदर्शित करता है। बैंक ने 10 साल की अवधि के लिए सालाना देय 7.51% की कूपन दर पर 10,000 करोड़ स्वीकार करने का फैसला किया है। यह भारत सरकार की सुरक्षा के अनुरूप 17 बीपीएस के प्रसार का प्रतिनिधित्व करता है, जो उच्च




गुणवत्ता वाले क्रेडिट को दर्शाता है। बैंक के इन उपकरणों को घरेलू क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों से एएए की क्रेडिट रेटिंग मिली है।एसबीआई के अध्यक्ष दिनेश खारा ने कहा, बुनियादी ढांचे का विकास देश के लिए एक प्रमुख प्राथमिकता है और सबसे बड़ा ऋणदाता होने के नाते एसबीआई सामाजिक, हरित और अन्य बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की उन्नति के लिए कदम उठाने में सबसे आगे रहा है।

बुनियादी ढांचे के विकास करने की दिशा में ये दीर्घकालिक बॉन्ड बैंक की मदद करेंगे। इस बीच, भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से गुरुवार को खुदरा ई-रुपया जारी करने पर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के अध्यक्ष ने कहा कि पायलट रिटेल-सीबीडीसी (सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी) टिकाऊ प्रभावों के साथ एक गेम-चेंजर है जो बहुत कम कीमत पर बेहतर मौद्रिक संचरण सुनिश्चित करेगा।

## क्रिप्टोकरेंसी के बाजार में लौटी रौनक

### जानिए कहां तक उछले बिटकॉइन, इथेरियम के दाम

नई दिल्ली, 3 दिसंबर (एजेंसियां)। क्रिप्टोकरेंसी के रेट्स आज तेजी के साथ कारोबार कर रहे हैं और इसका मार्केट कैप आज थोड़ा बढ़कर ट्रेड कर रहा है। क्रिप्टोकरेंसी का मार्केट कैप आज 855,268,432,596 डॉलर पर है और इसमें दुनिया की सबसे पॉपुलर क्रिप्टोकरेंसी का हिस्सा 38।2 फीसदी पर है। वहीं दूसरे नंबर की सबसे बड़ी क्रिप्टोकरेंसी इथेरियम का हिस्सा 18।2 फीसदी दिखा रहा है।इंटरनेशनल मार्केट में बिटकॉइन के दाम देखें तो ये 16,988।14 डॉलर पर आ गए हैं। एक दिन में ये क्रिप्टो 0।09 फीसदी और एक हफ्ते में कुल मिलाकर 2।26 फीसदी की



उछाल दिखा चुका है। वहीं इथेरियम के दाम में भी तेजी है और ये 1,273।87 डॉलर प्रति कॉइन पर ट्रेड कर रही है। एक हफ्ते में इसमें 4।22 फीसदी की उछाल देखी जा रही है।भारत में क्रिप्टोकरेंसी के रेट्स 1,381,903।43 रुपये प्रति कॉइन पर आ गए हैं और इसके 1 दिन के ट्रेड में 0।24 फीसदी और 7 दिन के ट्रेड में 1।01 फीसदी का उछाल दर्ज किया जा रहा है। इथेरियम के रेट इस समय 104,410।82 रुपये पर हैं और पिछले 1 दिन में इसमें 0।78 फीसदी की बढ़त दर्ज की गई है जबकि 4।01 फीसदी की मजबूती दर्ज की जा चुकी है। टीथर के रेट्स 81।43 रुपये पर हैं और इसके रेट में मामूली उतार चढ़ाव देखा जा रहा है। टीथर का रेट बीते एक दिन में 0।04 फीसदी चढ़ा है और एक हफ्ते में इसके रेट में 1।34 फीसदी की गिरावट देखी जा रही है। बीएनबी के रेट्स देखें तो इसमें 23,652।44 रुपये के भाव पर कारोबार हो रहा है। इसके रेट बीते एक दिन में 0।29 फीसदी चढ़े हैं और बीते एक हफ्ते में इसके रेट में गिरावट देखी गई है। ये 8।15 फीसदी ऊपर चढ़ी है।

## 21 हजार मिनिमम सैलरी होते ही बढ़ जाएगी पेंशन की रकम

नई दिल्ली, 3 दिसंबर (एजेंसियां)। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के तहत पीएफ खाताधारकों की मिनिमम सैलरी 15 हजार रुपये है। चर्चा है कि अब इसे बढ़ाकर 21 हजार रुपये करने का प्लान किया जा रहा है। एक रिपोर्ट के अनुसार, अगर सरकार ऐसा करती है, तो कर्मचारियों के पेंशन में योगदान की राशि प्रभावित होगी। इसके साथ ही पीएफ की राशि में भी इजाफा हो सकता है। पिछली बार, सरकार ने कर्मचारियों की मिनिमम सैलरी में सितंबर, 2014 में इजाफा किया था। अब एक बार फिर इन कर्मचारियों की सैलरी बढ़ाई जा सकती है। द इकॉनोमिक टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, अगर सैलरी बढ़ती है तो इनका पीएफ योगदान भी बढ़ जाएगा और जो कर्मचारी पेंशन योजना में निवेश करते हैं, उनका भी योगदान बढ़ सकता है। वर्तमान में कर्मचारी पेंशन योजना खाते में योगदान की गणना मूल वेतन को 15,000 रुपये प्रति माह पर कैप करके की जाती है। इसलिए ईपीएस खाते में अधिकतम योगदान 1,250 रुपये प्रति माह तक है। अगर सरकार वेतन सीमा को बढ़ाकर 21,000 रुपये कर देती है, तो यह योगदान बढ़ जाएगा। परिणाम लॉ एंड एसोसिएट्स की सीनियर पार्टनर मल्लिका नूरानी कहती हैं, "मासिक ईपीएस योगदान 1749 रुपये (21,000 रुपये का 8।33%) हो जाएगा।"इस बढ़ोतरी के बाद कर्मचारियों को रिटायरमेंट पर ज्यादा पेंशन दी जाएगी। अगर किसी कर्मचारी की पेंशन योग्य सेवा अवधि 32 वर्ष है, तो मासिक वेतन की गणना सेवानिवृत्ति से पहले के 60 महीनों के औसत वेतन को लेकर की जाएगी। हालांकि, अगर 60 महीनों के दौरान कर्मचारी का मूल वेतन 15,000 रुपये प्रति माह से अधिक है, तो पेंशन की गणना करने के लिए 15,000 रुपये को एक महीने के वेतन के रूप में माना जाएगा।इसके अलावा, यदि कर्मचारी ने 20 वर्षों तक काम किया है, तो यदि किसी कर्मचारी ने 20 वर्ष से अधिक काम किया है, तो सेवा अवधि में बोनस के रूप में 2 वर्ष जोड़े जाएंगे।

## केंद्रीय मंत्री ने 42 सीईओ के साथ की बैठक, बोले- भारत बनेगा प्रौद्योगिकी निर्यातक देश

नई दिल्ली, 3 दिसंबर (एजेंसियां)। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक राउंड टेबल कान्फ्रेंस में दूरसंचार क्षेत्र की निर्माण कंपनियों के 42 सीईओ के साथ बैठक की अध्यक्षता की।

केंद्रीय मंत्री ने इस बारे में बताया कि आज हमने दूरसंचार क्षेत्र की विभिन्न निर्माण कंपनियों के 42 सीईओ के साथ बैठक की। इस दौरान हमने भारत को दूरसंचार प्रौद्योगिकी में अग्रणी बनाने के लिए पीएम मोदी के दृष्टिकोण के अनुरूप चर्चा की। उन्होंने कहा कि पीएलआई (प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव) योजना अच्छी तरह से तैयार की गई है और इसकी सादगी के लिए इसकी सराहना हुई है।

चर्चा के दौरान कई नए विचार सामने आए जिसके लिए 5-6 टास्क फोर्स का गठन किया गया है।

भारत को आने वाले वर्षों में निश्चित तौर पर एक प्रौद्योगिकी निर्यातक देश बनना चाहिए।

# तालिबान बढ़ा रहा भारत की तरफ दोस्ती का हाथ

## क्या धोखे की साजिश है उस पार?



काबुल, 3 दिसंबर (एजेंसियां)। अफगानिस्तान की तालिबानी सरकार ने 30 नवंबर को एक ऐलान कर पूरी दुनिया को चौंका दिया है. तालिबान ने कहा कि भारत इस देश में अपनी रुकी हुई परियोजनाओं को दोबारा से शुरू कर सकता है. उधर जब भारत के पड़ोसी देश में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान यानी टीटीपी ने पाकिस्तान के खिलाफ मोर्चा खोल रखा हो ऐसे में तालिबान का भारत को न्योता देना बहुत कुछ कह रहा है. दरअसल 28 नवंबर को टीटीपी के रक्षा प्रमुख मुफ्ती मुजाहिम ने एक खत के जरिये पाकिस्तानी सरकार खिलाफ के युद्धविराम खत्म करने का ऐलान किया था और उसके एक ही दिन बाद अफगानिस्तानी तालिबान के भारत को लेकर सकारात्मक रूख अपनाने में दुनिया को साजिश की बू आ रही है. तालिबान के भारत की तरफ दोस्ती का हाथ बढ़ाने को लेकर इसी देश के खुफिया विभाग के पूर्व अधिकारियों ने भारत को आगाह भी किया है. उनका कहना है कि तालिबानी हुकूमत वाला अफगानिस्तान भारत से रिश्ते बेहतर भले ही कर लें, लेकिन किसी भी कीमत पर उसे अपनी सुरक्षा पर कोताही नहीं बरतनी चाहिए. ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर तालिबान भारत से क्या चाहता है?

### तालिबान क्यों ले रहा दिलचस्पी भारत में?

तालिबान ने कहा कि भारत अफगानिस्तान में 20 रुकी हुई परियोजनाओं को फिर से शुरू कर सकता है. अफगानिस्तान के ने शहरी विकास और आवास मंत्रालय (एमयूडीएच) के हवाले से कहा, उम्मीद है कि भारत देश के कई प्रांतों में कम से कम 20 परियोजनाओं पर काम फिर से शुरू करेगा. एमयूडीएच के प्रवक्ता मोहम्मद कमाल अफगान ने ये भी कहा, ये परियोजनाएं पूर्व सरकार के दौरान लागू की गई थीं, लेकिन राजनीतिक परिवर्तन या अन्य मुद्दों की वजह से देरी हुई.वे अब इन परियोजनाओं को फिर से शुरू करने में दिलचस्पी रखते हैं. दरअसल भारत ने काबुल में 90 मिलियन डॉलर में अफगान संसद का निर्माण किया. इस इमारत में एक ब्लॉक का नाम पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर रखा गया है. इस बीच पजवोक अफगान न्यूज ने कहा कि शहरी विकास और भूमि मामलों के कार्यवाहक मंत्री मौलवी हमदुल्ला नोमानी ने भारत के बिजनेस समुदाय से अफगानिस्तान के शहरी विकास क्षेत्र में निवेश करने की अपील की है. मंत्रालय ने अपने ट्विटर हैंडल पर लिखा कि कार्यवाहक मंत्री नोमानी ने काबुल में भारतीय दूतावास के प्रभारी चार्जेज द अफेयर (उपराजदूत) भारत कुमार से मुलाकात की. इस दौरान कार्यवाहक मंत्री नोमानी ने कहा, भारतीय व्यवसायी शहरी और आवासीय क्षेत्र में निवेश कर सकते हैं, खास तौर से न्यू काबुल सिटी परियोजना में. नुमानी ने आगे कहा, भारत ने अतीत में अफगानिस्तान में कुछ परियोजनाओं पर काम किया है, भुगतान न होने की वजह से उनमें से कुछ अधूरी रहीं. उन्होंने भारत सरकार से अधूरी परियोजनाओं के बारे में भी अपना रुख साफ करने को कहा. इस मुलाकात के दौरान अफगानी मंत्री मौलवी हमदुल्ला नोमानी ने भारतीय उपराजदूत से नागरिक और शहरी विकास क्षेत्र में अफगान इंजीनियरों को अधिक हुनरमंद बनाने और उनकी कुशलता बढ़ाने के लिए भी योगदान देने की अपील की. इसके लिए मास्टर और पीएचडी डिग्री के लिए अफगान नागरिकों को छात्रवृत्ति देने की मांग की गई है. टोलो न्यूज की रिपोर्ट की माने तो एमयूडीएच ने कहा कि भारत के चार्जेज द अफेयर कुमार ने रिश्तों को सुधारने और अफगानिस्तान में दिल्ली की परियोजनाओं को फिर से शुरू करने में दिलचस्पी दिखाई है. उपराजदूत कुमार ने अफगानिस्तान के शहरी विकास और आवास मंत्री हमदुल्लाह नोमानी के साथ काबुल की एक बैठक में ये बात कही थी.

### अफगान बाशिंदों, अखबार,अर्थशास्त्रियों को भी आस

टोलो न्यूज के मुताबिक, अफगानिस्तान के अर्थशास्त्रियों का मानना है कि परियोजनाओं के फिर से शुरू होने से यहां नौकरी के अवसर बढ़ेंगे और देश में विकास को बढ़ावा मिलेगा. एक अफगानी अर्थशास्त्री दरिया खान बहीर का कहना है, इन परियोजनाओं की बहाली लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी पैदा कर सकती है और अफगानी लोगों की आय बढ़ा सकती है और अफगानिस्तान को राजनीतिक अलगाव से बाहर निकाल सकती है. वहीं अर्थशास्त्री नाज़कमिर ज़िरमल ने कहा, इन परियोजनाओं के फिर से शुरू होने से ग़रीबी और बेरोज़गारी के स्तर में कमी आएगी. अफगानियों का मानना है कि परियोजनाओं को लागू करने से नौकरी के अवसर बढ़ेंगे, गरीबी और बेरोजगारी कम होगी और देश में विकास को बढ़ावा मिलेगा.

### क्या है भारत का रुख?

भारत के चार्जेज द अफेयर (उपराजदूत) भारत कुमार ने कहा कि अफगानिस्तान का एमयूडीएच मंत्रालय सभी बताई गई परियोजनाओं के बारे में जानकारी साझा कर सकता है. वह भारत सरकार को उनकी परेशानियों को सुलझाने और सभी परियोजनाओं को इस्तेमाल के लिए तैयार करने के अनुरोध का संदेश देंगे. उन्होंने आगे कहा कि उन्हें नई काबुल परियोजना के बारे में कुछ जानकारी मिली है और वो उनके बारे में भारतीय निवेशकों से जरूर बात करेंगे. दरअसल अगस्त 2021 में तालिबान के सत्ता पर काबिज होने के बाद भारत को अफगानिस्तान में अपने सभी प्रोजेक्ट बंद करने पड़े थे. इसके बाद भारत ने यहां अपना दूतावास बंद कर दिया था. इस दूतावास ने यहां कुछ महीने पहले फिर से काम करना शुरू किया है. हालांकि यहां भारत में अभी भी सुरक्षा के मुद्दों को लेकर चिंता है. हाल ही में यहां इस्लामिक स्टेट आतंकवादियों ने कई नागरिक परियोजनाओं, धार्मिक स्थलों और रूसी दूतावास को निशाना बनाया था.

### भारत के अफगानिस्तान में प्रोजेक्ट

दरअसल अफगानिस्तान में तालिबान की सरकार के आने से पहले भारत ने यहां लगभग तीन बिलियन डॉलर की डेवलपमेंट और कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोजेक्ट में निवेश किया था. अफगानिस्तान में भारत की मदद से चलने वाली महत्वपूर्ण परियोजनाओं में साल 2016 में हेरात प्रांत में 42 मेगावॉट (42एमडब्ल्यू) के सलमा बांध का उद्घाटन रहा. इसे अफगान-भारत मैत्री बांध के तौर पर में जाना जाता है. यहां की अन्य हाई-प्रोफाइल परियोजना 218-किमी जरांज-डेलाराम राजमार्ग शामिल है जो भारत के सीमा सड़क संगठन ने बनाया है. जरांज ईरान के साथ अफगानिस्तान की सीमा के करीब एक जगह है. भारत ने काबुल में 90 मिलियन डॉलर में अफगान संसद भी बनाई है. 2016 में अफगानिस्तान के राष्ट्रपति अशरफ गनी और प्रधानमंत्री मोदी ने काबुल में मरम्मत के बाद खोले गए स्टोर पैलेस का उद्घाटन किया. इसे 19वीं शताब्दी के अंत में बनाया गया था. भारत ने काबुल में एक महत्वपूर्ण अस्पताल भी बनाया है. इससे पहले भारत यहां मानव संसाधन के विकास, पेशेवरों को प्रशिक्षण देने और भारत में पढ़ाई के लिए अफगान छात्रों को बड़ी संख्या में छात्रवृत्ति और प्रवेश की पेशकश जैसी मदद करता रहा है. यहां शुरू की गई अधिकतर भारतीय परियोजनाएं लोगों को फायदा देने वाली हैं जो अफगानिस्तान के सभी 34 प्रांतों में हैं. इनका मकसद इसे एक आत्मनिर्भर देश बनाना था. भारत ने अफगानिस्तान से क्षेत्रीय संपर्क बढ़ाने के लिए एयर फ्रेट कॉरिडोर और चाबहार पोर्ट को शुरू किया है. मौजूदा वक्त में भारत अफगानिस्तान में मानवीय हालातों को लेकर बेहद चिंता करता रहा है. यही वजह है कि भारत ने अफगानिस्तान को मानवीय मदद भी दी है. इनमें 40,000 मीट्रिक टन गेहूं के साथ ही जरूरी जीवन रक्षक दवाएं की लगभग 50 टन मेडिकल एड भी शामिल हैं. इसमें टीबी की दवाएं, कोविड वैक्सीन की 500,000 खुराकें, जरूरी मेडिकल, सर्जिकल सामान और 28 टन अन्य आपदा राहत सामग्री शामिल हैं.

### अफगानिस्तान के पूर्व खुफिया ने किया आगाह

अफगानिस्तान के पूर्व खुफिया प्रमुख रहे रहमतुल्लाह नबील ने भारत को इस देश को लेकर आगाह किया है. उनका कहना है कि भारत को अफगानिस्तान के साथ दोस्ती के रिश्तों में बेहद सावधानी बरतने की जरूररत है. उसे अपनी सुरक्षा को लेकर सचेत रहना चाहिए, क्योंकि इस देश में विश्व के खतरनाक आतंकी संगठन अपना आशियाना बनाए हुए हैं. इनमें भारत के जम्मू-कश्मीर में आतंकी वारदातों को अंजाम देने वाले लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद भी शामिल है. द हिंदू अखबार को को दिए इंटरव्यू में नबील ने कहा कि भारत के खुद के फायदे के लिए तालिबान सरकार के साथ बातचीत जरूरी थी, लेकिन भारत सरकार को इस देश के पुराने नेताओं से भी राब्ता रखना चाहिए. गौरतलब है कि नबील अफगानिस्तान के दो पूर्व राष्ट्रपति हामिद करजई और अशरफ गनी के वक्त राष्ट्रीय सुरक्षा निदेशालय (एनडीएस) के डायरेक्टर रहे थे. 6 साल के अपने 2010 से 2015 के कार्यकाल के वक्त उन्होंने भारत के साथ रिश्तों को मजबूत करने में अहम योगदान दिया था. भारत ने साल 2021 में उन्हें सुरक्षा कारणों से वीजा देने से इंकार कर दिया था.

## लूट के आरोपी को पकड़ने गई पुलिस पर पथराव

पानीपत, 3 दिसंबर (एजेंसियां)। पानीपत की दुर्गा कॉलोनी में लूट के आरोपी को पकड़ने गई किला थाना पुलिस पर आरोपी की पत्नी समेत चार लोगों ने मिलकर पथराव कर दिया। पुलिस के साथ हाथापाई भी की गई। हालात बिगड़ते देख इंस्पेक्टर को और पुलिस बुलानी पड़ी। हालांकि पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ सरकारी कार्रवाई में बाधा पहुंचाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। किला थाना प्रभारी इंस्पेक्टर जाकिर हुसैन ने बताना कि वह अपनी टीम के साथ दो दिसंबर को छोटू राम चौक पर गश्त पर थे। इसी बीच सूचना मिली कि जून 2022 में लूट की वारदात को अंजाम देने वाला आरोपी जितेंद्र उर्फ आफताब अपने परिवार सहित दुर्गा कॉलोनी में विकास के मकान में प्रथम तल पर किराए पर रह रहा है।

# रूस-यूक्रेन जंग पर फिनलैंड पीएम की चेतावनी

## कहा- पुतिन जीते तो दूसरे देश भी कर सकते हैं हमला



कीव, 3 दिसंबर (एजेंसियां)। रूस-यूक्रेन युद्ध को 9 महीने का समय हो गया है और अब तक दोनों देशों में से कोई पीछने हटने या अपनी हार मानने को तैयार नहीं है. फिनलैंड की प्रधानमंत्री सना मरीन ने ऑस्ट्रेलियाई दर्शकों को चेतावनी दी कि यूक्रेन पर एक रूसी जीत अन्य हमलावरों को सशक्त बना देगा. सना मरीन ने कहा कि अगर रूस इस जंग को जीतता है तो अन्य देश भी ऐसा करने के लिए सशक्त हो जाएंगे. सना मरीन ने अन्य देशों से रूस पर निर्भरता को कम करने पर जोर दिया. दरअसल, ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान मरीन रूस-युद्ध पर बेहद गंभीर दिखीं. उन्होंने साफ शब्दों में कहा, किसी प्रकार की कोई गलती न करें. अगर ये युद्ध रूस जीतने में सफल होता है तो वो ताकतवर महसूस करने वाला अकेला नहीं होगा.

### अमेरिका की मदद के बिना... - फिनलैंड की प्रधानमंत्री सना मरीन

इस दौरान उन्होंने ये भी कहा कि यूक्रेन पर रूसी हमले से लड़ने के लिए यूरोप अभी मजबूत नहीं है जिस कारण उसे अमेरिका पर निर्भर होना पड़ता है. उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि यूरोप की रक्षा ताकतों को मजबूत किया जाना चाहिए साथ ही कहा, फिलहाल हम अमेरिका की मदद के बिना मुसीबत में होंगे.

### यूरोपीय देशों का रक्षा भंडार... - फिनलैंड की प्रधानमंत्री सना मरीन

दरअसल, अमेरिका यूक्रेन को सैन्य सहायता मुहैया कराने वाले देशों में सबसे आगे रहा है. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अमेरिका ने यूक्रेन को 18.6 अरब डॉलर की सैन्य सहायता देने की घोषणा की है. वहीं, यूरोपीय संघ दूसरे स्थान पर रहा है. फिनलैंड की प्रधानमंत्री ने कहा कि यूक्रेन को सैन्य मदद देने के चलते यूरोपीय देशों का रक्षा भंडार घट रहा है जिस कारण यूरोपीय रक्षा ताकतों को और मजबूत करने की खास जरूरत है.

## जाफना यूनिवर्सिटी ने चीनी गुप्त एजेंडे के चलते एमओयू से किया इनकार, कुलपति ने कही यह बात

कोलंबो, 3 दिसंबर (एजेंसियां)। जाफना विश्वविद्यालय द्वारा हाल ही में चीन के सरकारी कृषि विवि के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर दस्तखत करने से इनकार करने के चलते चीन-श्रीलंका संबंध और अधिक तनावपूर्ण हो गए हैं। जाफना विवि का कहना है कि इस सौदे के भीतर उत्तरी व पूर्वी क्षेत्र में विकास परियोजनाओं के बहाने उपजाऊ भूमि हड़पने का चीन का गुप्त एजेंडा छिपा हुआ है। सीलोन टुडे की एक रिपोर्ट के मुताबिक, जाफना विवि के कुलपति शिवकोलुंडु श्रीसतकुनाराजा ने 25 नवंबर को एमओयू पर हस्ताक्षर करने से इनकार किया था। इसके अलावा छात्रसंघ ने भी सरकार से लोगों की इच्छा के विरुद्ध चीन के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर नहीं करने की अपील की थी। सीलोन टुडे के अनुसार, छात्रसंघ ने एमओयू पर हस्ताक्षर से इनकार करने के लिए कुलपति का आभार जताया।

बयान में आगे कहा गया है कि चीन ने समुद्री खीरे (एक प्रकार की मछली) को बढ़ावा देने के बहाने प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से समुद्री क्षेत्रों के बड़े हिस्से पर कब्जा कर लिया और अपने मछुआरों के बीच विभाजन पैदा कर दिया। जाफना विवि के हवाले से रिपोर्ट में बताया गया कि अब, चीन एक गंभीर खाद्य संकट का प्रबंधन करने के लिए एक दुर्भावनापूर्ण गणना के साथ उत्तर और पूर्व में उपजाऊ कृषि भूमि को हड़पने पर नजर गड़ाए हुए है। यह भूमि आगामी दस वर्षों में चीनी कब्जे में रहेगी। यह श्रीलंका के साथ भेदभाव की निशानी है।

सीलोन टुडे ने जाफना विवि के हवाले से कहा कि चीन ने कथित तौर पर श्रीलंका को उर्वरक के रूप में हानिकारक बैक्टीरिया के साथ मल पदार्थ की आपूर्ति की और श्रीलंका को लाखों रुपये का भुगतान करने के लिए मजबूर किया।

# परमाणु युद्ध के कगार पर पहुंची रूस-यूक्रेन लड़ाई चंद घंटों में लाखों मौतों का खतरा



कीव, 3 दिसंबर (एजेंसियां)। पिछले 10 माह से जारी रूस-यूक्रेन जंग में अब परमाणु हथियारों के इस्तेमाल का खतरा बढ़ गया है। यूक्रेन की सेना का दावा है कि रूस अब परमाणु मिसाइलों के इस्तेमाल की तैयारी में है। जानकारों का कहना है कि यदि परमाणु हमला हुआ तो चंद घंटों में लाखों लोग मारे जाएंगे। यूक्रेन के रक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि जंग के मैदान में ऐसी पूर्व सोवियत मिसाइलें मिली हैं, जिनका इस्तेमाल परमाणु हमलों के लिए किया जाता है। इन विशेषज्ञों ने इन मिसाइलों के टुकड़े भी मीडिया को दिखाए।

### यूक्रेन के दावे से यूरोप की नींद उड़ी

यूक्रेन के दावे की अभी रूस ने पुष्टि नहीं की है, लेकिन यूरोपीय देशों की नींद उड़ गई है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार यूक्रेन ने गुरुवार को दावा किया कि रूस ने यूक्रेन पर परमाणु हथियारों में सक्षम मिसाइलों से हमला शुरू कर दिया है। ये हमले यूक्रेन के पश्चिमी हिस्से में किए गए।

### एक्स 55 क्रूज मिसाइलों का इस्तेमाल

यूक्रेन के सैन्य अधिकारी माइकोला डेनिल्युक ने पत्रकारों को बताया कि रूस ने लविवि और खमेलनित्स्की इलाकों में परमाणु मिसाइलों का इस्तेमाल किया। उन्होंने मीडिया को एक्स-55 क्रूज मिसाइलों के हिस्से भी दिखाए। उन्होंने कहा कि ये हमले देश की वायु रक्षा प्रणाली को खत्म करने के इरादे से किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन मिसाइलों के टुकड़ों की जांच में रेडियोधर्मिता के परीक्षण में असामान्य स्तर नहीं दिखा। बता दें, रूस और यूक्रेन के युद्ध में दोनों ही पक्ष पिछले कई महीने से ड्रोन विमानों से हमले कर रहे हैं। यूक्रेन को अमेरिका और तुर्की से बेहद घातक कहे जाने वाले ड्रोन विमान मिले हैं। इन ड्रोन विमानों ने रूस को भी भारी नुकसान पहुंचाया है। इसके बाद रूस ने भी जोरदार पलटवार करने के लिए ईरान की मदद ली है। ईरानी ड्रोन विमानों की मदद से अब रूस ने यूक्रेन के खिलाफ कारगर बढ़त बना ली है। रक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि यदि रूस ने परमाणु हमला किया तो अनुमान है कि मात्र पांच घंटे में यूक्रेन के 3.4 करोड़ लोग मारे जाएंगे।

## बिलासपुर के दधोल में अनियंत्रित कार सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकराई, पांच लोग घायल

बिलासपुर, 3 दिसंबर (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले के उपमंडल के घुमारवीं के दधोल में एक कार अनियंत्रित होकर ट्रक से टकरा गई। हादसे में पांच कार सवार घायल हो गए। हादसा शनिवार सुबह 7:00 बजे के करीब शिमला-मटौर नेशनल हाईवे पर हुआ है। तीन घायलों का उपचार घुमारवीं अस्पताल में चल रहा है। जबकि दो को जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। भराड़ी थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। शनिवार सुबह दधोल में एक कार सड़क किनारे खड़े



ट्रक के पीछे टकरा गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को बाहर निकाला गया। एंबुलेंस से सभी घायलों को घुमारवीं अस्पताल ले जाया गया। जानकारी के मुताबिक कार में सवार लोग बरात में कुठेड़ा गए थे और सुबह वापस आ रहे थे। हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने मौके पर जांच शुरू कर दी है।

# ब्रिटिश पीएम बोले- मैंने रंगभेद सहा

## सुनक ने कहा- जो भेदभाव झेला, वैसा किसी के साथ नहीं होने दूंगा



लंदन, 3 दिसंबर (एजेंसियां)। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने बकिंघम पैलेस में रंगभेद के आरोपों पर चुप्पी तोड़ी है। हालांकि उन्होंने सीधे तौर पर इसका जिक्र नहीं किया। सुनक ने कहा कि हमें रंगभेद के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए। ऐसे आरोप जहां कहीं भी लगेंगे, उनकी जांच की जानी चाहिए। भारतीय मूल के सुनक ने कहा- मैंने बचपन में रंगभेद का सामना किया है। उन्होंने कहा- तब और बुरा लगता था, जब छोटे भाई-बहनों के सामने इस तरह का बर्ताव होता था। लेकिन मुझे यह कहते हुए खुशी हो रही है कि बचपन मैंने जो कुछ भी एक्सपीरिएंस किया है, वो एक्सपीरिएंस किसी को आज नहीं होगा। क्योंकि हमारे देश ने रंगभेद से निपटने में काफी प्रगति की है। हालांकि, रंगभेद से निपटने की दिशा में अभी भी बहुत काम बाकी है।

### वो शब्द चुभते थे

रंगभेद मामलों पर उन्होंने कहा- सिर्फ कुछ शब्द ही कहे जाते थे। लेकिन, वो जितने चुभते थे, उतनी कोई चीज नहीं चुभ सकती। ये लफ्ज आपके कलेजे को छलनी कर देते हैं। एक अल्पसंख्यक समूह होता है। वो हमेशा यह मानकर चलता है कि उनके साथ नस्लभेदी रवैया अपनाया जा रहा है। लेकिन, मैं अपने देश की ऐसी छवि पेश नहीं करना चाहूंगा।

### प्रिंस विलियम की गॉड मदर पर लगे रंगभेद के आरोप

1 नवंबर को खबर मिली थी कि ब्रिटेन के बकिंघम पैलस की एक अहम सदस्य को नस्लीय कमेंट करने के कारण इस्तीफा देना पड़ा। रिपोर्ट्स में कहा गया कि कमेंट करने वाली प्रिंस विलियम की गॉड मदर 83 साल की सुजैन हुस्से हैं। उन्होंने एक अश्वेत महिला से बार-बार पूछा की वो अफ्रीका के किस हिस्से से आई है, जबकि महिला पहले ही कई बार बता चुकी थी की वो ब्रिटेन की ही नागरिक है।

### महल ने जताया था अफसोस

बकिंघम पैलेस में हुई घटना पर पैलेस के स्पोक्सपर्सन ने बयान जारी करते हुए अफसोस जताया था। साथ ही मामले की जांच होने की बात कही गई थी। प्रवक्ता ने कहा- इस तरह के मामलों को बिल्कुल स्वीकार नहीं किया जा सकता है। इस तरह के कमेंट पर हमें खेद है। उन्होंने उस व्यक्ति का नाम नहीं लिया जिसने नस्लीय कमेंट किया था, लेकिन यह जरूर बताया है कि उस सदस्य ने माफी मांगने की इच्छा जाहिर की है और उन्हें इस बात पर अफसोस है कि उनकी कमेंट से किसी को तकलीफ हुई है।

### मेगन मर्केल ने भी लगाए थे रंगभेद के आरोप

बकिंघम पैलेस में रंगभेद का यह कोई पहला मामला नहीं था। किंग चार्ल्स के छोटे बेटे प्रिंस हैरी की पत्नी मेगन मर्केल ने भी आरोप लगाया था कि पैलेस में उन पर नस्लभेदी टिप्पणी की गई थीं। मेगन ने कहा था कि जब वो प्रेगनेंट थीं तो पैलेस में काम करने वाले एक सदस्य ने उनके बच्चे के रंग को लेकर सवाल किए थे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी ने फांसी लगाकर दी जान

झज्जर, 3 दिसंबर (एजेंसियां)। झज्जर के एक गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में 16 साल की एक किशोरी ने घर में बने एक कमरे में फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। जब किशोरी ने फांसी लगाई, उस समय घर के सभी सदस्य बाहर गए हुए थे। किशोरी का पिता और बड़ा भाई घर से बाहर गया हुआ था। उसका छोटा भाई स्कूल गया था। किशोरी गांव के स्कूल में ही 12वीं कक्षा में पढ़ती थी। जब उसका छोटा भाई स्कूल से वापस आया और उसने घर का दरवाजा खुलवाना चाहा तो काफी देर बाद तक अंदर से उसकी बहन ने दरवाजा नहीं खोला तो उसे संदेह हुआ।

# स्पेन के यूक्रेनी दूतावास में धमाके के बाद दो लैटर बमों से हड़कंप

## आतंकी घटना के तौर पर जांच जारी




मैड्रिड, 3 दिसंबर (एजेंसियां)। स्पेन की पुलिस ने राजधानी मैड्रिड के बाहरी क्षेत्र में स्थित वायुसेना के ठिकाने पर भेजे गए एक लैटर बम का बृहस्पतिवार तड़के पता लगाया। यह लैटर बम, यूक्रेन के दूतावास में लैटर बम में हुए धमाके के ठीक बाद मिला है, जिसमें पहले ही एक कर्मचारी घायल हो चुका है। स्पेन के गृह एवं रक्षा मंत्रालयों ने यह जानकारी दी। इस लैटर बम को लेकर यूरोपीय देशों में हड़कंप की स्थिति है। सरकारी अधिकारियों ने बताया कि विस्फोटकों से युक्त एक और पैकेट उत्तरी स्पेन के जारगोजा शहर की सशस्त्र फैक्टरी में मिला है। इस कारखाने में ग्रेनेड लांचर का निर्माण किया जाता है जिनका निर्यात यूक्रेन को भी किया गया है। पुलिस ने इस लैटर बम में नियंत्रित धमाका कर उन्हें नष्ट कर दिया है। सरकारी अधिकारी ने बताया कि जारागोजा और दूतावास में मिले दोनों लैटर बम पर भेजने वाले का एक ही ई-मेल पता दर्ज है। उन्होंने बताया कि मामले में आगे की जांच की जा रही है। स्पेन के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि वायुसेना ठिकाने पर मिले पैकेट में संदिग्ध वस्तु थी। उन्होंने बताया कि मैड्रिड के पूर्वी हिस्से में स्थित टॉरेजन डी एरोज बेस पर अतिरिक्त सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की गई है। मंत्रालय ने बताया कि इस पैकेट को वायुसेना ठिकाने के उपग्रह केंद्र को भेजा गया था। बता दें इस लैटर बम से दूतावास में बुधवार को उस वक्त धमाका हुआ जब एक कर्मचारी ने राजदूत के नाम से आए पत्र को खोला। हालांकि, इस घटना में घायल कर्मचारी की स्थिति बहुत गंभीर नहीं है, लेकिन इस घटना के बाद दूसरा बम मिलने से हड़कंप है।

### पार्सल में मिले जानवरों के अंग

अधिकारियों के मुताबिक, मैड्रिड दूतावास में भेजे गए पैकेट में लैटर बम के अलावा जानवरों की आंख भी मिली है, जिन्हें किसी प्रकार के लिक्विड में भिगोया गया था। इसी तरह के मामले यूक्रेन के अन्य दूतावासों से भी सामने आए हैं। हंगरी, नीदरलैंड, पोलैंड, क्रोएशिया और इटली समेत 17 दूतावासों में भी इसी तरह के पार्सल भेजे गए हैं।

### आतंकी घटना के तौर पर जांच जारी

घटना के तुरंत बाद यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा ने यूक्रेन के सभी दूतावासों की सुरक्षा बढ़ाने का निर्देश दिया। उन्होंने अपने स्पेनी समकक्ष से भी तत्काल जांच के लिए कदम उठाने का अनुरोध किया। स्पेन की नेशनल कोर्ट मामले की आतंकवादी घटना के तौर पर जांच कर रही है और दूतावास की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने बीजिंग में यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष चार्ल्स मिशेल के साथ चर्चा में यूक्रेन युद्ध के राजनीतिक समाधान पर वार्ता का आग्रह किया। शी ने कहा, राजनीतिक माध्यम से यूक्रेन के संकट को हल करना यूरोप के सर्वोत्तम हित में है और यूरेशिया में सभी देशों का समान हित भी इसी में है। उन्होंने कहा, मौजूदा हालात में हमें संकट बढ़ाने से बचना चाहिए तथा शांति के लिए काम करना चाहिए। मिशेल की एक दिनी यात्रा का मकसद चीन को अधिक निर्यात की यूरोपीय संघ की इच्छा और मौलिक स्वतंत्रता की रक्षा में बीजिंग के साथ दृढ़ रहने की जरूरत के बीच संतुलन की तलाश करना था।

# दादा-पिता ने तड़पकर दम तोड़ा था, चौथी पीढ़ी भी विकलांग

## आज भी झेल रहे भोपाल गैस त्रासदी का दंश, बोले- ये जिंदगी मौत जैसी

एक्सक्लूसिव डेस्क, 3 दिसंबर। भोपाल के इंद्रानगर की रहने वाली फूलवती साहू आज 62 साल की हो चुकी हैं। 37 साल पहले हुए गैस कांड का वो मंजर आज भी नहीं भुला पाईं। उनके हाथ-पैर में पैरालिसिस (लकवा) है। भोपाल गैस कांड की पीड़ितों में से एक हैं। उन्होंने गैस हादसे को बहुत करीब से देखा। अपने सामने कई अपनों को तड़प-तड़पकर मरते देखा। सास-ससुर और पति की एक के बाद एक मौत हो गई। एक बेटा भी चल बसा।

दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी गैस त्रासदी को भले ही 37 साल बीत गए हों, लेकिन जख्म आज भी ताजा हैं। फूलवती की चौथी पीढ़ी गैस त्रासदी का दंश भोग रही है।

'मेरा नाम फूलवती साहू है। गैस हादसे के दौरान मेरी उम्र 24 साल थी। शादी जल्दी हो गई थी। तब तक 3 बच्चे हो गए थे। बड़ा सुनील, फिर मनोज और सबसे छोटा दीपक। गैस कांड के वक्त दीपक गोद में ही था, तब उसकी उम्र 2-3 महीने थी। सबसे बड़ा बेटा सुनील 3 और मनोज डेढ़ साल का था। गैस की वजह से ससुर जय किशन और सास जमनाबाई की कुछ साल बाद ही मौत हो गई। पति शिवप्रसाद भी गैस की जद में आ गए थे। उन्हें गंभीर बीमारियां हो गई थीं। इलाज के दौरान ही 15 साल पहले पति की भी मौत हो गई। बड़े बेटे सुनील ने 3 साल पहले दम तोड़ दिया। वह भी गैस पीड़ित था।

सुनील का 25 साल का बेटा प्रियांश भी प्रभावित है। उसकी ग्रोथ रुक गई है। संभावना ट्रस्ट के अस्पताल में पैरालिसिस का इलाज करवा रही हूं। बेटा मनोज और दीपक भी प्रभावित हैं। उनका भी समय-समय पर इलाज चलता है। प्रियांश का कहना है- जी तो रहे हैं, लेकिन ये जिंदगी मौत जैसी है।




**जेपी नगर में एक भी घर नहीं, जहां मौत न हुई हो**

फैक्ट्री के ठीक सामने जेपी नगर में ऐसा कोई घर नहीं है, जहां गैस की वजह से किसी की मौत न हुई हो या फिर कैंसर, शुगर या दिव्यांगता जैसी गंभीर बीमारियों से आज भी न जूझ रहा हो। पीड़ितों का दर्द सुनकर हर किसी का कलेजा भर आता है। जेपी नगर में ही गैस त्रासदी में मारे गए लोगों को याद करने के लिए एक स्मारक भी बनाया गया है। फूलवती बाई का कहना है कि उनकी फोटो से ही यह स्मारक बनाया गया है। गोद में जो बच्चा है, तब सबसे छोटा बेटा दीपक है, जबकि साड़ी का पल्लू जिसने पकड़ा है, वह सबसे बड़ा बेटा सुनील था। सुनील की 3 साल पहले ही मौत हुई है।

**पहले गैस त्रासदी के बारे में जान लेते हैं**

भोपाल गैस त्रासदी ठीक 37 साल पहले हुई। 2-3 दिसंबर 1984 की वो रात, जब यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री के एक टैंक से मिथाइल आइसोसाइनेट गैस रिस गई। चारों ओर भगदड़ मच गई। फैक्ट्री के आसपास के इलाके में लाशें बिछ गईं। चारों ओर लाशें ही लाशें थीं, जिन्हें ढोने के लिए गाड़ियां कम पड़ गईं। चीखें इतनी कि लोगों को आपस में बातें करना मुश्किल हो रहा था।

धुंध इतनी कि पहचानना ही चैलेंज था। इस हादसे को भले ही 37 साल बीत चुके हों और आज 38वीं बरसी मनाई जा रही है, लेकिन दर्द आज भी ताजा है। किसी ने पति-बेटों को आंखों के सामने मरते देखा तो किसी ने अपनी तीन पीढ़ियां खो दी।

**उस दर्दनाक मंजर को याद करती हूं, तो सिहर उठती हूं**

मैं विष्णु बाई। उम्र 70 साल है। फैक्ट्री की बाउंड्रीवॉल से सिर्फ 100 मीटर दूर पर ही कच्चा झोपड़ीनुमा मकान था। इसमें मैं और बड़ी बहन का परिवार रहता था, लेकिन गैस कांड ने हमारा सबकुछ छीन लिया। आज भी उस दर्दनाक मंजर को याद करती हूं, तो सिहर उठती हूं। रात के 12 बजे थे। हम सब गहरी नींद में थे, तभी शोर सुना। घर से बाहर निकलकर देखा तो चारों ओर भगदड़ मची थी। कई लोग भागते-भागते ही गिर रहे थे। लाशें बिछ रहीं थीं। मैं और बहन अपने परिवार को लेकर भागने लगे। आंखों से आंसू निकल रहे थे। जैसे-तैसे रात गुजारी, लेकिन यह रात हमारी जिंदगी की सबसे मनहूस रात बन गई।

बहन के 8, 12 और 15 साल के 3 बेटों की मौत हो गई। बेटों की एक साथ अर्थी उठीं। बहन को संभालना मुश्किल हो रहा था। हम सब भी बेहाल थे। इसके बाद तो गैस जैसे हमारी जिंदगी का हिस्सा बन गई। कुछ सालों में गैस ने पति, बहन और जीजा को भी लील लिया। किसी को कैंसर तो किसी को टीबी बीमारी हो गई।

**गैस के असर से पति गिर गए, फिर नहीं उठे**

सावित्री बाई कहती हैं- जिस दिन गैस कांड हुआ, उसी दिन पति को खो दिया। गैस के असर से वे गिर गए तो उठे नहीं। ढाई महीने के बाद 19 वर्षीय बेटे ने भी दम तोड़ दिया। 2 बेटे हैं। वे भी गैस के प्रभाव में आए थे। उन्हें भी परेशानी होती हैं।

जेपी नगर की रेखा बताती हैं- गैस की वजह से उनकी सास, दादी सास, पति और चार जेठ, देवर-ननद की मौत हो गई। परिवार के सात लोगों की मौत ने झकझोर दिया, लेकिन बच्चों के खातिर जैसे-तैसे गुजर-बसर कर रही हूं। खाने-पीने के सामान की छोटी सी दुकान ठेले पर चलाती हूं। इससे ही गुजर-बसर होता है।

**गैस त्रासदी ने सबकुछ बर्बाद कर दिया**

जेपी नगर में रहने वाली रानी बाई बताती हैं- गैस त्रासदी ने सबकुछ बर्बाद कर दिया। घर के लोगों को मरते हुए अपनी आंखों के सामने देखा। गैस का दंश अब तक है। 24 साल की बेटी भारती दिव्यांग है। चलना-फिरना तो दूर, वह खड़ी तक नहीं हो पाती।

**यह हुआ था उस रात**

जेपी नगर में यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री के प्लांट नंबर-सीके टैंक नंबर-610 से लीक हुई मिथाइल आइसोसाइनेट ने हजारों परिवारों को तबाह कर दिया। इस रात को जब शहर चैन की नींद सो रहा था, तब गैस भोपाल के बड़े इलाकों में लाशों का ढेर बिछा रही थी। लाशों को ढोने के लिए गाड़ियां और कफन भी कम पड़ गए थे।

**गैस त्रासदी एक नजर में**

भोपाल के 36 वार्डों को गैस कांड के बाद प्रभावित माना गया।

रिकॉर्ड के मुताबिक, 3787 लोगों की मौत गैस रिसाव से 24 घंटे के भीतर हुईं।

35 हजार लोगों की अब तक जहरीली गैस के प्रभाव से मौतें हुईं।

5,74,386 लोगों को गैस त्रासदी का मुआवजा मिला।

**दुनिया की सबसे बड़ी त्रासदी**

भोपाल गैसकांड दुनिया की सबसे बड़ी त्रासदी है। गूगल सर्च इंजन भी मानता है कि दुनिया में इससे पहले और अभी तक ऐसा कोई भी इंडस्ट्रियल डिजास्टर नहीं हुआ है, जो भोपाल गैस त्रासदी के दुख-दर्द और नुकसान के बराबर हो।

**गैस पीड़ित दिल्ली के लिए रवाना**

भोपाल गैस कांड पीड़ितों का एक जत्था आज दिल्ली के लिए रवाना हुआ है। सभी अपनी मांगों को लेकर जंतर-मंतर पर धरना देंगे। भोपाल ग्रुप फॉर इन्फॉर्मेशन एंड एक्शन की रचना ढींगरा ने बताया कि केंद्र और मप्र सरकार गैस पीड़ितों को मुआवजा दिलाने का वादा पूरा करे, क्योंकि 10 जनवरी 2023 को सुप्रीम कोर्ट में अतिरिक्त मुआवजे की सुनवाई है। मप्र सरकार पीएम को चिट्ठी लिखें, ताकि 5 लाख 21 हजार गैस पीड़ितों को सही मुआवजा मिल सके। यूनियन कार्बाइड और डाव केमिकल से हर पीड़ित को 6 लाख रुपए मुआवजा मिलना चाहिए। पिछले एक महीने से हम भोपाल में हस्ताक्षर अभियान चला रहे हैं। केंद्र सरकार, सुप्रीम कोर्ट के सामने गैस पीड़ितों के लंबित मुआवजे के मामले में मौतों और बीमारियों के सही आंकड़े पेश करे। दिल्ली में गैस पीड़ित रसायन मंत्री मनसुख मांडविया से मुलाकात करने की कोशिश भी करेंगे।

**भोपाल ने ही झेली दुनिया की सबसे बड़ी त्रासदी**

भोपाल गैस त्रासदी। ठीक 37 साल पहले। 2-3 दिसंबर 1984 की वो रात। आज की पीढ़ी ने उस भयानक रात के बारे में सिर्फ सुना या तस्वीरों में देखा होगा। यकीन मानिए कि वह रात दुनिया सबसे खौफनाक रातों में से एक है। गूगल सर्च इंजिन भी मानता है कि दुनिया में उससे पहले और उसके बाद आज तक ऐसा कोई भी इंडस्ट्रियल डिजास्टर नहीं है, जो भोपाल गैस त्रासदी के दुख-दर्द और नुकसान के बराबर हो। इस घटना को करीब से देखने वाले और कवर करने वाले बताते हैं कि लाशें ही लाशें थीं, जिन्हें ढोने के लिए गाड़ियां कम पड़ गईं।

चीखें इतनी कि लोगों को आपस में बातें करना मुश्किल हो रहा था। धुंध इतनी कि पहचानना ही चैलेंज था उस रात।

# बिना तैयारी के पेश हुआ आरक्षण बिल

## नेता प्रतिपक्ष बोले- कानूनी सलाह ले रहे, एससी को 16 ईडब्ल्यूएस को 10% मिलना चाहिए आरक्षण का लाभ




रायपुर, 3 दिसंबर (एजेंसियां)। आरक्षण विधेयक पेश होने के बाद भी आरक्षण का रंग खत्म होने का नाम नहीं ले रहा अब विपक्ष ने एक नई बहस शुरू कर दी है विपक्ष की मांग है कि अनुसूचित जाति को 16% और आर्थिक रुप से कमजोर सामान्य वर्ग के लोगों को 10% तक आरक्षण मिलना चाहिए।

शनिवार को इस मसले पर प्रेस कॉन्फ्रेंस लेते हुए नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सत्ता पक्ष में जल्दबाजी में आरक्षण बिल पेश किया है ना कोई होमवर्क किया ना कोई तैयारी। विपक्ष की बात को भी नहीं सुना गया बहुमत का दुरुपयोग करते हुए आरक्षण बिल पेश कर दिया गया।

**डाटा ही नहीं दिया**

कांग्रेस का दावा है कि पटेल आयोग के डाटा के आधार पर आरक्षण में संशोधन किया गया है नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने दावा किया कि सदन में डाटा ही पेश नहीं किया गया जिसके आधार पर चर्चा होनी थी। यह सस्ती लोकप्रियता के लिए किया गया चूंकि मामला आदिवासी भाइयों ओबीसी अनुसूचित जाति और सामान्य वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर लोगों से जुड़ा था इसलिए हमने समर्थन किया।

**ले रहे कानूनी सलाह**

नारायण चंदेल ने कहा कि हमने राज्य सरकार से मांग की है कि आदिवासियों को 32% अनुसूचित जाति को 16% ओबीसी वर्ग को 27 और सामान्य वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को 10% आरक्षण दिया जाए मौजूदा व्यवस्था में अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों को 13% और ईडब्ल्यूएस को सिर्फ 4% आरक्षण दिया जा रहा है हम इसे लेकर कानूनी सलाह ले रहे हैं।

**जानबूझकर भारत सरकार पर डाल रहे बात**

नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने नौवीं अनुसूची में संकल्प भेजे जाने को लेकर भी आपत्ति जताई उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को आरक्षण संबंधी कानून बनाने का पूरा अधिकार है फिर जानबूझकर नवमी अनुसूची का बहाना बनाकर मामला केंद्र सरकार के पास भेजा जा रहा है हर बात को भारत सरकार के पाले में डालना कांग्रेस की राजनीति है इसके बाद राजनीतिक मामला बनाकर इसे लोगों को गुमराह करने की कोशिश की जाएगी।

# सुरक्षाबलों ने जंगल से दो आईईडी बरामद किए

## माओवादियों से मुठभेड़ में घायल हुए थे पांच कोबरा कमांडो



रांची, 3 दिसंबर (एजेंसियां)। झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले के रेनग्रहतु गांव के नजदीक जंगल से सुरक्षाबलों ने शुक्रवार को दो इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) बरामद किए हैं। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एक दिन पहले इसी इलाके में माओवादियों के साथ मुठभेड़ में पांच कोबरा कमांडो घायल हो गए थे।

यहां जारी एक विज्ञप्ति में बताया गया कि केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और झारखंड पुलिस की संयुक्त टीम नक्सलियों के खिलाफ अभियान चला रही थी तभी उन्हें जमीन में छिपाए गए दो आईईडी का पता चला।

दोनों आईईडी को बाद में निष्क्रिय कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि बृहस्पतिवार को सीआरपीएफ की, जंगल में लड़ने में पारंगत इकाई 'कोबरा' के पांच कमांडो प्रतिबंधित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के कार्यकर्ताओं के साथ हुई मुठभेड़ में घायल हो गए थे।

पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने बताया कि जिले के टोंटो इलाके में जंगल में सुरक्षाकर्मियों को आता देख माओवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी जिसके बाद मुठभेड़ होने लगी।

उन्होंने बताया कि घटना में घायल जवानों को हवाई मार्ग से रांची के अस्पताल पहुंचाया गया और उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा बल माओवादी नेता मिसिर बेसरा को पकड़ने के लिए गत दो सप्ताह से इलाके में बड़े पैमाने पर अभियान चला रहे हैं। उन्होंने बताया कि बेसरा पर एक करोड़ रुपये का इनाम घोषित है।

# जब गुजरात की जनता ने पान बेचने वाले को बनाया था अपना विधायक

## विधायक रह चुकने के बावजूद दिहाड़ी मजदूरी करते हुई थी मौत

नई दिल्ली, 3 दिसंबर (एजेंसियां)। गुजरात विधानसभा चुनाव में अरबपति उम्मीदवारों की चर्चा खूब हो रही है। 2012 के विधानसभा चुनाव में 100 करोड़ से अधिक संपत्ति वाले सिर्फ दो उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा था। उसके बाद हुए 2017 के विधानसभा चुनाव में अरबपति उम्मीदवारों की संख्या बढ़कर सात हो गई थी। इस बार के विधानसभा चुनाव में भी सात अरबपति उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं, जिनमें से पांच भाजपा के हैं। इस सूची में द्वारका से भाजपा उम्मीदवार पबुभा मानेक का नाम भी शामिल है, जिनकी संपत्ति की कीमत में पिछले पांच सालों में 30 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

हालांकि गुजरात में एक ऐसे नेता भी हुआ करते थे, जो विधायक बनने के बावजूद अपनी ईमानदारी की वजह से प्रचंड गरीबी में मरे। चुनाव हारने के बाद दिहाड़ी मजदूरी के लिए काम खोजते रहे। **वह नेता थे – माणेक तडवी**

माणेक तडवी छोटा उदेपुर कस्बे के पान का ठेला लगाया करते थे। सार्वजनिक जीवन में सक्रिय तडवी लोगों की मदद के लिए हमेशा तैयार रहते थे। उनकी इसी लोकहितवादी छवि की वजह से साल 1967 के गुजरात विधानसभा चुनाव में स्वतंत्र पार्टी ने उन्हें जेतपुर निर्वाचन क्षेत्र से अपना उम्मीदवार बनाया। माणेक




स्कूल परिसर की छत पर रंगोली बनाकर मतदान के लिए तैयार रहने का संदेश देतीं अंजुमन-ए-इस्लाम प्राइमरी स्कूल की छात्राएं।

उस चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार को 3000 से अधिक मतों से हराकर विधायक बने। माणेक को 13358 वोट मिले थे, वहीं कांग्रेस उम्मीदवार के.जी. नाईक को 10016 वोट ही मिले थे।

तडवी ने अपने निर्वाचन क्षेत्र के विकास के लिए निस्वार्थ भाव से काम किया। इस लोकप्रिय विधायक ने मतदाताओं का प्यार और सम्मान तो खूब अर्जित किया लेकिन अपने लिए धन-संपत्ति नहीं जमा किया। उन्होंने अपने जीवन का आखिरी वक्त बेहद गरीबी में गुजारा। विधायक रहने के बावजूद वह अपने दो बेटों और पत्नी को गुर्बत में छोड़कर मरे।

अब ट्रक ड्राइवर के रूप में काम करने वाले तडवी के बेटे विजय कहते हैं, "वह एक ईमानदार व्यक्ति थे जो लोगों की सेवा करने के लिए राजनीति में आए थे। अपने पांच साल के कार्यकाल के दौरान, उन्होंने विकास के लिए काम किया और बदले में कुछ भी उम्मीद नहीं की। उस समय, कई राजनेता संपत्ति या वित्तीय लाभ अर्जित करने में विश्वास नहीं करते थे।" पूर्व विधायक माणेक तडवी के दूसरे बेटे दिलीप एक दिहाड़ी मजदूर के रूप में काम करता है और मुश्किल से रोज 100 रुपये कमा पाते हैं। छोटा उदेपुर के निवासी विजयसिंह वसंदिया बताते हैं, "तडवी ने अपने निर्वाचन क्षेत्र जेतपुर में विभिन्न विकास कार्य किए। लेकिन 1972 का विधानसभा चुनाव हारने के बाद वह वापस सड़क पर आ गए। किसी ने उनकी मदद नहीं की।"

एक स्थानीय निवासी बताते हैं कि, "माणेक तडवी की हालत दयनीय थी। मुझे याद है कि वह दिहाड़ी मजदूरी की तलाश में बाजार जाया करते थे। उनकी पान की दुकान थी लेकिन इससे उन्हें ज्यादा आमदनी नहीं होती थी।"

चुनाव हारने के बाद तडवी ने एक छोटी आटा चक्की शुरू की थी। लेकिन उनका यह कारोबार नहीं चल पाया। फिर वह अपने जीवनयापन के लिए अन्य छोटे-मोटे काम करने लगे। इसी तरह गरीबी में उनकी मौत हो गई। फिर घर चलाने के लिए उनकी पत्नी सविता ने भी कड़ा संघर्ष किया।

# पुलिस की गाड़ी पलटी, ड्राइवर की मौत

जबलपुर, 3 दिसंबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के मनेंद्रगढ़ पुलिस की गाड़ी शनिवार तड़के मध्य प्रदेश में हादसे का शिकार हो गई। इसके चलते जीप के चालक की मौत हो गई। जबकि आरोपी और थाना प्रभारी सहित छह पुलिसकर्मी घायल हो गए। इनमें एएसआई दिनेश चौहान की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा जबलपुर के भेड़ाघाट इलाके में हुआ है। जानकारी के मुताबिक, धारा-354 के आरोपी राकेश कुमार को गिरफ्तार कर मनेंद्रगढ़ थाना पुलिस मध्य प्रदेश के नीमच से लौट रही थी। बताया जा रहा है कि शनिवार तड़के करीब 4 बजे भेड़ाघाट के पास पुलिस की गाड़ी के चालक आकाश राजवाड़े को झपकी आ गई। इसके चलते वाहन अनियंत्रित हो गया और डिवाइडर से टकराकर सड़क पर पलट गया। हादसे में चालक आकाश राजवाड़े की मौके पर ही मौत हो गई।

सूचना मिलने पर जबलपुर पुलिस पहुंची और वाहन में सवार सभी घायलों को अस्पताल लेकर आई। घायलों में मनेंद्रगढ़ सिटी कोतवाली प्रभारी सचिन सिंह, एएसआई दिनेश चौहान, प्रधान आरक्षक इश्तियाक खान, आरक्षक प्रमोद यादव, जितेंद्र ठाकुर और

# असम में धमाके के साथ गिरा चिमनी का ऊपरी हिस्सा

## गर्म-भारी मलबे में दब खगड़िया के पिता-पुत्र की मौत



खगड़िया, 3 दिसंबर (एजेंसियां)। असम के कछार जिले में ईंट भट्ठे की चिमनी में ब्लास्ट से बिहार के खगड़िया निवासी पिता-पुत्र की मौत हो गई। यह मजदूर 10 दिन पहले ही सिलचर के पास स्थित इस ईंट भट्ठे पर आए थे। शुक्रवार शाम को मजदूर चिमनी के निचले हिस्से में काम कर रहे थे और ऊपरी हिस्सा धमाके के साथ इनपर आ गिरा। बेहद गर्म और भारी मलबा गिरने से पिता-पुत्र की मौत हो गई, जबकि चार अन्य मजदूर बुरी तरह घायल हालत में अस्पताल में भर्ती किए गए। मृतकों की पहचान खगड़िया के मोरकाही थाना क्षेत्र के बछौता पंचायत निवासी मदनी पासवान (60) और उसके 27 वर्षीय पुत्र सुनील की मौत हो गई। गोरेलाल महतो, बिरजू पासवान और सुंदी पासवान बुरी तरह से घायल हो गए हैं। मौत की खबर शनिवार को खगड़िया पहुंची तो परिजनों ने डीएम से शवों को बिहार मंगाने की गुहार लगाई। खगड़िया डीएम कार्यालय ने असम के कछार जिला प्रशासन से इस बारे में बात की है। जख्मी के बेहतर इलाज के लिए बात की गई है। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार, गांव के एक दर्जन लोग उस जगह पर काम कर रहे थे। इनमें से आधा दर्जन इस घटना के शिकार हुए। जिन चार लोगों का इलाज चल रहा है, उनसे अभी बात नहीं हो सकी है लेकिन बाकी मजदूरों ने बताया है कि भारी और गर्म मलबे के गिरने की वजह से मदनी और सुनील की मौत हुई। बाकी घायलों को भी चोट के साथ भीषण जलन की परेशानी है।

## अमेरिकी दंपती ने बिहार आकर दिव्यांग बच्चे को लिया गोद, बोले- कराएंगे बेहतर इलाज



पटना, 3 दिसंबर (एजेंसियां)। अमेरिका के वाशिंगटन से शुक्रवार को पटना पहुंचे एक कपल ने दिव्यांग बच्चे को गोद लिया है। पटना के दानापुर के एसडीएम प्रदीप सिंह ने बताया कि कपल को कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद बच्चे को सौंप दिया गया है। तीन साल पहले अरिजीत नाम का विकलांग बच्चा प्रशासन को मिला था। बच्चे को गोद लेने वाली कैथरीन मिलर ने कहा कि हम बच्चे से बहुत प्यार करते हैं और खुश हैं। हमने एक फिजिशियन से बात की है और अमेरिका पहुंचते ही उसकी सर्जरी करवा देंगे। दत्तक बच्चे के पिता कर्नल मिलर ने कहा कि हम बच्चे को गोद लेने के बाद बहुत खुश हैं। अभी इस बारे में ज्यादा कुछ नहीं कह सकता लेकिन उसे हर संभव बेहतर चिकित्सा सुविधा मुहैया कराएंगे। उसके साथ अपने अन्य बच्चों की तरह व्यवहार करेंगे।

## सौम्या की गिरफ्तारी पर भाजपा ने सीएम बघेल पर साधा निशाना, कहा- तत्काल इस्तीफा दें मुख्यमंत्री

रायपुर, 3 दिसंबर (एजेंसियां)। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री महेश गागड़ा और अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष विकास मरकाम ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की उपसचिव सौम्या चौरसिया की ईडी द्वारा गिरफ्तारी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए निशाना साधा है। कहा है कि अब सबके सामने आ गया है कि आदिवासी समाज, अन्य पिछड़ा वर्ग, सहित सारे छत्तीसगढ़िया समाज के हक पर डाका डलवाकर छत्तीसगढ़ को लूटने में किसका संरक्षण है।

भाजपा नेताओं ने संयुक्त बयान में कहा कि प्रदेश के आम आदिवासी वर्ग, ओबीसी वर्ग और आम जनता के हक के पैसे खाकर जो भ्रष्टाचार किया गया है और बेहिसाब संपत्ति बटोरी गई है, उसका परिणाम उन्हें भोगना पड़ रहा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार आते ही छत्तीसगढ़ में सीबीआई को बैन किया था, उसकी वजह भी सामने आ गई है। जब भी प्रदेश में केंद्रीय एजेंसियों के छापे पड़े, तब-तब अपने अधिकारियों के बचाव में भूपेश बघेल खड़े रहे और पुलिस कार्रवाई तक की धमकी दी।

# फीफाट्रोल से सात दिन में ऊपरी श्वसन तंत्र के संक्रमण से निजात

नई दिल्ली, 3 दिसंबर (एजेंसियां)। आयुर्वेदिक एंटीबायोटिक के नाम से चर्चित फीफाट्रोल 7 दिन में ऊपरी श्वसन तंत्र के संक्रमण से निजात दिला सकती है। उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के शोधार्थियों ने सरकार के सहयोग से देश के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों पर पंजीकृत रोगियों पर किए एक अध्ययन में पुष्टि की है कि यह ऊपरी श्वसन तंत्र के संक्रमण में अत्यंत लाभकारी है। इससे पहले भोपाल स्थित एम्स के डॉक्टरों ने फीफाट्रोल को वायरस, बैक्टीरिया और फंगल संक्रमण का नियंत्रण करने में रामबाण बताते हुए सप्ताह भर के भीतर अच्छे परिणाम दिखाने का दावा किया था।

*इंटरनेशनल रिसर्च जर्नल ऑफ आयुर्वेदा एंड योगा* में प्रकाशित इस अध्ययन में शोधार्थियों ने बताया कि फीफाट्रोल में शामिल पांच आयुर्वेदिक औषधियां सुदर्शन वटी, संजीवनी वटी, गोदांती भस्म, त्रिभुवन कीर्ति रस और मृत्युंजय रस न सिर्फ प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने बल्कि वायरस, बैक्टीरिया व परजीवी संक्रमण के घातक प्रभावों को घटाने में कारगर हैं। डॉ संचित शर्मा ने बताया कि फीफाट्रोल न सिर्फ ऊपरी श्वसन तंत्र के संक्रमण बल्कि यह प्रतिरक्षा तंत्र (इम्युनिटी) को भी बढ़ाने में भी असरदार है। बता दें कि नई दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए) ने भी एक अध्ययन में इस दवा को संक्रमण के खिलाफ कारगर माना था। शोधार्थियों के अनुसार, इसमें आठ बूटियां तुलसी, कुटकी, चिरायता, मोथा, गिलोय, दारुहल्दी, करंज, अपामार्ग के भी विशेष औषधीय गुण हैं। अपामार्ग और करंज वायरस से होने वाले दुषप्रभावों को निष्क्रिय करते हैं। कुटकी लीवर को ठीक करती है। तुलसी और गोदांती भस्म में एंटीवायरल गुण हैं। यह वायरस के प्रभाव को खत्म करती है। दिसंबर 2019 से अप्रैल 2020 में उत्तराखंड के मदरहुड विश्वविद्यालय, गाजियाबाद स्थित आईएमटी और देहरादून स्थित उत्तरांचल आयुर्वेद कॉलेज के शोधार्थियों ने संयुक्त तौर पर पूरा किया है। इस दौरान, शोधार्थियों ने देश भर के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में 203 मरीजों पर परीक्षण किया।

उपचार के दौरान पहले, चौथे और सातवें दिन मरीजों के विभिन्न पैरामीटर की जांच की गई। इन्हें दिन में दो बार दवा की खुराक दी गई। शोध में देखा गया है कि चौथे दिन मरीजों के लक्षणों में 69.5 फीसदी तथा सातवें दिन 90.36 फीसदी सुधार देखा गया। शोधार्थियों का यह भी कहना है कि ऊपरी श्वसन तंत्र में संक्रमण की वजह से खांसी, कफ या फिर सूखी खांसी की शिकायत होती है। यह सर्दी के अलावा वायु प्रदूषण की वजह से भी हो सकता है। शोधार्थियों के अनुसार, इस तरह के संक्रमण के कारण प्रतिवर्ष दुनिया पर 22 अरब डॉलर का आर्थिक बोझ पड़ता है।



# गैंगस्टर राजू ठेहट का दिन-दहाड़े मर्डर

## *घर के बाहर गोलियों से भूना, लॉरेंस के साथी रोहित गोदारा ने ली जिम्मेदारी*

सीकर, 3 दिसंबर (एजेंसियां)। राजस्थान के कुख्यात गैंगस्टर राजू ठेहट का सीकर में आज सुबह गैंगवार में मर्डर हो गया। कोचिंग की ड्रेस में पहुंचे बदमाशों ने ठेहट को घंटी बजाकर बाहर बुलाया और फायरिंग कर दी। ठेहट को 3 से ज्यादा गोली लगी थी।

राजस्थान के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) उमेश मिश्रा ने बताया कि इस फायरिंग का एक बदमाश ने वीडियो भी बनाया। इधर, लॉरेंस विश्नोई गैंग के गैंगस्टर रोहित गोदारा ने इसकी जिम्मेदारी ली है। मिश्रा ने बताया कि बदमाश पंजाब और हरियाणा बॉर्डर की तरफ जाएंगे। इन बदमाशों के पीछे राजस्थान पुलिस है, पूरे प्रदेश भर में कड़ी सुरक्षा के आदेश दे दिए गए हैं। सभी एसएचओ को फील्ड में रहने के आदेश दिए गए हैं। पुलिस ने बताया कि शहर के पिपराली रोड पर ठेहट का घर है। यहां हुई फायरिंग में नागौर के एक व्यक्ति की भी गोली लगने से मौत हुई है। जानकारी के अनुसार मृतक फायरिंग का वीडियो बना रहा था।



इसलिए आरोपियों ने उस पर भी फायरिंग कर दी। इस एरिया में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच में चारों बदमाश नजर आए हैं। इसमें वे हथियारों के साथ भागते नजर आ रहे हैं। फायरिंग की जानकारी मिलते ही सीकर एसपी कुंवर राष्ट्रदीप सहित बड़े पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए और डीजीपी के निर्देश पर पूरे राज्य में नाकाबंदी की गई है। ठेहट की गैंग शेखावाटी में काफी सक्रिय थी और आनंदपाल गैंग से भी उसकी दुश्मनी थी। आनंदपाल के एनकाउंटर के बाद भी दोनों गैंग में वर्चस्व की लड़ाई जारी थी।

**गोली मारने के बाद चेक किया**

**कहीं जिंदा तो नहीं**

इस पूरे हत्याकांड के कई सीसीटीवी फुटेज भी सामने आए हैं। एक फुटेज में दिख रहा है ठेहट के घर के सामने एक ट्रैक्टर आकर रुकता है और चार-पांच बदमाश उसमें से हथियार निकालकर बाहर खड़े ठेहट पर फायरिंग करना शुरू कर देते हैं।

बदमाश 30-40 सेकेंड तक गैंगस्टर राजू पर फायरिंग करते दिख रहे हैं। बदमाशों ने करीब 50-60 राउंड फायरिंग की है। गोली मारने के बाद बदमाश कुछ सेकेंड बाद वापस और जमीन पर पड़े राजू को चेक किया कि कहीं वह जिंदा तो नहीं है।

**भागने के दौरान दो बार बदली गाड़ी**

सूत्रों के मुताबिक बदमाशों का मूवमेंट नीमकाथाना की तरफ हुआ था। हत्या के बाद वे गाड़ी से नीमकाथाना से होते हुए खेतड़ी गए और वहां गाड़ी बदल ली। सीकर से वे अल्टो लेकर भागे थे, खेतड़ी में उन्होंने अल्टो छोड़कर क्रेटा गाड़ी ले ली थी। इस दौरान भी उन्होंने फायरिंग की है। बदमाश उदयपुरवाटी से खेतड़ी थाना क्षेत्र के बबाई की ओर निकले। यहां पुलिस की नाकाबंदी होने की वजह से बदमाश गाड़ी वापस घुमाकर भागे।

इस दौरान सामने से तीन चार अन्य गाड़ियों को आता देख फायरिंग कर नीमकाथाना की ओर भाग गए। जानकारी के अनुसार बबई के पास खनन क्षेत्र है। जो हरियाणा और राजस्थान की सीमा से सटा है। बदमाश हरियाणा भागने की फिराक में थे। क्रेटा गाड़ी का नंबर RJ 45 CH 1786 बताया जा रहा है। पुलिस ने राजस्थान-हरियाणा बॉर्डर सीज कर दिया है। टोल नाकों पर पुलिसकर्मियों की कुल 20 टीम तैनात की गई है।

### 'सीकर बॉस' के नाम से मशहूर राजू ठेहट के सामने आनंदपाल भी घुटने टेकता था

सीकर, 3 दिसंबर (एजेंसियां)। गैंगस्टर आनंदपाल सिंह और राजू ठेहट के बीच करीब दो दशक तक वर्चस्व की लड़ाई चली थी। आनंदपाल के एनकाउंटर के बाद राजू ठेहट का शेखावटी में वर्चस्व हो गया। 'सीकर बॉस' के नाम से मशहूर ठेहट की हत्या के पीछे आनंदपाल और बिश्नोई गैंग का हाथ बताया जा रहा है पर ये रंजिश तब शुरू हुई, जब राजू ठेहट ने अपने ही दोस्त के साले की हत्या कर दी थी। उसके बाद दोस्त ही राजू की जान का प्यासा बन गया था।

राजू ठेहट और आनंदपाल के बीच की दुश्मनी के कारण शेखावटी की जमीन पर कई गैंगवार हुए। अपराध की दुनिया में राजू ठेहट ने 1995 के दौर में कदम रखा था। उस समय भाजपा की भैरोसिंह सरकार संकट में थी। राजस्थान में राष्ट्रपति शासन लागू था। सीकर का एसके कॉलेज शेखावाटी के राजनीति का केंद्र था। इसी कॉलेज के एबीवीपी के कार्यकर्ता गोपाल फोगावट शराब के धंधे से जुड़ा हुआ था। उसी के संरक्षण में राजू ठेहट भी शराब का अवैध कारोबार करने लगा।

गोपाल फोगावट के संरक्षण में राजू का दबदबा कायम होने लगा। इसी दौरान उसकी मुलाकात दूध का व्यापार करने वाले बलबीर बानुडा से हुई। राजू का सीकर में दबदबा और पैसा देखकर बलबीर बानूडा का भी लालच जगा। उसने राजू के साथ कारोबार करने की मंशा जाहिर की। जिसके बाद राजू ठेहट के साथ मिलकर शराब का कारोबार करने लगा। साल 1998 में बलबीर बानुडा और राजू ठेहट ने मिलकर सीकर में भेभाराम हत्याकांड को अंजाम दे दिया। यहीं से शेखावाटी में गैंगवार की शुरुआत हो गई। 1998 से लेकर 2004 तक बानुडा और राजू ठेहट ने शेखावाटी में शराब के अवैध कारोबार के बादशाह बन बैठे।

# आज से राजस्थान में राहुल गांधी की यात्रा




जयपुर, 3 दिसंबर (एजेंसियां)। राजस्थान में भारत जोड़ो यात्रा का रास्ता साफ हो गया है। सीएम अशोक गहलोत और सचिन पायलट फिलहाल के लिए शांत हो गए हैं। उनके गुट के नेताओं ने भी चुप्पी साध रखी है। उधर, राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को रोकने और उसका विरोध करने की धमकी देने वाले गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति के अध्यक्ष विजय बैंसला भी मान गए हैं। इससे राहुल गांधी का राजस्थान में रास्ता साफ हो गया है।

कल रविवार चार नवंबर को राहुल गांधी यात्रा के साथ राजस्थान की सीमा में प्रवेश कर जाएंगे। सबसे पहले यात्रा एमपी की सीमा से सटे राजस्थान के झालावाड़ जिले के चऊंली गांव में प्रवेश करेगी। 15 दिन में कोटा, बूंदी, टोंक, सवाई माधोपुर, दौसा और अलवर जिले से होते हुए राजस्थान से बाहर चली जाएगी।

**सात जिलों की आठ विधानसभा सीटों से गुजरेगी यात्रा**

भारत जोड़ो यात्रा प्रदेश के सात जिलों की 18 विधानसभा सीटों को कवर करेगी। इसमें झालावाड़ की झालरापाटन, कोटा की रामगंज मंडी, लाडपुरा, कोटा उत्तर और दक्षिण विधानसभा सीट शामिल हैं। इसके बाद यह यात्रा बूंदी जिले की केशवरायपाटन विधानसभा सीट से होते हुए टोंक जिले में प्रवेश करेगी। इस दौरान यात्रा देवली और उनियारा विधानसभा क्षेत्र से गुजरेगी।

# आरएएस एसोसिएशन ने सीएम से की गनमैन देने की मांग

## *ग्रामीण इलाकों में तैनात उपखण्ड अधिकारियों को सुरक्षा मिले*



जयपुर, 3 दिसंबर (एजेंसियां)। राजस्थान प्रशासनिक सेवा परिषद (आरएएस) के अधिकारियों की एसोसिएशन ने आज मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को पत्र लिखकर अपनी 7 मांगों को पूरा करने की मांग उठाई है। इसमें पदोन्नति, कैडर रिव्यू से लेकर खुद की सुरक्षा देने की मांग प्रमुख है। इस बार एसोसिएशन ने ग्रामीण इलाकों में नियुक्त उपखंड अधिकारियों की सुरक्षा के लिए एक-एक गनमैन उपलब्ध करवाने की मांग भी रखी है।

एसोसिएशन के अध्यक्ष गौरव बजाड़ की ओर से जारी इस पत्र में लिखा है कि आरएएस एसोसिएशन की मांग पिछले लम्बे समय से चल रही है। इसमें प्रमोशन के मौजूदा 5 चैनल को बढ़ाकर 7 किए जाए। जो अन्य राज्य जैसे पंजाब, उत्तर प्रदेश सिक्किम समेत दूसरे राज्यों में है। यहां की राज्य सर्विस में 7 प्रमोशन चैनल का प्रावधान है। इसके अलावा आरएएस प्रमोट होकर आईएएस नहीं बन पाते उनके लिए यहां राज्य के अन्य सेवाओ जैसे पीडब्ल्यूडी, सिंचाई, मेडिकल, खनिज में चीफ इंजीनीयर, चीफ टाउन प्लानर की तर्ज पर एक अपेक्स स्कैल बनाकर उनको सम्मान जनक पे-लेवल (ग्रेड-पे 10000) दिया जाए।

**उपखंड ऑफिसों में तैनात हो गनमैन**

इस मांग पत्र में प्रदेश के उपखण्ड ऑफिसों को भी सशक्त बनाने की मांग की है। इसमें उपखण्ड अधिकारियों को सुरक्षा के लिए एक-एक पीएसओ यानी गनमैन उपलब्ध करवाया जाए। इसके अलावा नायब तहसीलदारों के पद भरे जाए और सूचना सहायक, लिपिक और प्रशिक्षित रीडर तथा स्टेनोग्राफर के पद भरे जाएं।

**कैडर रिव्यू करने का मामला फिर उठाया**

आरएएस अधिकारियों ने प्रदेश के विभिन्न विभागों में अलग-अलग पदों पर नियुक्त होने वाले विभाग के ही अधिकारियों की नियुक्ति पर भी आपत्ति उठाई है। जैसे जिला परिषद में अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी के पदों पर विकास अधिकारियों की नियुक्ति देने, इसी तरह नगर निगम, जेडीए में उपायुक्त के पद पर उन्हीं की सेवा के अधिकारी लगाने, आरटीओ के पद पर ट्रांसपोर्ट सर्विस के अधिकारी लगाने पर आपत्ति जताई है।

### जयपुर कलेक्ट्रेट में ई-फाइल सिस्टम शुरू

जयपुर, 3 दिसंबर (एजेंसियां)। जयपुर कलेक्ट्रेट राजस्थान का पहला कलेक्ट्रेट परिसर बन गया है, जहां अब पेपरलेस वर्क शुरू हो गया है। यहां अब सभी फाइलों का संचालन और मूवमेंट अब ई-फाइल सिस्टम के जरिए होगा, जिसमें फिजिकल फाइल न होकर सारा काम ऑनलाइन होगा और ऑनलाइन ही अधिकारियों के सिग्नेचर और टिप्पणिया होगी। इस सिस्टम के शुरू होने से सबसे बड़ा फायदा टाइम बाउंड काम का होगा।

इसमें अधिकारी या कर्मचारी ये बहाना नहीं बना सकता है कि फाइल नहीं मिल रही। क्योंकि सारा काम ऑनलाइन होगा और वह किसी भी जगह बैठकर फाइल को अपनी लॉग आईडी से देख सकता है।

एसडीएम दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि राजस्थान के 33 जिलों में जयपुर पहला ऐसा कलेक्ट्रेट बन गया है, जहां पेपरलेस वर्क शुरू हुआ है। इस सिस्टम के शुरू होने से न केवल कागज की बचत होगी, बल्कि समय भी बचेगा।

## सीएम गहलोत का जेपी नड्डा पर पलटवार

# 'यूपीए गवर्नमेंट की योजनाओं को बदल कर मोदी जी ने काम चलाया'

कोटा, 3 दिसंबर (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के योजनाओं के नाम बदलने वाले बयान पर पलटवार किया है। गहलोत ने कहा-यह तो हमारा आरोप उनके ऊपर है। जो यूपीए गवर्नमेंट की योजनाएं थी, उनका नाम बदल बदल कर मोदी जी ने काम चलाया है। नड्डा साहब को मालूम होना चाहिए। गहलोत ने कोटा सर्किट हाउस से एयरपोर्ट रवाना होते वक्त मीडिया से बात की।

दरअसल, बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने 1 दिसंबर को जयपुर के दशहरा मैदान में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा था कि योजनाओं का नाम बदलने से सरकार की नीयत और औकात पता चल जाता है। इनमें खुद करने का दम नहीं होता, वो नाम बदलने की राजनीति करते हैं। राजस्थान की गहलोत सरकार बीजेपी सरकार की योजनाओं के नाम बदलने का काम कर रही है।




गहलोत ने कहा-बीजेपी की जन आक्रोश यात्रा फेल हो रही है उससे लोग जुड़ नहीं रहे हैं। जनता तब जुड़ती है। जब मुद्दे हों। हमने मुद्दों का मौका ही नहीं दिया। वो क्या संघर्ष करेंगे, क्या विरोध करेंगे। अब चुनाव आए हैं। चुनाव जीतने के लिए वो झूठ बोलते हैं कि बैंकों का ऋण माफ नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि 22 लाख लोगों के ऋण माफ हुए हैं। 6 से 1 लाख तक ऋण माफ हुए हैं। लोग उनके झूठ का पर्दाफाश, खुद ही कर रहे हैं।

गहलोत ने कहा-हम उम्मीद करते हैं कि डेमोक्रेसी के अंदर सरकारों को देखना चाहिए जनता का मुद्दा क्या है। अगर महंगाई का मुद्दा है, तो महंगाई कम करने का प्रयास करें। बेरोजगारी बढ़ रही है। नौजवान में असंतोष है। प्रयास करो उनकी सरकारी गैर सरकारी नौकरी लगे। देश में शांति सद्भाव रहे। सीएम ने कहा-अगर ज्यूडिशरी पर दबाव होगा तो आम आदमी कहां जाएगा। सरकार व पुलिस से न्याय नहीं मिलता तो ज्यूडिशरी के रास्ते खुले रहते हैं। अगर ज्यूडिशरी दबाव में काम करेगी तो देश के अंदर क्या होगा? ये सब देश में चिंता का विषय बने हुए हैं। गवर्नमेंट का ज्यूडिशरी, इलेक्शन कमीशन, ईडी, इनकम टैक्स, सीबीआई पर दबाव है। जो देश के अंदर अब मुद्दा बन चुका है। इन तमाम मुद्दों को लेकर राहुल गांधी निकल पड़े हैं। उससे केंद्र पर दबाव पड़ेगा। जब पब्लिक साथ होती है तो सब काम कामयाब होते है। हाड़ौती संभाग में यात्रा को लेकर अच्छा माहौल है।

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की यात्रा से कोई भी जुड़ सकता है। चाहे वो सामाजिक संस्था हो, एनजीओ हो, जिनके विचार राहुल गांधी से मिलते हो। चाहे वो बीजेपी, आरएसएस के लोग की क्यों ना हो। वह भी अगर आना चाहे तो उनसे मना नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि 4 साल तक हमारी सरकार ने जो फैसले किए हैं।

# 50 करोड़ के प्रॉफिट के चक्कर में 16 करोड़ गवाएं

## जोधपुर के बिजनेसमैन से विदेशियों ने की ठगी; पैसे वापस मांगे तो ब्लॉक कर दिया

जोधपुर, 3 दिसंबर (एजेंसियां)। जोधपुर में हैंडीक्राफ्ट बिजनेसमैन से 16 करोड 26 लाख की ऑनलाइन ठगी के मामले में पुलिस ने कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। बिजनेसमैन को ठगों ने 50 करोड़ के नेट प्रॉफिट का झांसा दिया था।

इसी लालच में बिजनेसमैन ने एक के बाद एक 100 से ज्यादा ट्रांजैक्शन किए। जब तक उसे ठगी का एहसास हुआ तब तक उसे आरोपियों ने वॉट्सऐप पर उसे ब्लॉक कर दिया। जोधपुर के हैंडीक्राफ्ट व्यवसायी अरविंद कालानी के साथ ये ठगी हुई। अब पुलिस ने उन खातों को फ्रिज कर दिया है, जिनमें ट्रांजैक्शन किया गया था। ये अकाउंट उदयपुर, अहमदाबाद, हैदराबाद, पुणे, कांदीवली और चेन्नई शहरों के बैंकों में हैं। जांच अधिकारी एसीपी मांगीलाल राठौड़ ने बताया कि इन शहरों में स्थित आईसीआईसीआई, एक्सिस, आईडीएफसी बैंक के खातों में ट्रांजैक्शन किया गया था। पुलिस इन खातों में उपयोग में लिए गए कॉन्टैक्ट नंबर के आधार पर ठगों तक पहुंचने की कोशिश कर रही है। अब तक की सबसे बड़ी ऑनलाइन ठगी होने के चलते जोधपुर पुलिस के सामने काफी चुनौतियां हैं। हालांकि जोधपुर




पुलिस की साइबर टीम दिल्ली की साइबर टीम से कॉन्टैक्ट कर इस ठगी के हर पेंच को सुलझाने की कोशिश कर रही है।

आशंका यह भी जताई जा रही है कि पैसा विदेश में ट्रांसफर किया जा सकता है। हालांकि बैंक इतना बड़ा अमाउंट उसी समय आगे ट्रांसफर नहीं करते। ऐसे में हवाला या क्रिप्टोकरेंसी के जरिए ठग इस राशि को विदेश तक पहुंचा सकते हैं। 7 राज्यों में 4 बैंकों के करीब 8 खातों में सारा पैसा ट्रांसफर हुआ है। कुछ ऑनलाइन व कुछ चेक के माध्यम से पैसा जमा करवाया गया है। हालांकि जोधपुर पुलिस ने सभी बैंकों में कॉन्टैक्ट कर इन खातों को फ्रिज करवा दिया है। इन अकाउंट में जो राशि है। वह कोर्ट के माध्यम से बिजनेसमैन को मिल सकती है।

इस मामले में जांच कर रहे एसीपी मांगीलाल राठौड़ ने बताया कि जिन खातों में राशि ट्रांसफर हुई है, उन खातों की जांच करवाई जा रही है। बैंक में उन खातों को फ्रिज करवा कर साइबर टीम जांच कर रही है।

**अकाउंट में 50 करोड़ का फायदा दिखाया**

हैंडीक्राफ्ट व्यवसायी को आरोपियों ने ऑनलाइन अकाउंट में 50 करोड़ का प्रॉफिट दिखाया। अरविंद को ठग जिस तरह से प्रॉफिट का आंकड़ा बढ़ा कर बताते गए, लालच में अरविंद उन पैसों का कमीशन उनके बताए गए खातों में डालता गया। प्लेटिनम मेंबरशिप के बाद अरविंद को 50 करोड़ का प्रॉफिट शो हो रहा था। जब अरविंद ने उसमें से कुछ पैसा रिटर्न मांगा तो उसे ग्रुप से निकाल कर ब्लॉक कर दिया गया। इसके बाद अरविंद को ठगी होने का एहसास हुआ।

साइबर एक्सपर्ट मुकेश चौधरी के अनुसार ठगी का पैटर्न नाइजीरियन गैंग का लग रहा है। कुछ वर्ष पहले नाइजीरिया के लोग जो भारत में बैठे हैं, वह इसी पैटर्न से ठगी करते थे। वह भारत के विभिन्न शहरों से बैंक अकाउंट हायर कर उनसे ट्रांजैक्शन करते हैं।

# डीएसपी पर फायरिंग, 25 गोलियां चलीं

## हिस्ट्रीशीटर सहित दो बदमाश भी घायल; ज्वेलरी, 7 लाख लूटकर भाग रहे थे

धौलपुर, 3 दिसंबर (एजेंसियां)। बहन का लगन टीका लेकर जा रहे एक युवक को बाइक पर आए 2 बदमाशों ने गोली मार दी। इसके बाद बदमाश पीड़ित से सोने की चेन और अंगूठी के साथ 7 लाख रुपए से भरा बैग लेकर भाग गए। सूचना पर पुलिस ने नाकाबंदी की और करीब 20 किलोमीटर दूरी पर बदमाशों को घेर लिया।

पुलिस के घेरे से निकलने के लिए इन बदमाशों ने गोली चलाना शुरू कर दिया। दोनों तरफ से करीब 25 राउंड फायरिंग हुई। इस दौरान एक गोली मनियां (धौलपुर) सीओ की बुलेट प्रूफ जैकेट में लगी और कुछ गोलियां पुलिस की गाड़ियों पर लगी।

पुलिस ने जवाबी फायरिंग में दोनों बदमाशों के पैर पर गोली मारी और पकड़ लिया। मामला धौलपुर के दिहौली थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात आठ बजे का है। पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि दिहौली थाना क्षेत्र के हरकंद का पुरा गांव निवासी ऋषिकेश ठाकुर अपनी बहन का लगन टीका लेकर फतेहाबाद (उत्तर प्रदेश) जा रहा था। इस दौरान परिवार के

**पुलिस छावनी बना धौलपुर अस्पताल**



विष्णु भगत | नीरज जाट

लोग आगे बस में थे, जबकि वह अपने गांव के साथी बॉबी के साथ बाइक पर जा रहा था।

राजाखेड़ा थाना क्षेत्र के सामलियापुरा गांव के पास बाइक सवार 2 बदमाशों ने ऋषिकेश को पैर में गोली मार दी और युवक से सोने की चेन-अंगूठी और 7 लाख रुपए से भरा बैग लेकर भाग गए। घटना की सूचना मिलते ही मनियां (धौलपुर) सीओ दीपक खंडेलवाल ने क्षेत्र में नाकाबंदी करा दी। उधर पुलिस ने घायल युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़ित ने एक बदमाश की पहचान हिस्ट्रीशीटर विष्णु भगत और दूसरे की पहचान नीरज जाट के रूप की।

**बुलेट प्रूफ जैकेट से बची सीओ की जान**

दोनों बदमाशों के बुलेट से मनियां की ओर भागते की सूचना मिली। इस पर दिहौली पुलिस के साथ सीओ दीपक खंडेलवाल ने उनका पीछा किया। पुलिस के पीछा करने पर बाइक पर पीछे बैठे हिस्ट्रीशीटर विष्णु भगत ने गोलियां चलाना शुरू कर दी।

एक गोली सीओ को लगी, हालांकि बुलेट प्रूफ जैकेट के कारण वह बच गए। कुछ गोलियां पुलिस की गाड़ियों में भी लगी है। इस दौरान बिचौला मोड़ पर दोनों बदमाशों की बुलेट फिसल गई।

इसी दौरान जवाबी फायरिंग में पुलिस ने दोनों बदमाशों के पैर में गोली मार दी। बदमाशों के घायल होने पर पुलिस ने उनको पकड़ लिया और इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। बदमाशों के अस्पताल में भर्ती होने के बाद पूरे अस्पताल परिसर को छावनी में बदल दिया गया है।

### आईएएस अफसरों की कमी से जूझ रहा राजस्थान

जयपुर, 3 दिसंबर (एजेंसियां)। राजस्थान में आईएएस अफसरों की कमी बढ़ती ही जा रही है। जितने आईएएस राजस्थान को चलाने के लिए चाहिए और जितने मिल रहे हैं, उससे ज्यादा संख्या तो रिटायर होने वालों की है। आज एक और आईएएस रिटायर हो गए। वहीं एक अफसर केन्द्र में डेपुटेशन पर चले गए।

देश में किसी भी राज्य की तुलना में राजस्थान में आईएएस अफसरों की कमी सबसे ज्यादा है। वर्ष 2022 में तो स्थिति और भी खराब हो गई। इस साल में अब तक 19 आईएएस अफसर रिटायर हो चुके हैं। वहीं अगले 12 महीनों में 15 आईएएस अफसर और रिटायर हो जाएंगे। इससे पहले पिछले दो दशक में वर्ष 2009 में ऐसा हुआ था, जब एक ही साल में 15 आईएएस अफसर रिटायर हुए थे।

रिटायर्ड होने वाले अफसर हैं दीपक नंदी, जो कोटा के संभागीय आयुक्त थे। वहीं दिल्ली में नियुक्ति पाने वाले हैं आईएएस सुधांश पंत। पंत प्रदूषण मंडल के चेयरमैन थे, वे अब जहाजरानी मंत्रालय में सचिव बनेंगे। पिछले 20 वर्षों में पंत राजस्थान काडर से पहले अफसर हैं, जो केन्द्रीय मंत्रालय में सीधे सचिव बनेंगे। देश में क्षेत्रफल के हिसाब से राजस्थान पहला और आबादी के हिसाब से सातवां सबसे बड़ा राज्य है। यहां जिलों के बीच दूरी ज्यादा है। भौगोलिक परिस्थितियां ऐसी हैं कि दूर-दराज के इलाकों में प्रशासनिक तंत्र को चलाना बहुत मुश्किल है।

खुद मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से लेकर पूर्व सीएम वसुंधरा राजे तक यह मुद्दा कई बार केन्द्र के सामने उठा चुके हैं। हाल ही कार्मिक विभाग के प्रमुख सचिव हेमंत गेरा ने भी केन्द्र के समक्ष राजस्थान का पक्ष रखा। और आईएएस अफसरों की कमी पूरी करने को कहा है। हालांकि केन्द्र ने उन्हें कोई ठोस आश्वासन नहीं दिया है।

# तेजी से बदल रहा है राज्य में हेल्थकेयर सिस्टम : उद्योग मंत्री



हैदराबाद, 3 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना के आईटी और उद्योग मंत्री के टी रामाराव ने शनिवार को कहा कि राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस-5) के अनुसार, राज्य में कामकाजी महिलाओं की संख्या देश में सबसे अधिक है और राज्य सरकार इसके लिए मजबूत महिला कार्यबल के लिए सभी प्रयास कर रही है। एआईजी अस्पतालों में वुमन इन मेडिकल कॉन्क्लेव कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, उन्होंने बताया कि भारत में स्वदेशी कोविड-19 टीके विकसित करने वाली तीन कंपनियों में से दो हैदराबाद से हैं और दोनों में चालक की सीट पर महिलाएं हैं। स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में प्रगति करने वाली महिलाओं की सूची अंतहीन है। आज, हमारी स्वास्थ्य सेवा प्रणाली तेजी से बदल रही है क्योंकि वे डिजिटल तकनीकों को अपना रहे हैं। महिलाएं इस विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं- न केवल चिकित्सा पेशेवरों के रूप में बल्कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, बिग डेटा और डेटा डिजिटाइजेशन के क्षेत्र में भी जो बेहतर निर्णय लेने में सहायता करती हैं। उन्होंने आगे कहा कि हैदराबाद वह जगह है जहां जीव विज्ञान प्रौद्योगिकी से मिलता है, डेटा विज्ञान जीवन विज्ञान से मेल खाता है, और मैंगोवर मेटावर्स से मिलते हैं। मंत्री ने कहा कि शहर वह पिघलने वाला बर्तन है जहां आज की दुनिया में मानवता और स्वास्थ्य देखभाल की प्रगति के लिए इन प्रौद्योगिकियों के संगम का लाभ उठाया जा सकता है।

राज्य सरकार ने चिकित्सा और प्रौद्योगिकी को एक साथ लाते हुए, तेलंगाना में 40 मिलियन से अधिक नागरिकों के डिजिटल स्वास्थ्य प्रोफाइल बनाने के लिए एक महत्वाकांक्षी मिशन शुरू किया है। प्रायोगिक परियोजना राजन्ना सिरसिला और मुलुगु जिलों में की गई है। इन जिलों में पायलट प्रोजेक्ट के दौरान, हमने देखा कि महिलाओं और हृदय संबंधी चुनौतियों में ऑन्कोलॉजिकल बीमारियों का उच्च प्रसार है। इसलिए, एक सरकार के रूप में, 33 मेडिकल कॉलेजों की योजना बनाते समय, हमें अभी जो करना चाहिए वह भविष्य की तैयारी शुरू करना है। राजन्ना सिरसिला में, राज्य सरकार एक समर्पित ऑन्कोलॉजी यूनिट के साथ एक मेडिकल कॉलेज बनाने के लिए तैयार है। यह बताते हुए कि राज्य में डिग्री कार्यक्रमों में दाखिला लेने वाली महिलाओं की संख्या साल दर साल लगातार बढ़ रही है, उन्होंने कहा कि स्नातक विज्ञान शीर्ष तीन लोकप्रिय स्नातक पाठ्यक्रमों में से एक है जो बेहद उत्साहजनक हैं।

यह देखना बेहद उत्साहजनक है कि सालाना 42,000 से अधिक प्रवेश, जीवन विज्ञान में 75 प्रतिशत महिलाएं, एक मजबूत कार्यबल बनाने का एक अविश्वसनीय अवसर है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस-5) के अनुसार, राज्य में कामकाजी महिलाओं की संख्या देश में सबसे अधिक है। मंत्री ने महामारी के दौरान मरीजों को उच्च-गुणवत्ता और किफायती उपचार प्रदान करने के लिए एआईजी अस्पतालों के अध्यक्ष डॉ. डी नागेश्वर रेड्डी की भी सराहना की।

## भगवान सर्वत्र व्याप्त हैं लेकिन गुरु कृपा से प्राप्त होते हैं : साध्वी निशंका भारती



हैदराबाद, 3 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। परम पूजनीय गुरुदेव श्री आशुतोष महाराज जी की कृपा से दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा श्री आई माता मंदिर, पद्माराव नगर, हैदराबाद में श्री हरि कथा के तृतीय दिवस, साध्वी निशंका भारती जी ने भक्त पुंडलीक के जीवन की घटनाओं द्वारा जीवन में गुरु और ज्ञान के महत्त्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भगवान भक्तवत्सल हैं, वे सर्वत्र व्याप्त हैं लेकिन गुरु कृपासे प्राप्त होते हैं। श्री आशुतोष महाराज जी की शिष्या साध्वी रितु भारती जी ने कहा कि अनन्य प्रेम का महादान पाने के लिए भगवान निराकार से साकार हो जाते हैं। धन्ना जाट, मीरा बाई, नामदेव, गोपियाँ आदि ऐसे ही भगवान श्री कृष्ण के अनन्य भक्त हुए हैं।

# आदिवासियों के जीवन में प्रकाश लाना पुलिस का अंतिम लक्ष्य : एसपी

## जिले के दुर्लभ क्षेत्र गुंडाला गांव के सड़क निर्माण कार्य में सहभागी होने को सुखद बताया

आसिफाबाद, 3 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। कुमरम भीम आसिफाबाद जिला एसपी के. सुरेश कुमार आईपीएस ने जिला कलेक्टर राहुल राज, जिला जेडपी अध्यक्ष कोवालक्ष्मी, आसिफाबाद विधायक अत्राम सक्कू के साथ शुक्रवार को तिरयानी मंडल में जिला पुलिस की देखरेख में रोमपल्ली से गुंडाला तक बनी सड़क का फीता काटा कार्यक्रम प्रारंभ किया। इस अवसर पर आसिफाबाद जिला एसपी के सुरेश कुमार आईपीएस ने कहा कि पुलिस मी कोसम कार्यक्रम के तहत कई कार्यक्रम कर रही है। उन्होंने कहा कि रोमपल्ली से गुंडाला (लगभग 07 किमी) तक सड़क निर्माण का कुछ हिस्सा का निर्माण किया गया है। उन्होंने याद करते हुए कहा कि 02 जुलाई को वही गुंडला बड़ी मुश्किल से इस सड़क पर वाहन और पैदल चलना नामुमकिन था। गुंडला वालों की परेशानी को ध्यान में रखते हुए हमने उनसे कहा था कि छह महीने के भीतर गुंडला के लिए सड़क का निर्माण करा दिया जाएगा। पुलिस विभाग के अधिकारियों ने छ माह के भीतर सड़क का निर्माण किया गुडाला गांव वासियों को नई आजादी मिल गई। एसपी ने कहा कि पुलिस का अंतिम लक्ष्य आदिवासियों के जीवन में रोशनी लाना है। एसपी ने प्रसन्नता व्यक्त की कि इस सड़क सुविधा से गुंडाला गांव की शिक्षा, चिकित्सा और बुनियादी सुविधाओं में सुधार होगा उन्होंने कहा कि स्कूल और आपातकालीन उपचार प्रदान करने के लिए गोल्डन ऑवर में अस्पताल पहुंचने के लिए सड़क सुविधा बहुत महत्वपूर्ण है. कॉलेज के छात्र और जो संकट में हैं। उन्होंने ट्रैक्टर यूनियन, सिंगरेनी प्रबंधन और सड़क निर्माण कार्य में सहभागी गुंडला के ग्रामीणों को बधाई दी।उन्होंने कहा कि यह बहुत सौभाग्य की बात है कि जिले के सबसे दुर्लम क्षेत्र गुंडाला गांव तक सड़क निर्माण की जिम्मेदारी मिली और उसको पूरा किया गया। उन्होंने कहा कि हर नागरिक बिना वर्दी का पुलिसकर्मी है और अगर गांव में किसी अजनबी की मौजूदगी की सूचना मिलती है, कोई नया व्यक्ति घुसता है, मारपीट होती है, दुर्घटना होती है, गांजा जैसे नशीले पदार्थ की सप्लाई होती है तो इसकी जिम्मेदारी पुलिस की होती है। लोग तुरंत पुलिस को सूचना दें। जेडडीपी अध्यक्ष कोवालक्ष्मी एमएल ने कहा कि जिला पुलिस का प्रदर्शन सराहनीय है और यह बड़ी बात है कि पुलिस विभाग अपने कर्तव्यों के अलावा सेवा कार्यक्रमों का भी हिस्सा है।

कई वर्षों से यातायात की समस्या से जूझ रहे गुंडाला के ग्रामीणों ने प्रसन्नता व्यक्त की कि पुलिस की देखरेख में बनी और खोली गई यह सड़क बहुत उपयोगी होगी और ग्रामीणों के जीवन में सुधार होगा।जिला जिला पंचायत अध्यक्ष कोवलक्ष्मी, आसिफाबाद विधायक अत्राम सक्कू, जिला अतिरिक्त एसपी (प्रशासन) अचेश्वर राव, जिला अतिरिक्त एसपी (एआर) भीम राव, आसिफाबाद डीएसपी श्रीनिवास, डीएसपी करुणाकर, नागेंद्र, तिरयानी एसआई चुंचु रमेश, अन्य सी.आई, एसआई, एमपी श्रीदेवी, जेडपीटीसी चंद्रशेखर, सरपंच जंगू बाई, एमपीटीसी लक्ष्मी, गुंदला गांव के लोग, अन्य पुलिस कर्मियों और अन्य जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया।



## बाघ ने किसान को निवाला बनाया

आसिफाबाद, 3 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। राजुरा तालुका के विरूर वन क्षेत्र के लक्कलकोट क्षेत्र के आनंद गुडा के एक किसान पर एक बाघ के हमला करने उसकी मौत हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक खिरडी क्षेत्र में आनंद गुड़ा अपने खेत में काम कर रहा था। अचानक बाघ ने आनंद गुडा पर हमला कर दिया जिसके कारण आनंद गुडा इतना जख्मी हो गया कि उसकी घटनास्थल पर मौत हो गई और वहां पर कुछ ग्रामीणों ने उसे देखकर गांव में आकर ग्रामीणों ने उसकी पत्नी को घटना बताई। और उसके बाद वन विभाग के अधिकारियों ने घटनास्थल पर पहुंचकर जायजा लिया और मृत के शव का पंचनामा करके मृतक के परिजनों को 25000 का मुआवजा दिया गया। प्रताप के शव को पोस्टमार्टम के लिए राजूरा सरकारी अस्पताल ले गए।

# बिहार एसोसिएशन ने राजेंद्र प्रसाद को दी श्रद्धांजलि



हैदराबाद, 3 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। भारत के प्रथम राष्ट्रपति एवं महान विचारक व भारतीय स्वतंत्रता सेनानी डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती पर बिहार एसोसिएशन के अध्यक्ष हरेराम सिंह नेतृत्व में अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ चादरघाट स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया एवं उनके महान कृतियों पर चर्चा की गई। चर्चा में भाग लेते हुए दिलीप कुमार, बिहार एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी ने कहा राजेंद्र बाबू का जीवन सादगी से भरा हुआ था। 5 वर्ष की आयु में पहली शिक्षा एक मौलवी साहब के द्वारा फारसी से शुरू किया गया उसके बाद वे अपनी प्रारंभिक शिक्षा के लिए छपरा के जिला स्कूल गए, उनकी शिक्षा उर्दू एवं फारसी से शुरू हुआ था, लेकिन हिंदी साहित्य में उनका अविरल रुचि था हिंदी में उनकी "आत्मकथा" बड़ी प्रसिद्ध पुस्तक है। एसोसिएशन सचिव प्रभास कुमार ने बताया कि उनका विवाह 13 वर्ष की आयु में ही राजवंशी देवी से हो गया परंतु अन्य कार्यों पर उनका वैवाहिक जीवन से कोई रुकावट नहीं आई, एसोसिएशन उपाध्यक्ष उत्तम यादव ने बताया कि नई पीढ़ी के लिए वे प्रेरणा के स्रोत है। इसी तरह रविशंकर सिंह, अमित मोर्या, गोपाल जी, विनोद गुप्ता, सुरेश सिंह, इत्यादि सभी ने उनके कृतियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। माल्यार्पण कार्यक्रम में एसोसिएशन के गणमान्य अशोक प्रसाद सिंह, रविशंकर सिंह, अमित कुमार मौर्य , सुरेश सिंह, विनोद गुप्ता, दिलीप कुमार, दीपक यादव, गोविंदम यादव, अनिल यादव, धर्मेंद्र यादव, सुनील यादव सेल नाथ गुप्ता, जितेंद्र गुप्ता, रोशन गुप्ता, विजेंद्र गुप्ता, सुनील सिंह, धर्मेंद्र, सुरेश पासवान, गोपाल जी, उदय शर्मा एवं कमलेश पांडे इत्यादि उपस्थित रहे।



**डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद की जयंती पर अग्रणी महिला मंच द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाग लेती हुईं मंच की अध्यक्ष सुमन भुवानिया, बबिता गर्ग, रितु गर्ग, सुनायन नरसरिया, टीना खंडेलवाल, श्वेता खंडेलवाल, प्रीति गोयल, संगीता जाजोदिया, मीनाक्षी अग्रवाल, रितु गोयल, स्मिता शाह, रूपा गुप्ता व अन्य।**

## मासिक एकादशी निशान पदयात्रा आयोजित



हैदराबाद, 3 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। हनुमान मन्दिर मलकपेट से श्री श्याम मंदिर काचीगुड़ा तक भजन कीर्तन करते हुए मासिक एकादशी निशान पदयात्रा आयोजित की गई, जिसमे दिनेश गुप्ता, नितेश अग्रवाल, पियूष अग्रवाल, मोहित अग्रवाल, कार्तिक अग्रवाल, सुमिता जिंदल, गुलशन उपाध्याय, मानव अग्रवाल, संजय अग्रवाल, विधान अग्रवाल, प्रथम भगेरिया, हर्षित अग्रवाल, शुभम भुतड़ा, लक्ष अग्रवाल, हर्ष बंसल, साक्षी अग्रवाल, आकाश पारीक, सुखदेव ओझा, नारायण पारीक, पियूष अग्रवाल, मोहित व्यास, मोहित पांडे, यश व्यास, श्याम, कार्तिक, हेमंत व वरुण ने भाग लिया।



**कापरा में आयोजित श्री आईमाताजी के जागरण में भजन प्रस्तुत करते हुए अमराराम, सोनाराम, बाबूलाल, छज्जाराम। अवसर पर भजनों व कार्यक्रम का लाभ लेते हुए सीरवी समाज अध्यक्ष जे.सी.चोलाराम हाम्बड़, सचिव किशनसिंह राठौड़, मदनलाल रावल, गणेशराम बर्फा, मोतीलाल काग, जगदीश काग, नारायणलाल परिहारियां, आयोजक कानाराम, रमेशकुमार, चेनाराम, राजु, गोविन्द, निकिता व अन्य।**

## माधव ऑटिज्म फाउंडेशन द्वारा स्कूल में कार्यशाला आयोजित

हैदराबाद, 3 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। ऑटिज्म जागरुकता और आवश्यक सेवा के क्षेत्र में पिछले कई वर्षों से सेवारत माधव ऑटिज्म फाउंडेशन ने विश्व विकलांगता दिवस के अवसर पर मुशीराबाद स्थित एवर ग्रीन टैलेंट स्कूल में ऑटिज्म की कार्यशाला "ऑटिज्म टाक" का आयोजन किया। ऑटिज्म विशेषज्ञ तथा फाउंडेशन की अध्यक्ष डॉ. सुमन सराफ ने ऑटिज्म की जानकारियां के अंतर्गत लक्षण, आवश्यक सावधानी और उपचार के बारे में अवगत कराया। आपने बताया कि बच्चों के दैनिक जीवन में आवश्यक सावधानी और परिवर्तनों सामान में बड़ा परिवर्तन दे सकते हैं। आपने उपस्थित अध्यापकों, छात्र, छात्राओं के विषय संबंधित प्रश्नो का जवाब भी दिया।

फाउंडेशन के सचिव डॉ. दिलीप पंसारी ने फाउंडेशन की गतिविधियों से संक्षिप्त मे लोगों को अवगत कराया। फाउंडेशन की वरिष्ठ सदस्य जी. सरस्वती ने स्कूल के प्राचार्य बी नौशीन, वरिष्ठ अध्यापक मोहम्मद अली और सादिया को शॉल उड़ाकर सम्मानित करते हुए स्कूल के अंदर इस तरह की कार्यशाला के आयोजन की पहल और सहयोग हेतु धन्यवाद दिया। फाउंडेशन की तरफ से डॉक्टर चंद्रा और वरिष्ठ फिजियोथेरेपिस्ट मोनिका तथा स्वाति ने उस कार्यक्रम में सहयोग प्रदान किया। आठवीं, नवमी तथा दसवीं के लगभग 140 छात्र छात्राओं के द्वारा विकलांगता दिवस पर बनाई गई पेंटिंग की अत्यधिक सराहना करते हुए फाउंडेशन के द्वारा 3 सर्वश्रेष्ठ पेंटिंग को पुरस्कृत किया गया।

# भव्यता से मनायी गयी डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की जंयती



हैदराबाद, 3 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। बिहार समाज सेवा संघ के तत्वावधान में चादरघाट पर चौराहे पर बिहार के गौरव भारत रत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद जी का 138वां जयंती मनाई गई। इस अवसर पर संघ के राष्ट्रीय चेयरमैन राजू ओझा ने राजेंद्र प्रसादजी की जीवनी पर प्रकाश डाला, जबकि अध्यक्ष पप्पू सिन्हा ने राजेंद्र प्रसादजी की मृदुभाषिता पर जोर दिया। महामंत्री मनिष तिवारी ने अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर संघ के मीडिया प्रभारी व प्रवक्ता विकास सिंह वरिष्ठ सदस्य राघवेन्द्र मिश्रा, महेंद्र प्रजापति, बिनोद सिंह, जितेन्द्र ओझा, दिनेश साहू,अमित ओझा, संजय झा, संदीप ओझा, घनश्याम प्रजापति, सुनिल अग्रवाल, विजय यादव, जेपी सिंह, कायस्थ समाज से सुधिर श्रीवास्तव, आदि लोग उपस्थित थे।

## पार्षद ने किया मतदाता पहचान पत्र पंजीकरण वाहन का शुभारंभ



हैदराबाद, 3 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। जामबाग मंडल के पार्षद राकेश जायसवाल ने संभाग के नए मतदाताओं के लिए विशेष मतदाता पहचान पत्र पंजीकरण वाहन का उद्घाटन किया। श्री जायसवाल ने मतदाता पंजीकरण एवं मतदाता सूची की जांच के विशेष अभियान के लिए बूथ स्तर के अधिकारियों (बीएलओ) को उनके निर्धारित मतदान केंद्रों पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होने का अनुरोध किया। उन्होंने बताया कि बीएलओ सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक उपलब्ध रहेंगे। जिन लोगों ने 1 जनवरी, 2023 तक 18 वर्ष की आयु पूरी कर ली है, उन्हें फॉर्म 6 के माध्यम से आवेदन करके खुद को मतदाता के रूप में पंजीकृत करना चाहिए और जो नाम हटाना चाहते हैं, उन्हें फॉर्म 7 के माध्यम से आवेदन करना चाहिए। इस अवसर पर बीजेपी नेताओं प्रवीण बाबू, महेन्द्र, मोइज़, रामकृष्ण, रघु कांबले, संदीप जैन, जगपति नाइक शामिल हुए।

# मिधानि के स्वर्ण जयंती समारोह का उद्घाटन



हैदराबाद, 3 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत भारत सरकार के उद्यम मिश्र धातु निगम लिमिटेड (मिधानि) में आज स्वर्ण जयंती समारोह का उद्घाटन संपन्न हुआ। वर्षभर चलने वाले समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. समीर वी कामत, सचिव, रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग और अध्यक्ष, डीआरडीओ के करकमलों से स्वर्ण जयंती के लोगो और बैनर के अनावरण से संपन्न हुआ। इस अवसर पर उपस्थित मिधानि के कर्मचारियों को संबंधित करते हुए डॉ. कामत ने मिधानि को स्वर्ण जयंती की शुभकामनाएँ दीं। मिधानि, डीएमआरएल और डीआरडीओ के अंतर-संबंधों पर अपने विचार व्यक्त करते हुए, उन्होंने विशेष स्टील तथा सुपर एलॉय उत्पादन के क्षेत्र में और दुनिया की शीर्ष कंपनियों में से एक बनने के लिए मिधानि की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने मिधानि की क्षताओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि भारत को समारिक क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए मिधानि को बहुत बड़ी भूमिका निभानी है और आने वाले समय में देश को मिधानि के उत्कृष्ट प्रदर्शन की आशा रहेगी। इस अवसर पर मिधानि के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ संजय कुमार झा ने स्वर्ण जयंती समारोह के उद्घाटन पर सभी कर्मचारियों को शुभकामनाएँ देते हुए उन्होंने सभी कर्मचारियों से अपील की कि देश के अमृतकाल में विशेषधातुओं के उत्पदानों के आयात को घटाने की मिधानि की कार्यक्षमता में वृद्धि लाने के लिए सभी अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करें। इस अवसर पर उद्यम के निदेशक (वित्त) एन. गौरी शंकर राव, निदेशक (उत्पादन एवं विपणन) टी. मुत्तुकुमार और मुख्य सतर्कता अधिकारी डॉ उपेंदर वेन्नम, आईपीओएस ने भी कर्मचारियों को शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर एपीवीएस प्रसाद, मुख्य कार्यकारी, सीईएमआईएलएसी द्वारा नए भारतीय सैन्य उडनयोग्यता प्रमाणन-स्वदेशीकरण के लिए एक सक्षमकर्ता विषय पर एक अतिथि व्याख्यान भी आयोजित किया गया।

डॉ. अखिलेश पाठक, आरडी, आरसीएमए, मैटेरियल्स ने भी कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। उल्लेखनीय है कि मिश्र धातु निगम लिमिटेड (मिधानि) की स्थापना 1973 में भारत सरकार के उपक्रम के रूप में रक्षा मंत्रालय के तहत की गई थी। हैदराबाद के कंचनबाग में स्थित मिधानि की उत्पादन इकाई की स्थापना वर्ष 1982 में की गई थी। मिधानि की स्थापना विभिन्न सुपर मिश्र धातुओं, विशेष स्टील्स, रक्षा की सामग्रियों, अन्य सामरिक सामग्री के उत्पादन और आपूर्ति में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के उद्देश्य से की गई है। परमाणु, वैमानिकी और अंतरिक्ष अनुप्रयोगों के लिए क्षेत्र। मिधानि की स्थापना के लिए मार्गदर्शक कारक रक्षा उन्मुख प्रौद्योगिकियों की मांग थे, जो राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के तहत आते हैं।



**हैदराबाद नगरागमन पर भाजपा राजस्थान पशुपालन प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक जगदीश देवासी व लक्ष्मणपाल का स्वागत करते हुए देवासी समाज संघ हैदराबाद-सिकंदराबाद पूर्व अध्यक्ष केवलराम देवासी व जयराम देवासी।**

# एचएमवी में मना एनसीसी दिवस



हैदराबाद, 3 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। हिन्दी महाविद्यालय में 74वें एन.सी.सी. दिवस का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सूबेदार मेजर प्रदीप कुमार तथा ट्रेनिंग जे.सी.ओ सूबेदार राहेंद्र सिंह उपस्थित थे। प्राचार्य डॉ. अविनाश जायसवाल ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया तथा समिति पदाधिकारीगण उपाध्यक्ष श्री श्यामसुंदर मूंदड़ा, कोषाध्यक्ष एस.बी. काबरा तथा मानद मंत्री लक्ष्मीनिवास शर्मा ने सभी एन.सी.सी. दिवस की शुभकामनाएँ प्रदान कीं और आशीर्वचन दिए। मुख्य अतिथि का स्वागत शॉल ओढाकर तथा स्मृति चिन्ह प्रदान कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण के रूप में एन.सी.सी. केडेट्स द्वारा प्रदर्शित सांस्कृतिक कार्यक्रम था। भारत वर्ष अनेकता में एकता का देश है इसी को ध्यान में रखते हुए विभिन्न राज्यों के नृत्यों का प्रदर्शन तथा केडेट्स द्वारा करतब प्रदर्शन किए गए।

उपप्राचार्य श्रीमती अश्विनी सनपूरकर तथा डॉ. बी. श्रीदेवी तथा प्राध्यापकण, गैरशिक्षण कर्मचारी तथा छात्र इस कार्यक्रम में उपस्थित थे। हिन्दी महाविद्यालय मिं एनसीसी का प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके दूसरे शैक्षणिक संस्थानों के भी छात्र इस कार्यक्रम में उपस्थित थे तथा प्रशिक्षण प्राप्त हिन्दी महाविद्यालय पूर्वछात्र केडेट्स भी उपस्थित थे। सभी ने मिलकर एन.सी.सी. का गीत गाया। कार्यक्रम का संचालन तथा आभार ज्ञापन एन.सी.सी. की छात्राओं द्वारा किया गया। कर्यक्रम को पूणर्तः नियोजित तथा सफलता पूर्वक आयोजित करने का एकमात्र श्रेय हिन्दी महाविद्यालय के एन.सी.सी. ऑफिसर आकाश थापा को जाता है, जिनके सफल निर्देशन में एक उत्तम प्रदर्शन के रूप में कार्यक्रम का आयोजित किया गया। कार्यक्रम का समापन सामूहिक राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# मोहम्मद शमी टीम इंडिया से बाहर

## चोट के चलते बांग्लादेश के खिलाफ वनडे सीरीज नहीं खेल सकेंगे, उमरान मलिक को मिली जगह

नई दिल्ली, 3 दिसंबर (एजेंसियां)। तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी कंधे की चोट की वजह से टीम इंडिया से बाहर हो गए हैं। वे अब बांग्लादेश के खिलाफ वनडे सीरीज में नहीं खेल सकेंगे। बांग्लादेश में तीन वनडे मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला रविवार को होना है। शमी चोट की वजह से इसके लिए फिट नहीं है। शमी ऑस्ट्रेलिया में पिछले महीने टी-20 वर्ल्ड कप से लौटने के बाद प्रैक्टिस सेशन के दौरान चोटिल हो गए थे।




| | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| टेस्ट | 60 | 216 |
| वनडे | 82 | 151 |
| टी-20 | 23 | 24 |

शमी के बाहर होने के बाद उमरान मलिक को टीम में शामिल किया गया है। उमरान ने हाल ही में न्यूज़ीलैंड दौरे पर वनडे क्रिकेट में डेब्यू किया था। तीन वनडे मैचों में उनके नाम तीन विकेट हैं। वनडे के बाद टीम इंडिया को बांग्लादेश से दो टेस्ट मैचों की सीरीज भी खेलनी है। शमी टेस्ट टीम का भी हिस्सा थे। इस चोट के बाद वे टेस्ट खेल सकेंगे या नहीं, यह फिलहाल साफ नहीं है।

### भारतीय टीम के लिए मुश्किलें बढ़ीं

मोहम्मद शमी के चोटिल होने से टीम इंडिया की मुश्किलें बढ़ गई है। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि वे वनडे के साथ टेस्ट सीरीज से भी बाहर हो गए हैं। चोट की वजह से पहले ही भारत के प्रमुख तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह सीरीज से बाहर हैं। वे टी-20 वर्ल्ड कप में भी टीम का हिस्सा नहीं थे। इधर, ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा भी चोट की वजह से वनडे सीरीज से बाहर हैं।

### टेस्ट में सैनी और मुकेश को टेस्ट में मिल सकता है मौका

मोहम्मद शमी के टेस्ट सीरीज से बाहर होने पर मुकेश कुमार और नवदीप सैनी को मौका मिल सकता है। नवदीप सैनी और मुकेश कुमार अभी बांग्लादेश में ही हैं। वह बांग्लादेश दौरे पर गई टीम इंडिया ए के सदस्य हैं। दोनों ने बांग्लादेश की ए टीम के खिलाफ चार दिवसीय मैचों में शानदार प्रदर्शन किया है। मुकेश ने तीन विकेट लिए हैं। वहीं नवदीप सैनी ने चार विकेट लिए हैं।

मुकेश अनकैप्ड खिलाड़ी हैं और सैनी भारत के लिए दो टेस्ट खेल चुके हैं। वहीं 2020-21 में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर गई भारतीय टीम के हिस्सा थे।

### बांग्लादेश में वनडे सीरीज के लिए टीम इंडिया

रोहित शर्मा (कप्तान), लोकेश राहुल (उप कप्तान), शिखर धवन, विराट कोहली, रजत पाटीदार, श्रेयस अय्यर, राहुल त्रिपाठी, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), ईशान किशन (विकेटकीपर), शाहबाज अहमद, अक्षर पटेल, वॉशिंगटन सुंदर, शार्दूल ठाकुर, उमरान मलिक, मोहम्मद सिराज, दीपक चाहर और कुलदीप सेन।

# 18 साल के रुद्रांक्ष ने आईएसएसएफ प्रेसिडेंट कप का खिताब जीता, फाइनल में इटैलियन शूटर को हराया

काहिरा, 3 दिसंबर (एजेंसियां)। भारतीय शूटर रुद्रांक्ष पाटिल ने 2022 सीजन का अंत शानदार अंदाज में किया है। उन्होंने इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट्स फेडरेशन प्रेसिडेंट कप का खिताब अपने नाम किया। यह टूर्नामेंट मिस्र के काहिरा में आयोजित हुआ। 10 मीटर राइफल के प्लेऑफ में रुद्रांक्ष ने इटली के डेनिलो सोलाजो को 16-8 से हरा दिया। स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने भी रुद्रांक्ष को बधाई दी है। उन्होंने ट्वीट किया- रुद्रांक्ष ने 2022 को एक धमाकेदार अंदाज के साथ खत्म किया। 10 मीटर राइफल प्ले-ऑफ में सोलाज़ो को 16-8 से हराकर आईएसएसएफ प्रेसिडेंट कप जीता। बधाई हो, पूरे भारत को आप पर गर्व है।



सभी महाद्वीपों से 43 आईएसएसएफ सदस्य संघों का प्रतिनिधित्व करने वाले 42 देशों के एथलीट इस प्रतियोगिता में भाग लेने पहुंचे हैं। वे सभी 2022 विश्व रैंकिंग के अनुसार व्यक्तिगत ओलंपिक स्पर्धाओं में 12 शीर्ष स्थान पर हैं। प्रतियोगिता 28 नवंबर से चार दिसंबर तक काहिरा में आयोजित हो रही है।

आईएसएसएफ राइफल/पिस्टल विश्व चैंपियनशिप 2022 में, जो अक्तूबर में समाप्त हुई, 18 वर्षीय रुद्रांक्ष पाटिल ने पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल में स्वर्ण जीतकर 2024 पेरिस ओलंपिक के लिए देश का पहला कोटा हासिल किया। ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अभिनव बिंद्रा, तेजस्विनी सावंत, मानवजीत सिंह संडू, ओम प्रकाश मिथरवाल और अंकुर मित्तल के बाद केवल छठे भारतीय शूटिंग वर्ल्ड चैंपियन हैं।

# मुश्किल में बैडमिंटन स्टार लक्ष्य सेन

## कोच समेत पूरे परिवार पर केस दर्ज

खेल डेस्क, 3 दिसंबर (एजेंसियां)। बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने इसी साल बर्मिंघम में हुए कॉमनवेल्थ गेम्स में गोल्ड मेडल जीता था।

अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित बैडमिंटन खिलाड़ी की लक्ष्य सेन बड़ी मुश्किल में फंस गए हैं. कॉमनवेल्थ गेम्स में गोल्ड मेडल जीतने वाले लक्ष्य पर उम्र को लेकर फर्जीवाड़ा करने का आरोप लगा है. बेंगलुरु में ही अकेडमी चला रहे नगराजा एमजी की शिकायत के बाद लक्ष्य सेन और उनकी अकेडमी (प्रकाश पादुकोण अकेडमी) के एक कोच के खिलाफ खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है. हालांकि लक्ष्य सेन की ओर से इस बारे में कुछ नहीं कहा गया है.

जिनलोगों पर एफआईआर दर्ज हुई है उसमें लक्ष्य सेन, उनके कोच विमल कुमार, पिता धिरेंद्र सेन, मां निर्मला और भाई चिराग का नाम शामिल है. लक्ष्य के बड़े भाई चिराग भी खुद बैडमिंटन खिलाड़ी रहे हैं. केस में आईपीसी की अलग-अलग धाराएं लगाई गई हैं जिसमें 420 (चीटिंग), , 468 (फर्जीवाड़ा) और 471 (फर्जी रिकॉर्ड) की धाराएं शामिल हैं.

इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक शिकायत करने वाले नागराजा का कहना है कि साल 2010 में लक्ष्य के कोच और उनके माता-पिता ने फर्जी बर्थ सर्टिफिकेट बनवाया था. इस कारण लक्ष्य उम्र ज्यादा होने के बावजूद अलग-अलग एजग्रुप में खेल पाएं. बर्थ सर्टिफिकेट के मुताबिक लक्ष्य सेन का जन्म 2001 में हुआ जबकि नागराजा का कहना है कि यह स्टार खिलाड़ी 1998 में पैदा हुआ है.

### विमल कुमार ने आरोपों को किया खारिज

लक्ष्य सेन के कोच विमल कुमार ने इन आरोपों को खारिज किया है. 21 साल के लक्ष्य सेन पिछले 12 सालों से प्रकाश पादुकोण अकेडमी में ट्रेनिंग कर रहे हैं. विमल कुमार ने आरोपों पर कहा, 'मैं नहीं जानता



कि शिकायत करने वाले ने क्या आरोप लगाए हैं. मेरा इसमें कोई रोल नहीं है. लक्ष्य साल 2010 में मेरी अकेडमी में आया और मैंने उसे बाकी बच्चों की तरह ही ट्रेन किया. मैंने यह जरूर सुना था कि कोई मेरी और अकेडमी की छवि को खराब करने की कोशिश कर रहा है लेकिन हमपर इसका कोई फर्क नहीं पड़ता'. लक्ष्य फिलहाल देश के नंबर वन खिलाड़ी हैं. उन्होंने पिछले दो सालों में देश के लिए हर बड़े टूर्नामेंट में मेडल जीते हैं जिसमें कॉमनवेल्थ गेम्स का गोल्ड मेडल शामिल हैं. उन्हें बुधवार को ही अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था.

# दीपक चाहर का सामान विमान से गायब

## मलेशियन एयरलाइंस की बदइंतजामी पर भड़के ऑलराउंडर

चटगांव, 3 दिसंबर (एजेंसियां)। भारतीय ऑलराउंडर दीपक चाहर सहित टीम इंडिया के कुछ खिलाड़ियों का न्यूजीलैंड से बांग्लादेश की यात्रा के दौरान सामान खो गया है। चाहर ने इसके लिए मलेशियन एयरलाइंस को दोषी ठहराया। उन्होंने सोशल मीडिया पर मलेशियन एयरलाइंस को टैग करते हुए अपना गुस्सा जाहिर किया है। चाहर ने यह भी आरोप लगाया कि यात्रा के दौरान फ्लाइट में उन्हें और उनके टीम के साथियों को सही से खाना भी नहीं दिया गया। चाहर के सोशल मीडिया पोस्ट के बाद मलेशियन एयरलाइन्स ने असुविधा के लिए माफी मांगी है।

दरअसल टीम इंडिया को रविवार से बांग्लादेश के खिलाफ उसके घर में तीन वनडे मैचों की सीरीज खेलनी है। वनडे टीम में शामिल सदस्य न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज खेलने के बाद डायरेक्ट बांग्लादेश के लिए रवाना हो गए।

# मेजबानी छीनी तो एशिया कप नहीं खेलेगा पाकिस्तान

## पीसीबी चीफ बोले- भारत भले न आए, लोकेशन नहीं बदलनी चाहिए

खेल डेस्क, 3 दिसंबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के चेयरमैन रमीज राजा ने कहा- अगर 2023 का एशिया कप पाकिस्तान में नहीं हुआ तो उनकी टीम टूर्नामेंट नहीं खेलेगी। टीम इंडिया पाकिस्तान नहीं आ सकती, सिर्फ इस वजह से टूर्नामेंट की लोकेशन शिफ्ट नहीं होनी चाहिए। भारत न आए तो न सही, लेकिन वेन्यू बदला तो सबसे पहले पाकिस्तान टीम टूर्नामेंट से अपना नाम वापस लेगी।

### भीख में नहीं मिले होस्टिंग राइट्स

रावलपिंडी में इंग्लैंड-पाकिस्तान टेस्ट मैच के दौरान PCB चीफ ने कहा- हम टूर्नामेंट होस्ट करने के लिए मरे नहीं जा रहे। होस्टिंग राइट्स हमें कोई भीख में नहीं मिले। ICC की फेयर प्रोसेस के जरिए हमें एशिया कप होस्ट करने की जिम्मेदारी मिली है।



### 50 ओवर का होगा एशिया कप

2023 का एशिया कप सितंबर में पाकिस्तान में होना है। इसके बाद अक्टूबर में भारत में वनडे वर्ल्ड कप होगा। वनडे वर्ल्ड कप के कारण ही इस बार का एशिया कप 20 की जगह 50 ओवर का होगा। पिछला एशिया कप अगस्त 2022 में यूएई में हुआ था, लेकिन होस्टिंग राइट्स श्रीलंका के पास थे। दरअसल, उनके देश में राजनीतिक अव्यवस्था के चलते वेन्यू बदलना पड़ा।

### एसीबी प्रेसिडेंट ने कहा था- न्यूट्रल वेन्यू पर होगा टूर्नामेंट

एशिया क्रिकेट बोर्ड के प्रेसिडेंट जय शाह ने कहा था कि टीम इंडिया राजनीतिक कारणों के चलते पाकिस्तान नहीं जा सकती। एशिया कप के होस्टिंग राइट्स पाकिस्तान के पास हैं, लेकिन टूर्नामेंट की लोकेशन शिफ्ट कर न्यूट्रल वेन्यू पर भी मैच कराए जा सकते हैं। शाह भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के सचिव भी हैं।

### पाकिस्तान वनडे वर्ल्ड कप भी नहीं खेलेगा!

शाह के बयान के बाद भारत के खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा था- होम मिनिस्ट्री से परमिशन के बाद ही टीम इंडिया के किसी भी प्लेयर को पाकिस्तान भेजने पर फैसला लिया जाएगा। इसके बाद पीसीबी चीफ ने कहा था, अगर टीम इंडिया पाकिस्तान में एशिया कप नहीं खेलेगी तो पाकिस्तान भी भारत में होने वाले वनडे वर्ल्ड कप में नहीं खेलेगा।

### 2008 से पाकिस्तान नहीं गई टीम इंडिया

टीम इंडिया 2008 में आखिरी बार एशिया कप खेलने के लिए ही पाकिस्तान गई थी। वहीं, पाकिस्तान की टीम 2016 में टी-20 वर्ल्ड कप खेलने आखिरी बार भारत आई थी। 2022 में दोनों टीमें 3 बार भिड़ चुकी हैं। एशिया कप के दौरान दुबई में 2 बार और टी-20 वर्ल्ड कप के दौरान मेलबर्न में एक बार दोनों देशों के बीच क्रिकेट मैच हुए थे।

### 2012 में हुई थी आखिरी द्विपक्षीय सीरीज

भारत-पाकिस्तान के बीच 2012 के बाद से क्रिकेट में द्विपक्षीय सीरीज नहीं हुई। तब पाकिस्तान 3 वनडे और 2 टी-20 खेलने भारत आया था।

# आईपीएल में फुटबॉल की तरह प्लेयर सब्स्टीट्यूशन

## 12वां खिलाड़ी उतार सकेंगी टीमें, 14वें ओवर तक बदलाव की इजाजत

खेल डेस्क, 3 दिसंबर (एजेंसियां)। अब फुटबॉल की तरह क्रिकेट में भी प्लेयर सब्स्टीट्यूशन देखने को मिल सकता है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड आईपीएल के 16वें सीजन से टैक्टिकल सब्स्टीट्यूशन का कॉनसेप्ट लागू करने की तैयारी में है। बोर्ड ने इसके लिए सभी फ्रेंचाइजी को मैसेज नोट भेजा है। यह नियम लागू होने के बाद एक मैच में एक टीम की ओर से 12 खिलाड़ी खेलते हुए दिखलाई दे सकते हैं। हालांकि, एक पारी में ज्यादा से ज्यादा 10 विकेट ही गिर सकते हैं। बीसीसीआई के मैसेज नोट में बताया गया कि 2023 के सीजन से सब्स्टीट्यूशन रूल लागू होगा। नए नियम को जल्द ही विस्तार से एक्सप्लेन किया जाएगा। रिपोर्ट्स में बताया जा रहा है कि टैक्टिकल सब्स्टीट्यूशन का नियम वैसा ही होगा जैसा घरेलू टी-20 टूर्नामेंट सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में अपनाया गया था।

### कैसा होगा सब्स्टीट्यूशन रूल?

टॉस के समय मैच खेल रहीं दोनों टीमों को प्लेइंग इलेवन के साथ 4-4 सब्स्टीट्यूट प्लेयर्स के नाम भी देने होंगे। इनमें से एक-एक प्लेयर को दोनों टीमें मैच के दौरान प्लेइंग इलेवन में शामिल किसी खिलाड़ी से रिप्लेस कर सकेंगी। हालांकि, सब्स्टीट्यूशन का फैसला पूरी तरह से टीमों पर रहेगा। वे चाहें तो पहली बॉल से लेकर आखिरी बॉल तक 11 प्लेयर्स के साथ ही खेल सकती हैं। रिप्लेस होने के बाद नया खिलाड़ी ही पूरा मैच खेलेगा। मैच के दौरान एक बार बेंच पर भेजे जाने के बाद रिप्लेस किया जा चुका खिलाड़ी वापस मैदान में नहीं आ सकेगा।

### एसएमएटी में था इम्पैक्ट प्लेयर रूल




भारत का घरेलू टी-20 टूर्नामेंट सैयद मुश्ताक अली इसी साल अक्टूबर-नवंबर के दौरान खेला गया। इस टूर्नामेंट में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने इम्पैक्ट प्लेयर रूल शामिल किया था। इसके तहत टॉस के समय टीमें 4-4 सब्स्टीट्यूशन प्लेयर्स का नाम दे रही थीं। जिन्हें मैच के दौरान रिप्लेस किया जा रहा था।

### किस ओवर तक कर सकते हैं बदलाव?

नए आईपीएल के रूल को अभी तक डिटेल में एक्सप्लेन नहीं किया, लेकिन अगर यह रूल एसएमएटी के इम्पैक्ट प्लेयर रूल की तरह ही हुआ तो दोनों ही पारियों में 14वें ओवर तक टीमें प्लेयर्स को सब्स्टीट्यूट कर सकेंगी। यानी कि आखिर के 6 ओवरों में टीमें प्लेयर्स को सब्स्टीट्यूट नहीं कर सकेंगी।

### कितनी बैटिंग मिलेगी?

टैक्टिकल सब्स्टीट्यूशन रूल के तहत किसी भी खिलाड़ी को रिप्लेस किया जा सकता है। भले ही वह बैटिंग कर आउट हो गया हो या अपने कोटे के ओवर डाल चुका हो। यानी जो खिलाड़ी सब्स्टीट्यूट होकर मैदान पर आएगा वह पूरी बैटिंग कर सकता है और अपने कोटे के पूरे चार ओवर भी डाल सकता है। हालांकि, एक पारी में ज्यादा से ज्यादा 10 विकेट ही हो सकेंगे। यानी किसी आउट हो चुके बल्लेबाज की जगह कोई सब्स्टीट्यूट आता है तो उसके लिए बाकी बचे खिलाड़ियों में से किसी को बैटिंग छोड़नी होगी।

अगर कोई खिलाड़ी मैच के दौरान खराब या धीमे स्ट्राइक रेट से बैटिंग कर रहा है तो उसे बैटिंग के दौरान भी रिप्लेस किया जा सकेगा। ये बिल्कुल टेस्ट में कन्कशन रूल की तरह है। जिसमें खिलाड़ी अगर चोटिल होकर बाहर चला गया तो उसकी जगह नया खिलाड़ी आता है। वहीं, टीम का कोई विकेट भी नहीं जाता।

### ऋतिक शौकीन थे पहले सब्स्टीट्यूट प्लेयर

सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में 11 अक्टूबर 2022 को दिल्ली ने अपने खिलाड़ी ऋतिक शौकीन को रिप्लेस किया था। दिल्ली ने ओपनर हीतेन दलाल की जगह की ऑफ स्पिनर शौकीन को मणिपुर के खिलाफ मैच में उतारा था।

# ऑस्ट्रेलिया ने चौथे मैच में भारत को 5-1 से हराया, 3-1 की अजेय बढ़त हासिल की

एडिलेड, 3 दिसंबर (एजेंसियां)। चौथे मैच में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 5-1 से करारी शिकस्त दी। इस हार के साथ ही ऑस्ट्रेलियाई टीम ने सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है। आखिरी मैच रविवार को खेला जाएगा।

भारतीय हॉकी टीम फिलहाल ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर है। वहां दोनों टीमों के बीच पांच मैचों की सीरीज खेली जा रही है। इस सीरीज के चौथे मैच में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 5-1 से करारी शिकस्त दी। इस हार के साथ ही ऑस्ट्रेलियाई टीम ने सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है। आखिरी मैच रविवार को खेला जाएगा। एडिलेड में खेले गए मुकाबले में भारत ने पहले दो क्वार्टर में शानदार खेल दिखाया। पहले क्वार्टर में भारतीय टीम ने डिफेंसिव अप्रोच अपनाया और हरमनप्रीत एंड कंपनी ने कोई गोल नहीं होने दिया। दूसरे क्वार्टर में 25वें मिनट में दिलप्रीत सिंह ने



गोल दाग टीम इंडिया को 1-0 की बढ़त दिलाई। हालांकि, दूसरे क्वार्टर के अंत में भारतीय डिफेंस लड़खड़ा गई। 29वें मिनट में ऑस्ट्रेलिया के जेरेमी हेवार्ड ने गोल दागा। इसके बाद 30वें मिनट में जेक वेटॉन ने गोल कर हाफ टाइम तक ऑस्ट्रेलियाई टीम को 2-1 की बढ़त दिला दी थी। हाफ टाइम के बाद ऑस्ट्रेलिया ने काउंटर अटैक की बौछार कर दी। 34वें मिनट में टॉम विकहैम और 41वें मिनट में हेवार्ड ने गोल कर तीसरे क्वार्टर के समाप्त होने तक बढ़त 4-1 की कर दी। आखिरी क्वार्टर में मैट डॉसन ने 54वें मिनट में भारतीय गोलकीपर कृष्ण पाठक को छकाते हुए लो वॉली स्ट्राइक पर गोल किया।

# बेल्जियम वर्ल्ड कप से बाहर : अर्जेंटीना, पुर्तगाल ने किया क्वालिफाई; कौन सी टीमें भिड़ेगी राउंड ऑफ 16 में

खेल डेस्क, 3 दिसंबर (एजेंसियां)। फीफा वर्ल्ड कप 2022 में ग्रुप के सभी मुकाबले खत्म हो चुके है। इसी के साथ 16 टीमों ने प्री क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालिफाई कर लिया है और 16 टीमों का सफर खत्म हो गया है। इस वर्ल्ड कप में अब तक कई उलटफेर देखने को मिले है, जिसमें अर्जेंटीना की सऊदी अरब के खिलाफ हार भी शामिल है। साथ में इस साल बेल्जियम को गोल्डन जनरेशन और जर्मनी की स्टार्स से भरी टीम क्वालिफाई करने में नाकाम रही।

प्री क्वार्टर फाइनल यानी राउंड ऑफ 16 में 16 टीमों के बीच आपस में नॉकआउट मुकाबले होंगे। इसमें हर ग्रुप की टॉप 2 टीमें आएंगी। जो जीतेगा वह क्वार्टर फाइनल के लिए आगे जाएगा।

प्री क्वार्टर फाइनल में किस का किस से मुकाबला

### नीदरलैंड बनाम अमेरिका

नीदरलैंड का मुकाबला अमेरिका से होगा। नीदरलैंड ने 7 पॉइंट के साथ ग्रुप A में टॉप फिनिश किया है। टीम ने दो मैच जीते और 1 ड्रॉ किया है। इसके साथ ही अब तक इस वर्ल्ड कप में उसे एक भी हार नहीं मिली। दूसरी ओर अमरीका की टीम इस बार टॉप फॉर्म में दिख रही है। टीम ने ग्रुप B में 5 पॉइंट के साथ दूसरे नंबर पर फिनिश किया। उन्होंने 1 मैच जीता और 2 ड्रॉ किए। टीम ने एक भी मैच नहीं हारा। यह देखने दिलचस्प होगा की दोनों में से कौन सी टीम आगे जाएगी।

### अर्जेंटीना बनाम ऑस्ट्रेलिया

अर्जेंटीना ने सऊदी अरब के खिलाफ पहले मैच हारने के बाद शानदार कमबैक किया। उसने ग्रुप के 3 में से 2 मैच जीते। पहले मेक्सिको और फिर पोलैंड को हराया और फिर ग्रुप में टॉप किया। ऑस्ट्रेलिया 2006 के बाद पहली बार राउंड ऑफ 16 के लिए क्वालिफाई हुआ है। टीम ने टूर्नामेंट में अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है। वह अपने दो मैच जीता और 6 पॉइंट्स के साथ अगले राउंड के लिए क्वालिफाई किया है।

### जापान बनाम क्रोएशिया

जापान ने अपने आखिरी ग्रुप मैच में स्पेन को हराया और ग्रुप E में टॉप किया। ग्रुप की 2 बड़ी टीम, स्पेन और जर्मनी को जापान ने हरा कर अब दिया है कि वे इस वर्ल्ड कप में बड़े उलटफेर कर सकते है। दूसरी ओर 2018 वर्ल्ड कप की फाइनलिस्ट क्रोएशिया 1 मैच जीत कर और 2 मैच ड्रॉ कर के




क्वालिफाई हुआ। यह देखना रोमांचक होगा कि क्या इस बार भी क्रोएशिया आगे तक जा पाएगा।

### इंग्लैंड बनाम सेनेगल

इंग्लैंड ने ईरान को अपने पहले मैच में 6-2 से हराकर बता दिया के वे वर्ल्ड कप जीतने के प्रबल दावेदार क्यों है। हालांकि, टीम ने अमेरिका के खिलाफ अपने दूसरे मैच में वैसा प्रदर्शन नहीं कर पाई। उसे ड्रा से ही संतुष्ट होना पड़ा। टीम में स्टार स्ट्राइकर हैरी केन हैं, लेकिन वे अपने फॉर्म में नजर नहीं आ रहे हैं। हालांकि, उन्होंने अब तक 3 असिस्ट किये हैं पर वे गोल स्कोर करने में नाकाम रहे हैं। इस वर्ल्ड कप में इंग्लैंड के यौनद प्लेयर्स ने अपना जलवा बिखेरा है। मार्कस रेश्फोर्ड, बुकायों साका, फील ज्यूड बेल्लिन्हम ने टीम के लिए स्कोर किया है।

सेनेगल को देखा जाए तो वर्ल्ड कप से पहले टीम इ कॉन्फिडेंस की कमी दिख रही थी। टीम के स्टार प्लेयर और कप्तान सादियो माने टूर्नामेंट से ठीक पहले चोटिल हो गए। सेनेगल पाना पहला मैच नीदरलैंड के खिलाफ हारा, लेकिन उसके उसने अपने दोनों मैच जीते और राउंड ऑफ 16 में जगह बनाई। उसमे मेजबान कतर को 3-1 से और इक्वाडोर को 2-1 से हराया। टीम में कॉन्फिडेंस और टीम वर्क देखने को मिला है। इंग्लैंड और सेनेगल के बीच प्रीक्वार्टर फाइनल का मुकाबला टक्कर का होगा।

### फ्रांस बनाम पोलैंड

फ्रांस इस वर्ल्ड कप में अच्छे फॉर्म में नजर आ रही है। फ्रांस अपने पहले दो मैच जीत कर प्रीक्वार्टर फाइनल में अपनी जगह बना चुका था। इसके बाद ट्यूनीशिया के खिलाफ अपने आखिरी मैच में मैनेजर ने टीम के प्रमुख खिलाड़ियों को रेस्ट दिया। इसका खामियाजा उसे भुगतना पड़ा। आखिरी मैच में फ्रांस ट्यूनीशिया के खिलाफ 1-0 से हारा। हालांकि, इस मैच के कारण टीम मैनेजमेंट को अपने प्लेयर्स और कॉम्बिनेशन समझ आ गए हैं और वह पोलैंड को अपने अगले मैच में चुनौती देगा। दूसरी ओर पोलैंड के क्वालिफिकेशन में लक फैक्टर रहा, क्योंकि मेक्सिको के भी पोलैंड जितने ही अंक थे। लेकिन, 1 गोल के डिफरेंस होने के कारण वह क्वालिफाई हो गया।

### मोरक्को बनाम स्पेन

इस वर्ल्ड कप में मोरक्को ने अभी को चौंकाया है। उसने पहला क्रोएशिया के खिलाफ ड्रा खेला और फिर बेल्जियम और कनाडा को हराया। इसके साथ ही ग्रुप E में उसमे 7 पॉइंट्स के साथ टॉप पर क्वालिफाई किया। यह देखना दिलचस्प होगा की मोरक्को स्पेन के खिलाफ कैसे जीतेगा। दूसरी ओर स्पेन ने पहले मैच से अपने दावेदारी साबित की है। स्पेन ने कोस्टा रिका को अपने पहले मैच में 7-0 से हराया था। टीम के मैनेजर लुईस एनरिके ने आपने प्लेयर्स को सही समय पर यूज किया है। स्पेन के फॉरवर्ड प्लेयर एल्वारो मोराता इस समय वर्ल्ड कप के टॉप स्कोरर हैं। उन्होंने टीम के लिए 3 गोल किए है। साथ ही गवि और पेड्री की यंग मिडफील्ड ड्यूओ प्लेयर्स को छकाने में कमी नहीं छोड़ते।

# राज्य में स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र को अत्यधिक महत्व दे रही है सरकार : हरीश

## मंत्री ने कामारेड्डी में रखी सीएचसी अस्पताल भवन की आधारशिला



कामारेड्डी, 3 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। यह कहते हुए कि टीआरएस सरकार तेलंगाना के नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान कर रही है, वित्त और स्वास्थ्य मंत्री टी. हरीश राव ने कहा कि जिले में एक मेडिकल कॉलेज स्थापित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। पीतलाम में 30 बिस्तरों वाले सीएचसी अस्पताल भवन की आधारशिला रखने और शनिवार को यहां कृषि बाजार की व्यावसायिक दुकानों का उद्घाटन करने के बाद बोलते हुए, हरीश राव ने कहा कि मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव के नेतृत्व में टीआरएस सरकार स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र को अत्यधिक महत्व दे रही है और राज्य के सभी अस्पतालों को उन्नयन कर रही है। हमारा उद्देश्य सभी नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करना है। स्वास्थ्य मंत्री ने राज्य में डायलिसिस केंद्रों का विवरण देते हुए कहा कि तेलंगाना के गठन से पहले 3 डायलिसिस केंद्र थे, जो अब बढ़कर 83 हो गए हैं। राज्य में डॉक्टरों की संख्या बढ़ाने के लिए सरकार ने हाल ही में 8 शुरू किए हैं। मेडिकल कॉलेजों, उन्होंने खुलासा किया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान देश भर में आवंटित 157 मेडिकल कॉलेजों में से केंद्र ने तेलंगाना को एक भी मेडिकल कॉलेज नहीं दिया है।

बिजली आपूर्ति पर टिप्पणी करते हुए, हरीश राव ने कहा कि भाजपा शासित महाराष्ट्र और कर्नाटक में बिजली कटौती हो रही है, जबकि तेलंगानालोगों को 24X7 निर्बाध गुणवत्ता वाली बिजली की आपूर्ति कर रहा है। उन्होंने कहा कि तेलंगाना सरकार द्वारा लागू की गई योजनाओं की नकल की जा रही है और अन्य राज्यों में भाजपा शासित राज्यों द्वारा विकास के झूठे दावे किए जा रहे हैं।.

बाद में मंत्री जी ने बिचकुंदा मंडल सरकारी अस्पताल में डायलसीस केंद्र का शुभारंभ करते हुए बताया कि तेलंगाना राज्य के गठन के समय राज्य भर में केवल 3 डायलसीस केंद्र थे, अब हमने 102 डायलसीस केंद्र स्थापित किए हैं।

हम हर विधानसभा क्षेत्र में डायलसीस सेंटर स्थापित कर रहे हैं। उन्होंने आगे बताया कि आठ साल पहले किडनी मरीज को डायलसीस करने हैदराबाद के उस्मानिया, गांधी अस्पताल जाना पड़ता था, किंतु आज डायलसीस केंद्र आपने विस क्षेत्र में ही स्थापित किया गया है।

इस अवसर पर विधायक शिंदे ने बताया कि पृथक तेलंगाना निर्माण के पहले जुक्कल विस क्षेत्र में 67 गांव को सड़क नहीं थी। तेलंगाना निर्माण होने के बाद 56 गांव को बीटी रोड निर्माण किया गया है। अभी 11 गांव को रोड निर्माण करना बाकी है। विधायक ने मंत्री से मरेपल्ली, एनुरा, मदनूर में डिग्री कॉलेज निर्माण की मांग की। जाहीराबाद सांसद बीबी पाटील ने बताया कि केंद्रीय विद्यालय मदनूर मंडल में ही निर्माण होगा। इस समय स्थानीय सरपंच माधवी शशांक पटेल, मंडल विकास अध्यक्ष वागमारे, जेडपीटीसी नामेवार अनीता, जिला चेयरपर्सन शोभा, जिलाधीश पाटील, आरडीओ राजेश्वर गौड़ के साथ अन्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# दिल्ली शराब नीति घोटाला : कविता ने सीएम केसीआर से की मुलाकात



अपने आवास के बाहर समर्थकों का अभिवादन करती हुए एमएलसी के. कविता।

हैदराबाद, 3 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। दिल्ली शराब नीति घोटाले के सिलसिले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से नोटिस मिलने के एक दिन बाद टीआरएस एमएलसी के. कविता ने शनिवार को यहां प्रगति भवन में मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव से मुलाकात की। कथित तौर पर जांच का सामना करने के लिए आगे की कार्ययोजना के बारे में चर्चा की।

कविता ने मुख्यमंत्री के निवास प्रगति भवन का दौरा किया और माना जाता है कि केंद्रीय एजेंसियों के माध्यम से उन्हें लक्षित करके केंद्र में भाजपा सरकार द्वारा राजनीतिक प्रतिशोध के रूप में जो माना जाता है, उसका मुकाबला करने की रणनीति पर चर्चा की गई है।

सूत्रों के मुताबिक, उन्होंने अपने भाई और मंत्री केटी रामाराव और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ ताजा घटनाक्रम पर भी चर्चा की। सूत्रों ने कहा कि कविता ने नोटिस के बारे में कुछ कानूनी विशेषज्ञों के साथ चर्चा की और केंद्रीय एजेंसियों द्वारा जांच का मुकाबला करने के लिए राजनीतिक रणनीति तैयार करने के लिए टीआरएस नेताओं से सुझाव भी लिए। सीबीआई ने शुक्रवार को सीआरपीसी की धारा 160 के तहत नोटिस जारी कर उनसे स्पष्टीकरण मांगा और उन्हें अपनी सुविधा के अनुसार हैदराबाद या नई दिल्ली में अपने आवास पर परीक्षा में शामिल होने के लिए कहा। जवाब में कविता ने जांच एजेंसी को बताया कि वह अपने हैदराबाद स्थित आवास पर अधिकारियों से मिलेंगी।

दिल्ली शराब नीति घोटाले में कारोबारी अमित अरोड़ा को रिमांड पर लेने के लिए दिल्ली की एक अदालत में ईडी द्वारा दायर रिमांड रिपोर्ट में 30 नवंबर को कविता का नाम सामने आया है। रिमांड रिपोर्ट के मुताबिक, इस मामले में पहले ही गिरफ्तार हो चुके कारोबारी विजय नायर को आप नेताओं की ओर से 'साउथ ग्रुप' नाम के एक समूह से 100 करोड़ रुपये की रिश्वत मिली है।

# शिक्षा क्षेत्र के विकास को उच्च प्राथमिकता : सबिता

## मंत्री ने शैक्षणिक संस्थानों के विकास पर 27.78 करोड़ रुपये खर्च की बात बताई



भूपालपल्ली, 3 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। यह कहते हुए कि तेलंगाना सरकार शिक्षा क्षेत्र के विकास को उच्च प्राथमिकता दे रही है, शिक्षा मंत्री पी सबिता इंद्र रेड्डी ने कहा कि राज्य सरकार ने हाल ही में जयशंकर भूपालपल्ली जिले में शैक्षणिक संस्थानों के विकास पर 27.78 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। शनिवार को यहां मोंटेसरी स्कूल में जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का उद्घाटन करने के बाद बोलते हुए, उन्होंने कहा कि सात कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों (केजीबीवी) के विकास पर 14.78 करोड़ रुपये, डिग्री कॉलेज पर 9 करोड़ रुपये और जिला शैक्षिक एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) कॉलेज पर 4 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। इस तरह की विज्ञान प्रदर्शनी युवा दिमाग को अपनी रचनात्मकता विकसित करने में मदद करेगी। अपने विचारों को दूसरों के साथ साझा करने का यह सबसे अच्छा मंच है।

यह प्रक्रिया प्रतिभागियों के ज्ञान को बेहतर बनाने में मदद करेगी। उन्होंने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत पैसा खर्च करने के लिए आगे आने वाली कंपनियों के माध्यम से धन जमा करके 10 स्कूलों में डिजिटल कक्षाओं की स्थापना के लिए जिला कलेक्टर भावेश मिश्रा की सराहना की। उन्होंने उन 17 छात्रों को टैब वितरण का कार्यक्रम शुरू करने के लिए भी उनकी सराहना की, जो आईआईटी या एनआईटी में सीटें पाने का लक्ष्य बना रहे हैं। सबिता इंद्रा रेड्डी ने कहा कि मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने दूर-दराज के इलाकों में विकास सुनिश्चित करने के लिए जयशंकर भूपलपल्ली जिला बनाया है।

आवासीय विद्यालयों और केजीबीवी को फर्नीचर और अतिरिक्त कक्षाओं के लिए धन आवंटित करने के स्थानीय विधायक गांद्रा वेंकटरमण रेड्डी के अनुरोध का जवाब देते हुए, उन्होंने कहा कि जल्द ही इस आशय के कदम उठाए जाएंगे। बाद में, मंत्री ने जिला कलेक्टर और अन्य लोगों के साथ घनपुर मंडल केंद्र में मंडल परिषद स्कूल में डिजिटल कक्षा का उद्घाटन किया।

## महापौर ने दिव्यांगजनों को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की सलाह दी

करीमनगर, 3 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। करीमनगर के मेयर वाई सुनील राव ने विकलांग व्यक्तियों को विकलांग होने की हीन भावना को दूर करके आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की सलाह दी। शनिवार को यहां समाहरणालय सभागार में जिला कल्याण विभाग द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय विकलांग दिवस समारोह में भाग लेते हुए सुनील राव ने विकलांग होने के विचारों को त्यागने की सलाह दी। प्रतिभा और प्रतिबद्धता से लोगों को उच्च पदों पर पहुंचने में मदद मिलेगी। कई विकलांगों ने अपनी प्रतिभा से विभिन्न क्षेत्रों में कीर्तिमान स्थापित किए हैं।

राज्य सरकार विकलांग लोगों के कल्याण के लिए विभिन्न योजनाओं को लागू कर रही है। संयुक्त आंध्र प्रदेश में तत्कालीन सरकार ने विकलांगों को केवल 500 रुपये पेंशन प्रदान की। हालांकि अलग तेलंगाना राज्य बनने के बाद इस राशि को बढ़ाकर 3,016 रुपये कर दिया गया है। पहले, विकलांग व्यक्तियों को तिपहिया साइकिल प्राप्त करने में भारी कठिनाई का सामना करना पड़ता था, लेकिन तेलंगाना सरकार सभी शारीरिक रूप से अक्षम लोगों को व्हीलचेयर, हाथ की छड़ें और तिपहिया मोटर वाहन प्रदान कर रही है।

# साइबर सुरक्षा के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देने की जरूरत : केटीआर

हैदराबाद, 3 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। आईटी एवं नगर प्रशासन मंत्री केटी रामा राव ने शनिवार को गचीबोवली में साइबराबाद पुलिस कमिश्नरेट में शहर में साइबर सुरक्षा के लिए टीएस पुलिस सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का उद्घाटन किया। इस अवसर पर गृहमंत्री मोहम्मद महबूब अली, डीजीपी एम महेंद्र रेड्डी उपस्थित थे। इस अवसर पर बोलते हुए मंत्री केटी रामा राव ने कहा कि नए जमाने के अपराधों को नए जमाने के समाधान की जरूरत है। मुनुगोडु उपचुनाव के दौरान हमने महसूस किया कि मतदाताओं को डिजिटल भुगतान के माध्यम से धन हस्तांतरित करने का लालच दिया गया था। चुनाव आयोग को भी इस मामले में संवेदनशील होने की जरूरत है। हम एक ऐसी दुनिया में रहते हैं जहां तकनीक हर जगह है। उपकरणों की संख्या जनसंख्या से अधिक है। हम एक कनेक्टेड दुनिया में रह रहे हैं जहां डिवाइस आपस में बात करते हैं। इन परिस्थितियों में, उन्होंने देखा कि साइबर सुरक्षा एक बड़ी चुनौती बन जाती है।



आगे बोलते हुए उन्होंने कहा कि साइबर अपराधों की भावना केवल बड़े शहरों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि वे वहां हैं और यहां तक कि छोटे और दूरदराज के स्थानों तक फैल गए हैं। इसलिए हमें जागरूकता को बढ़ावा देने की जरूरत है। हमें साइबर अपराधों के खिलाफ एक अखिल भारतीय टोल-फ्री नंबर 1930 को बढ़ावा देने की जरूरत है।

हमें इस सेंटर ऑफ एक्सीलेंस जैसी संस्थाओं को बनाने की जरूरत है न कि व्यक्तियों की। लोगों की तुलना में प्रक्रियाएं अधिक महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने उद्योग जगत से इस पहल का हिस्सा बनने का आग्रह किया। केटीआर ने गृह मंत्री और शीर्ष पुलिस नेतृत्व से यौन अपराधियों की रजिस्ट्री पर काम करने का आग्रह किया। एक प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता सुनीता कृष्णन ने कुछ समय पहले इसका सुझाव दिया था। गृह मंत्री मोहम्मद महमूद अली ने कहा कि राज्य में भारत में कुल सीसीटीवी का 64% है। उन्होंने कहा, हालांकि इस हिस्से में ज्यादा अपराध नहीं हो रहे हैं, लेकिन हमारे ज्यादातर नागरिक कहीं और होने वाले साइबर अपराधों के शिकार हो रहे हैं।

डीजीपी एम. महेंद्र रेड्डी ने कहा कि आज डिजिटल घटकों के बिना कोई अपराध नहीं होता है। और कोई भी व्यक्ति ऐसा नहीं है जो प्रभावित न हो। इसलिए पुलिस को प्रासंगिक और प्रभावी होने और सेवा करने की आवश्यकता है। इसलिए हमें एक भौतिक बल से एक तकनीक-प्रेमी बल के रूप में विकसित होने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हमें तकनीक आधारित बल होना चाहिए जो आसानी से काम करे। तेलंगाना पुलिस देश में सबसे अच्छी है। हमारे पास दस लाख सीसीटीवी है। प्रत्येक नागरिक को आश्वस्त किया जाना चाहिए कि वे सुरक्षित हैं और पुलिस उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करती है। प्रमुख सचिव जयेश रंजन ने कहा कि साइबर सुरक्षा के लिए टीएस पुलिस सेंटर ऑफ एक्सीलेंस तेलंगाना पुलिस की टोपी में एक और पंख है, जिनके पास पहले से ही सम्मान है और प्रौद्योगिकी का उपयोग करने में उनके अग्रणी प्रयासों के लिए जाना जाता है। उन्होंने साइबराबाद के आयुक्त स्टीफन रवींद्र से अन्य सरकारी सीओई के साथ सहयोग करने का आग्रह किया। साथ ही उन्होंने इसमें सहयोग करने का आश्वासन दिया। साइबराबाद के पुलिस आयुक्त स्टीफन रवींद्र ने कहा कि यह विशेष रूप से साइबराबाद पुलिस और सामान्य रूप से तेलंगाना पुलिस के लिए एक सपने के सच होने जैसा है। हमें नए जमाने की पुलिसिंग की जरूरत है जो नागरिकों की आकांक्षाओं और प्रौद्योगिकी, कार्य प्रक्रिया को अपनाने के अनुरूप हो। पुलिसिंग को भविष्य कहनेवाला, निवारक और सक्रिय होना चाहिए।

# फुटपाथ गिरने से दो एससीसीएल खनिक घायल



फुटपाथ गिरने से एससीसीएल के दो कर्मचारी घायल होने पर प्रदर्शन करते हुए सिंगरेणी के कर्मचारी।

कोत्तागुडेम, 3 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। कोत्तागुडेम इलाके में पीवीके-5 भूमिगत खदान में शनिवार को पहली पाली में फुटपाथ गिरने से एससीसीएल के दो कर्मचारी घायल हो गए। एक वेल्डर विनोद और सामान्य मजदूर शम्सुद्दीन को पहले इलाज के लिए कोत्तागुडेमके सिंगरेनी मुख्य अस्पताल में स्थानांतरित किया गया। बाद में उन्हें हैदराबाद के एक निजी अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। विनोद के बाएं पैर में फ्रैक्चर हुआ है जबकि शम्सुद्दीन को कई फ्रैक्चर हुए हैं।

घटना उस वक्त हुई जब मजदूर 108वें लेवल 21 डिप पर खदान की छत ठीक करने में लगे थे। टीबीजीकेएस के क्षेत्रीय सचिव के वीरभद्रम, 11 सदस्यीय समिति सदस्य कापू कृष्णा, पिट सचिव सी राजैया ने सिंगरेनी अस्पताल में श्रमिकों का दौरा किया।

# टीएस राज्यपाल ने तिरुमला मंदिर में की पूजा-अर्चना



तिरुमाला, 3 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना की राज्यपाल डॉ. तमिलिसाई सुंदरराजन ने शनिवार को तिरुमाला में भगवान वेंकटेश्वर के दर्शन किए।

दर्शन के बाद, उन्हें वेद पंडितों द्वारा वेद आशिर्वचनम के बाद टीटीडी ईओ एवी धर्म रेड्डी द्वारा रंगनायकुला मंडपम में श्रीवारी तीर्थ प्रसादम, एक डायरी और एक कैलेंडर भेंट किया गया। उप ईओ हरिद्रनाथ, वीजीओ बाल रेड्डी, मंदिर पीशकर श्रीहरि और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।







## 10वीं छात्रा की गैंगरेप के बाद हत्या कर दी गई

महबूबनगर, 3 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। बालानगर मंडल के तिरुमालागिरी गांव में शनिवार को कथित रूप से सामूहिक बलात्कार के बाद 10वीं कक्षा की एक छात्रा की हत्या कर दी गई, जिसके बाद ग्रामीणों ने सड़कों पर उतरकर न्याय की मांग को लेकर हिंसक विरोध प्रदर्शन किया। खबरों के मुताबिक शुक्रवार की रात अपने घर में अकेली 16 साल की किशोरी शनिवार की सुबह फांसी पर लटकी मिली। यह घटना तब हुई जब उसके माता-पिता शुक्रवार को हैदराबाद के लिए निकले थे। शुक्रवार की आधी रात को तीन युवकों ने उसे अकेला देख कथित तौर पर घर में घुसकर उसका यौन शोषण किया और उसकी हत्या कर दी। स्थानीय लोगों ने कहा कि करीबी रिश्तेदारों ने अपराध किया है। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि उसकी हत्या करने के बाद आरोपी ने शव को आत्महत्या का रूप देने के लिए पंखे से लटका दिया। घटना के बाद ग्रामीणों ने पीड़िता को न्याय दिलाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। उनमें से कुछ ने अपराध में शामिल होने के संदेह में एक युवक के घर पर हमला किया। आक्रोशित ग्रामीणों ने संदिग्धों की एक कार और एक बाइक सहित कुछ वाहनों में आग लगा दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवा दिया है। मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है।

स्वतंत्र वार्ता
Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com




## निजी बस के पलट जाने से 15 घायल हो गए



कोत्तागुडेम, 3 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। कॉलेज के छात्रों का एक शैक्षिक भ्रमण कड़वा हो गया क्योंकि शनिवार को जिले के अस्वारावपेट मंडल के पापीगुडेम में एक निजी बस के पलट जाने से 13 छात्रों और दो व्याख्याताओं को चोटें आईं। घटना के वक्त बस में करीब 40 छात्र और कर्मचारी सवार थे।

खम्मम जिले के साथुपल्ली के गीथम डिग्री और पीजी कॉलेजके छात्र आंध्र प्रदेश में राजमुंदरी के पास कडियाम नर्सरी में वनस्पति के दौरे पर जा रहे थे। बताया गया कि बस चालक ने गांव के संकरे रास्ते पर विपरीत दिशा से आ रहे एक वाहन से टकराने से बचने की कोशिश की तो वाहन से नियंत्रण खो बैठा और बस सड़क से दूर जा गिरी और सड़क किनारे खेत में जा गिरी।

स्थानीय लोगों ने छात्रों को बचाया और गाड़ी की खिड़की के शीशे तोड़कर उन्हें बाहर निकाला। घायल छात्रों को इलाज के लिए अस्वराओपेट प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में स्थानांतरित कर दिया गया और उन्हें सुरक्षित बताया गया। भ्रमण को बंद कर दिया गया और छात्रों को ऑटो रिक्शा और अन्य वाहनों में सतुपल्ली वापस ले जाया गया। स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जांच कर रही है।

## आंप्र की गृह मंत्री तनेती वनिता ने तेलंगाना मॉडल का पालन करने का आग्रह किया

विशाखापट्टणम, 3 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। आंध्र प्रदेश की बेरोजगार संयुक्त कार्रवाई समिति ने शनिवार को गृह मंत्री तनेती वनिता से आंध्र प्रदेश में रिक्तियों को भरने के दौरान पड़ोसी राज्य तेलंगाना के दिशानिर्देशों का पालन करने का आग्रह किया। यहां मंत्री से मुलाकात करने वाले जेएसी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत कुमार ने इस आशय का ज्ञापन सौंपा।

उन्होंने बताया कि एपी में महिला पुलिस की भर्ती करते समय, उम्मीदवारों को तेलंगाना में अपने समकक्षों की तुलना में लंबी दूरी तय करने के लिए कहा गया है और पड़ोसी राज्य के समान शारीरिक परीक्षण करने की मांग की है।




Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.